There is no specific mention of Buddha in any Jaina canonical texts But in the Tripiṭaka of Buddhists there are many references to Mahāvīra and his preachings under the name Nigaṃṭha Nātaputta (Nirgrantha Jñātrputra) This has been noted nearly a century back when the Buddhist and Jaina canonical texts were brought to light by the Pāli Text Society, London, and the Sacred Books of the East Series When Dr H Jacobi translated into English the Ācārāṅga, Kalpa-

sūtra, Uttarādhyayana and Sūtṛkṛtāṅga (S B. E 22 & 45), in the Introductions of these two volumes he drew the attention of scholars to those contexts of the Pāli literature in which Nigaṃṭha Nātaputta was mentioned Later, such contexts were more exhaustively studied, and lately, Muni Nagarāj has collected some such 42 Pāli passages, short and long, in his Āgama aura Tripiṭaka eka anuśīlana (Calcutta 1969) From these it is clearly proved that both these great men (Mahāvīra and Buddha) were contemporaries, that Mahāvīra was the senior of the two, and that he attained Nirvāṇa earlier than Buddha After a good deal of critical scrutiny it is proved that the date of the Nirvāṇa of Mahāvīra is 527 B C

The authorities of the Bhāratīya Jñānapīṭha could not have thought of a better choice than the late lamented Dr Hiralal Jain to compile a biography of Mahāvīra from the Apabhraṃśa sources With due deference to other scholars who have enriched Apabhraṃśa studies, it can be said without exaggeration that what Dr Hiralal has done for Apabhraṃśa studies is unique and of abiding value If anything else matches his services to the cause of Apabhraṃśa studies, it is his own work on the edition of Dhavalā, in Sixteen Volumes, which is a remarkable testimony to his deep understanding of Jaina Siddhānta, to his self-less dedication to a cause, and to his steady and sustained labours He brought to light a rich treasure of Apabhraṃśa literature in his account of the Karanja Bhaṇḍāras (Catalogue of Sanskrit and Prākrit Mss in the Central Provinces and Berar by R B Hiralal, Nagpur 1926) This inaugurated a fresh epoch in Apabhraṃśa Studies

On the one hand, Dr Hiralal occupied himself with the review of discoveries in Apabhraṃśa literature and acquainted scholars with them by his contributions to Journals in English and Hindi (Apabhraṃśa Literature, Allahabad University Journal, Vol I, pp 157-88, Allahabad 1925 Some Recent Finds in Apabhraṃśa Literature, Nagpur University Journal, No 8, pp 81-92, Nagpur 1942 Apabhraṃśa Bhāṣā aura

Sāhıtya, Nāgarī Pracārıṇī Patrıkā, Vol 50, Nos 3-11, pp 100 121, Varanası 1945)

On the other hand, he dıd hıs best for the publıcatıon of Apabhramśa works, ınvolvıng ın thıs great undertakıng elderly scholars lıke the late Pt Nathuram Premı and Dr P L Vaıdya Puspadanta was known as an outstandıng author ın Apabhramśa, and hıs works, by vırtue of theır language and poetıc merıts, naturally deserved first attentıon Dr P L Vaıdya brought out an edıtıon of the Jasaharacarıu, wıth Introductıon etc, ın 1931 thıs edıtıon set a format for most of the Apabhraṃśa texts ın Indıa, Dr Hıralal edıted the Nāyakumāracarıu, wıth an exhaustıve Introductıon containıng an analysıs of the language etc, ın 1932, and thanks to the enterprısıng spırıt of the late Pt Premıjı, there was publıshed ın the Māṇıkachadra D J Granthamālā, the monumental edıtıon of the Mahāpurānu, so ably edıted by Dr P L Vaıdya, ın *three volumes, Bombay 1937 41*

Despıte varıous preoccupatıons ın hıs long career, now-then, as a Teacher, Edıtor of the Dhavalā, Warden of the Hostel, Prıncıpal of a College, Dırector of an Instıtute, Research Guıde, a Professor wıth manıfold dutıes of the Unıversıty and General Edıtor of some Granthamālās, Dr Hıralal maıntaıned hıs perennıel ınterest ın Apabhramśa to the last He edıted a number of Apabhramśa works for the first tıme, and he has to hıs credıt the followıng edıtıons, wıth crıtıcal Introductıons and usually wıth a detaıled Summary or translatıon ın Hındı 1) Sāvayadhammadohā, wıth Hındı Trans, Karanja 1932, 2) Nāyakumāracarıu, wıth Intro etc, Karanja 1932, ımproved 2nd ed wıth full Hındı Translatıon, Jñānpīṭha Prakāśana, Varanası 1972, 3) Pāhuḍadohā wıth Hındı Translatıon, Karanja 1933, 4) Karakaṇḍacarıu, wıth Intro and Translatıon ın Englısh, Karanja 1932, Revısed 2nd ed wıth the addıtıon of Hındı Translatıon, Jñānapīṭha Prakāśana 1964, 5) Mayaṇa-parājayacarıu, wıth Hındı Trans Jñānapīṭha Prakāśana, Varanası 1962, 6) Sugandhadaśamī-kathā, as above, Varanası 1966, 7) Kahākosu of Śrīcandra, wıth detaıled analysıs ın Hındı, Prakrıt Text Socıety, Varanası 1969, 8) Sudamsaṇa-

carıu of Nayanandı, with translation in Hindı, Vaishalı 1970, 9) Jasaharacarıu, Revised ed with Hindi translation etc, Jñānapītha Prakāśana, Varanası 1972 10) Vīrajiṇiṃdacarıu is being presented here

It was at my request that he edited the Kahākosu from a single Ms and thus saved it from oblivion In spite of indifferent health, he completed, so kindly yielding to my pressure, the edition of the Jasaharacarıu along with the Hindı translation to the great satisfaction of its first editor, Dr P L Vaidya

The way in which this Vīrajiṇiṃdacarıu is compiled shows Dr Hiralal's mature grasp of Apabhramśa literature He had a plan to add some Notes at the end, but they were not received by the Press Possibly his health did not permit him to write them out His Introduction in Hindı is a piece of solid research He lived in Vaishalı for five years as the First Director of the Vaishalı Institute, and he had many occasions to move about in the area once sanctified by the presence of Lord Mahāvīra I remember, with what enthusiasm, he showed me, some years back, the *ahalya* piece of land and the Memorial of Mahāvīra It is with a first-hand knowledge of the area that he has presented various discussions and some of his conclusions They deserve our highest consideration, because they are set forth with necessary evidence, and above all with the modesty of a mature scholar I have no doubt that his researches will pave the way for a correct understanding of Lord Mahāvīra and of the times when he lived

Both Dr Hiralal and myself were working as General Editors of the Mūrtidevī Granthamālā for a number of years I had in him a cooperative colleague and a genial friend a veritable Kalyānamitra Besides it was my privilege to work with him on a number of literary projects It is, at his suggestion, that I have substantially incorporated his Hindı Introduction in this General Editorial I am sorry, he was not spared to go through my General Editorial, as he generally did and made suggestions In the Hindı Introduction I have

हुए एक शवर का जीव था जिसने अपने सामान्य जीवनकी प्रवृत्ति प्राणि-हिंसाको त्यागकर अहिसा व्रत ग्रहण किया था। मरीचिने भगवान् ऋषभदेवके चरण-कमलोमे दीक्षा ली थी। किन्तु उससे उन आदि तीर्थंकर द्वारा निर्दिष्ट कठोर मुनिव्रतोका पालन न हो सका और वह मुनिपदसे भ्रष्ट हो गया। तथापि उसमे धार्मिक बीज पड चुका था और सस्कार भी उत्पन्न हो गये थे। अतएव देव और मनुष्य लोकमे भ्रमण करते हुए अन्तत उसने महावीर तीर्थंकर का जन्म धारण किया। इस प्रकार यह सहज ही देखा जा सकता है कि इन अन्तिम तीर्थंकर भगवान् महावीरकी अध्यात्म-परम्परा आदि-तीर्थंकर ऋषभदेवसे जुडी हुई प्रतिष्ठित पायी जाती है[1]।

किन्तु महावीरके साथ भी तीर्थंकर-परम्परा टूटती नही। उनके एक शिष्य थे उस समयके भारत-नरेश श्रेणिक-बिम्बसार। उनमे भगवान् महावीर द्वारा धर्मका बीज आरोपित किया गया। यद्यपि वे अपने पूर्व दुष्कृत्योके कारण नरकगामी हुए, तथापि उनमे भी मरीचिके समान धार्मिक सस्कार प्रबलतासे स्थापित हो चुका है, जिसके फलस्वरूप वे अपने अगले जन्ममे एक नयी तीर्थंकर-परम्पराके आदि-प्रवर्तक होगे। अर्थात् वे भावी चौबीस तीर्थंकरोमे महापद्म नामक प्रथम तीर्थंकर होगे। इस प्रकार समग्र दृष्टिसे विचार किया जाये तो जैन परम्परामें यह बात दृढतासे स्थापित की गयी है कि जिस प्रकार महावीर पूर्व-पौराणिक परम्परामे ऐतिहासिक रूपसे अन्तिम तीर्थंकर है, उसी प्रकार वे एक नयी तीर्थंकर-परम्पराके जन्मदाता भी है[2]।

२ महावीर-जीवन, जन्म व कुमारकाल

महावीर तीर्थंकरका जो चरित्र जैन साहित्यमे पाया जाता है वह सक्षेपमें इस प्रकार है। महावीरका जन्म एक क्षत्रिय राज-परिवारमे हुआ। उनके पिताका नाम सिद्धार्थ और माताका प्रियकारिणी अथवा त्रिशलादेवी था। सिद्धाथका गोत्र काश्यप और त्रिशलाका पैत्रिक गोत्र वशिष्ठका भी उल्लेख पाया जाता है। त्रिशलादेवी उस समयके वैशालीनरेश चेटककी ज्येष्ठ पुत्री, अथवा मतान्तरसे चेटककी बहन थी। महावीरका शैशव व कुमारकाल उसी प्रकार लालन-पालन एव शिक्षण में व्यतीत हुआ जैसा उस कालके राजभवनोमे प्रचलित था। उनकी बाल्क्रीडाका एक यह आख्यान भी पाया जाता है कि उन्होने एक भीषण सर्पका

---

१ महापुराण (सस्कृत) पर्व ७४। महापुराण (अपभ्रश) सन्धि ९५।

२ महापुराण (सस्कृत) ७६, ४७१-७७।

दमन किया था, और इसी वीरताके कारण देवने उन्हें महावीर व वीरनाथकी उपाधि प्रदान की। यह आख्यान हमें कृष्ण द्वारा कालियनागके दमनका स्मरण कराता है[1]।

३ तप

अपनी तीस वर्षकी अवस्थामे महावीरने प्रव्रज्या ग्रहण कर ली। उनकी प्रव्रज्याका स्वरूप यह था कि वे गृह त्यागकर कुण्डपुरके समीपवर्ती ज्ञातृपण्डवनमे चले गये और उन्होने अपने समस्त भूषण-वस्त्र त्याग दिये। अपने हाथसे उन्होने अपने केशोको उखाड फेका और वे तीन दिनका उपवास लेकर ध्यानस्थ हो गये। तत्पश्चात् वे बाहर देश-देशान्तरका भ्रमण करने लगे। वे निवास तो करते थे वनोपवनमें ही, किन्तु अपने व्रतो और उपवासोके नियमानुसार दिनमें एक बार नगर या ग्राममें प्रवेश कर भिक्षा ग्रहण करते थे। वे ध्यान और आत्म-चिन्तन तथा समता-भावकी साधना या तो पद्मासन लगाकर करते थे अथवा खड्गासनसे खडे हुए ही नासाग्र दृष्टि रखकर। लेशमात्र हिंसा नही करना, तृणमात्र परायी वस्तुका अपहरण नही करना, लेशमात्र भी असत्य वचन नही बोलना, मैथुनकी कामनाको मनमें भी स्थान नही देना तथा किसी प्रकारकी धन-सम्पत्ति रूप परिग्रह नही रखना—ये ही पांच उनके महाव्रत थे। इन निषेधात्मक यमो या व्रतोके साथ-साथ वे उन शारीरिक और मानसिक पीडाओको भी शान्ति और धैर्यपूर्वक सहन करनेका अभ्यास करते थे जो गृहहीन, निराश्रय, वस्त्रहीन व धनधान्य-हीन त्यागीके लिए प्रकृतित उत्पन्न होती है, जैसे भूख-प्यास, शीत-उष्ण, डांस-मच्छर आदिकी बाधाएँ जो परीषह कहलाती है।

४ केवलज्ञान

इन तपस्याओका अभ्यास करते हुए उन्होने अपनी प्रव्रज्याके बारह वर्ष व्यतीत कर दिये। फिर एक दिन जब वे ऋजुकूला नदीके तीरपर जृम्भक ग्रामके समीप ध्यानमग्न थे तभी उन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। इस केवलज्ञानका स्वरूप यदि हम सरलतासे समझनेका प्रयत्न करें तो यह था कि जीवन और सृष्टिके सम्बन्धमें जो समस्याएँ व प्रश्न सामान्य जिज्ञासु चिन्तक के हृदयमें उठा करते है

---

१ महापुराण (स) ७४, २८८ ९५। महापुराण (अपभ्रंश) ९६, १०, १०-१५। भागवत पुराण, दशम स्कन्ध।

उनका उन्हे सन्तोपजनक रीतिसे समाधान मिल गया। यह समाधान था वे छह द्रव्य तथा सात तत्त्व जिनके द्वारा त्रैलोक्य की समस्त वस्तुओ व घटनाओका स्वरूप समझमे आ जाता है। वे छह द्रव्य इस प्रकार है—जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल। और वे सात तत्त्व इस प्रकार है—जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, सवर, निर्जरा और मोक्ष। जीवनका मूलाधार वह जीव या आत्मतत्त्व है जो जड पदार्थोंसे भिन्न है, आत्म-सवेदन तथा पर-पदार्थ-बोध रूप लक्षणोसे युक्त है एव अमूर्त और शाश्वत है। तथापि वह जड तत्त्वोसे सगठित शरीरमे व्याप्त होकर नाना रूप-रूपान्तरो व जन्म-जन्मान्तरोमे गमन करता है। जितने मूर्तिमान् इन्द्रियग्राह्य पदाथ परमाणुसे लेकर महास्कन्ध तक हमे दिखाई पडते है वे सब अजीव पुद्गल द्रव्यके रूप-रूपान्तर है। धर्म और अधर्म ऐसे सूक्ष्म अदृश्य अमूर्त तत्त्व है जो लोकाकाशमे व्याप्त है और जो जीव व पुद्गल पदार्थोंको गमन करने अथवा स्थिर होनेके हेतु-भूत माध्यम है। आकाश वह तत्त्व है जो अन्य सब द्रव्योको स्थान व अवकाश देता है, और काल द्रव्य वस्तुओके बने रहने, परिवर्तित होने तथा पूर्व और पश्चात्की बुद्धि उत्पन्न करनेमे सहायक होता है। यह तो सृष्टिके तत्त्वो व तथ्यो की व्याख्या हुई। किन्तु जीवकी सुख-दु खात्मक सासारिक अवस्थाको समझने और उसकी ग्रन्थिको सुलझाकर आत्म-तत्त्वके शुद्ध-बुद्ध-प्रमुक्त स्वरूपके विकास हेतु अन्य सात तत्त्वोको समझनेकी आवश्यकता है। जीव और अजीव तो सृष्टिके मूल तत्त्व है ही। इनका परस्पर सम्पर्क होना यही आस्रव है। इस सम्पर्क या आस्रवसे ऐसे बन्धका उत्पन्न होना जिससे आत्माका शुद्ध स्वरूप ढक जाये और उसके ज्ञान-दर्शनात्मक गुण कुण्ठित हो जायें, उसे बन्ध या कर्म-बन्ध कहते है। जिन सयमरूप क्रियाओ व साधनाओ द्वारा इस जीव व अजीवके सम्पकको रोका जाता है उसे सवर कहते है। तथा जिन व्रत और तपरूप क्रियाओ द्वारा सचित कर्म-बन्धको जर्जरित और विनष्ट किया जाता है उन्हे निर्जरा कहते है। जब यह कर्म-निर्जराकी प्रक्रिया पूर्ण रूपसे सम्पन्न हो जाती है तब जीव अपने शुद्ध स्वरूपको प्राप्त कर लेता है, वह मुक्त हो जाता है, उसे निर्वाण मिल जाता है। इस प्रकार हम देख सकते है कि उक्त जीव और अजीवकी पूर्ण व्याख्यामे सृष्टिका पदार्थ-विज्ञान या भौतिक-शास्त्र आ जाता है। आस्रव व बन्धमे मनोविज्ञानका विश्लेपण आ जाता है। सवर और निर्जरा तत्त्वोके व्याख्यानमे समस्त नीति व आचार शास्त्रका समावेश हो जाता है, और मोक्षके स्वरूपमे जीवनके उच्चतम आदर्श ध्येय व विकासका प्रतिपादन हो जाता है। केवलज्ञानमे इसी समस्त बोध-प्रबोधका पूर्णत व्यापक व सूक्ष्मतम स्वरूप समाविष्ट है।

५ धर्मोपदेश

इस केवलज्ञानको प्राप्त कर भगवान् महावीर मगधकी राजधानी राजगृहमे आकर विपुलाचल पर्वतपर विराजमान हुए। उनके समवसरण व सभामण्डपकी रचना हुई, धर्म व्याख्यान सुननेके इच्छुक राजा व प्रजागण वहाँ एकत्र हुए और भगवान्ने उन्हे अपने पूर्वोक्त तत्त्वोका स्वरूप समझाया, तथा जीवनके सुखमय आदर्श प्राप्त करने हेतु गृहस्थोको अणुव्रतोका एव त्यागियोको महाव्रतोका उपदेश दिया।

६ महावीर-वाणीपर आश्रित साहित्य

भगवान् महावीरके इन्द्रभूति, गौतम, सुधर्म, जम्बू आदि प्रधान ग्यारह शिष्य थे जिन्हे गणधर कहा जाता है। उन्होने महावीरके समस्त उपदेशोको बारह अगोमें ग्रन्थारूढ किया जो इस प्रकार थे—

१ आचाराग—इसमे मुनियोके नियमोपनियमोका वर्णन किया गया। इसका स्थान वैसा ही समझना चाहिए जैसा बौद्ध धर्ममे विनय पिटकका है।

२ सूत्रकृताग—इसमे जैन दर्शनके सिद्धान्तो तथा क्रियावाद, अक्रियावाद, नियतिवाद आदि उस समय प्रचलित मतमतान्तरोका निरूपण व विवेचन किया।

३ स्थानाग—इसमे सख्यानुसार क्रमश वस्तुओके भेदोपभेदोका विवरण था। जैसे दर्शन एक, चरित्र एक, समय एक, प्रदेश एक, परमाणु एक, आदि। क्रिया दो प्रकार की जैसे—जीव-क्रिया और अजीव-क्रिया। जीव-क्रिया पुन दो प्रकार की—सम्यक्त्व-क्रिया और मिथ्यात्व-क्रिया। इसी प्रकार अजीव-क्रिया भी दो प्रकार की ईर्यापथिक और साम्परायिक इत्यादि।

४ समवायाग—इसमे पदार्थोका निरूपण उनके भेदोपभेदोकी सख्याके अनुसार किया गया है जैसा कि स्थानाग मे। किन्तु यहाँ वस्तुओकी सख्या स्थानाग के समान दश तक ही सीमित नही रही, किन्तु शत तथा शत-सहस्र पर भी पहुँच गयी है। इस प्रकार इन दो अगो का स्वरूप त्रिपिटकके अगोत्तर-निकायके समान है।

५ व्याख्या प्रज्ञप्ति—इसमे प्रश्नोत्तर रूपसे जैन दर्शन व आचारविषयक बातोका विवेचन था।

६ नायाधम्मकहा—इसका सस्कृत रूप सामान्यत ज्ञातृ-धर्म-कथा किया जाता है और उसका यह अभिप्राय बतलाया जाता है कि उसमें ज्ञातृ-पुत्र महावीर के द्वारा उपदिष्ट धार्मिक कथाओका समावेश था। किन्तु सम्भवतया ग्रन्थके उक्त

प्राकृत नाम का संस्कृत रूपान्तर न्यायधर्म-कथा रहा हो और उसमे न्यायो अर्थात् ज्ञान व नीतिसम्बन्धी संक्षिप्त कहावतोको दृष्टान्त स्वरूप कथाओ द्वारा समझाने-का प्रयत्न किया गया हो तो आश्चर्य नही।

७ उपासकाध्ययन—इसमे उपासको अर्थात् धर्मानुयायी गृहस्थो व श्रावको के व्रतोको उनके पालनेवाले पुरुषोके चारित्रकी कथाओ द्वारा समझानेका प्रयत्न किया गया था। इस प्रकार यह अग मुनि आचारको प्रकट करनेवाले प्रथम ग्रन्थ आचाराग का परिपूरक कहा जा सकता है।

८ अन्तकृत्दश—जैन परम्परामे उन मुनियोको अन्तकृत् कहा गया है जिन्होने उग्र तपस्या करके घोर उपसर्ग सहते हुए अपने जन्म-मरण रूपी ससारका अन्त करके निर्वाण प्राप्त किया। इस प्रकारके दश मुनियोका इस अगमे वर्णन किया गया प्रतीत होता है।

९ अनुत्तरौपपातिकदश—अनुत्तर उन उच्च स्वर्गोको कहा जाता है जिनमे वहुत पुण्यशाली जीव उत्पन्न होते है और वहाँसे च्युत होकर केवल एक बार पुन मनुष्य योनिमे आते और अपनी धार्मिक वृत्ति द्वारा उसी भवसे मोक्ष प्राप्त कर लेते है। इस अगमे ऐसे ही दश महामुनियो व अनुत्तर-स्वर्गवासियोके चारित्रका विवरण उपस्थित किया गया था।

१० प्रश्नव्याकरण—इसमे उसके नामानुसार मत-मतान्तरो व सिद्धान्तो सम्बन्धी प्रश्नोत्तरोका समावेश था और इस प्रकार यह अग व्याख्याप्रज्ञप्तिका परिपूरक रहा प्रतीत होता है।

११ विपाकसूत्र—विपाकका अर्थ है कर्मफल। कर्मसिद्धान्तके अनुसार सत्-कर्मोका फल सुख-भोग और दुष्कृत्योका फल दु ख होता है। इसी वातको इस अगमे दृष्टान्तो द्वारा समझाया गया।

१२ दृष्टिवाद—इसके पाँच भेद थे—परिकर्म, सूत्र, पूर्वगत, अनुयोग और चूलिका। परिकर्ममे गणितशास्त्रका तथा सूत्रमे मतो और सिद्धान्तोका समावेश था। पूर्वगतके चौदह प्रभेद गिनाये गये है जिनके नाम है १ उत्पादपूर्व, २ अग्रायणीय, ३ वीर्यानुवाद, ४ अस्तिनास्तिप्रवाद, ५ ज्ञानप्रवाद, ६ सत्यप्रवाद, ७ आत्म-प्रवाद, ८ कर्म-प्रवाद, ९ प्रत्याख्यान, १० विद्यानुवाद, ११ कल्याण-वाद, १२ प्राणवाद, १३ क्रियाविशाल, और १४ लोकविन्दुसार। इनमे अपने-अपने नामानुसार सिद्धान्तो व तत्त्वोका विवेचन किया गया था। इनमे आठवें पूर्वं कर्मप्रवादका विशेप महत्त्व है क्योकि वही जैनधर्मके प्राणभूत कर्म-सिद्धान्तका मूल स्रोत रहा पाया जाता है और उत्तरकालीन कर्म-सम्बन्धी समस्त रचनाएँ उसके ही आधारसे की गयी प्रतीत होती है। इन समस्त रचनाओको पूर्वगत

कहनेका यही अर्थ सिद्ध होता है कि उनके विषयोकी परम्परा महावीरसे भी पूर्वकालीन है। हाँ, उनमे महावीर द्वारा अपने सिद्धान्तानुसार सशोधन किया गया होगा।

दृष्टिवादके चौथे भेद अनुयोगका भी जैन साहित्य मे महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसे प्रथमानुयोग भी कहा जाता है और समस्त पौराणिक वृत्तान्तो, धार्मिक चरित्रो एव आख्यानात्मक कथाओ आदिको प्रथमानुयोगके अन्तर्गत ही माना जाता है। षट्खण्डागम सूत्र १,१,२ की धवला टीकाके अनुसार प्रथमानुयोगके अन्तर्गत पुराण के बारह भेद थे जिनमे क्रमश अरहन्तो, चक्रवर्तियो, विद्याधरो, वासुदेवो, चारणा, प्रज्ञाश्रमणो तथा कुरु, हरि, इक्ष्वाकु, काश्यपो, वादियो एव नाथ वशोका वर्णन था।

दृष्टिवादके पाँचवे भेद चूलिकाके पाँच प्रभेद गिनाये गये है—जलगत, स्थलगत, मायागत, रूपगत और आकाशगत। इन नामो परसे प्रतीत होता है कि उनमे जल-थल आदि विषयोका भौगोलिक व तात्त्विक विवेचन किया गया होगा और सम्भवत उनपर अधिकार प्राप्त करने की मान्त्रिक-तान्त्रिक ऋद्धि-सिद्धि साधनात्मक क्रियाओका विधान रहा हो।

दिगम्बर परम्परानुसार उक्त समस्त अगसाहित्य क्रमश अपने मूल रूपमें विलुप्त हो गया। महावीर-निर्वाण के पश्चात् १६२ वर्षोमें हुए आठ मुनियोको ही इन अगोका सम्पूर्ण ज्ञान था। इनमे अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहु कहे गये हैं। तत्पश्चात् क्रमश सभी अगो और पूर्वोके ज्ञानमे उत्तरोत्तर ह्रास होता गया और निर्वाणसे सातवी शतीमें ऐसी अवस्था उत्पन्न हो गयी कि केवल कुछ महामुनियोको ही इन अगो व पूर्वोका आशिक ज्ञानमात्र शेष रहा जिसके आधारसे समस्त जैन शास्त्रो व पुराणो की स्वतन्त्र रूपसे नयी शैलीमे विभिन्न देश-कालानुसार प्रचलित प्राकृतादि भाषाओमें रचना की गयी।

श्वेताम्बर परम्पराके अनुसार वीर-निर्वाणकी दशवी शती मे मुनियोकी एक महासभा गुजरात प्रान्तीय वल्लभी (आधुनिक वाला) नामक नगरमे की गयी और वहाँ क्षमाश्रमण देवर्द्धि गणि की अध्यक्षतामे उक्त अगोमें से ग्यारह अगोका सकलन किया गया जो अब भी उपलब्ध है। यद्यपि ये सकलन पूर्णत अपने मौलिक रूपको सुरक्षित रखते हुए नही पाये जाते। विषयकी दृष्टिसे इनमें हीनाधिकता स्पष्ट दिखाई देती है। भाषा भी उनकी वह अर्द्धमागधी नही है जो महावीर भगवान्के समयमे प्रचलित थी। उसमे उनके कालसे एक सहस्र वर्ष पश्चात् उत्पन्न हुई भाषात्मक विशेषताओका समावेश भी पाया जाता है। तथापि सामान्यतया वे प्राचीनतम विषयो व प्रतिपादन-शैलीका बोध करानेके लिए पर्याप्त

से उनका निर्वाण सवत् माना जाता है जिसका इस समय सन् १९७१-७२ में चौबीस सौ अन्ठान्नवे (२४९८) वाँ वर्ष प्रचलित है तथा दो वर्ष पश्चात् पूरे पच्चीस सौ वर्ष होनेपर एक महामहोत्सव मनानेकी योजना चल रही हैं। किन्तु इस सवत्सरका प्रचलन अपेक्षाकृत बहुत प्राचीन नही और महावीरके समयमे तथा उसके दीर्घकाल पश्चात् तक किसी सन्-सवत्के उल्लेखका प्रचार नही था। पश्चात्कालीन ग्रन्थोमे जो कालसम्बन्धी उल्लेख पाये जाते है उनमें कही-कही परस्पर कुछ विरोध पाया जाता है और कही अन्य साहित्यिक उल्लेखो तथा ऐतिहासिक घटनाओसे मेल नही खाता। इससे निर्वाण कालके सम्बन्धमे आधुनिक विद्वानोके बीच बहुत-सा मतभेद उत्पन्न हो गया हैं। एक ओर जर्मन विद्वान् डॉ याकोबीने महावीर निर्वाण का समय ई पू चार सौ सतहत्तर (४७७) माना है। इसका आधार यह है कि मौर्य सम्राट् चन्द्रगुप्तका राज्याभिषेक ई पू ३२२ (तीन सौ बाईस) मे हुआ और हेमचन्द्र-कृत परिशिष्ट पर्व (८-३३९) के अनुसार यह अभिषेक महावीरके निर्वाणसे १५५ (एक सौ पचपन) वर्ष पश्चात् हुआ था। इस प्रकार महावीर निर्वाण ३२२ + १५५ = ४४७ वर्ष पूर्व सिद्ध हुआ। किन्तु दूसरी ओर डॉ काशीप्रसाद जायसवालका मत है कि बौद्धोकी सिंहल-देशीय परम्परामे बुद्धका निर्वाण ई पू ५४४ माना गया है। तथा मज्झिमनिकायके साम-गाम सुत्तमे व त्रिपिटकमे अन्यत्र भी इस बातका उल्लेख हैं कि भगवान् बुद्धको अपने एक अनुयायी द्वारा यह समाचार मिला था कि पावामे महावीरका निर्वाण हो गया। ऐसी भी धारणा रही है कि इसके दो वर्ष पश्चात् बुद्धका निर्वाण हुआ। अतएव यह सिद्ध हुआ कि महावीर-निर्वाणका काल ई पू ५४६ है। किन्तु विचार करनेसे ये दोनो अभिमत प्रमाणित नही होते। जैन साहित्यिक तथा ऐतिहासिक एक शुद्ध और प्राचीन परम्परा है जो वीर-निर्वाण को विक्रम सवत् से ४७० (चार सौ सत्तर) वर्ष पूर्व तथा शक सवत् से ६०५ (छह सौ पाँच) वर्ष पूर्व हुआ मानती है। इस परम्परा का ऐतिहासिक क्रम इस प्रकार है जिस रात्रिको वीर भगवान्का निर्वाण हुआ उसी रात्रिको उज्जैनके पालक राजाका अभिषेक हुआ। पालकने ६० वर्ष राज्य किया। तत्पश्चात् नन्दवशीय राजाओने १५५ वर्ष, मौर्यवशने १०८ वर्ष, पुष्यमित्रने ३० वर्ष, बलमित्र और भानुमित्रने ६० वर्ष, नहपान (नहवान नरवाहन या नहसेन) ने ४० वर्ष, गर्दभिल्लने १३ वर्ष और एक राजाने ४ वर्ष राज्य किया, और तत्पश्चात् विक्रम-काल प्रारम्भ हुआ। इस प्रकार वीरनिर्वाणसे ६० + १५५ + १०८ + ३० + ६० + ४० + १३ + ४ = ४७० वर्ष विक्रम सवत्के प्रारम्भ तक सिद्ध हुए। डॉ याकोबीने हेमचन्द्र आचार्यके जिस मतके आधारपर वीर-निर्वाण

है। उनका प्राचीनतम बौद्ध साहित्यसे भी मेल खाता है। जिस प्रकार बौद्ध साहित्य त्रिपिटक कहलाता है उसी प्रकार यह जैन साहित्य गणिपिटकके नामसे उल्लिखित पाया जाता है।

यह समस्त साहित्य अगप्रविष्ट कहा गया है। इसके अतिरिक्त मुनियोके आचार व क्रियाकृलापका विस्तारसे वर्णन अगबाह्य नामक चौदह प्रकारकी रचनाओमे पाया जाता है जो इस प्रकार है—

१ सामायिक, २ चतुर्विंशतिस्तव, ३ वन्दना, ४ प्रतिक्रमण, ५ वैनयिक, ६. कृतिकर्म, ७ दशवैकालिक, ८ उत्तराध्ययन, ९ कल्पव्यवहार, १० कल्पाकल्प, ११ महाकल्प, १२ पुण्डरीक, १३ महापुण्डरीक, १४ निषिद्धिका।

इन नामोसे ही स्पष्ट है कि इन रचनाओका विषय धार्मिक साधनाओ और विशेषत मुनियोकी क्रियाओसे सम्बन्ध रखता है। यद्यपि ये चौदह रचनाएँ अपने प्राचीन रूपमें अलग-अलग नही पायी जाती, तथापि इनका नाना ग्रन्थोमे समावेश है और वे मुनियो द्वारा अब भी उपयोगमे लायी जाती है।

वल्लभीपुरमें मुनि-सघ द्वारा जो साहित्य-सकलन किया गया उसमे उक्त प्रथम ग्यारह अगोके अतिरिक्त औपपातिक, राय-पसेणिय आदि १२ उपाग, निशीथ, महानिशीथ आदि ६ छेदसूत्र, उत्तराध्ययन, आवश्यक आदि ४ मूलसूत्र, चतु शरण, आतुर-प्रत्याख्यान आदि दश प्रकीर्णक, तथा अनुयोगद्वार और नन्दी ये दो चूलिका-सूत्र भी सम्मिलित हो गये जिससे समस्त अर्द्धमागधी आगम-ग्रन्थोकी सख्या ४५ हो गयी जिसे श्वेताम्बर सम्प्रदाय द्वारा धार्मिक मान्यता प्राप्त है। यह समस्त साहित्य अपनी भाषा व शैली तथा दार्शनिक व ऐतिहासिक सामग्रीके लिए पालि साहित्यके समान ही महत्त्वपूर्ण है[1]।

७ महावीर-निर्वाण-काल

भगवान् महावीरका निर्वाण कब हुआ इसके सम्बन्ध मे यह तो स्पष्ट उल्लेख प्राप्त होता है कि यह घटना कार्तिक कृष्णपक्ष चतुर्दशीकी रात्रिके अन्तिम चरणमें अर्थात् अमावस्याके प्रात कालसे पूर्व घटित हुई और उनके निर्वाणोत्सवको देवो तथा मनुष्योने दीपावलीके रूपमे मनाया। तदनुसार आजतक कार्तिककी दीपावली-

---

१ समवायाग सूत्र २११-२२७। षट्खण्डागम १, १, २, टीका भाग १, पृष्ठ ९६ आदि। विंटरनिट्ज इडियन लिटरेचर भाग २ जैन लिटरेचर। कापडिया हिस्ट्री ऑफ दि जैन केनानिकल लिटरेचर। जगदीशचन्द्र प्राकृत साहित्य का इतिहास, पृष्ठ ३३ आदि। हीरालाल जैन भारतीय सस्कृति में जैनधर्म का योगदान, पृष्ठ ५५ आदि। नेमिचन्द्र शास्त्री प्राकृत भाषा और साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, पृष्ठ १५७ आदि।

से उनका निर्वाण सवत् माना जाता है जिसका इस समय सन् १९७१-७२ में चौबीस सौ अन्ठान्नवे (२४९८) वाँ वर्ष प्रचलित है तथा दो वर्ष पश्चात् पूरे पच्चीस सौ वर्ष होनेपर एक महामहोत्सव मनानेकी योजना चल रही है। किन्तु इस सवत्सरका प्रचलन अपेक्षाकृत बहुत प्राचीन नही और महावीरके समयमे तथा उसके दीर्घकाल पश्चात् तक किसी सन्-सवत्के उल्लेखका प्रचार नही था। पश्चात्कालीन ग्रन्थोमें जो कालसम्बन्धी उल्लेख पाये जाते है उनमें कही-कही परस्पर कुछ विरोध पाया जाता है और कही अन्य साहित्यिक उल्लेखो तथा ऐतिहासिक घटनाओसे मेल नही खाता। इससे निर्वाण कालके सम्बन्धमें आधुनिक विद्वानोके बीच बहुत-सा मतभेद उत्पन्न हो गया है। एक ओर जर्मन विद्वान् डॉ याकोबीने महावीर निर्वाण का समय ई पू चार सौ सतहत्तर (४७७) माना है। इसका आधार यह है कि मौर्य सम्राट् चन्द्रगुप्तका राज्याभिषेक ई पू ३२२ (तीन सौ बाईस) मे हुआ और हेमचन्द्र-कृत परिशिष्ट पर्व (८-३३९) के अनुसार यह अभिषेक महावीरके निर्वाणसे १५५ (एक सौ पचपन) वर्ष पश्चात् हुआ था। इस प्रकार महावीर निर्वाण ३२२ + १५५ = ४४७ वर्ष पूर्व सिद्ध हुआ। किन्तु दूसरी ओर डॉ काशीप्रसाद जायसवालका मत है कि बौद्धोकी सिंहल-देशीय परम्परामे बुद्धका निर्वाण ई पू ५४४ माना गया है। तथा मज्झिमनिकायके साम-गाम सुक्तमे व त्रिपिटकमे अन्यत्र भी इस बातका उल्लेख है कि भगवान् बुद्धको अपने एक अनुयायी द्वारा यह समाचार मिला था कि पावामे महावीरका निर्वाण हो गया। ऐसी भी धारणा रही है कि इसके दो वर्ष पश्चात् बुद्धका निर्वाण हुआ। अतएव यह सिद्ध हुआ कि महावीर-निर्वाणका काल ई पू ५४६ है। किन्तु विचार करनेसे ये दोनो अभिमत प्रमाणित नही होते। जैन साहित्यिक तथा ऐतिहासिक एक शुद्ध और प्राचीन परम्परा है जो वीर-निर्वाण को विक्रम सवत् से ४७० (चार सौ सत्तर) वर्ष पूर्व तथा शक सवत् से ६०५ (छह सौ पाँच) वर्ष पूर्व हुआ मानती है। इस परम्परा का ऐतिहासिक क्रम इस प्रकार है जिस रात्रिको वीर भगवान्का निर्वाण हुआ उसी रात्रिको उज्जैनके पालक राजाका अभिषेक हुआ। पालकने ६० वर्ष राज्य किया। तत्पश्चात् नन्दवशीय राजाओने १५५ वर्ष, मौर्यवशने १०८ वर्ष, पुष्यमित्रने ३० वर्ष, बलमित्र और भानुमित्रने ६० वर्ष, नहपान (नहवान नरवाहन या नहसेन) ने ४० वर्ष, गर्दभिल्लने १३ वर्ष और एक राजाने ४ वर्ष राज्य किया, और तत्पश्चात् विक्रम-काल प्रारम्भ हुआ। इस प्रकार वीरनिर्वाणसे ६० + १५५ + १०८ + ३० + ६० + ४० + १३ + ४ = ४७० वर्ष विक्रम सवत्के प्रारम्भ तक सिद्ध हुए। डॉ याकोबीने हेमचन्द्र आचार्यके जिस मतके आधारपर वीर-निर्वाण

और चन्द्रगुप्त मौर्यके बीच १५५ वर्षका अन्तर माना है वह वस्तुत ठीक नही है। डॉ याकोबीने हेमचन्द्रके परिशिष्ट पर्वका सम्पादन किया है और उन्होने अपना यह मत भी प्रकट किया है कि उक्त कृति की रचनामे शीघ्रताके कारण अनेक भूले रह गयी है। इन भूलोमे एक यह भी है कि वीर-निर्वाण और चन्द्रगुप्तका काल अकित करते समय वे पालक राजाका ६० वर्षका काल भूल गये जिसे जोडनेसे वह अन्तर १५५ वर्ष नही किन्तु २१५ वर्षका हो जाता है। इस भूलका प्रमाण स्वय हेमचन्द्र द्वारा उल्लिखित राजा कुमारपालके कालमें पाया जाता है। उनके द्वारा रचित त्रिषष्टि-शलाका-पुरुष-चरित (पर्व १०, सर्ग १२, श्लोक ४५-४६) मे कहा गया है कि वीर निर्वाणसे १६६९ वर्ष पश्चात् कुमारपाल राजा हुए। अन्य प्रमाणोसे सिद्ध है कि कुमारपालका राज्याभिषेक ११४२ ई मे हुआ था। अतएव इसके अनुसार वीर-निर्वाणका काल १६६९ – ११४२ = ५२७ ई पू सिद्ध हुआ।

डॉ जायसवालने जो बुद्ध निर्वाणका काल सिंहलीय परम्पराके आधारसे ई पू ५४४ मान लिया है वह भी अन्य प्रमाणोसे सिद्ध नही होता। उससे अधिक प्राचीन सिंहलीय परम्पराके अनुसार मौर्य सम्राट् अशोकका राज्याभिषेक बुद्ध-निर्वाणसे २१८ वर्ष पश्चात् हुआ था। अनेक ऐतिहासिक प्रमाणोसे सिद्ध हो चुका है कि अशोकका अभिषेक ई पू २६९ वर्षमे अथवा उसके लगभग हुआ था। अतएव बुद्ध-निर्वाणका काल २१८ + २६९ = ४८७ ई पू सिद्ध हुआ। इसकी पुष्टि एक चीनी परम्परासे भी होती है। चीनके कैन्टन नामक नगरमे बुद्ध-निर्वाणके वर्षका स्मरण बिन्दुओ द्वारा सुरक्षित रखनेका प्रयत्न किया गया है। प्रति वर्ष एक विन्दु जोड दिया जाता था। इन बिन्दुओकी सख्या निरन्तर ई सन् ४८९ तक चलती रही और तब तकके विन्दुओकी सख्या ९७५ पायी जाती है। इसके अनुसार बुद्ध-निर्वाणका काल ९७५ – ४८९ = ४८६ ई पू सिद्ध हुआ। इस प्रकार सिंहल और चीनी परम्परामे पूरा सामञ्जस्य पाया जाता है। अतएव बुद्ध-निर्वाण का यही काल स्वीकार करने योग्य है।

स्वय पालि त्रिपिटकमें इस बातके प्रचुर प्रमाण पाये जाते है कि महावीर आयुमे और तपस्यामे बुद्धसे ज्येष्ठ थे, और उनका निर्वाण भी बुद्धके जीवन-काल में ही हो गया था। दीघनिकायके श्रामण्य-फल-सुत्त, सयुत्त-निकायके दहर-सुत्त तथा सुत्त-निपातके सभिय-सुत्तमें बुद्धसे पूर्ववर्ती छह तीर्थकोका उल्लेख आया है। उनके नाम है पूरण कस्यप, मक्खलिगोशाल, निगठ नातपुत्त (महावीर), सजय वेलट्ठिपुत्त, प्रवुद्ध कच्चायन और अजितकेश-कवलि। इन सभीको बहुत लोगो द्वारा सम्मानित, अनुभवी, चिरप्रव्रजित व वयोवृद्ध कहा गया है, किन्तु बुद्धको ये

विशेषण नही लगाये गये। इसके विपरीत उन्हे उक्त छहकी अपेक्षा जन्मसे अल्पवयस्क व प्रव्रज्यामे नया कहा गया है। इससे सिद्ध है कि महावीर बुद्धसे ज्येष्ठ थे और उनसे पहले ही प्रव्रजित हो चुके थे।

मज्झिमनिकायके साम-गाम सुत्तमे वर्णन आया है कि जब भगवान् बुद्ध साम-गाममे विहार कर रहे थे तब उनके पास चुन्द नामक श्रमणोद्देश आया और उन्हे यह सन्देश दिया कि अभी-अभी पावामे निगठ नातपुत्त (महावीर) की मृत्यु हुई है, और उनके अनुयायियोमें कलह उत्पन्न हो गया है। बुद्धके पट्ट शिष्य आनन्दको इस समाचारसे सन्देह उत्पन्न हुआ कि कही बुद्ध भगवान्के पश्चात् उनके सघमे भी ऐसा ही विवाद उत्पन्न न हो जाये। अपने इस सदेहकी चर्चा उन्होने बुद्ध भगवान्से भी की। यही वृत्तान्त दीघ-निकायके पासादिक-सुत्तमे भी पाया जाता है। इसी निकायके सगीतिपरियाय-सुत्तमे भी बुद्धके सघमे महावीर-निर्वाणका वही समाचार पहुँचता है और उसपर बुद्धके शिष्य सारिपुत्तने भिक्षुओको आमन्त्रित कर वह समाचार सुनाया तथा भगवान् बुद्धके निर्वाण होनेपर विवादकी स्थिति उत्पन्न न होने देनेके लिए उन्हे सतर्क किया। इसपर स्वय बुद्धने कहा—साधु, साधु, सारिपुत्र, तुमने भिक्षुओको अच्छा उपदेश दिया। ये प्रकरण निस्सन्देह रूपसे प्रमाणित करते है कि महावीरका निर्वाण बुद्धके जीवन-कालमे ही हो गया था। यही नही, किन्तु इससे उनके अनुयायियोमे कुछ विवाद भी उत्पन्न हुआ था जिसके समाचारसे बुद्धके सघमे कुछ चिन्ता भी उत्पन्न हुई थी, और उसके समाधान का भी प्रयत्न किया गया था। इस प्रकार बुद्धसे महावीरकी वरिष्ठता और पूर्व-निर्वाण निस्सन्देह रूपसे सिद्ध हो जाता है और उनका दोनोकी उक्त परम्परागत निर्वाण-तिथियोसे भी मेल बैठ जाता है।[1]

८ महावीर—जन्मस्थान

प्रस्तुत ग्रन्थ सधि १ कडवक ६-७ मे कहा गया है कि जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रमे स्थित कुण्डपुरके राजा सिद्धार्थ और रानी प्रियकारिणीके चौबीसवे जिनेन्द्र महावीरका जन्म होगा। इस परसे इतना तो स्पष्ट हो गया कि भगवान्का जन्मस्थान कुण्डपुर था। किन्तु वहाँ उसके भारतमे स्थित होनेके अतिरिक्त और अन्य

---

१ महावीर और बुद्धके निर्वाण कालसम्बन्धी उल्लेखों व ऊहापोहके लिए देखिए विंटरनिट्ज हिस्ट्री ऑफ इंडियन लिटरेचर भाग २ अपेण्डिक्स १ बुद्ध-निर्वाण व अपेण्डिक्स ६ महावीर निर्वाण। मुनि नगराज कृत आगम और त्रिपिटक एक अनुशीलन, पृष्ठ ४७-१२८।

कोई प्रदेश आदिकी सूचना नही दी गयी। तथापि अन्य ऐसे उल्लेख प्राप्त है जिनसे स्पष्ट हो जाता है कि यह कुण्डपुर विदेह प्रदेशमे स्थित था। उदाहरणार्थ पूज्यपाद स्वामी कृत निर्वाण-भक्तिमे कहा गया है कि —

"सिद्धार्थ-नृपति-तनयो भारतवास्ये विदेह-कुण्डपुरे।" अर्थात् राजा सिद्धार्थ के पुत्र महावीरका जन्म भारतवर्षके विदेह प्रदेशमे स्थित कुण्डपुरमे हुआ। इसी प्रकार जिनसेन कृत हरिवश पुराण (सर्ग २ श्लोक १ से ५) में कहा गया है कि

अथ देशोऽस्ति विस्तारो जम्बूद्वीपस्य भारते।
विदेह इति विख्यात स्वर्गखण्डसम श्रिया ॥
तत्राखण्डलनेत्रालीपद्मिनीखण्डमण्डनम्।
सुखाम्भ कुण्डमाभाति नाम्ना कुण्डपुर पुरम् ॥

अर्थात् जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रमे विशाल, विख्यात व समृद्धिमे स्वर्गके समान जो विदेह देश है उसमे कुण्डपुर नामका नगर ऐसा शोभायमान दिखाई देता है जैसे मानो वह सुखरूपी जलका कुण्ड ही हो, तथा जो इन्द्रके सहस्र नेत्रोकी पक्तिरूपी कमलनी-खण्डमे मण्डित हो। गुणभद्रकृत उत्तरपुराण (पर्व ७४ श्लोक २५१-२५२) मे भी पाया जाता है कि

भरतेऽस्मिन्विदेहाख्ये विषये भवनाङ्गणे।
राज्ञ कुण्डपुरेशस्य वसुधारापतत्पृथु ॥

अर्थात् इसी भरत क्षेत्रके विदेह नामक देशमे कुण्डपुर-नरेशके प्रासादके प्रागणमे विशाल धनकी धारा बरसी।

अर्द्धमागधी आगमके आचाराङ्ग सूत्र (२, १५) तथा कल्पसूत्र (११०) में भी कहा गया है कि

समणे भगव महावीरे णाए णायपुत्ते णायकुलणिव्वत्ते विदेहे विदेहदित्ते विदेहजच्चे विदेहसूमाले तीस वासाइ विदेहसि कट्टु अगारमज्झे वसित्ता ।

अर्थात् ज्ञातृ, ज्ञातृ-पुत्र, ज्ञातृकुलोत्पन्न, वैदेह, विदेहदत्त, विदेहजात्य, विदेह-सुकुमार, श्रमण भगवान् महावीर ३० वर्ष विदेहदेशके ही गृहमे निवास करके प्रव्रजित हुए।

और भी अनेक अवतरण दिये जा सकते है, किन्तु इतने ही उल्लेखोसे यह भली प्रकार सिद्ध हो जाता है कि भगवान् महावीरकी जन्मनगरीका नाम कुण्डपुर था, और वह कुण्डपुर विदेह प्रदेशमें स्थित था। सौभाग्यसे विदेहकी सीमाके सम्बन्धमे कही कोई विवाद नही है। प्राचीनतम काल से विहार राज्यका गगासे उत्तरका भाग विदेह और दक्षिणका भाग मगध नामसे प्रसिद्ध रहा है। इसी विदेह प्रदेशको तीरभुक्ति नामसे भी उल्लिखित किया गया है जिसका वर्तमान

रूप तिरहुत अब भी प्रचलित है। पुराणोमे इसकी सीमाएँ इस प्रकार निर्दिष्ट की गयी है

गङ्गा-हिमवतोर्मध्ये नदीपञ्चदशान्तरे ।
तीरभुक्तिरिति ख्यातो देश परम-पावन ॥
कौशिकी तु समारभ्य गण्डकीमधिगम्य वै ।
योजनानि चतुर्विंशद् व्यायाम परिकीर्तित ॥
गङ्गा-प्रवाहमारभ्य यावद् हैमवत वरम् ।
विस्तार षोडश प्रोक्तो देशस्य कुलनन्दन ॥

इस प्रकार विदेह अर्थात् तीरभुक्ति (तिरहुत) प्रदेश की सीमाएँ सुनिश्चित है। उत्तरमे हिमालय पर्वत और दक्षिणमे गगा नदी, पूर्वमे कौशिकी और पश्चिम-मे गण्डकी नामक नदियाँ। किन्तु विदेहकी ये सीमाएँ भी एक विशाल क्षेत्रको सूचित करती है और अब हमारे लिए यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि इस प्रदेशमे कुण्डपुरको कहाँ रखा जाये। इसके निर्णयके लिए हमारा ध्यान महावीरके ज्ञात-कुलोत्पन्न, ज्ञातृपुत्र आदि विशेषणोकी ओर आकृष्ट होता है। ये ज्ञातृ क्षत्रियवशी कहाँ रहते थे इसका सकेत हमे बौद्ध साहित्यके एक अतिप्राचीन ग्रन्थ महावस्तुमे प्राप्त होता है। वहाँ प्रसग यह है कि बुद्ध भगवान् गगाको पार कर वैशालीकी ओर जा रहे है और उनके स्वागतके लिए वैशाली सघके लिच्छवी आदि अनेक क्षत्रियगण शोभायात्रा बनाकर उनके स्वागतार्थ आते है। इसका वर्णन करते हुए कहा गया है कि

स्फीतानि राज्यानि प्रशास्यमाना ।
सम्यग् राज्यानि करोन्ति ज्ञातय ॥
तथा इमे लेच्छवि-मध्ये सन्तो ।
देवेहि शास्ता उपमामकासि ॥

अर्थात् ये जो क्षत्रियगण भगवान्के स्वागतके लिए आ रहे है उनमे जो ज्ञातृ नामक क्षत्रियगण है वे अपने विशाल राज्यका शासन भले प्रकारसे करते है और वे लिच्छवि गणके क्षत्रियोके बीच ऐसे प्रतिष्ठित और शोभायमान दिखाई देते है कि स्वय शास्ता अर्थात् स्वय भगवान् बुद्धने उनकी उपमा देवोसे की है। इस उल्लेखसे एक तो यह बात सिद्ध हो जाती है कि ज्ञातृकुलके क्षत्रियोका निवास-स्थान वैशाली ही था, और दूसरे वे लिच्छविगणमे विशेष सम्मानका स्थान रखते थे। इसका कारण भी स्पष्ट है। ज्ञातृकोके कुलकी प्रतिष्ठा इस कारण और भी बढ गयी प्रतीत होती है क्योकि उनके गणनायक सिद्धार्थ वैशाली गणके नायक राजा चेटकके जामाता थे। चेटककी कन्या (भगिनी) प्रियकारिणी त्रिशलाका

विवाह ज्ञातृकुल-श्रेष्ठ राजा सिद्धार्थसे हुआ था। भगवान् महावीरको वैशालीसे सम्बद्ध करनेवाला एक और पुष्ट प्रमाण उपलब्ध है। अर्द्धमागधी आगमोमे (सूत्रकृताग १, २, उत्तराध्ययन ६ आदि) अनेक स्थानोपर भगवान् महावीर-को वेसालीय—वैशालिक कहा गया है। यद्यपि कुछ टीकाकारोने वैशालिकका विशाल-व्यक्तित्वशील, विशालामाताके पुत्र आदि रूपसे विविध प्रकार अर्थ किये है तथापि वे सतोपजनक नही है। वैशालिकका यही स्पष्ट अर्थ समझमे आता है कि वैशाली नगरके नागरिक थे। आगम मे अनेक स्थानोपर वैशाली श्रावकोका भी उल्लेख आता है। भगवान् ऋषभदेव कौशल देशके थे, अतएव उन्हे 'अरहा कोसलीये' अर्थात् कौशल देशके अरहन्त कहकर भी सम्बोधित किया गया है (समवायाग सूत्र १४१, १६२)। इस प्रकार यह सिद्ध हो जाता है कि महावीर वैशाली नगरमे ही उत्पन्न हुए थे और कुण्डपुर उसी विशाल नगरका एक भाग रहा होगा।

अब प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि वैशालीकी स्थिति कहाँ थी ? इसका स्पष्ट उत्तर वाल्मीकि कृत रामायण (१,४५) मे पाया जाता है। राम और लक्ष्मण विश्वामित्र मुनिके साथ मिथिलामे राजा जनक द्वारा आयोजित धनुर्यज्ञमे जा रहे है। जब वे गगा-तटपर पहुँचे तब मुनिने उन्हे गगा-अवतरणका आख्यान सुनाया। तत्पश्चात् उन्होने गगा पार की और वे उसके उत्तरीय तटपर जा पहुँचे। वहाँसे उन्होने विशालापुरीको देखा

उत्तर तीरमासाद्य सम्पूज्यर्षिगण तत ।
गङ्गाकूले निविष्टास्ते विशाला ददृशु पुरीम् ॥९॥ (रामा ४५,९)

और वे शीघ्र ही उस रम्य, दिव्य तथा स्वर्गोपम नगरीमे जा पहुँचे।

ततो मुनिवरस्तूर्णं जगाम सहराघव ।
विशाला नगरी रम्या दिव्या स्वर्गोपमा तदा ॥

(रामा १,४५, ९-१०)

यहाँ उन्होने एक रात्रि निवास किया और दूसरे दिन वहाँसे चलकर वे जनक-पुरी मिथिलामे पहुँचे।

'उष्य तत्र निशामेका जग्मतुर्मिथिला तत ।'

बौद्ध ग्रन्थोमे भी वैशालीके अनेक उल्लेख आये है और वहाँ भी स्पष्टत कहा गया पाया जाता है कि बुद्ध भगवान् गगाको पारकर उत्तरकी ओर वैशालीमें पहुँचे। वैशालीमें उस समय लिच्छवि सघका राज्य था तथा गगाके दक्षिणमें मगधनरेश श्रेणिक बिम्बसार और उनके पश्चात् कुणिक अजातशत्रुका एकछत्र राज्य था। इन दोनो राज्यतन्त्रोमें मौलिक भेद था और उनमें शत्रुता भी बढ़

गयी थी। बौद्ध ग्रन्थोमे उल्लेख है (दीघनिकाय-महापरिणिव्वाण सुत्त) कि अजातशत्रुके मन्त्री वर्षकारने बुद्धसे पूछा था कि क्या वे वैशालीके लिच्छवि सघ-पर विजय प्राप्त कर सकते है? इसके उत्तरमे बुद्धने उन्हे यह सूचित किया था कि जबतक लिच्छवि गणके लोग अपनी गणतन्त्रीय व्यवस्थाको सुसगठित हो एकमतसे समर्थन दे रहे है, न्यायनीतिका पालन करते है और सदाचारके नियमो का उल्लघन नही करते, तबतक उन्हे कोई पराजित नही कर सकता। यह बात जानकर वर्षकार मन्त्रीने कूटनीतिसे लिच्छवियोके बीच फूट डाली और उन्हें न्यायनीतिसे भ्रष्ट किया। इसका जो परिणाम हुआ उसका विशद वर्णन अर्द्धमागधी आगमके भगवती सूत्र, सप्तम शतक में पाया जाता है। इसके अनुसार अजात-शत्रुकी सेनाने वैशालीपर आक्रमण किया। युद्धमे महाशिलकटक और रथमुसल नामक युद्ध-यन्त्रोका उपयोग किया गया। अन्तत वैशालीके प्राकारका भग होकर अजातशत्रुकी विजय हो गयी। तात्पर्य यह है कि महावीरके कालमे वैशालीकी बडी प्रतिष्ठा थी और उस नगरीका नागरिक होना एक गौरवकी बात मानी जाती थी। इसीलिए महावीरको वैशालीय कहकर भी सम्बोधित किया गया है। अनेक प्राचीन नगरोके साथ इस वैशालीयका भी दीर्घकाल तक इतिहासज्ञोको अता-पता नही था। किन्तु विगत एक शताब्दीमे जो पुरातत्त्व सम्बन्धी खोज-शोध हुई है उससे प्राचीन भग्नावशेषो, मुद्राओ व शिलालेखो आदिके आधारसे प्राचीन वैशाली-की ठीक स्थिति अवगत हो गयी है और निस्सन्देह रूपसे प्रमाणित हो गया है कि बिहार राज्यसे गगाके उत्तरमे मुजफ्फरपुर जिलेके अन्तर्गत बसाढ नामक ग्राम ही प्राचीन वैशाली है। स्थानीय खोज-शोधसे यह भी माना गया है कि वर्तमान बसाढके समीप ही जो वासुकुण्ड नामक ग्राम है वही प्राचीन कुण्डपुर होना चाहिए। वहाँ एक प्राचीन कुण्डके भी चिह्न पाये जाते है जो क्षत्रियकुण्ड कहलाता रहा होगा। उसीके समीप एक ऐसा भी भूमिखण्ड पाया गया जो 'अहल्य' माना जाता रहा है। उसपर कभी हल नही चलाया गया, तथा स्थानीय जनताकी धारणा रही है कि वह एक अतिप्राचीन महापुरुषका जन्मस्थान था। इसलिए उसे पवित्र मानकर लोग वहाँ दीपावलीको अर्थात् महावीरके निर्वाणके दिन दीपक जलाया करते है। इन सब बातोपर समुचित विचार करके विद्वानोने उसी स्थलको महावीरको जन्मभूमि स्वीकार किया और बिहार सरकारने भी इसी आधारपर उस स्थलको अपने अधिकारमे लेकर उसका घेरा बना दिया है और वहाँ एक कमलाकार वेदिका बनाकर वहाँ एक सगमरमरका शिलापट्ट स्थापित कर दिया है। उसपर अर्द्धमागधी भाषामे आठ गाथाओका लेख हिन्दी अनुवाद सहित भी अकित कर दिया गया है जिसमे वर्णन है कि यह वह स्थल है

गयी थी। बौद्ध ग्रन्थोमे उल्लेख है (दीघनिकाय-महापरिणिव्वाण सुत्त) कि अजातशत्रुके मन्त्री वर्षकारने बुद्धसे पूछा था कि क्या वे वैशालीके लिच्छवि सघ-पर विजय प्राप्त कर सकते है ? इसके उत्तरमे बुद्धने उन्हे यह सूचित किया था कि जबतक लिच्छवि गणके लोग अपनी गणतन्त्रीय व्यवस्थाको सुसगठित हो एकमतसे समर्थन दे रहे है, न्यायनीतिका पालन करते है और सदाचारके नियमो का उल्लघन नही करते, तबतक उन्हे कोई पराजित नही कर सकता। यह बात जानकर वर्षकार मन्त्रीने कूटनीतिसे लिच्छवियोके बीच फूट डाली और उन्हे न्यायनीतिसे भ्रष्ट किया। इसका जो परिणाम हुआ उसका विशद वर्णन अर्द्धमागधी आगमके भगवती सूत्र, सप्तम शतक में पाया जाता है। इसके अनुसार अजात-शत्रुकी सेनाने वैशालीपर आक्रमण किया। युद्धमे महाशिलकटक और रथमुसल नामक युद्ध-यन्त्रोका उपयोग किया गया। अन्तत वैशालीके प्राकारका भग होकर अजातशत्रुकी विजय हो गयी। तात्पर्य यह है कि महावीरके कालमे वैशालीकी बडी प्रतिष्ठा थी और उस नगरीका नागरिक होना एक गौरवकी बात मानी जाती थी। इसीलिए महावीरको वैशालीय कहकर भी सम्बोधित किया गया है। अनेक प्राचीन नगरोके साथ इस वैशालीयका भी दीर्घकाल तक इतिहासज्ञोको अता-पता नही था। किन्तु विगत एक शताब्दीमे जो पुरातत्त्व सम्बन्धी खोज-शोध हुई है उससे प्राचीन भग्नावशेषो, मुद्राओ व शिलालेखो आदिके आधारसे प्राचीन वैशाली-की ठीक स्थिति अवगत हो गयी है और निस्सन्देह रूपसे प्रमाणित हो गया है कि बिहार राज्यसे गगाके उत्तरमे मुजफ्फरपुर जिलेके अन्तर्गत बसाढ नामक ग्राम ही प्राचीन वैशाली है। स्थानीय खोज-शोधसे यह भी माना गया है कि वर्तमान बसाढके समीप ही जो वासुकुण्ड नामक ग्राम है वही प्राचीन कुण्डपुर होना चाहिए। वहाँ एक प्राचीन कुण्डके भी चिह्न पाये जाते है जो क्षत्रियकुण्ड कहलाता रहा होगा। उसीके समीप एक ऐसा भी भूमिखण्ड पाया गया जो 'अहल्य' माना जाता रहा है। उसपर कभी हल नही चलाया गया, तथा स्थानीय जनताकी धारणा रही है कि वह एक अतिप्राचीन महापुरुषका जन्मस्थान था। इसलिए उसे पवित्र मानकर लोग वहाँ दीपावलीको अर्थात् महावीरके निर्वाणके दिन दीपक जलाया करते है। इन सब बातोपर समुचित विचार करके विद्वानोने उसी स्थलको महावीरकी जन्मभूमि स्वीकार किया और बिहार सरकारने भी इसी आधारपर उस स्थलको अपने अधिकारमें लेकर उसका घेरा बना दिया है और वहाँ एक कमलाकार वेदिका बनाकर वहाँ एक सगमरमरका शिलापट्ट स्थापित कर दिया है। उसपर अर्द्धमागधी भाषामें आठ गाथाओका लेख हिन्दी अनुवाद सहित भी अकित कर दिया गया है जिसमे वर्णन है कि यह वह स्थल है

जहाँ भगवान् महावीरका जन्म हुआ था और जहाँसे वे अपने ३० वर्षके कुमार-कालको पूरा कर प्रव्रजित हुए थे। शिलालेखमे यह भी उल्लेख है कि भगवान्के जन्मसे २५५५ वर्ष व्यतीत होनेपर विक्रम सवत् २०१२ वपमें भारत के राष्ट्रपति श्री राजेन्द्रप्रसादने वहाँ आकर उस स्मारकका उद्घाटन किया।

महावीर स्मारकके समीप ही तथा पूर्वोक्त प्राचीन क्षत्रिय कुण्डकी तटवर्ती भूमिपर साहू शान्तिप्रसादके दानसे एक भव्य भवनका निर्माण भी करा दिया गया है और वहाँ विहार राज्य शासन द्वारा प्राकृत जैन शोध-सस्थान भी चलाया जा रहा है। यह सस्थान सन् १९५६ मे मेरे (डा हीरालाल जैन) निर्देशकत्वमे मुजफ्फरपुरमे प्रारम्भ किया गया था। उन्हीके द्वारा वैशालीमे महावीर स्मारक स्थापित कराया गया तथा शोध-सस्थानके भवनका निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया गया।

वैशालीकी स्थितिका यह जो निर्णय किया गया उसमे एक शका रह जाती है। कुछ धर्म-बन्धुओको यह बात खटकती है कि कही-कही वैशालीकी स्थिति विदेहमे नही, किन्तु सिन्धु देशमें कही गयी है। प्रस्तुत ग्रन्थ (५,५) मे भी कहा पाया जाता है कि सिंधुविसइ वइसालीपुरवरि' तथा सस्कृत उत्तर पुराण (७५,३) मे भी कहा गया है

सिन्ध्वाख्यविषये भूभृद्वैशालीनगरेऽभवत्।
चेटकाख्योऽतिविख्यातो विनीत परमार्हत ॥

इन दोनो स्थानोपर सिन्धु विषय व सिन्ध्वाख्यविषयेका तात्पय सिन्ध देशसे लगाया जाना स्वाभाविक ही है। किन्तु साथ ही यह भी स्पष्ट है कि वर्तमान सिन्धदेशमे न तो किसी वैशाली नामक नगरीका कही कोई उल्लेख पाया गया और न उसकी पूर्वोक्त समस्त ऐतिहासिक उल्लेखो और घटनाओसे सुसगति बैठ सकती है। वैशालीकी स्थितिमे अब कही किसी विद्वान्को सशय नही रहा है। इस विषयपर मैंने जो विचार किया है उससे मैं इस निर्णयपर पहुँचा हूँ कि उत्तर पुराणमे जो 'सिन्ध्वाख्यविषये' पाठ है वह किसी लिपिकारके प्रमादका परिणाम है। यथार्थत वह पाठ होना चाहिये 'सिन्ध्वाढ्य विषये' जिसका अर्थ होगा वह प्रदेश जहाँ नदियोका बाहुल्य है। तिरहुत प्रदेशका यह विशेषण पूर्णत सार्थक है। इस प्रदेशका उल्लेख शकरदिग्विजय नामक ग्रन्थमे भी आया है, और वहाँ उसे उदकदेश कहा गया है। तीरभुक्ति नामकी भी यही सार्थकता है कि समस्त प्रदेश प्राय नदियो और उसके तटवर्ती क्षेत्रोमे बटा हुआ है। ऊपर जो तीरभुक्ति सम्बन्धी एक उल्लेख उद्धृत किया गया है उसमें इस प्रदेशको 'नदी-पञ्चदशान्तरे' कहा गया है, अर्थात् पन्द्रह नदियोमें बटा हुआ प्रदेश। वहाँ नदियोकी बहुलता

तथा समय-समयपर पूरे प्रदेशका जल-प्लावन आज भी देखा-सुना जाता है। अत पूर्वोक्त दोनो उल्लेखोसे किसी अन्य सिन्धु देशका नही, किन्तु इसी सिन्धुबहुल, उदकदेश या तीरभुक्तिसे ही अभिप्राय है।

अब इस विषयमे एक प्रश्न फिर भी शेष रह जाता है। इधर दीर्घकालसे महावीर स्वामीका जन्म-स्थान बिहारके पटना जिलेमे नालन्दाके समीप कुण्डलपुर माना जाता है। वहाँ एक विशाल मन्दिर भी है और वह भगवान्के जन्म-कल्याणक स्थानके रूपमें एक तीर्थ माना जाता है। इसी श्रद्धासे वहाँ सहस्रो यात्री तीर्थयात्रा करते है। उसी प्रकार श्वेताम्बर सम्प्रदाय द्वारा भगवान्का जन्म-स्थान मुगेर जिलेके लच्छुआड नामक ग्रामके समीप क्षत्रिय-कुण्डको माना गया है। किन्तु ये दोनो स्थान गगाके उत्तर विदेह देशमे न होकर गगाके दक्षिणमे मगध देशके अन्तर्गत है और इस कारण दोनो ही सम्प्रदायोके प्राचीनतम स्पष्ट ग्रन्थोल्लेखोके विरुद्ध पडते है। यथार्थत इस विषयमे सन्देह याकोबी आदि उन विदेशी विद्वानोने प्रकट किया जिन्होने इस विषयपर निष्पक्षतापूर्वक शुद्ध ऐतिहासिक दृष्टिसे विचार किया था, और उन्हीकी खोज-शोधो द्वारा वैशाली तथा कुण्डपुरकी वास्तविक स्थितिका पता चला। ये जो दो स्थान वर्तमानमे जन्मस्थल माने जा रहे है उनकी परम्परा वस्तुत बहुत प्राचीन नही है। विचार करनेसे ज्ञात होता है कि विदेह और मगध प्रदेशोमे जैनधर्मके अनुयायियोकी सख्या महावीरके कालसे लगभग बारह सौ वर्षतक तो बहुत रही। सातवी शताब्दीमें हर्षवर्धनके कालमे जो चीनी यात्री हुयेनत्साग भारतमे आया था उसने समस्त बौद्ध तीर्थोकी यात्रा करनेका प्रयत्न किया था। वह वैशाली भी गया था जिसके विषयमे उसने अपनी यात्राके वर्णनमें स्पष्ट लिखा है कि वहाँ बौद्ध धर्मानुयायियो-की अपेक्षा निर्ग्रन्थो अर्थात् जैनियोकी सख्या अधिक है। किन्तु इसके पश्चात् स्थितिमे बडा अन्तर पडा प्रतीत होता है, और अनेक कारणोसे यहाँ प्राय जैनियो का अभाव हो गया। इसके अनेक शताब्दी पश्चात् सम्भवत मुगलकालमे व्यापारकी दृष्टिसे पुन जैनी यहाँ आकर बसे और उन्होने पुरातत्त्व व ऐतिहासिक प्रमाणोके आधारपर नही, किन्तु केवल नाम-साम्य तथा भ्रान्त जनश्रुतियोके आधारसे कुण्डलपुर व लच्छुआडमे भगवान्के जन्मस्थानकी कल्पना कर ली। अब उक्त दोनो स्थान वहाँके मन्दिरोके निर्माण, मूर्तियोकी प्रतिष्ठा तथा सैकडो वर्षोसे जनताकी श्रद्धा एव तीर्थयात्राके द्वारा तीर्थस्थल बन गये है और बने रहेगे। किन्तु जब हमने यह जान लिया कि भगवान्का वास्तविक जन्म-स्थान वैशाली व कुण्डपुर है उसे समस्त भारतीय व विदेशी विद्वानोने एकमतसे स्वीकार किया है तथा बिहार शासन द्वारा भी उसे मान्यता प्रदान कर वहाँ महावीर स्मारक और

शोध-सस्थान की स्थापना भी की है तब समस्त जैन समाजको इस स्थानकी उपेक्षा नही करना चाहिए और अपना पूरा योगदान देकर उसे उसके ऐतिहासिक महत्त्वके अनुरूप गौरवशाली बनाना चाहिए।[1]

९ महावीर-तप-कल्याणक क्षेत्र

भगवान्ने तपश्चरण कहाँ प्रारम्भ किया था इसका उल्लेख प्रस्तुत ग्रन्थ (१, ११) मे इस प्रकार पाया जाता है

चदप्पह-सिवियहिं पहु चडिण्णु ।
तहिँ णाह-सडवणि णवर दिण्णु ॥
मग्गसिर-कसण-दसमी-दिणति ।
सजायइ तियसुच्छवि महति ॥
वोलीणइ चरियावरण पकि ।
हत्थुत्तरमज्झासिइ ससकि ॥
छट्ठोववासु किउ मलहरेण ।
तवचरणु लइउ परमेसरेण ॥

इसी प्रकार सस्कृत उत्तरपुराण (७५, ३०२-३०४) मे भगवान्के तपग्रहणका उल्लेख इस प्रकार पाया जाता है

नाथ (नाथ-) षण्डवन प्राप्य स्वयानादवरुह्य स ।
श्रेष्ठ षष्ठोपवासेन स्वप्रभापटलावृते ॥३०२॥
निविश्योदङ्मुखो वीरो रून्द्ररत्नशिलातले ।
दशम्या मार्गशीर्षस्य कृष्णाया शशिनि श्रिते ॥
हस्तोत्तरर्क्षयोर्मध्य भाग चापास्तलक्ष्मणि ।
दिवसावसितौ धीर सयमाभिमुखोऽभवत् ॥
सौधर्माद्यै सुरैरेत्य कृताभिषवपूजन ॥

हरिवशपुराण (२,५०-५२) के अनुसार

आरुह्य शिविका दिव्यामुह्यमाना सुरेश्वरै ॥
उत्तराफाल्गुनीष्वेव वतमाने निशाकरे ।
कृष्णस्य मार्गशीर्षस्य दशम्यामगमद् वनम ॥

---

१ हानले उपासक दशा, प्रस्तावना व टिप्पण । केम्ब्रिज हिस्ट्री ऑफ इण्डिया, पृष्ठ १४०। भारतीय सस्कृति में जैन धर्म का योगदान, पृ० ?? आदि ।

अपनीय तनो सर्व वस्त्रमाल्यविभूषणम् ।
पञ्चमुष्टिभिरुद्धृत्य मूर्वजानभवन्मुनि ॥

इन तीनो उल्लेखोका अभिप्राय यह है कि नाथ, नाथ, नाय अथवा ज्ञातृ वशीय भगवान् महावीर ने मार्गशीर्ष कृष्णा १०वी के दिन पण्डवनमे जाकर तपश्चरण प्रारम्भ किया और वे मुनि हो गये। यथार्थत अर्द्धमागधी ग्रन्थो, जैसे कल्पसूत्रादिमे इसे 'णाय-सडवन' अर्थात् ज्ञातृ क्षत्रियोके हिस्सेका वन कहा गया है और मेरे मतानुसार उत्तरपुराणमें भी मूलत पाठ नाथ-पण्डवन व अपभ्रशमे णाहसडवण रहा है जिसे अज्ञानवश लिपिकारोने अपनी दृष्टिसे सुधार दिया है। अत भगवान्की तपोभूमि ज्ञातृवशी क्षत्रियोके निवास वैशाली व कुण्डपुरका समीपवर्ती उपवन ही सिद्ध होता है।

१० भगवान् का केवलज्ञान-क्षेत्र

भगवान्को केवलज्ञान कहाँ उत्पन्न हुआ इसका उल्लेख प्रस्तुत ग्रन्थ (२, ५) मे निम्नप्रकार पाया जाता है।

बारह-सवच्छर-तव-चरणु ।
किउ सम्मइणा दुक्किय-हरणु ॥
पोसतु अहिंस खति ससहि ।
भयवतु सतु विहरतु महि ॥
गउ जिम्हिय-गामहु अइ-णियडि ।
सुविउलि रिजुकूला-णइहि तडि ॥

घत्ता—मोर-कीर-सारस-सरि उज्जाणम्मि मणोहरि ॥
साल-मूलि रिसि-राणउ रयण-सिलहि आसीणउ ॥५॥

छट्ठेणुववासे हयदुरिएँ ।
परिपालिय-तेरह-विह-चरिएँ ॥
वइसाह-मासि सिय-दसमि दिणि ।
अवरण्हइ जायइ हिम-किरणि ॥
हत्थुत्तर-मज्झ-समासियइ ।
पहु वड्ढिवण्णउ केवल-सियइ ॥

अर्थात् भगवान् महावीरने बारह वर्ष तक तपस्या की, तथा अपनी स्वसा चन्दनाके अहिंसा और क्षमा भावका पोषण किया, एव विहार करते हुए वे

जृम्भिक ग्रामके अतिनिकट ऋजुकूला नदीके तटवर्ती वनमे पहुँचे। वहाँ उन्होने एक साल वृक्षके नीचे शिलापर ध्यानारूढ हो दो दिन उपवासकर वैशाख शुक्ल दशमीके दिन अपराह्ण कालमे जब चन्द्र उत्तराषाढ और हस्त नक्षत्रोके मध्यमे था तब केवलज्ञान प्राप्त किया। यही बात उत्तरपुराण (७४, ३, ४९ आदि) मे इस प्रकार कही गयी है

भगवान्वर्धमानोऽपि नीत्वा द्वादशवत्सरान्।
छाद्मस्थ्येन जगद्बन्धुर्जृम्भिक-ग्राम-सनिधौ ॥
ऋजुकूलानदीतीरे मनोहरवनान्तरे।
महारत्नशिलापट्टे प्रतिमायोगमावसन् ॥
स्थित्वा षष्ठोपवासेन सोऽधस्तात्सालभूरुह ।
वैशाखे मासि सज्योत्स्नदशम्यामपराह्णके ॥
हस्तोत्तरान्तर याते शशिन्यारूढ-शुद्धिक ।
क्षापकश्रेणिमारुह्य शुक्लध्यानेन सुस्थित ॥
घातिकर्माणि निर्मूल्य प्राप्यानन्तचतुष्टयम्।
परमात्मपद प्रापत्परमेष्ठी स सन्मति ॥

यही बात हरिवशपुराण (२,५६-५९) मे इस प्रकार कही गयी है

मन पर्ययपर्यन्त-चतुर्ज्ञानमहेक्षण ।
तपो द्वादशवर्षाणि चकार द्वादशात्मकम् ॥
विहरन्नथ नाथोऽसौ गुणग्राम-परिग्रह ।
ऋजुकूलापगाकूले जृम्भिक-ग्राममीयिवान् ॥
तत्रातापनयोगस्थ सालाभ्यासशिलातले।
वैशाख-शुक्लपक्षस्य दशम्या षष्ठमाश्रित ॥
उत्तराफाल्गुनीप्राप्ते शुक्लध्यानी निशाकरे।
निहत्य घातिसघात केवलज्ञानमाप्तवान् ॥

इस प्रकार भगवान् महावीरका केवलज्ञान-प्राप्ति रूप कल्याणक जृम्भिक ग्रामके समीप ऋजुकूला नदीके तटपर सम्पन्न हुआ। इस ग्रामका नाम आचाराग सूत्र व कल्पसूत्रमे जभिय तथा नदीका नाम ऋजुवालुका पाया जाता है।

यद्यपि अभी तक इस ग्राम और नदीकी स्थितिका निर्णय नही हुआ, तथापि इसमे कोई सन्देह नही दिखाई देता कि उक्त नदी वही है जो अब भी विहारमे कुयेल या कुएल—कूला नामसे प्रसिद्ध है और उसके तट पर इसी नामका एक बडा रेलवे जक्शन भी है। उसीके समीप जम्हुई नामक नगर भी है। अत यही

स्थान भगवान्का ज्ञान-प्राप्ति क्षेत्र स्वीकार करके वहाँ समुचित स्मारक वनाया जाना चाहिए।

११ महावीरदेशना-स्थल

केवलज्ञान प्राप्त करके भगवान् राजगृह पहुँचे, और उस नगरके समीप विपुलाचल पर्वतपर उनका समवसरण वनाया गया। वहाँ उनकी दिव्यध्वनि हुई जिसका समय श्रावण कृष्ण प्रतिपदा कहा गया है। इसके अनुसार भगवान्का प्रथम उपदेश केवलज्ञान-प्राप्तिसे ६६ दिन पश्चात् हुआ। यह वात हरिवंशपुराण (२,६१ आदि) में निम्न प्रकार पायी जाती है

षट्षष्टिदिवसान् भूयो मौनेन विहरन् विभु ।
आजगाम जगत् ख्यात जिनो राजगृह पुरम् ॥
आरुरोह गिरिं तत्र विपुल विपुलश्रियम् ।
प्रबोधार्थं स लोकाना भानुमानुदय यथा ॥
श्रावणस्यासिते पक्षे नक्षत्रेऽभिजिति प्रभु ।
प्रतिपद्य हि पूर्वाह्णे शासनार्थमुदाहरत् ॥

इस प्रकार विहार राज्यके अन्तर्गत राजगृह नगरके समीप विपुलाचलगिरि ही वह पवित्र और महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है जहाँ भगवान् महावीरका दिव्य शासन प्रारम्भ हुआ। इस पर्वतपर पहलेसे ही अनेक जैन-मन्दिर है, और कोई २५-३० वर्ष पूर्व यहाँ वीर-शासन स्मारक भी स्थापित किया गया था। तबसे वीर-शासन-जयन्ती भी श्रावण कृष्णा प्रतिपदाको मनायी जाती है। तथापि उक्त स्मारक और पवित्र दिनको अभीतक वह देशव्यापी प्रतिष्ठा प्राप्त नही हुई जो उनके ऐतिहासिक महत्त्वके अनुरूप हो। इस हेतु प्रयास किये जाने की आवश्यकता है, क्योकि यही वह स्थल है जहां न केवल भगवान्का धर्म-शासन प्रारम्भ हुआ था, किन्तु उस समयके सुप्रसिद्ध वेद-विज्ञाता इन्द्रभूति गौतमने आकर भगवान्-का नायकत्व स्वीकार किया और वे भगवान्के प्रथम गणधर बने। यही उन्होने भगवान्की दिव्यध्वनिको अगो और पूर्वोके रूपमे विभाजित कर उन्हे ग्रन्थारूढ किया। यही मगधनरेश श्रेणिक बिम्बसारने भगवान्का उपदेश सुना और गौतम गणधरसे धर्म-चर्चा करके जैन-पुराणो और कथानकोकी रचनाकी नीव डाली। यही श्रेणिकने ऐसा पुण्यबन्ध किया जिससे उनका अगले मानव जन्ममे महापद्म नामक तीर्थकर बनना निश्चित हो गया।

१२ महावीरनिर्वाण-क्षेत्र

ऋजुकूला नदीके तटपर केवलज्ञान प्राप्त कर तथा विपुलाचलपर अपनी दिव्यध्वनि द्वारा जैन-धर्मका उपदेश देकर भगवान् महावीरने ३० वर्ष तक देश-के विविध भागोमे विहार करते हुए धर्मप्रचार किया। तत्पश्चात् वे पावापुरमे आये और वहाँ अनेक सरोवरोसे युक्त वनमे एक विशुद्ध शिलापर विराजमान हुए। दो दिन तक उन्होने विहार नही किया, और शुक्लध्यानमें तल्लीन रहकर कार्तिक कृष्णा चतुर्दशीकी रात्रिके अन्तिम भागमे जब चन्द्र स्वाति नक्षत्रमे था तब उन्होने शरीर परित्याग कर सिद्ध-पद प्राप्त किया। प्रस्तुत ग्रन्थ (३,१) में यह बात इस प्रकार कही गयी है

अत-तित्थणाहु वि महि विहरिवि।
जण-दुरियाइँ दुलघइँ पहरिवि॥
पावापुरवरु पत्तउ मणहरि।
णव-तरु-पल्लवि वणि बहु-सरवरि॥
सठिउ पविमल-रयण-सिलायलि।
रायहसु णावइ पकय-दलि॥
दोण्णि दियहँ पविहास मुएप्पिणु।
णिव्वत्तिइ कत्तिइ तम-कसणि पक्ख चउद्दसि-वासरि।
सुक्क-झाणु तिज्जउ झाएप्पिणु॥
थिइ ससहरि दुहहरि साइवइ पच्छिमरयणिहि अवसरि।

रिसिसहसेण समउ रयछिंदणु॥
सिद्धउ जिणु सिद्धत्थहु णदणु।

ठीक यही वृत्तान्त उत्तरपुराण (६७,५०८ से ५१२) मे इस प्रकार पाया जाता है

इहान्त्य-तीर्थनाथोऽपि विहृत्य विपयान् बहून्॥
क्रमात्पावापुर प्राप्य मनोहर-वनान्तरे।
वहूना सरसा मध्ये महामणि-शिलातले॥
स्थित्वा दिनद्वय वीतविहारो वृद्धनिर्जर।
कृष्ण-कार्तिक-पक्षस्य चतुर्दश्या निशात्यये॥
स्वातियोगे तृतीयेद्ध-शुक्लध्यानपरायण।
कृतत्रियोग-सरोध समुच्छिन्नक्रिय श्रित॥

हताघातिचतुष्क सन्नशरीरो गुणात्मक ।
गन्ता मुनिसहस्रेण निर्वाण सर्ववाञ्छितम् ॥

इन उल्लेखोपर-से स्पष्ट है कि भगवान् महावीरका निर्वाण पावापुरके समीप ऐसे वनमे हुआ था जिसमे आस-पास अनेक सरोवर थे। वर्तमानमें भगवान्का निर्वाण-क्षेत्र पटना जिलेके अन्तर्गत विहार-शरीफके समीप वह स्थल माना जाता है जहाँ अब एक विशाल सरोवरके वीच भव्य जिनमन्दिर बना हुआ है, और इस तीर्थक्षेत्रकी व्यापक मान्यता है। दिगम्बर-श्वेताम्बर दोनो सम्प्रदाय एकमतसे इसी स्थलको भगवान्की निर्वाण-भूमि स्वीकार करते हैं।

किन्तु इतिहासज्ञ विद्वान् इस स्थानको वास्तविक निर्वाण-भूमि स्वीकार करनेमें अनेक आपत्तियाँ देखते है। कल्पसूत्र तथा परिशिष्ट पर्वके अनुसार जिस पावामे भगवान्का निर्वाण हुआ था वह मल्ल नामक क्षत्रियो की राजधानी थी। ये मल्ल वैशालीके वज्जि व लिच्छवि सघमे प्रविष्ट थे, और मगधके एक सत्तात्मक राज्यसे उनका वैर था। अतएव गगाके दक्षिणवर्ती प्रदेश जहाँ वतमान पावापुरी क्षेत्र है वहाँ उनके राज्य होने की कोई सम्भावना नही है। इसके अतिरिक्त वौद्ध ग्रन्थो जैसे—दीघ-निकाय, मज्झिम-निकाय आदिसे सिद्ध होता है कि पावाकी स्थिति शाक्य प्रदेशमें थी और वह वैशालीसे पश्चिमकी ओर कुशीनगरसे केवल दश-बारह मीलकी दूरी पर था। शाक्यप्रदेशके साम-गाम मे जब भगवान् वुद्धका निवास था तभी उनके पास सन्देश पहुँचा था कि अभी अर्थात् एक ही दिन के भीतर पावामे भगवान् महावीरका निर्वाण हुआ है।

इस सम्बन्धके जो अनेक उल्लेख वौद्ध ग्रन्थोमे आये है उनका ऊपर उल्लेख किया जा चुका है। इन सब बातोपर विचार कर इतिहासज्ञ इस निणयपर पहुँचे है कि जिस पावापुरीके समीप भगवान्का निर्वाण हुआ था वह यथार्थत उत्तर-प्रदेश के देवरिया जिलेमे व कुशीनगर के समीप वह पावा नामक ग्राम है जो आजकल सठियाँव (फाजिलनगर) कहलाता है और जहाँ बहुत-से प्राचीन खण्डहर व भग्नावशेष पाये जाते है। अतएव ऐतिहासिक दृष्टिसे इस स्थानको स्वीकार कर उसे भगवान् महावीरकी निर्वाण भूमिके योग्य तीर्थक्षेत्र बनाना चाहिए।[1]

---

१ निर्वाण भूमि सम्बन्धी विस्तार पूर्वक विवेचन के लिए देखिए श्री कन्हैयालाल कृत 'पावा समीक्षा' (प्रकाशक—अशोक प्रकाशन, कटरा बाजार, छपरा, बिहार १९७२)। हिस्ट्री एण्ड कल्चर ऑफ दी इण्डियन प्योपिल खण्ड २। दि एज ऑफ इम्पीरियल यूनिटी, पृ० ७ मल्ल।

१३ महावीर समकालीन ऐतिहासिक पुरुष

(क) वैशाली-नरेश चेटक

प्रस्तुत ग्रन्थकी सन्धि पाँचमे तथा सस्कृत उत्तरपुराण (पर्व ७५) मे वैशाली के राजा चेटकका वृत्तान्त आया है। चेटकके विषयमे कहा गया है कि वे अति विख्यात, विनीत और परम आर्हत अर्थात् जिनधर्मावलम्बी थे। उनकी रानीका नाम सुभद्रादेवी था। उनके दश पत्र हुए—धनदत्त, धनभद्र, उपेन्द्र, सुदत्त, सिंह-भद्र, कुम्भोज, अकम्पन, पतगत, प्रभजन और प्रभास। इसके सिवाय इनके सात पुत्रियाँ भी थी। सबसे बडी पुत्रीका नाम प्रियकारिणी था जिसका विवाह कुण्ड-पुर नरेश सिद्धार्थ से हुआ था और उन्हे ही भगवान् महावीरके माता-पिता बनने-का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दूसरी पुत्री थी मृगावती जिसका विवाह वत्सदेशकी राजधानी कौशाम्वीके चन्द्रवशी राजा शतानीकके साथ हुआ। तीसरी पुत्री सुप्रभा दशार्ण देश (विदिशा जिला) की राजधानी हेमकक्षके राजा दशरथको व्याही गयी। चौथी पुत्री प्रभावती कच्छ देशकी रोरुका नामक नगरीके राजा उदयनकी रानी हुई। यह अत्यन्त शीलव्रता होनेके कारण शीलवतीके नामसे भी प्रसिद्ध हुई। चेटककी पाँचवी पुत्रीका नाम ज्येष्ठा था। उसकी याचना गन्धर्व देशके महीपुर नगरवर्ती राजा सात्यकिने की। किन्तु चेटक राजाने किसी कारण यह विवाह-सम्वन्ध उचित नही समझा। इसपर क्रुद्ध होकर राजा सात्यकिने चेटक राज्यपर आक्रमण किया। किन्तु वह युद्धमे हार गया और लज्जित होकर उसने दमवर नामक मुनिसे मुनिदीक्षा धारण कर ली। ज्येष्ठा और छठी पुत्री चेलना-का चित्रपट देखकर मगधराज श्रेणिक उनपर मोहित हो गये, और उनकी याचना उन्होने चेटक नरेशसे की। किन्तु श्रेणिक इस समय आयुमे अधिक हो चुके थे, इस कारण चेटकने उनसे अपनी पुत्रियोका विवाह स्वीकार नही किया। इससे राजा श्रेणिकको वहुत दु ख हुआ। इसकी चर्चा उनके मन्त्रियोने ज्येष्ठ राजकुमार अभयकुमारसे की। अभयकुमारने एक व्यापारीका वेष धारण कर वैशालीके राज-भवनमे प्रवेश किया, और उक्त दोनो कुमारियोको राजा श्रेणिकका चित्रपट दिखा-कर उनपर मोहित कर लिया। उसने सुरग मार्गसे दोनोका अपहरण करनेका प्रयत्न किया। चेलनाने आभूषण लानेके वहाने ज्येष्ठाको तो अपने निवास स्थान-की ओर भेज दिया और स्वय अभयकुमारके साथ निकलकर राजगृह आ गयी, तथा उसका श्रेणिक राजा से विवाह हो गया। उधर जव ज्येष्ठाने देखा कि उसकी वहन उसे धोखा देकर छोड गयी तो उसे वडी विरक्ति हुई और उसने एक आर्यिकाके पास जिनदीक्षा ग्रहण कर ली। चेटककी सातवी पुत्रीका नाम चन्दना

था। एक बार जब वह अपने परिजनोके साथ उपवनमें क्रीडा कर रही थी तब मनोवेग नामक एक विद्याधरने उसे देखा और वह उसके सौन्दर्य पर मोहित हो गया। उसने छिपकर चन्दनाका अपहरण कर लिया। किन्तु अपनी पत्नी मनोवेगाके कोपसे भयभीत होकर उसने चन्दनाको इरावती नदीके दक्षिण तटवर्ती भूतरमण नामक वनमे छोड दिया। वहाँ उसकी भेट एक श्यामाक नामक भीलसे हुई। वह उसे सम्मानपूर्वक अपने सिंह नामक भीलराजके पास ले गया। भीलराजने उसे कौशाम्बीके एक धनी व्यापारी सेठ ऋषभसेनके कर्मचारी मित्रवीरको सौंप दी, और वह उसे अपने सेठके पास ले आया। सेठकी पत्नी भद्राने ईर्ष्यावश अपनी बन्दिनी दासी बनाकर रखा। इसी अवस्थामे एक दिन जब उस नगरमे भगवान् महावीरका आगमन हुआ, तब चन्दनाने बडी भक्तिसे उन्हे आहार कराया। इस प्रसगसे कौशाम्बी नगरमे चन्दनाकी ख्याति हुई, और उसके विषयमे उसकी बडी बहन रानी मृगावतीको भी खबर लगी। वह अपने पुत्र राजकुमार उदयनके साथ सेठके घर आयी, और चन्दनाको अपने साथ ले गयी। फिर चन्दनाने वैराग्य भावसे महावीर भगवान्‌की शरणमे जाकर दीक्षा ग्रहण कर ली, और अन्तत वही भगवान्‌के आर्यिका-सघकी अग्रणी हुई।

वैशालीनरेश चेटक तथा उनके गृह-परिवार व सम्पत्तिका इतना वर्णन जैन-पुराणोमे पाया जाता है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि वैशालीके नरेश चेटक महावीरके नाना थे, मगधनरेश श्रेणिक तथा कौशाम्बीके राजा शतानीक उनके मातृ-स्वसा-पति (मौसिया) थे, एव कौशाम्बीनरेश शतानीकके पुत्र उनके मातृ-स्वसापुत्र (मौसयाते भाई) थे।

(ख) मगध-नरेश श्रेणिक-बिम्बिसार

मगध देशके राजा श्रेणिकका भगवान् महावीरसे दीर्घकालीन और घनिष्ठ सम्बन्ध पाया जाता है। बहुत-सी जैन पौराणिक परम्परा तो श्रेणिकके प्रश्न और महावीर अथवा उनके प्रमुख गणधर इन्द्रभूतिके उत्तरसे ही प्रारम्भ होती है। उनका बहुत-सा वृत्तान्त प्रस्तुत ग्रन्थ की सन्धि छहसे ग्यारह तक पाया जायेगा। इस नरेशकी ऐतिहासिकतामे कही कोई सन्देह नही है। जैन ग्रन्थोके अतिरिक्त बौद्ध साहित्यमे एव वैदिक परम्पराके पुराणोमे भी इनका वृत्तान्त व उल्लेख पाया जाता है। दिगम्बर जैन परम्परामें तो उनका उल्लेख केवल श्रेणिक नामसे पाया जाता है, किन्तु उन्हे भिम्भा अर्थात् भेरी बजानेकी भी अभिरुचि थी (देखिए सन्धि ७,२) और इस कारण उनका नाम भिम्भसार अथवा भम्भसार भी प्रसिद्ध हुआ पाया जाता है। श्वेताम्बर ग्रन्थोमें अधिकतर इसी नामसे इनका उल्लेख

परास्त किया। अन्तत चिलातपुत्रने विरक्त होकर मुनि-दीक्षा धारण कर ली। इसी अवस्थामे वह एक शृगालीका भक्ष्य बनकर स्वर्गवासी हुआ।

श्रेणिकका जन्म उपश्रेणिककी दूसरी पत्नी सुप्रभादेवीसे हुआ था। वह बहुत विलक्षण-बुद्धि था। पिता द्वारा जो राज्यकी योग्यता जानने हेतु राजकुमारोकी परीक्षा की गयी उसमे श्रेणिक ही सफल हुआ। तथापि राजकुमारोमे वैर उत्पन्न होनेके भयसे उसने श्रेणिकको राज्यसे निर्वासित कर दिया। पहले तो श्रेणिक नन्दग्राममे पहुँचा, और फिर वहाँसे भी परिभ्रमण करता हुआ तथा अपनी बुद्धि और साहसका चमत्कार दिखाता हुआ काचीपुरमे पहुँच गया। मगधमे राजा चिलातपुत्रके अन्यायसे त्रस्त होकर मन्त्रियोने श्रेणिकको आमन्त्रित किया और उसे मगधका राजा बनाया।

एक दिन राजा अपनी राजधानीके निकट वनमे आखेटके लिए गया। वहाँ उसने एक मुनिको ध्यानारूढ देखकर उसे एक अपशकुन समझा और क्रुद्ध होकर उनपर अपने शिकारी कुत्तोको छोड दिया। किन्तु वे कुत्ते भी मुनिके प्रभावसे शान्त हो गये और राजाके बाण भी उन्हे पुष्पके समान कोमल होकर लगे। तब राजाने अपना क्रोध निकालनेके लिए एक मृत सर्प मुनिके गलेमे डाल दिया। इस घोर पापसे श्रेणिकको सप्तम नरकका आयु-बन्ध हो गया। किन्तु जब उन्होने देखा कि उनके द्वारा इतने उपसर्ग किये जानेपर भी उन मुनिराजके लेशमात्र भी राग-द्वेष उत्पन्न नही हुआ, तब उनके मनोगत भावोमे परिवर्तन हो गया। जब मुनिने देखा कि राजाका मन शान्त हो गया है, तब उन्होने अपनी मधुर वाणीसे उन्हे आशीर्वाद दिया और धर्मोपदेश भी प्रदान किया। बस, यही राजा श्रेणिकका मिथ्यात्व भाव दूर हो गया और उन्हे क्षायिक सम्यक्त्वकी प्राप्ति हो गयी। वह मुनिराजके चरणोमे नमस्कार कर प्रसन्नतासे घर लौटे।

एक दिन राजा श्रेणिकको समाचार मिला कि विपुलाचल पर्वतपर भगवान् महावीरका आगमन हुआ है। इसपर राजा भक्तिपूर्वक वहाँ गया और उसने भगवान्की वन्दना-स्तुति की। इस धर्म-भावनाके प्रभावसे उनके सम्यक्त्वकी परिपुष्टि होकर सप्तम नरककी आयु घटकर प्रथम नरककी शेष रही, और उसे तीर्थंकर नामकर्मका बन्ध भी हो गया। इस अवसरपर राजा श्रेणिकने गौतम गणधरसे पूछा कि हे भगवन्, यद्यपि मेरे मनमे जैन मतके प्रति इतनी महान् श्रद्धा हो गयी है, तथापि व्रत-ग्रहण करनेकी मेरी प्रवृत्ति क्यो नही होती? इसका गणधरने उत्तर दिया कि पहले तुम्हारी भोगोमे अत्यन्त आसक्ति रही है व गाढ मिथ्यात्वका उदय रहा है। तुमने दुश्चरित्र भी किया है और महान् आरम्भ भी। इनसे जो तीव्र पाप उत्पन्न हुआ उससे तुम्हारी नरककी आयु बँध चुकी है।

देवायुको छोडकर अन्य किसी भी गतिकी आयु जिसने बाँध ली है उसमे व्रत-ग्रहण करनेकी योग्यता नही रहती। किन्तु ऐसा जीव सम्यग्दर्शन धारण कर सकता है। यही कारण है कि तुम सम्यक्त्वी तो हो गये, किन्तु व्रत-ग्रहण नही कर पा रहे।

सर्वं निधाय तच्चित्ते श्रद्धाभून्महती मते।
जैने कुतस्तथापि स्यान्न मे व्रत-परिग्रह ॥
इत्यनुश्रेणिकप्रश्नादवादीद् गणनायक।
भोग-सजननाद्गाढ-मिथ्यात्वानुभवोदयात् ॥
दुश्चरित्रान्महारम्भात्सचित्यैना निकाचितम्।
नारक बद्धवानायुस्त्व प्रागेवात्र जन्मनि ॥
बद्धदेवायुषोऽन्यायुर्नाङ्गी स्वीकुरुते व्रतम्।
श्रद्धान तु समाधत्ते तस्मात्त्व नाग्रहीर्व्रतम् ॥
(उत्तरपुराण ७४, ४३३–३३)

इसी समय गौतम गणधर ने राजा श्रेणिक को यह भी बतला दिया कि भगवान् महावीर के निर्वाण होने पर जब चतुर्थकाल की अवधि केवल तीन वर्ष, आठ माह और पन्द्रह दिन शेष रह जायेगी तभी उसकी मृत्यु होगी। श्रेणिक इतना दृढ सम्यक्त्वी हो गया था कि सुरेन्द्रने भी उसकी प्रशसा की। किन्तु इसपर एक देवको विश्वास नही हुआ और वह राजाकी परीक्षा करने आया। जब राजा एक मार्गसे कही जा रहा था तब उस देवने मुनिका भेष बनाया और वह जाल हाथमे लेकर मछलियाँ पकडने लगा। राजाने आकर मुनिकी वन्दना की, और प्रार्थना की कि मै आपका दास उपस्थित हूँ तब आप क्यो यह अधर्म-कार्य कर रहे है। यदि मछलियोकी आवश्यकता ही है तो मै मछलियाँ पकड देता हूँ। देवने कहा, नही-नही, अब मुझे इससे अधिक मछलियोकी आवश्यकता नही। यह वृत्तान्त नगरमे फैल गया, और लोग जैन-धर्मकी निन्दा करने लगे। तब राजा श्रेणिकने एक दृष्टान्त उपस्थित किया। उन्होने अपनी सभाके राजपुत्रो-को जीवनवृत्ति सम्बन्धी लेख अपनी मुद्रासे मुद्रित कर और उसे मलावलिप्त कर प्रदान किया। उन्होने बडी प्रसन्नता से इस लेखको अपने मस्तकपर चढाकर स्वीकार किया। तब राजाने उनसे पूछा कि इन मलिन लेखो को तुमने अपने मस्तकपर क्यो चढाया ? उन्होने उत्तर दिया कि जिस प्रकार सचेतन जीव मलिन शरीरसे लिप्त होते हुए भी वन्दनीय है, उसी प्रकार आपका यह लेख मलिन होते हुए भी हमारे लिए पूज्य है। तब राजाने हँसकर उन्हे बतलाया कि

इसी प्रकार धर्म-मुद्राके धारक मुनियो मे यदि कोई दोप भी हो, तो उनसे घृणा नही, किन्तु उनकी विनय ही करना चाहिए, और विनम्रतासे उन्हें दोपोसे मुक्त कराना चाहिए। राजाकी ऐसी धर्म श्रद्धाको प्रत्यक्ष देखकर वह देव वहुत प्रसन्न हुआ और राजाको एक उत्तम हार देकर स्वर्गलोकको चला गया। यह कथानक इस बातका प्रमाण है कि जबसे श्रेणिकने जैन-धर्म स्वीकार किया तबसे उनकी धार्मिक श्रद्धा उत्तरोत्तर दृढ होती गयी और वे उससे कभी विचलित नही हुए।

(ग) श्रेणिक-सुत अभयकुमार

श्रेणिक जब राजकुमार ही थे और राज्यसे निर्वासित होकर चिलातपुत्रके राज्यकालमे काचीपुरमे निवास कर रहे थे तब उनका विवाह वहाँके एक द्विजकी कन्या अभयमतीसे हो गया था। उससे उनके अभयकुमार नामका पुत्र उत्पन्न हुआ जो अत्यन्त विलक्षण-बुद्धि था। उसने ही उपाय करके अपने पिताका विवाह उनकी इच्छानुसार चेलनादेवीसे कराया। वह भी श्रेणिकके साथ-साथ भगवान् महावीरके समवसरणमे गया था, और न केवल दृढ-सम्यक्त्वी, किन्तु धर्मका अच्छा ज्ञाता बन गया था। यहाँतक कि स्वय राजा श्रेणिकने उससे भी धर्मका स्वरूप समझनेका प्रयत्न किया था। अन्तत अभयकुमारने भी मुनि-दीक्षा ग्रहण कर ली, ओर वे मोक्षगामी हुए। (उत्तरपुराण ७४, ५२६–२७ आदि)

(घ) श्रेणिक-सुत वारिपेण

जैसा कि पहले कहा जा चुका है, राजा श्रेणिकका चेलनादेवीसे विवाह उनकी ढलती हुई अवस्थामे उनके ज्येष्ठ पुत्र अभयकुमारके प्रयत्नसे ही हुआ था। चेलनाने वारिषेण नामक पुत्रको जन्म दिया। वह बाल्यावस्था से ही धार्मिक प्रवृत्तिका था, और उत्तम श्रावकोके नियमानुसार श्मशानमे जाकर प्रतिमायोग किया करता था। एक बार विद्युच्चर नामक अजनसिद्ध चोरने अपनी प्रेयसी गणिकासुन्दरीको प्रसन्न करनेके लिए राजभवनमे प्रविष्ट होकर चेलनादेवीके हारका अपहरण किया। किन्तु उसे वह अपनी प्रियाके पास तक नही ले जा सका। राजपुरुष उस चन्द्रहास हारकी चमकको देखते हुए उसका पीछा करने लगे। यह बात उस चोरने जान ली, और वह श्मशानमे ध्यानारूढ वारिपेण कुमारके चरणोमे उस हारको फेंककर भाग गया। राज-सेवकोने इसकी सूचना राजाको दी। राजाने वारिषेणको ही चोर जानकर क्रोधवश उसे मार डालनेकी आज्ञा दे दी। किन्तु वारिपेणके धर्म-प्रभावसे उसपर राजपुरुपोके अस्त्र-शस्त्र नही चले। उसका वह दिव्य प्रभाव देखकर राजाने उन्हे मनाकर राज-

महलमे लानेका प्रयत्न किया, किन्तु वे नही आये और महाव्रती मुनि हो गये। उन्होने पलासखेड नामक ग्राममे भिक्षा-निमित्त जाकर अपने एक बालसखाका भी सम्बोधन किया ओर उसे भी मुनि बना लिया। एक बार उसका मन पुन अपनी पत्नीकी ओर चलायमान हुआ। किन्तु वारिषेणने उसे अपनी माता चेलनाके महलमे ले जाकर अपनी निरासक्ति भावनाके द्वारा पुन मुनिव्रतमें दृढ कर दिया।

(ड) श्रेणिक-सुत गजकुमार

राजा श्रेणिककी एक अन्य पत्नी धनश्री नामक थी। उसे जब पांच मासका गर्भ था तब उसे यह दोहला उत्पन्न हुआ कि आकाश मेघाच्छादित हो, मन्द-मन्द वृष्टि हो रही हो, तब वह अपने पतिके साथ हाथीपर बैठकर परिजनोके सहित महोत्सवके साथ वनमे जाकर क्रीडा करे। उस समय वर्षाकाल न होते हुए भी अभयकुमारने अपने एक विद्याधर मित्रकी सहायतासे अपनी विमाताका यह दोहला सम्पन्न कराया। यथासमय रानी धनश्रीने गजकुमार नामक पुत्रको जन्म दिया। जब वह युवक हुआ तब एक दिन उसने भगवान् महावीर की शरणमे जाकर धर्मोपदेश सुना और दीक्षा ग्रहण कर ली। एक बार गजकुमार मुनि कलिंग देशमे जा पहुँचे और वहाँकी राजधानी दन्तीपुरकी पश्चिम दिशामे एक शिलापर विराजमान होकर आतापन योग करने लगे। वहाँके राजाको ऐसे योगका कोई ज्ञान नही था। अत उसने अपने मन्त्रीसे पूछा कि यह पुरुष ऐसा आताप क्यो सह रहा है? उनका मन्त्री बुद्धदास जैन-धर्म-विरोधी था। अत उसने राजाको सुझाया कि इस पुरुषको वात रोग हो गया है और वह अपने शरीरमे गरमी लानेके लिए ऐसा कर रहा है। राजाने करुणाभावसे पूछा, इसकी इस व्याधिको कैसे दूर किया जाये? मन्त्रीने उपाय बताया कि जब यह अनाथ पुरुष नगरमे भिक्षा माँगने जाये, तब उसके बैठनेकी शिलाको अग्निसे खूब तपा दिया जाये जिसमे उसके ताप द्वारा उसपर बैठनेवालेकी प्रभजन वायु उपशान्त हो जायेगी। राजाकी आज्ञासे वैसा ही किया गया। परिणाम यह हुआ कि जब गजकुमार मुनि भिक्षासे लौटकर उस शिलापर विराजमान हुए तब वे उसकी तीव्र तापके उपसर्गको सहकर मोक्षगामी हो गये। पश्चात् वहाँ देवोका आगमन हुआ और वह मन्त्री, राजा तथा अन्य सहस्रो जन धर्मसे दीक्षित हुए।

(च) कौशाम्बीनरेश शतानीक व उदयन तथा उज्जैनीनृप चण्डप्रद्योत

चन्दनाके वृत्तान्तोमे आया है कि वैशालीनरेश चेटककी सात पुत्रियोमे-से एक मृगावती कौशाम्बीके सोमवशी नरेश शतानीकसे व्याही गयी थी। यह

राजधानी इलाहाबादसे कोई ३५ मील दक्षिण-पश्चिमकी ओर वही थी जहाँ अब कोसम नामका ग्राम है। जब महावीर कौशाम्बी आये और चन्दनाने उन्हे आहार दिया, तब रानी मृगावतीने भी आकर अपनी उस कनिष्ठ भगिनीका अभिनन्दन किया। शतानीक के पुत्र वे उदयन थे जिनका विवाह उज्जैनीनरेश चण्डप्रद्योतकी पुत्री वासवदत्तासे हुआ था। बौद्ध साहित्यिक परम्परानुसार उदयनका और बुद्धका जन्म एक ही दिन हुआ था। तथा एक सुदृढ जैन परम्परा यह है कि जिस रात्रि प्रद्योतके मरणके पश्चात् उनके पुत्र पालकका राज्याभिषेक हुआ उसी रात्रि महावीरका निर्वाण हुआ था। इस प्रकार ये उल्लेख उक्त दोनो महापुरुषोके समसामयिकत्व तथा तात्कालिक राजनैतिक स्थितियोपर उपयोगी प्रकाश डालते है।

१४ महावीर-जीवनचरित्र विषयक साहित्य का विकास

(छ) प्राकृतमे महावीर-साहित्य

भगवान् महावीरका निर्वाण ई सन् ५२७ वर्ष पूर्व हुआ और उसी समयसे उनके जीवन-चरित्र सम्बन्धी जानकारी सगृहीत करना आरम्भ हो गया। भगवान्‌के प्रमुख शिष्य इन्द्रभूति गौतम थे जो धवलाके रचयिता वीरसेनके अनुसार चारो वेदो और छहो अगोके ज्ञाता शीलवान् उत्तम ब्राह्मण थे। ऐसे विद्वान् शिष्य-के लिए स्वाभाविक था कि वे अपने गुरुके जीवन और उपदेशोको सुव्यवस्थित रूपसे सगृहीत करे। उन्होने यह सब सामग्री बारह अगोमे सकलित की जिसे द्वादश गणि-पिटक भी कहा गया है। इनके बारहवे अग दृष्टिवादमे एक अधिकार प्रथमानुयोग भी था जिसमे समस्त तीर्थकरो व चक्रवर्तियो आदि महापुरुषोकी वशावलियोका पौराणिक विवरण सग्रह किया गया जिसमे तीर्थकर महावीर और उनके नाथ या ज्ञातृवशका इतिहास भी सम्मिलित था।

दुर्भाग्यत इन्द्रभूति गौतम द्वारा सगृहीत वह साहित्य अब अप्राप्य है। किन्तु उसका सक्षिप्त विवरण समस्त उपलभ्य अर्द्धमागधी साहित्यमे बिखरा हुआ पाया जाता है। समवायाग नामक चतुर्थ अगमे चौबीसो तीर्थकरोके माता-पिता, जन्म-स्थान, प्रव्रज्या-स्थान, शिष्य-वर्ग, आहार-दाताओ आदिका परिचय कराया गया है। प्रथम श्रुताग आचारागमे महावीरकी तपस्याका बहुत मार्मिक वर्णन पाया जाता है। पाँचवें श्रुताग व्याख्या-प्रज्ञप्तिमें जो सहस्रो प्रश्नोत्तर महावीर और गौतमके बीच हुए ग्रथित है उनमे उनके जीवन व तात्कालिक अन्य घटनाओकी अनेक झलकें मिलती है। उनके समयमे पार्श्वापत्यो अर्थात् पार्श्वनाथके अनु-यायियोका बाहुल्य था तथा आजीवक सम्प्रदायके सस्थापक मखलि-गोशाल उनके

सम-सामयिक थे। उसी कालमे मगध और वैशालीके राज्योमें बडा भारी सग्राम हुआ था जिसमे महाशिला-कटक व रथ-मुसल नामक यन्त्र-चालित शस्त्रोका उपयोग किया गया इत्यादि। सातवे अग उपासकाध्ययनमें महावीरके जीवनसे सम्बद्ध वैशाली ज्ञातृ-पण्डवन कोल्लाग सन्निवेश, कर्मारग्राम, वाणिज्यग्राम आदि स्थानोके ऐसे उल्लेख प्राप्त हैं जिनसे उनके स्थान-निर्णयमे सहायता मिलती है। नवे श्रुताग अनुत्तरौपपातिकमे तीर्थंकरके सम-सामयिक मगध-नरेश श्रेणिककी चेलना, धारिणी व नन्दा नामक रानियो तथा उनके तेवीस राजकुमारोके दीक्षित होनेके उल्लेख है। मूलसूत्र उत्तराध्ययन व दशवैकालिकमे महावीरके मूल दार्शनिक, नैतिक व आचारसम्बन्धी विचारोका विस्तारसे परिचय प्राप्त होता है। कल्पसूत्रमे महावीरका व्यवस्थित रीतिसे जीवन-चरित्र मिलता है। यह समस्त साहित्य उत्तरकालीन अर्द्धमागधी भाषामे है।

शौरसेनी प्राकृतमे यतिवृषभ कृत तिलोय-पण्णत्ति (त्रिलोक-प्रज्ञप्ति) ग्रन्थ बहुत महत्त्वपूर्ण है, क्योकि उसमे प्राकृत गाथाओमें हमें तीर्थंकरो व अन्य शलाका-पुरुषोके चरित्र नामावली-निबद्ध प्राप्त होते है। इनमे महावीरके जीवन-विषयक प्राय समस्त बातोकी जानकारी सक्षेपमे स्मरण रखने योग्य रीतिसे मिल जाती है। (सोलापुर, १९५२)

इसी नामावली-निबद्ध सामग्रीके आधारपर महाराष्ट्री प्राकृतके आदि महाकाव्य पउम-चरियमे महावीरका सक्षिप्त जीवन-चरित्र, रामचरित्रकी प्रस्तावनाके रूपमे प्रस्तुत किया गया है (भावनगर, १९१४)। सघदास और धर्मदास गणी कृत वसुदेव-हिण्डी (४–५वी शती) प्राकृत कथा साहित्यका बहुत ही महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसमे भी अनेक तीर्थंकरोके जीवन-चरित्र प्रसंगवश आये है जिनमें वर्धमान स्वामीका भी है (भावनगर, १९३०-३१)। शीलाक कृत चउपन्न-महा-पुरिस-चरिय (वि स ९२५) मे भी महावीरका जीवन-चरित्र प्राकृत गद्यमें वर्णित है (वाराणसी १९६१)।

भद्रेश्वर कृत कहावलि (१२वी शती) मे सभी त्रेसठ शलाकापुरुषोके चरित्र सरल प्राकृत गद्यमे वर्णित है (गा ओ सी)। पूर्णत स्वतन्त्र प्रबन्ध रूपसे महावीरका चरित्र गुणचन्द्र सूरि द्वारा महावीर-चरियमे वर्णित है (वि स ११३९)। इसमे आठ प्रस्ताव है जिनमे प्रथम चारमें महावीरके मरीचि आदि पूर्व भवोका विस्तारसे वर्णन है (बम्बई १९२९)। गुणचन्द्रके ही सम-सामयिक देवेन्द्र अपरनाम नेमिचन्द्र सूरिने भी पूणत प्राकृत पद्यबद्ध महावीर-चरियकी रचना की (वि स ११४१)। इसमे मरीचिसे लेकर महावीर तक छब्बीस भवोका वर्णन है जिसकी कुल पद्य-सख्या लगभग २४०० है (भावनगर, वि स

१९७३)। इनसे कुछ ही समय पश्चात् (वि स ११६८ के लगभग) देवभद्र गणीने भी महावीर-चरियकी रचना की (अहमदाबाद, १९४५)।

(ज) सस्कृतमे महावीर-साहित्य

तत्त्वार्थसूत्र-जैसी सैद्धान्तिक रचनाओको छोड जैन साहित्य सृजनमें सस्कृत भाषाका उपयोग अपेक्षाकृत बहुत पीछे किया गया। (हम जानते हैं कि सिद्धसेन दिवाकरने अपनी पाँच स्तुतियाँ भगवान् महावीरको ही उद्देशित करके लिखी हैं। आरम्भकालीन काव्यशैलीमे लिखित जटिल या जटाचार्यके 'वरागचरित' तथा रविषेणके 'पद्मपुराण' (इ स ६७६) की ओर सस्कृत जैन साहित्यमें हम निर्देश कर सकते हैं। ये दोनो 'कुवलयमाला' (ईसाके ७७९) से भी पूर्व-कालीन है।) तीर्थकरोके जीवन-चरित्र पर महापुराण नामक सर्वांग-सम्पूर्ण रचना जिनसेन और उनके शिष्य गुणभद्र द्वारा शक स ८२० के लगभग समाप्त की गयी थी। इसके प्रथम ४७ पर्व आदिपुराणके नामसे प्रसिद्ध है जिनमे प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव और उनके पुत्र प्रथम चक्रवर्ती भरतका जीवन-चरित्र वर्णित है। ४८ से ७६ तकके पर्व उत्तरपुराण कहलाता है जिसकी पूरी रचना गुणभद्र-कृत हैं। और उसमे शेष तेवीस तीर्थंकरो व अन्य शलाकापुरुषोके जीवनवृत्त है। इनमें तीर्थंकर महावीरका चरित्र अन्तिम तीन सर्गोमे (७४ से ७६ तक) सुन्दर पद्योमे है जिनकी कुल पद्य-सख्या ५४९ + ६९१ + ५७८ = १८१८ है (वाराणसी, १९५४)। लगभग पौने तीन सौ वर्ष पश्चात् ऐसे ही एक विशाल त्रिषष्टि-शलाका-पुरुष-चरितकी रचना हेमचन्द्राचार्यने १० पर्वोमे की जिसका अन्तिम पर्व महावीर-चरित्रविषयक है (भावनगर, १९१३)। एक महापुरुष-चरित स्वोपज्ञ टीका सहित मेरुतुग द्वारा रचा गया जिसके पाँच सर्गोमे क्रमश ऋषभ, शान्ति, नेमि, पार्श्व और महावीरके चरित्र वर्णित है। यह रचना लगभग १३०० ई की है। काव्यकी दृष्टिसे शक स ९१० मे असग द्वारा १८ सर्गों मे रचा गया वर्धमान चरित है (सोलापुर १९३१)। किन्तु यहाँ भी प्रथम सोलह सर्गोमे महावीरके पूर्व भवोका वर्णन है और उनका जीवन-वृत्त अन्तिम दो सर्गोमे। सकलकीर्ति-कृत वर्धमान पुराणमे १९ सर्ग है और उसकी रचना वि स १५१८ में हुई। पद्मनन्दि, केशव और वाणीवल्लभ द्वारा भी सस्कृतमे महावीर चरित्र लिखे जानेके उल्लेख पाये जाते हैं।

(झ) महावीर-जीवनपर अपभ्रश साहित्य

समस्त तीर्थंकरो व अन्य शलाकापुरुषोके चरित्र पर अपभ्रशमें विशाल और श्रेष्ठ तथा सर्व काव्य-गुणोसे सम्पन्न रचना पुष्पदन्त कृत महापुराण है (शक स०

८८७)। इसमे कुल १०२ सन्धियाँ है, जिनमे महावीरका जीवन-चरित्र सन्धि ९५ से अन्त तक वर्णित है (वम्बई १९४१)। स्वतन्त्र रूपसे यह चरित्र कवि श्रीधर द्वारा रचा गया। उनकी एक अन्य रचना पासणाह-चरिउका समाप्ति काल वि स ११८९ उल्लिखित है, अत इसी कालके लगभग प्रस्तुत ग्रन्थका रचना-काल निश्चित है। श्रीधरकी अपभ्रश रचनाएँ इस कारण भी विशेष रूपसे ध्याना-कर्षक है कि कविने अपनेको हरियाणा-निवासी प्रकट किया है। हरियाणा 'आभीरकाणाम्' का अपभ्रश है जिससे वह आभीर जातिकी भूमि सिद्ध होती है, और काव्यादशके कर्ता दण्डीके अनुसार आभीरो आदिकी वोलीके आधारसे अपभ्रश काव्यकी शैली विकसित हुई थी। अत कहा जा सकता है कि पाँचवी-छठी शतीसे लेकर वारहवी शती तक हरियाणामे अपभ्रश रचनाकी परम्परा प्रचलित रही। खोजसे इस प्रदेशके कवियोकी अन्य रचनाओका पता लगाना, तथा उनके आधारसे उस क्षेत्रकी प्रचलित बोलियोका तुलनात्मक अध्ययन करना भाषाशास्त्र व ऐतिहासिक दृष्टिमे वहुत महत्त्वपूर्ण होगा।

विक्रम सवत् १५०० के आस-पास ग्वालियरके तोमरनरेश डूगर सिंह और उनके पुत्र कीर्तिसिंहके राज्यकालमे कविवर रयधूने अनेक रचनाओ द्वारा अपभ्रश साहित्यको पुष्ट किया। उनके द्वारा रचित 'सम्मइ-चरिउ' दस सन्धियोमे पूर्ण हुआ है। नरसेन-कृत 'वड्ढमाण-कहा' की रचनाका ठीक समय ज्ञात नही। किन्तु इसी कविकी एक अन्य रचना 'सिरिवाल-चरिउ' की हस्तलिखित प्रति वि स १५१२ की है। अत नरसेनका रचना-काल इसके पूर्व सिद्ध होता है। जयमित्र हल्ल कृत 'वड्ढमाण-कव्व' की एक हस्तलिखित प्रति वि स १५४५ की प्राप्त है। ग्रन्थके अन्तमे पद्मनन्दि मुनिका उल्लेख है जो अनुमानत प्रभाचन्द्र भट्टारकके वे ही शिष्य है जिनके वि स १३८५ से १४५० तकके लेख मिले है। कविने अपनी रचनाको 'होलिवम्म-कण्णाभरण' कहा है तथा हरिइन्दु (हरिश्चन्द्र) कविको अपना गुरु माना है।

(ञ) महावीर-जीवनपर कन्नड साहित्य

सस्कृतमे असग विरचित 'वर्द्धमानपुराण' से अनेक कन्नड कवियोको स्फूर्ति मिली है। असगका 'अगस' ऐसे ही लिखते है और कन्नडमे इसका अर्थ रजक (धोवी) होता है। किन्तु सचमुच 'असग' शब्द 'असग' शब्दका जन-साधारण उच्चारण जैसा मालूम होता है। अभी-अभी दूसरे नागवर्म विरचित 'वीरवधमानपुराण' के एक हस्तलिखित भी प्रकाशमें आया है। इसमें सोलह सर्ग है, और उनमे महावीरका पूर्वभव और प्रस्तुत जीवनका वर्णन है। यह एक

चम्पूकाव्य है और इसमे कई सस्कृत वृत्तोका उपयोग हुआ है। इसका काल सन् १०४२ है। उसके वाद आचण्णने 'वर्द्धमानपुराण' लिखा है। इनका सम्मानसूचक नाम वाणीवल्लभ था। यह एक चम्पू है और इसकी रचना सस्कृत काव्यशैलीमें हुई है। इसमे भी सोलह सर्ग है और कविने कई एक अलकारोंका उपयोग किया है। इसका काल लगभग सन् ११९५ है। पद्मकविने १५२७ मे जनसाधारण शैलीमे सागत्य छन्दमें 'वर्द्धमानचरित्र' लिखा है। इसकी बारह सन्धियाँ है।

(ट) बौद्ध त्रिपिटक-पालि साहित्यमे महावीर

जैन आगम ग्रन्थोमे बुद्धके कोई स्पष्ट उल्लेख नही मिलते। किन्तु बौद्ध त्रिपिटकमे 'निग्गठ-नातपुत्त' (निर्ग्रन्थ ज्ञातृपुत्र) के नाममे महावीर व उनके उपदेश आदि सम्बन्धी अनेक सन्दर्भ पाये जाते है। इनका पता लगभग सौ वर्ष पूर्व तव चला जब लन्दनकी पालि टैक्स्ट सोसायटी तथा सेक्रेट बुक्स ऑफ दी ईस्ट नामक ग्रन्थमालाओमे बौद्ध एव जैन आगम ग्रन्थोका प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। डॉ हर्मन याकोबीने आचाराग, कल्पसूत्र, सूत्रकृताग, उत्तराध्ययन सूत्रका अनुवाद किया (से बु क्र २२ व ४५) और उनकी प्रस्तावनामे पालि-साहित्यके उन उल्लेखोकी ओर ध्यान आकृष्ट किया जिनमें निग्गठ-नातपुत्तके उल्लेख आये है। तत्पश्चात् क्रमश ऐसे उल्लेखोकी जानकारी बढती गयी, और अन्तत मुनि नगराजजीने 'आगम और त्रिपिटक एक अनुशीलन' शीर्षक ग्रन्थ (कलकत्ता १९६९) मे छोटे-बडे ऐसे ४२ पालि उद्धरणोका सकलन किया है जिनसे निस्सन्देह रूपसे सिद्ध हो जाता है कि दोनो महापुरुष सम-सामयिक थे, उनमे महावीर जेठे थे, तथा उनका निर्वाण भी बुद्धसे पूर्व हो गया था। उन्होने पूरी छान-बीनके पश्चात् वीर-निर्वाण-काल ई प् ५२७ ही प्रमाणित किया है।

१५ प्रस्तुत सकलन

तीर्थकरोके चरित्रसम्बन्धी अपभ्रश साहित्यमे प्राचीनतम रचना पुष्पदन्त कृत महापुराण है। चूँकि इस ग्रन्थकी रचना मान्यखेटमे उस समय हुई थी जब वहाँ राष्ट्रकूटनरेश कृष्णराज (तृतीय) का राज्य था, तथा स्वय कविके कथनानुसार उन्होने उसकी रचना सिद्धार्थ सवत्सरमें प्रारम्भ कर क्रोधन सवत्सरमे समाप्त की थी, अत उसका समाप्ति-काल शक ८८७ (सन् ९६५ ई) सुनिश्चित है।

उक्त महापुराणकी १०२ सन्धियोमे-से अन्तिम आठ अर्थात् ९५ से १०२वी सन्धियोमे भगवान् महावीरका जीवन-चरित्र वर्णित है और उन्हीमे-से प्रधानतया यह सकलन किया गया है। मूलमें विषय-क्रम इस प्रकार है—महावीरके जन्मसे लेकर केवलज्ञान तककी घटनाएँ (सन्धि ९५-९७), महावीरके आर्यिका सघकी

८८७)। इसमे कुल १०२ सन्धियाँ है, जिनमे महावीरका जीवन-चरित्र सन्धि ९५ से अन्त तक वर्णित है (वम्बई १९४१)। स्वतन्त्र रूपसे यह चरित्र कवि श्रीधर द्वारा रचा गया। उनकी एक अन्य रचना पासणाह-चरिउका समाप्ति काल वि स ११८९ उल्लिखित है, अत इसी कालके लगभग प्रस्तुत ग्रन्थका रचना-काल निश्चित है। श्रीधरकी अपभ्रश रचनाएँ इस कारण भी विशेप रूपसे ध्यानाकर्पक है कि कविने अपनेको हरियाणा-निवासी प्रकट किया है। हरियाणा 'आभीरकाणाम्' का अपभ्रश है जिससे वह आभीर जातिकी भूमि सिद्ध होती है, और काव्यादर्शके कर्ता दण्डीके अनुसार आभीरो आदिकी बोलीके आधारसे अपभ्रश काव्यकी शैली विकसित हुई थी। अत कहा जा सकता है कि पाँचवी-छठी शतीमे लेकर वारहवी शती तक हरियाणामे अपभ्रश रचनाकी परम्परा प्रचलित रही। खोजसे इस प्रदेशके कवियोकी अन्य रचनाओका पता लगाना, तथा उनके आधारसे उस क्षेत्रकी प्रचलित बोलियोका तुलनात्मक अध्ययन करना भापाशास्त्र व ऐतिहासिक दृष्टिमे बहुत महत्त्वपूर्ण होगा।

विक्रम सवत् १५०० के आस-पास ग्वालियरके तोमरनरेश डूगर सिंह और उनके पुत्र कीर्तिसिंहके राज्यकालमे कविवर रयधूने अनेक रचनाओ द्वारा अपभ्रश साहित्यको पुष्ट किया। उनके द्वारा रचित 'सम्मइ-चरिउ' दस सन्धियोमे पूर्ण हुआ है। नरसेन-कृत 'वड्ढमाण-कहा' की रचनाका ठीक समय ज्ञात नही। किन्तु इसी कविकी एक अन्य रचना 'सिरिवाल-चरिउ' की हस्तलिखित प्रति वि स १५१२ की है। अत नरसेनका रचना-काल इसके पूर्व सिद्ध होता है। जयमित्र हल्ल कृत 'वड्ढमाण-कव्व' की एक हस्तलिखित प्रति वि स १५४५ की प्राप्त है। ग्रन्थके अन्तमे पद्मनन्दि मुनिका उल्लेख है जो अनुमानत प्रभाचन्द्र भट्टारकके वे ही शिष्य है जिनके वि स १३८५ से १४५० तकके लेख मिले है। कविने अपनी रचनाको 'होलिवम्म-कण्णाभरण' कहा है तथा हरिइन्दु (हरिश्चन्द्र) कविको अपना गुरु माना है।

(ञ) महावीर-जीवनपर कन्नड साहित्य

सस्कृतमे असग विरचित 'वर्द्धमानपुराण' से अनेक कन्नड कवियोको स्फूर्ति मिली है। असगका 'अगस' ऐसे ही लिखते है और कन्नडमे इसका अर्थ रजक (धोवी) होता है। किन्तु सचमुच 'असग' शब्द 'असग' शब्दका जन-साधारण उच्चारण जैसा मालूम होता है। अभी-अभी दूसरे नागवर्म विरचित 'वीरवधमानपुराण' के एक हस्तलिखित भी प्रकाशमे आया है। इसमे सोलह सर्ग है, और उनमे महावीरका पूर्वभव और प्रस्तुत जीवनका वर्णन है। यह एक

चम्पूकाव्य है और इसमे कई सस्कृत वृत्तोका उपयोग हुआ है। इसका काल सन् १०४२ है। उसके वाद आचण्णने 'वर्द्धमानपुराण' लिखा है। इनका सम्मानसूचक नाम वाणीवल्लभ था। यह एक चम्पू है और इसकी रचना सस्कृत काव्यशैलीमे हुई है। इसमे भी सोलह सर्ग है और कविने कई एक अलकारोका उपयोग किया है। इसका काल लगभग सन् ११९५ है। पद्मकविने १५२७ मे जनसाधारण शैलीमे सागत्य छन्दमें 'वर्द्धमानचरित्र' लिखा है। इसकी वारह सन्धियाँ है।

(ट) वौद्ध त्रिपिटक-पालि साहित्यमे महावीर

जैन आगम ग्रन्थोमे वुद्धके कोई स्पष्ट उल्लेख नही मिलते। किन्तु वौद्ध त्रिपिटकमे 'निग्गठ-नातपुत्त' (निर्ग्रन्थ ज्ञातृपुत्र) के नामसे महावीर व उनके उपदेश आदि सम्वन्धी अनेक सन्दर्भ पाये जाते है। इनका पता लगभग सौ वर्ष पूर्व तब चला जब लन्दनकी पालि टैक्स्ट सोसायटी तथा सेक्रेट वुक्स ऑफ दी ईस्ट नामक ग्रन्थमालाओमे बौद्ध एव जैन आगम ग्रन्थोका प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। डॉ हर्मन याकोवीने आचाराग, कल्पसूत्र, सूत्रकृताग, उत्तराध्ययन सूत्रका अनुवाद किया (से बु क्र २२ व ४५) और उनकी प्रस्तावनामे पालि-साहित्यके उन उल्लेखोकी ओर ध्यान आकृष्ट किया जिनमें निग्गठ-नातपुत्तके उल्लेख आये है। तत्पश्चात् क्रमश ऐसे उल्लेखोकी जानकारी वढती गयी, और अन्तत मुनि नगराजजीने 'आगम और त्रिपिटक एक अनुशीलन' शीर्षक ग्रन्थ (कलकत्ता १९६९) मे छोटे-बडे ऐसे ४२ पालि उद्धरणोका सकलन किया है जिनसे निस्सन्देह रूपसे सिद्ध हो जाता है कि दोनो महापुरुष सम-सामयिक थे, उनमे महावीर जेठे थे, तथा उनका निर्वाण भी बुद्धसे पूर्व हो गया था। उन्होने पूरी छान-वीनके पश्चात् वीर-निर्वाण-काल ई पू ५२७ ही प्रमाणित किया है।

१५ प्रस्तुत सकलन

तीर्थंकरोके चरित्रसम्बन्धी अपभ्रश साहित्यमे प्राचीनतम रचना पुष्पदन्त कृत महापुराण है। चूँकि इस ग्रन्थकी रचना मान्यखेटमे उस समय हुई थी जब वहाँ राष्ट्रकूटनरेश कृष्णराज (तृतीय) का राज्य था, तथा स्वय कविके कथनानुसार उन्होने उसकी रचना सिद्धार्थ सवत्सरमे प्रारम्भ कर क्रोधन सवत्सरमे समाप्त की थी, अत उसका समाप्ति-काल शक ८८७ (सन् ९६५ ई) सुनिश्चित है।

उक्त महापुराणकी १०२ सन्धियोमे-से अन्तिम आठ अर्थात् ९५ से १०२वी सन्धियोमें भगवान् महावीरका जीवन-चरित्र वर्णित है और उन्हीमे-से प्रधानतया यह सकलन किया गया है। मूलमें विषय-क्रम इस प्रकार है—महावीरके जन्मसे लेकर केवलज्ञान तककी घटनाएँ (सन्धि ९५-९७), महावीरके आर्यिका सघकी

प्रथम गणिनी चन्दनाका जीवन-वृत्त (सन्धि ९८), जीवन्धर मुनिके पूर्व भव (सन्धि ९९), जम्बूस्वामीकी दीक्षा (सन्धि १००), प्रीतिंकर-आख्यान (सन्धि १०१) तथा महावीरनिर्वाण (सन्धि १०२)। इनमे-से जीवन्धर और प्रीतिंकरके आख्यानोको महावीरके ऐतिहासिक जीवन-वृत्तसे असम्बद्ध होनेके कारण पूर्णतया छोड दिया गया है, और शेष विवरणोको इस प्रकार सक्षिप्त किया गया है कि उनमे महावीरका चरित्र निर्वाध धारा रूपसे आ जाये (सन्धि १–३) व उनके गणधर शिष्य जम्बूस्वामीका (सन्धि ४) तथा आर्यिका चन्दनाका (सन्धि ५) चरित्र स्वतन्त्र रूपसे प्रस्तुत हो जाये।

महावीरके सम-सामयिक मगधनरेश श्रेणिक बिम्बिसार थे जिनके प्रश्नोके आधारसे ही समस्त जैनपुराण साहित्यका निर्माण माना गया है। किन्तु उनका तथा महावीरकी विशेष भक्त महारानी चेलनाका एव श्रेणिकके पुत्रोकी दीक्षादिका वृत्तान्त महापुराणमे नही आ पाया। उसकी पूर्ति सन्धि ६-११ मे श्रीचन्द्र कृत कहाकोसु क्रमश सन्धि ५०, १२, १३, १४, ३ और ४९से कर ली गयी है जिससे श्रेणिकमे पूर्वके मगधनरेश चिलातपुत्र (सन्धि ६) श्रेणिकका राज्य-लाभ, धर्मलाभ व परीक्षादि (सन्धि ७-९) एव उनके पुत्र वारिषेण (सन्धि १०) और गजकुमार (सन्धि ११) का वृत्तान्त विधिवत् समाविष्ट हो गया है। श्रीचन्द्र कृत कथाकोशका रचनाकाल वि स ११२३ के लगभग (प्रकाशन अहमदाबाद, १९६९) तीर्थंकरके धर्मोपदेशके विना यह सकलन अपूर्ण रह जाता। अतएव इस विषयका आकलन अन्तिम १२वी सन्धिमे महापुराणकी सन्धि १०-१२ से किया गया है। इस प्रकार यद्यपि सन्धियोकी सख्या १२ हो गयी है तथापि वे वहुत छोटी-छोटी है और उनमे कुल कडवकोकी सख्या केवल ७१ है। कडवक भी प्राय बहुत छोटे-छोटे ही है। प्रयत्न यह किया गया है कि अल्पकालमे ही महावीर तीर्थंकर व उनके समयकी राजनैतिक परिस्थितियोका स्पष्ट ज्ञान पाठकको हो जाये तथा महाकविकी रचना-शैली व काव्यगुणोकी रुचिकर जानकारी भी प्राप्त हो जाये। प्रस्तावनामे घटनाओ व महापुरुपोसम्बन्धी विवेचन साहित्यिक परम्पराको स्पष्ट करनेकी दृष्टिसे किया गया है। मूल पाठमे समासान्तर्गत प्रत्येक शब्दको लघुरेखा द्वारा पृथक् कर दिया गया है जिससे अर्थ समझनेमें सरलता हो। कुछ स्थानो पर पाठ-सशोधन भी किया गया है, व नयी पद्धति के अनुसार ह्रस्व ए और ओ की मात्राएँ भिन्न रखी गयी है। अनुवाद मूलानुगामी होते हुए भी भाषाकी दृष्टिसे मुहावरेसे हीन न हो यह भी प्रयत्न किया गया है। साथ ही उसमे आये क्लिष्ट व पारिभाषिक शब्दोको कुछ खोलकर समझानेका भी प्रयास रहा है।

इस प्रकार आशा है कि यह छोटा-सा ग्रन्थ सकलन होते हुए भी महावीर भगवान्के जीवन-चरित्रविषयक विशाल साहित्यमें अपना एक विशेप स्थान प्राप्त करेगा।

नयी रचनाका नामकरण भी एक समस्या होती है। विशेषत जव एक ही विपय पर नयी-पुरानी अनेक रचनाएँ उपलभ्य हो तव उनके नाम स्पष्टत पृथक् न होनेसे भ्रान्तियाँ उत्पन्न होनी है। प्राकृत व अपभ्रशमे ऊपर उल्लिखित ग्रन्थ-नामावलिमे महावीर चरिय, वड्ढमाण-चरिउ, वड्ढमाण-कहा व सम्मइ-चरिउ नाम आ चुके है। पुष्पदन्तने इस चरित के आदिमे 'सम्मइ' नामसे नायककी वन्दना की है व सन्धियोकी पुष्पिकाओमे उनके नामोल्लेख 'वीरसामि', 'वीरणाह', 'वडमाण-सामि' व 'जिणिंद' रूपसे किये है। अत मैंने आदि और अन्तके पुष्पिकोल्लेखोको मिलाकर प्रस्तुत ग्रन्थको वीर-जिणिंद-चरिउ कहना उचित समझा।

— हीरालाल जैन

विषयानुक्रम

सन्धि–१

भगवान्का गर्भावतरण, जन्म और तप [२–२३]

कडवक

सन्धि–२

केवलज्ञानोत्पत्ति [२४–३७]

सन्धि–६

चिलातपुत्र-परीषह-सहन [७४-८३]

सन्धि–७

श्रेणिक-राज्यलाभ [८४-९१]

कडवक

सन्धि–८

श्रेणिक-धर्मलाभ व तीर्थंकर गोत्र-बन्ध [९२–९९]

१ राजा श्रेणिककी आखेट-यात्रा, मुनि-दर्शन व भाव-परिवर्तन।

२ श्रेणिकराजा जैन-शासनके भक्त बनकर राजधानीमे लौटे।

३ महावीरके विपुलाचल पर आनेकी सूचना और श्रेणिकका उनकी वन्दना हेतु गमन।

४ महावीरका उपदेश सुनकर राजा श्रेणिकको क्षायिक-सम्यक्त्वकी उत्पत्ति।

सन्धि–९

श्रेणिक-धर्म-परीक्षा [१००–१०५]

१ श्रेणिकके सम्यक्त्वकी परीक्षा हेतु देवका धीवर-रूप-धारण।

२ देवमुनिके धीवर-कर्मसे लोगोमें दिगम्बर धमके प्रति घृणा तथा श्रेणिक द्वारा उसका निवारण।

३ मलिन मुद्राओके उदाहरणसे सामन्तोकी शका-निवारण व देव द्वारा राजाको वरदान।

सन्धि–१०

श्रेणिक-पुत्र वारिषेणकी योग साधना [१०६–११३]

१ वारिषेणकी धार्मिक-वृत्ति। विद्युच्चर चोरकी प्रेयसी गणिकासुन्दरीको चेलना रानीका हार पानेका उन्माद।

२ विद्युच्चर चोर द्वारा रानीके हारका अपहरण तथा राजपुरुषो द्वारा पीछा किये जानेपर ध्यानस्थ वारिषेणके पास हार फेककर पलायन। राजा द्वारा वारिषेणको मार डालनेका आदेश।

३ देवो द्वारा वारिषेणकी रक्षा। राजाके मनानेपर भी मुनि-दीक्षा एव पलासखेड ग्राममे आहार ग्रहण।

४ पुष्पडाल ब्राह्मणकी दीक्षा, मोहोत्पत्ति और उसका निवारण।

रजिणिंदचरिउ

सन्धि १

१

विद्धसिय रइवइ सुरवइ-णरवइ-
फणिवइ-पयडिय सासणु।
पणवेप्पिणु सम्मइ णिदिय-दुम्मइ
णिम्मल-मग्ग पयासणु ।।ध्रुवक।।

५ विणासो भवाण मणे सभवाण।
दिणेसो तमाण पहू उत्तमाण।
खयग्गी-णिहाण तवाण णिहाण।
थिरो मुक्क-माणो वसी जो समाणो।
अरीण सुहीण सुरीण सुहीणं।
१० समेण वराय पमत्त सराय।
चल दुव्विणीय जय जेण णीय।
णिय णाण-मग्ग कयं सासमग्ग।
सया णिक्कसाओ सया चत्त माओ।
सया सपसण्णो सया जो विसण्णो।
१५ पहाणो गणाण सु-दिव्वगणाण।
ण पेम्मे णिसण्णो महावीर-सण्णो।
तमीस जईण जए सजईण।
दमाण जमाण खमा सजमाण।
उहाण रमाण पबुद्धत्थ-माण।
२० दया वड्ढमाण जिण वड्ढमाणं।
सिरेण णमामो चरित्त भणामो।
पुणो तस्स दिव्व णिसामेह कव्व।
गणेसेहि दिट्ठ मए किं पि सिट्ठ।

घत्ता—पायड-रवि-दीवइ जवू-दीवइ
२५ पुव्व-विदेहइ मणहरि।
सीयहि उत्तरयलि पविमल सरजलि
पुक्खलवइ-देसतरि ।।१।।

भगवान्का गर्भावतरण, जन्म और तप

१

मगलाचरण तथा काव्य-रचनाकी प्रतिज्ञा

मै उन सन्मति भगवान्को प्रणाम करता हूँ जिन्होने कामदेवका विध्वस किया है, जिनका शासन सुरपति, नरपति तथा नागपति द्वारा प्रकट किया गया है, जिन्होने कुज्ञानकी निन्दा की है और निर्मल मोक्ष-मार्गका प्रकाशन किया है। वे भगवान् जन्म-मरणकी परम्पराके विनाशक है तथा मनुष्योके मनमे उत्पन्न हुए अज्ञानरूपी अन्धकारको दूर करनेके लिए सूर्य समान है। वे प्रभु पापरूपी ईंधनको नष्ट करनेके लिए अग्नि समान उत्तम तपोके निधान है। वे स्थिर है, मानसे मुक्त है और इन्द्रियो-को वशमे करनेवाले है, तथा शत्रु और मित्र, सुरो और सुधीजनोपर समान दृष्टि रखते है। उन्होने अपने समताभाव द्वारा, प्रमादी रागयुक्त तथा दुर्विनीत चचल मनको पराजित कर दिया है। उन्होने इस जगत्को ज्ञानके मार्गपर लगाया है, तथा शाश्वत मार्गकी स्थापना की है। वे सर्वदा कषायरहित है और विषादहीन है। उनके हर्ष भी नही है और मायाका भी अभाव है। वे सदैव सुप्रसन्न रहते है। आहार, भय आदि सज्ञाएँ उनके नही होती। वे उन तपस्विगणोके प्रधान है, जिन्होने दिव्य द्वादश अगोका ज्ञान प्राप्त किया है। वे महावीर नामक तीर्थंकर, उत्तम देवाग-नाओके प्रेममे आसक्त नही हुए। ऐसे उन जगत् भरके मुनियो और अर्जिकाओके स्वामी, दम, यम, क्षमा, सयम एव अभ्युदय और नि श्रेयस्-रूप दोनो प्रकारके लक्ष्मी तथा समस्त द्रव्योके प्रमाणके ज्ञानी, दयासे वृद्धिशील वर्धमान जिनेन्द्रको मै अपना मस्तक झुकाकर नमन करता हूँ और उनके चरित्रका वर्णन करता हूँ। उनके इस दिव्य काव्यको सुनिए। इसका गणधरोने तो विस्तारसे उपदेश दिया है, किन्तु मै यहाँ थोडेमे कुछ वर्णन करता हूँ।

सूर्यरूपी दीपकसे प्रकाशमान इस जम्बूद्वीपके पूर्वविदेह नामक मनोहर क्षेत्रमे निर्मल जलके प्रवाहसे युक्त सीता नदीके उत्तर तटपर पुष्कलावती नामक देश है ॥१॥

२

वियसिय-सरस-कुसुम-रय-धूसरि ।
पविमल-मुक्क-कमल छाइय-सरि ।।
णिज्झर-जल-वह-पूरिय-कंदरि ।
किंणर-कर वीणा-रव-सुंदरि ।।
५ केसरि-कररुह-दारिय मयगलि ।
गिरि-गुह-णिहि-णिहित्त-मुत्ताहलि ।।
हिंडिर-कत्थूरिय-मय-परिमलि ।
कुरर-कीर-कलयंठी-कलयलि ।।
परिओसिय-विलसिय-वणयर-गणि ।
१० महुयर-पिय-मणहरि महुयर-वणि ।।
सवरु सु-दूसिउ दु-प्परिणामें ।
होंतउ आसि पूरुरउ णामें ।।
चंड-कंड-कोवंड-परिग्गहु ।
काल-सवरि-आलिंगिय-विग्गहु ।।
१५ अइ-परिरक्खिय-थावर-जंगमु ।
सायरसेणु णामु जइ-पुंगमु ।।
विघहुँ तेण तेत्थु आढत्तउ ।
जाव ण मग्गणु कह व ण घित्तउ ।।
ताम तमाल-णील-मणि-वण्णइँ ।
२० सिसु-करि-दंत-खंड-कय-कण्णइँ ।।

घत्ता—तण विरइय-कीलइँ गय-मय-णीलइँ
तरु-पत्ताइ-णियत्थइँ ।
वेल्ली-कडि-सुत्तइँ पकय-णेत्तइँ
पल-फल-पिढर-विहत्थइँ ।।२।।

३

भणिउ पुलिंदियाइँ मा घायहि ।
हा हे मूढ ण किं पि विवेयहि ।।
मिगु ण होइ बुहु देवु भडारउ ।
इहु पणविज्जइ लोय-पियारउ ।।

२

जम्बूद्वीप पूर्वविदेह पुष्कलावती देशके वनमे पुरूरव नामका शबर और शबरी

उस देशमे एक वन था, जो फूले हुए सरस पुष्पोकी परागसे धूसर था। वहाके सरोवर सुन्दर फूले हुए कमलोसे आच्छादित थे। कन्दराएँ झरनोके जलप्रवाहसे पूरित थी। वहाँ किन्नरोके हाथोकी वीणाओकी सुन्दर ध्वनि सुनाई देती थी। कही सिहोके पजोसे मदोन्मत्त हाथी विदारित हो रहे थे, तो कही पर्वतकी गुफाओमे गज-मुक्ताओकी निधि सुरक्षित रखी गयी थी। कही घूमते हुए कस्तूरी-मृगोकी सुगन्ध आ रही थी, तो कही कुरर, शुक और कोकिलाओका कलरव सुनाई दे रहा था। कही वनचरोके समूह सन्तोषपूर्वक विलासमे मग्न थे, तो कही भ्रमरोकी प्रिय और मनोहर ध्वनि सुनाई पडती थी। ऐसे उस मधुकर नामक वनमे पुरूरव नामका एक शबर रहता था। वह अत्यन्त दुर्भावनाओसे दूषित था। एक समय जब वह अपने प्रचण्ड धनुष और बाणको लिये हुए अपनी कृष्णवर्ण शबरीके साथ उस वनमे विचरण कर रहा था, तभी उसने स्थावर और जगम जीवोकी यत्नपूर्वक रक्षा करनेवाले श्रेष्ठ मुनि सागरसेनको देखा। उसने तत्काल उन्हे अपने बाणसे छेद देनेका विचार किया, किन्तु वह अपने बाणको जब तक हाथमे ले तभी उसकी स्त्रीने उसे रोका। वह शबरी तमाल व नीलमणिके सदृश काली थी, छोटे हाथीके दाँतके टुकडासे निर्मित कर्ण-भूषण पहने हुए थी तथा तृणके बने कील धारण किये थी। वह हाथीके मदके समान नीलवर्ण थी, वृक्षो-के पत्तोसे बने वस्त्र धारण किये थी और लता-बेलीसे बने कटिसूत्रको पहने थी। उसके हाथमे मास एव फलोसे भरी पिटारी थी। उसके नेत्र नील-कमलके सदृश थे ॥२॥

३

शबरीका मुनिको मारनेसे शबरको रोकना और उसे मुनिका धर्मोपदेश

उस शबरीने शबरसे कहा—मत मार। हाय रे मूढ, तू कुछ भी विवेक नही करता। यह कोई मृग नही है। वे ज्ञानी मुनिराज हैं जो

५ तं णिसुणिवि भुय-दण्ड-विहूसणु ।
मुक्कु पुलिंदे महिहि सरासणु ॥
पणविउ मुणि-वारदु सब्भावे ।
तेणाभासिउ णासिय पावे ॥
भो भो धम्म-वुद्धि तुह होज्जउ ।
१० वोहि-समाहि-सुद्धि संपज्जउ ॥
जीव म हिंसहि अलिउ म बोल्लहि ।
कर-यलु परहणि कहिं मि म घल्लहि ॥
पर-रमणिहि मुह-कमलु म जोयहि ॥
थण-मंडलि कर-पत्तु म ढोयहि ॥
१५ को वि म णिंदहि दूसिउ दोसे ।
सग-पमाणु करहि सतोसे ॥
पचुंवर-महु-पाण-णिवायणु ।
रयणी-भोयणु दुक्खहँ भायणु ॥
वाह विवज्जहि मणि पडिवज्जहि ।
२० णिच्चमेव जिणु भत्तिइँ पुज्जहि ॥
त णिसुणेवि मणुय-गुण-णासहँ ।
लइय णिवित्ति तेण महु-मासहँ ॥
घत्ता—हुउ जीव दयावरु सवरु णिरक्खरु
लग्गउ जिणवर-धम्मइ ।
२५ मुउ काले जंते गिलिउ कयंते
उप्पण्णउ सोहम्मइ ॥३॥

४

तेत्थु सु-दिव्व भोय भुंजेप्पिणु ।
एक्कु समुद्दोवमु जीवेप्पिणु ॥
एत्थु विउलि भारह वरिसंतरि ।
कोसल विसइ सुसास-णिरंतरि ॥
५ णंदण-वण-वरही रव-रम्महि ।
परिहा-सलिल-वलय-अविगम्महि ॥
कणय-विणिम्मिय-मणि मय-हम्महि ।
णायर-णर-विरइय-सुह-कम्महि ॥

लोकप्रिय है, और सभी उन्हे प्रणाम करते है। शबरीकी यह बात सुनकर उस पुलिन्दने अपने भुजदण्डके भूषण धनुषको भूमिपर पटक दिया और सद्भावपूर्वक मुनिवरको प्रणाम किया। पापका नाश करनेवाले उन मुनिराजने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा—हे शबर, तुझे धर्म-वुद्धि तथा शुद्ध ज्ञान और समाधि प्राप्त हो। अब तू जीवोकी हिंसा मत करना, झूठ मत बोलना तथा कभी भी पराये धनको हाथ नही लगाना, परायी स्त्रियोके मुख-कमलकी ओर मत घूरना और उनके स्तन-मण्डलपर हाथ नही चलाना। दोषोसे दूषित होनेपर भी किसीकी निन्दा नही करना, घर-मे कितना साज-सामान रखना है इसकी सन्तोष-पूर्वक सीमा कर लेना। वट, पीपल, पाकर, उमर व कठूमर इन पांच उदुम्बर फलोका, तथा मधु, मद्य और मासका भोजन एव रात्रिभोजन, दु खके कारण बनते है। तू आखेट करना छोड दे। इसकी अपने मनमे दृढ प्रतिज्ञा कर ले। प्रतिदिन भक्ति-भाव-पूर्वक जिनभगवान्‌की पूजा करना। मुनिके इस उपदेशको सुनकर उस शबरने मानवीय गुणोका नाश करनेवाले मधु और मासके त्यागकी प्रतिज्ञा ले ली। इस प्रकार वह निरक्षर शबर जीवदयामे तत्पर हो गया और जिन-धर्ममे लग गया। काल व्यतीत होनेपर वह यम द्वारा निगला जाकर मरा और सौधर्म स्वर्गमे देव उत्पन्न हुआ ॥३॥

४

अयोध्या नगरीके राजा भरत चक्रवर्ती

उस स्वर्गमे दिव्य भोगोको भोगकर तथा एक सागरोपम काल जीवित रहकर वह शबर स्वर्गसे च्युत हुआ। उस समय इस विशाल भारतवर्ष-मे कोशलदेश धन-धान्यसे सम्पन्न था। उसकी राजधानी अयोध्या नगरीके नन्दनवन मयूरोकी ध्वनिसे रमणीक थे। उसके चारो ओर खाई-का मण्डल था जो पानीसे भरा था और जिसके कारण वह नगरी शत्रुओके लिए दुर्गम थी। वहाँके महल स्वर्णसे निर्मित और मणियोसे जडे हुए थे। वहाँके नागरिक लोग शुभ कर्म ही करते थे, अशुभ कर्म

सुर-तरु पल्लव-तोरण-दारहि ।
१० वण्ण विचित्त-सत्त पायारहि ॥
धूव-धूम-कज्जलिय-गवक्खहि ।
भूमि-मयारजिय-सहसक्खहि ॥
उज्झा-णयरिहि पय-णय-सुरवइ ।
होंतउ रिसहणाहु-चिरु णरवइ ॥
१५ पविमल णाण-धारि सुह-सकरु ।
पढम णरिंदु पढम-तित्थकरु ॥
आइ-बभु महएवु महामहु ।
भुवण-त्तय-गुरु पुण्ण-मणोरहु ॥
तहु पहिलारहु सुउ भरहेसरु ।
२० जो छक्खड-धरणि-परमेसरु ॥
मागहु वर-तणु जेण पहासु वि ।
जित्तउ सुरु वेयड्ढ-णिवासु वि ॥
विज्जाहर-वइ भय-कपाविय ।
णमि-विणमीस वि सेव कराविय ॥
२५ घत्ता—जो सिसु-हरिणच्छिइ सेविउ लच्छिइ
गगइ सिधुइ सिंचिउ ।
णव-कमल-दलक्खहिँ उववण-जक्खहिँ
णाणा कुसुमहिँ अचिउ ॥४॥

५

ता कंकेल्ली-दल-कोमल-कर ।
वीणा-वस-हस-कोइल-सर ॥
तासु देवि उत्तुग पयोहर ।
णाम अणंतमइ त्ति मणोहर ॥
५ सो सुर-सुदरि-चालिय-चामरु ।
ताहि गब्भि जायउ सबरामरु ॥
सुउ णामे मरीइ विक्खायउ ।
बहु-लक्खण समलकिय-कायउ ॥
देव देउ अच्चत-विवेइउ ।
१० णीलजस-मरणे उव्वेइउ ॥

नही। वहांके तोरण-द्वार कल्पवृक्षोके पल्लवोसे सुशोभित थे। वह विचित्र वर्णके सात प्राकारोसे सुरक्षित था। वहांके गवाक्ष धूपके धूएँसे काले हो रहे थे। वहांके भूमिभाग इतने सुन्दर थे कि वे इन्द्रका भी मनोरजन करते थे। ऐसी उस अयोध्या नगरीके राजा ऋषभनाथ थे, जिनके चरणोमे देवेन्द्र भी नमस्कार करते थे। उन्होने दीर्घकाल तक राज्य किया। वे विशुद्ध ज्ञानके धारक शुभशकर (पुण्य और सुखकर्ता) प्रथम नरेन्द्र और प्रथम तीर्थंकर हुए। वे ही आदिब्रह्म, महादेव और महाविष्णु कहलाये। वे तीनो लोकोके गुरु तथा मनोरथोके पूरक हुए। उनके प्रथम पुत्र भरतेश्वर थे, जो षट्खण्ड पृथ्वीके सम्राट् हुए। उन्होने वेताढ्य गिरिपर निवास करनेवाले सुन्दर देहधारी मागधप्रभास नामक देवको भी जीत लिया। उन्होने विद्याधरोके स्वामी नमि और विनमि नामक राजाओको भयसे कम्पायमान कराकर उनसे अपनी सेवा करायी। बालमृगनयनी लक्ष्मी भी उनकी सेवा करती थी। गगा और सिन्धु नदी-देवियां उनका अभिषेक करती थी तथा नये कमलदलोके सदृश नेत्रोवाले उपवन-निवासी यक्ष भी नाना प्रकारके पुष्पोसे उनकी पूजा करते थे ॥४॥

५

भरत चक्रवर्तीकी रानी अनन्तमतीने उस शबरके जीवको मरीचि नामक पुत्रके रूपमे जन्म दिया

भरतकी रानी अनन्तमती अत्यन्त सुन्दर थी। उसके हाथ ककेली पुष्पोके दलोके समान कोमल तथा उसका स्वर वीणा, हस, बांसुरी व कोकिलके समान मधुर था। उसी तुग-पयोधरी देवीके गर्भमे वह शबरका जीव आकर उत्पन्न हुआ, जिसके ऊपर देवलोककी सुन्दरियां चमर ढोरती थी। उनका वह पुत्र मरीचि नामसे विख्यात हुआ। उसका शरीर अनेक शुभ लक्षणोसे अलकृत था। जब उसके पितामह देवोके देव व अत्यन्त ज्ञानवान् नीलाजसा नर्तकीके मरणसे विरक्त होकर पृथ्वी-

चरण-कमल-जुय-णमियाहंडलु ।
दिक्खकिउ मेल्लिवि महिमंडलु ॥
हरि-कुरु-कुल-कच्छाइ णरिंदहिं ।
समउ णमसिउ इद-पडिदहिं ॥
१५ झाणालीणु पियामहु जइयहुँ ।
णत्तउ जइ पावइयउ तइयहुँ ॥
दुच्चर-रिसह-महा-तव-लग्गउ ।
भग्ग णराहिव एहु वि भग्गउ ॥
सरवरसलिलु पिएऽवइ लग्गउ ।
२० भुक्खइँ भज्जइ लज्जइ णग्गउ ॥
वक्कलु परिहइ तरु-हल भक्खइ ।
मिच्छाइट्ठि असच्चु णिरिक्खइ ॥
घत्ता—बहु-दुरिय-महल्ले मिच्छा-सल्ले
विविह-देह सघारइ ।
२५ भरहेसर-णंदणु ससय-हय-मणु
चिरु हिंडिवि ससारइ ॥५॥

६

दुवई—धुव-णीसासु मुयइ सो तेत्तिय-
पक्खहिं दुह-विहंजणो ।
जाणइ ताम जाम छट्ठावणि
वड्ढिय-ओहि-दसणो ॥
५ परमागम-साहिय-दिऽव-माणि ।
णिवसतहु पुप्फुत्तर-विमाणि ॥
जइयहुँ वट्टइ छम्मासु तासु ।
परमाउ-माउ परमेसरासु ॥
तइयहुँ सोहम्म-सुराहिवेण ।
१० पभणिउ कुवेरु इच्छिय-सिवेण ॥
इह जवुदीवि भरहतरालि ।
रमणीय-विसइ सोहा-विसालि ॥
कुडउरि राउ सिद्धत्थु सहिउ ।
जो सिरिहरु मग्गण-वेस रहिउ ॥

त्यागकर दीक्षित मुनि हो गये और इन्द्र भी उनके
णाम करने लगे, तब इन्द्र और प्रतीन्द्र एव हरिवश व
ह राजाओसहित उनके इस पोते मरीचिने भी अपने
लीन अवस्थामे नमन किया और वह उसी समय
। किन्तु शीघ्र ही उन भगवान् ऋषभदेवके दुश्चर
पाकर जब अनेक अन्य दीक्षित राजा तपसे भ्रष्ट हुए,
हो गया। वह वल्कल धारण करने लगा, वृक्षोंके फल
मिथ्यादृष्टि हो कर असत्य बातोपर दृष्टि देने लगा।
महान् पापोसे युक्त मिथ्यात्वरूपी शल्यके कारण उसने
नेक प्रकारके शरीर धारण किये, और वह भरतेश्वर-
न. सशयके आघातसे चिरकाल तक ससारमे भ्रमण
।

६

रीचिका जीव पुष्पोत्तर नामक स्वर्गके विमानसे आकर राजा सिद्धार्थ व रानी प्रियकारिणी (त्रिशला) का पुत्र हुआ

ामे देवरूपसे रहते हुए वह सहस्र वर्षमे एक बार आहार
ौर उतने ही पक्षोमे श्वासोच्छ्वास लेता था। वहाँ समस्त
वनाशकर अपने अवधि-दर्शन द्वारा छठी पृथ्वी तक की बाते
था। इस प्रकार परमागममे कहे हुए गुणोसे युक्त दिव्य प्रमाण-
पुष्पोत्तर विमान मे रहते हुए जब अपनी उत्कृष्ट आयुप्रमाणके
शेष रहे तभी सौधर्म स्वर्ग के इन्द्र ने जगत्-कल्याणकी कामना
होकर कुबेरसे कहा—इस जम्बूद्वीपके भरत क्षेत्रमे विशाल
री विदेह प्रदेशमे कुण्डपुर नगरके राजा सिद्धार्थ राज्य करते हैं।
र-हितैषी हैं और श्रीधर होते हुए भी विष्णुके समान वामनावतार

चरण-कमल-जुय-णमियाहंडलु ।
दिक्खकिउ मेल्लिवि महिमंडलु ॥
हरि-कुरु-कुल-कच्छाइ णरिंदहि ।
समउ णमंसिउ इंद-पडिंदहि ॥
१५ झाणालीणु पियामहु जइयहुँ ।
णत्तउ जइ पावइयउ तइयहुँ ॥
दुच्चर-रिसह-महा-तव-लग्गउ ।
भग्ग णराहिव एहु वि भग्गउ ॥
सरवरसलिलु पिएव्वइ लग्गउ ।
२० मुक्खइँ भज्जइ लज्जइ णग्गउ ॥
वक्कलु परिहइ तरु-हल भक्खइ ।
मिच्छाइट्ठि असच्चु णिरिक्खइ ॥
घत्ता—बहु-दुरिय-महल्ले मिच्छा-सल्ले
विविह देह संघारइ ।
२५ भरहेसर-णंदणु ससय-हय-मणु
चिरु हिंडिवि संसारइ ॥५॥

६

दुवई—धुव-णीसासु मुयइ सो तेत्तिय-
पक्खहि दुह-विहंजणो ।
जाणइ ताम जाम छट्ठावणि
वड्ढिय-ओहि-दंसणो ॥
५ परमागम-साहिय-दिव्व-माणि ।
णिवसंतहु पुप्फुत्तर-विमाणि ॥
जइयहुँ वट्टइ छम्मासु तासु ।
परमाउ-माउ परमेसरासु ॥
तइयहुँ सोहम्म-सुराहिवेण ।
१० पभणिउ कुवेरु इच्छिय-सिवेण ॥
इह जंबुदीवि भरहंतरालि ।
रमणीय-विसइ सोहा विसालि ॥
कुंडउरि राउ सिद्धत्थु सहिउ ।
जो सिरिहरु मग्गण-वेस रहिउ ॥

मण्डलका राज्य त्यागकर दीक्षित मुनि हो गये और इन्द्र भी उनके चरण-कमलोको प्रणाम करने लगे, तब इन्द्र और प्रतीन्द्र एव हरिवश व कुरुवशके कच्छादि राजाओसहित उनके इस पोते मरीचिने भी अपने पितामहको ध्यानलीन अवस्थामे नमन किया और वह उसी समय प्रव्रजित हो गया। किन्तु शीघ्र ही उन भगवान् ऋषभदेवके दुश्चर महातपको असह्य पाकर जब अनेक अन्य दीक्षित राजा तपसे भ्रष्ट हुए, तब वह भी भ्रष्ट हो गया। वह वल्कल धारण करने लगा, वृक्षोके फल खाने लगा और मिथ्यादृष्टि हो कर असत्य बातोपर दृष्टि देने लगा। इस प्रकार नाना महान् पापोसे युक्त मिथ्यात्वरूपी शल्यके कारण उसने अनेक जन्मोमे अनेक प्रकारके शरीर धारण किये, और वह भरतेश्वर-पुत्र होकर भी मनमे सशयके आघातसे चिरकाल तक ससारमे भ्रमण करता रहा ॥५॥

६

मरीचिका जीव पुष्पोत्तर नामक स्वर्गके विमानसे आकर राजा सिद्धार्थ व रानी प्रियकारिणी (त्रिशला) का पुत्र हुआ

उस स्वर्गमे देवरूपसे रहते हुए वह सहस्र वर्षमे एक बार आहार करता था और उतने ही पक्षोमे श्वासोच्छ्वास लेता था। वहाँ समस्त दुःखो का विनाशकर अपने अवधि-दर्शन द्वारा छठी पृथ्वी तक की बाते जान लेता था। इस प्रकार परमागममे कहे हुए गुणोसे युक्त दिव्य प्रमाण-वाले उस पुष्पोत्तर विमान मे रहते हुए जब अपनी उत्कृष्ट आयुप्रमाणके छह मास शेष रहे तभी सौधर्म स्वर्ग के इन्द्र ने जगत्-कल्याणकी कामना से प्रेरित होकर कुबेरसे कहा—इस जम्बूद्वीपके भरत क्षेत्रमे विशाल शोभाधारी विदेह प्रदेशमे कुण्डपुर नगरके राजा सिद्धार्थ राज्य करते है। वे आत्म-हितैषी हैं और श्रीधर होते हुए भी विष्णुके समान वामनावतार

१५ अकवाल-चोज्जु जो देउ रुद्दु ।
अमहिउ सुरेहिं जो गुण-समुद्दु ॥
ण गिलिउ गहेण जो समर-सूरु ।
जो धम्माणदु ण सघर-दूरु ॥
जो णरु अविहदलि दलिय-मल्लु ।
२० जो पर-णर-णाहहु जणइ सल्लु ॥
अणिवेसिय-णिय-मडल-कुरगु ।
जो भवणइदु अविहडियगु ॥
जो कामधेणु पसु-भाव-चुक्कु ।
जो चिंतामणि चिंता-विमुक्कु ॥
२५ अणवरय-चाइ चाएण धण्णु ।
असहोयर-रिउ सयमेव कण्णु ॥
दो-बाहु वि जो रणि सहसबाहु ।
सुहि-दिण्ण-जीउ जीमूयवाहु ॥
दालिद्दहारि रायाहिराउ ।
३० जो कप्परुक्खु णउ कट्ठभाउ ॥

घत्ता—पियकारिणि देवि तुग-कुंभि-कुभत्थणि ।
तहु रायहु इट्ठ णारीयण-चूडामणि ॥६॥

७

दुवई—एयहँ बिहिं मि जक्ख कमलक्ख
सलक्खणु रक्खियासवो ।
चउवीसमु जिणिदु सुउ होही
पय-जुय-णविय-वासवो ॥

सम्बन्धी याचक वेषसे रहित है। वे दुखी जनोको आश्चर्य-जनक दान देकर सुखी बनानेवाले शभु हैं, किन्तु वे ऐसे रुद्र नही है जो कपाल धारण करके कौतुक उत्पन्न करते हैं। वे गुणोके समुद्र होते हुए भी समुद्रके समान देवो द्वारा मथित नही किये गये। वे समर शूर होते हुए भी ऐसे सूर्य नही हैं जिसे केतु ग्रह निगल जाये। वे धर्ममे आनन्द मानते है और आनन्दपूर्वक धनुष भी धारण करते है, तथापि वे अपने घरसे निर्वासित होकर धर्मराज युधिष्ठिरके समान दूर नही गये। वे अच्छे-अच्छे मल्लोको भी पराजित करनेवाले नर थे, किन्तु नर अर्थात् अर्जुनके समान उन्हे बृहन्नला नामक नर्तकीका वेष धारण नही करना पडा। वे अपने शत्रु-राजाओके हृदयमे भयरूपी शल्य उत्पन्न करते थे। उनके राज्यमे ग्राम सघनतासे बसे हुए थे, जिसके कारण उनमे मृगोको वसनेके लिए स्थान नही था। वे सर्वाग ऐसे पूर्ण और सुन्दर थे जैसे मानो पृथ्वीपर इन्द्र ही उतर आया हो। वे भुवन-मण्डलके चन्द्रमा थे, किन्तु चन्द्रके समान उनका अग खण्डित नही होता था। वे याचक जनोकी कामनाओको पूर्ण करनेवाले कामधेनु होते हुए भी कामधेनु जैसी पशु-अवस्थासे मुक्त थे। वे मनमे चिन्तित अभिलाषाओको पूरा करनेवाले चिन्तामणि होते हुए भी अपने मनमे चिन्ताओसे विमुक्त रहते थे। वे कर्णके समान निरन्तर दानशील तथा धनुर्विद्यामे ख्याति-प्राप्त थे, तथापि वे कर्णके समान अपने सहोदर भ्राताओके शत्रु नही बने। उनकी भुजाएँ तो दो ही थी, किन्तु युद्धमे वे सहस्रबाहु जैसी वीरता दिखलाते थे। वे सुधी अर्थात् विद्वानोको जीविका प्रदान करते थे, अतएव वे साक्षात् जीमूतवाहन थे जिन्होने अपने मित्रके लिए अपना जीवन दान कर दिया। वे राजाधिराज लोगोके दारिद्र्यको दूर करनेवाले कल्पवृक्ष थे, तथापि कल्पवृक्षके समान वे काष्ठ एव कटु भाव-युक्त नही थे।

ऐसे उन सिद्धार्थ राजाकी रानी प्रियकारिणी देवी थी जो विशाल हाथियोके कुम्भस्थलोके समान पीनस्तनी होती हुई समस्त नारी-समाजकी चूडामणि थी ॥६॥

७

कुण्डपुरकी शोभा

इन्द्र कुबेरसे कहते हैं कि हे कमल-नयन यक्ष, इन्ही राजा सिद्धार्थ और रानी प्रियकारिणीके शुभ लक्षणोसे युक्त मदिरादि व्यसनोका त्यागी पुत्र चौबीसवाँ तीर्थंकर होगा, जिसके चरणोमे इन्द्र भी नमन करेगे।

५ एयहँ दोहिँ मि सुर-सिरि-विलासु ।
करि धणय कणय-भासुरु णिवासु ॥
ता कयउ कुंडपुरु तेण चारु ।
सव्वत्थ रयण-पायार-भारु ॥
सव्वत्थ रइय णाणा-दुवारु ।
१० सव्वत्थ परिह-परिरुद्ध-चारु ॥
सव्वत्थ फलिय-णदण-वणालु ।
सव्वत्थ तरुणि-णच्चण-वमालु ॥
सव्वत्थ धवल-पासायवंतु ।
सव्वत्थ सिहिर-चुंबिय-णहंतु ॥
१५ सव्वत्थ फलिह-बद्धावणिल्लु ।
सव्वत्थ घुसिण-रस-छडय-गिल्लु ॥
सव्वत्थ निहित्त-विचित्त-फुल्लु ।
सव्वत्थ सुफुल्लधय-पियल्लु ॥
सव्वत्थ वि दिव्व-पसडि-पिंगु ।
२० सव्वत्थ वि मोत्तिय-रइय-रंगु ॥
सव्वत्थ वि वेरुलिएहिं फुरइ ।
सव्वत्थ वि ससिकंतेहि झरइ ।
सव्वत्थ वि रविकंतेहिँ जलइ ।
सव्वत्थ चलिय-चिंधेहिँ चलइ ॥
२५ सव्वत्थ पडह-मद्दल-रवालु ।
सव्वत्थ णडिय-णड णट्टसालु ॥
सव्वत्थ णारि-णेउर-णिघोसु ।
सव्वत्थ सोम्मु परिगलिय-दोसु ॥
घत्ता—पहुपगणि तेत्थु वंदिय-चरम-जिणिंदे ।
३० छम्मास विरइय रयणविट्ठि जक्खिंदे ॥७॥

८

दुवई—ठिय-सउहयल-णिहिय-सयणयलइ
सयल-दुहोह-हारिणी ।
णिसि णिद्दगयाइ सिविणावणि
दीसइ सोक्खकारिणी ॥

अतएव हे कुबेर, इन दोनोके निवास-भवनको स्वर्णमयी, कान्तिमान् व देवोकी लक्ष्मीके विलास योग्य बना दो। इन्द्रकी आज्ञानुसार कुवेरने कुण्डपुरको ऐसा ही सुन्दर बना दिया। उसके चारो तरफ रत्नमयी प्राकार बन गया जिसके सब ओर नाना प्रकारके द्वार थे और उसके चारो ओर ऐसी परिखा थी जिससे वहाँ शत्रुओका सचार अवरुद्ध हो जाये। नगरके चारो ओर फल-फूलोसे सुसज्जित नन्दन वन थे, और स्थान-स्थानपर तरुणी स्त्रियोके लिए उत्तम नृत्य-शालाएँ थी। सर्वत्र धवल प्रासाद दृष्टिगोचर होते थे, जिनके शिखर आकाशकी अन्तिम सीमाको चूम रहे थे। उनके तल-भागकी भूमि स्फटिक शिलाओसे पटी हुई थी, और सभी स्थान केशरके रसके छिडकावसे गीले हो रहे थे। सर्वत्र रखे गये फूलोकी विचित्र शोभा थी जिनका भ्रमर रसपान कर रहे थे। समस्त स्थान दीप्तिमान् स्वर्णसे पीला पड रहा था, और सर्वत्र मोतियोसे रचित रगावली दिखाई देती थी। पूरा भवन वैडूर्य मणियोसे चमक रहा था, चन्द्रकान्त मणियोसे जल झर रहा था और सूर्यकान्त मणियोसे ज्वाला प्रज्वलित हो रही थी। उसके ऊपर उडती हुई ध्वजाओसे भवन चलायमान सा दृष्टिगोचर हो रहा था। सभी ओर नगाडो और मृदगोकी ध्वनि सुनाई पड रही थी, तथा सर्वत्र नृत्य-शालाओमे नृत्य और नाटक हो रहे थे, कही नारियोके नूपुरोकी मधुर ध्वनि सुनाई दे रही थी। सर्वत्र शान्ति व्याप्त थी और कही भी द्वेष व अपराधोका नामोनिशान नही था। ऐसे उस राजभवनके प्रागणमे अन्तिम तीर्थंकरकी वन्दना करनेवाले उस यक्षोके राजा कुबेरने छह मास तक रत्नोकी वृष्टि की ॥७॥

८

प्रियकारिणी देवीका स्वप्न

एक दिन जब प्रियकारिणी देवी अपने प्रासादके सौधतल (ऊपरी मजिल) मे स्थित शयनालयमे शयन कर रही थी, तब उन्हे निद्रामे खोका अपहरण करनेवाली और सुखदायी स्वप्नावली दिखाई। सुरेन्द्रकी अप्सराओके समूह द्वारा सम्मानित तथा समस्त

५ सुरिंदच्छरा-थोत्त-समाणियाए ।
सुसिद्धत्थ-सिद्धत्थ-रायाणियाए ॥
सलीलं चरंतो चलो णं गिरिंदो ।
जिणबाइ दिट्ठो पमत्तो करिंदो ॥
विसेसो विलंबत-सण्हा-समेओ ।
१० हरी भीसणो दिव्व-पोमाहिसेओ ॥
वर दाम-जुम्म विहू वीअ-धतो ।
रवी रस्सि-जालावलो विप्फुरतो ॥
सरते सरतं विसारीण ददं ।
घडाणं जुयं लोय-कल्लाण-वढ ॥
१५ पहुल्लत-राईव-राई-णिवासो ।
पवड्ढत-वेला-विसासो सरीसो ॥
पहा-उज्जल हेम-सेहीर-पीढ ।
महाहिंद-हम्म विलासेहिं रूढ ॥
मरुद्धूय चिध सुभित्ती-विचित्त ।
२० घर चारु आहडलीय पवित्त ॥
मणीण समूह पहा-विप्फुरत ।
पर सोहमाणं तमोह हरत ॥
जलतो हुयासो धराया सधामे ।
णियच्छेवि दीहच्छि सामा विरामे ॥
२५ विउद्धा गया जत्थ रायाहिराओ ।
धरित्तीस-चूडामणी-घिट्ठ-पाओ ॥
पियाए सुह दसणाण वरिट्ठ ।
फल पुच्छिय तेण सिट्ठ विसिट्ठ ॥
सुओ तुज्झ होही महा-देवदेवो ।
३० महा-वीयराओ विमुक्कावलेवो ॥
महा-वीरवीरो महा-मोक्खगामी ।
तिलोयस्स वदो तिलोयस्स सामी ॥

घत्ता—घरपगणि तासु रायहु सुह-पब्भारहिं ।
वुट्ठउ धणणाहु अविहडिय-धण-धारहिं ॥८॥

वाछाओको सिद्ध करनेवाले राजा सिद्धार्थको रानी भावी जिनेन्द्रकी माताने निम्नलिखित सोलह स्वप्न देखे—

१ लीलामय गतिसे चलते हुए गिरीन्द्रके समान मदोन्मत्त हाथी।

२ लटकती हुई सास्नायुक्त (गल-कम्बल) से महान् वृषभ।

३ भीषण सिंह।

४ दिव्य अभिषेक-युक्त लक्ष्मी देवी।

५. उत्तम दो पुष्पमालाएँ।

६ अन्धकारको दूर करता हुआ चन्द्रमा।

७ किरण-जालावलिसे स्फुरायमान सूर्य।

८ सरोवरमे चलती हुई दो मछलियाँ।

९ लोक कल्याणके प्रतीक वन्दनीय दो कलश।

१० फूले हुए कमलोकी पक्तिसे युक्त सरोवर।

११ उछलती हुई तरगोको नियन्त्रित करनेवाला समुद्र।

१२ प्रभासे उज्ज्वल स्वर्णमय सिंहासन।

१३ विलासीसे समृद्ध महानागेन्द्रका प्रासाद।

१४ पवनसे उडती हुई ध्वजाओ सहित उत्तम भित्तियोसे विचित्र सुन्दर और पवित्र इन्द्रभवन।

१५. प्रभासे स्फुरायमान अत्यन्त शोभनीय तथा अन्धकारके समूहको दूर करनेवाला मणिपुंज।

१६. जाज्वल्यमान अग्नि।

अपने निवासगृहमे रात्रिके अन्तिम प्रहरमे इन सोलह स्वप्नोको देखकर दीर्घनयनी महारानी प्रियकारिणी जाग उठी, एव वे वहाँ गयी जहाँ राजाधिराज सिद्धार्थ विराजमान थे, जिनके चरणोका घर्षण बडे-बडे नरेशोके शिरपर चूडामणियोसे किया जाता था। उनसे उनकी प्रिया रानीने अपने स्वप्नोका फल पूछा। राजाने उनका फल शुभ और श्रेष्ठ बतलाया, और विशेष बात यह कही कि तुम्हारे एक पुत्र होगा जो महादेवोका देव, महान् वीतराग, अभिमानसे मुक्त, महावीरोका वीर, महामोक्षगामी, त्रैलोक्य द्वारा वन्दनीय, और त्रिलोकका स्वामी होगा। इन्द्रने कुबेरको आदेश दिया कि राजा सिद्धार्थके प्रासादके प्रागणमे प्रचुर रूपसे निरन्तर धनकी धारावृष्टि होती रहे ॥८॥

९

दुवई—कय-विब्भम-विलास परमेसरि
बाल-मराल-चारिणी ।
कंकण-हार-दोर-कडिसुत्तय—
कुंडल-मउड-धारिणी ॥

५ चंदक्क-कंति सपण्ण-कित्ति ।
सिरि हिरि सलच्छि दिहि पकयच्छि ।
सइ कित्ति बुद्धि कय-गब्भ-सुद्धि ।
आसाढ-मासि ससियर-पयासि ।
पक्खंतरालि हय-तिमिर-जालि ।
१० दिस-णिम्मलम्मि छट्ठी-दिणम्मि ।
संसार-सेउ थिउ गब्भि देउ ।
सपण्ण-हिट्ठि कय कणय-विट्ठि ।
जक्खेण ताम णव-मास जाम ।
मासम्मि पत्ति चित्ता-णिउत्ति ।
१५ सिय-तेरसीइ जणिओ सईइ ।
जिणु भुवण-णाहु भम्माह-देहु ।
मुणि भासियाइँ पण्णासियाइँ ।
सह दोसयाइँ जइयहुँ गयाइँ ।
णिव्वुइ जिणिंदि अह-तिमिरयंदि ।
२० सिरिपासणाहि लच्छी सणाहि ।
तणु-कंति-कंतु तइयहुँ तियंतु ।
वड्ढाउमाणु सिरिवड्ढमाणु ।
जइवहु पहूउ जय-तिलयभूउ ।

घत्ता—पयणिहि खीरेहिँ कलसहिँ जिय-छणयंदहि ॥
२५ अहिसित्तु जिणिंदु मंदर-सिहरि सुरिंदहिँ ॥९॥

१०

दुवई—पुज्जिउ पुज्जणिज्जु मणि-दामहि
भूसिउ भुवण-भूसणो ।
संथुउ चित्त-वित्त-वावारहिँ
कु-समय रइय-दूसणो ॥

९

तीर्थंकर महावीरका गर्भावतरण, जन्म तथा मन्दराचलपर अभिषेक

विभ्रम और विलाससे युक्त बालहंसचारिणी, कंकन, हार, डोर, कटिसूत्र, कुण्डल और मुकुट धारण किये हुए चन्द्र और सूर्यके सदृश कान्तियुक्त तथा कीर्तिसम्पन्न कमलनयना परमेश्वरी श्री, ह्री, लक्ष्मी, धृति, कीर्ति और बुद्धि, इन देवियोने स्वय आकर महारानीके गर्भकी शुद्धि की। आषाढ मासके चन्द्रसे प्रकाशमान व अन्धकार-समूहको दूर करनेवाले शुक्लपक्षमे छठी तिथिके दिन जब दिशाएँ निर्मल थी, तब ससारके सेतुभूत भगवान् महावीर, माताके गर्भमे आकर स्थित हुए। तबसे नव मास तक धरणेन्द्र यक्ष आनन्ददायी स्वर्णकी वृष्टि करता रहा। जब चित्रा नक्षत्र युक्त चैत्रमासका आगमन हुआ तब शुक्लपक्षकी त्रयोदशीके दिन उस सतीने स्वर्णकी आभासे युक्त शरीरवान् भुवननाथ जिनेन्द्रको जन्म दिया। जब पापरूपी अन्धकारको नष्ट करनेके लिए चन्द्रके सदृश लक्ष्मीनाथ श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्रको निर्वाण प्राप्त किये दो सौ पचास वर्ष व्यतीत हुए थे तभी उन शरीरकान्तिसे युक्त जन्म-जरा-मरण-अतीत, व्याधियोका अन्त करनेवाले, जगत्के तिलकभूत श्री वर्धमान जिनेन्द्र अपनी आयु बाँधकर उत्पन्न हुए। तत्पश्चात् सुरेन्द्रोने जिनेन्द्रको मन्दर पर्वतके शिखरपर ले जाकर पूर्ण चन्द्रकी कान्तिको जीतनेवाले कलशो द्वारा क्षीरोदधिके जलसे उनका अभिषेक किया।

१०

भगवान्का नामकरण, स्वभाव-वर्णन, -क्रीडा तथा देव द्वारा परीक्षा

भगवान्का अभिषेक करनेके पश्चात् उन देवेन्द्रोने मणिमय मालाओ द्वारा उनकी पूजा की, जो त्रैलोक्य द्वारा पूजित थे। उन्हे आभूषणोसे विभूषित किया, जो स्वय भुवन-भूषण थे, तथा नाना प्रकारके क्रियाकलापो

५　आघोसिउ णामे वड्ढमाणु।
जगि भणमि भडारउ कहु समाणु॥
जो पेक्खिवि णउ　भीरु उयहि।
जो पेक्खिवि ण थिरु गिरिदु समहि॥
जो पेक्खिवि चदु ण कंतिकतु।
१०　जो पेक्खिवि सूरु ण तेयवंतु॥
मज्झत्थ-भाउ सुह-सुक्क-लेसु।
ण धम्मु परिट्ठिउ पुरिस-वेसु॥
बुज्झिय-परमक्खर-कारणेहि।
जो सजय-विजयहि चारणेहिँ।
१५　अवलोइउ सेसवि देवदेउ।
णट्ठउ भीसणु सदेहहेउ॥
सम्मइ कोक्किउ सजम-धणेहि।
विरइय-गुरु-विणय-पयाहिणेहि॥
अहिसेय-सलिल-धुय-मदरेण।
२०　जो णिब्भउ भणिउ पुरंदरेण॥
त णिसुणिवि देवेँ सगमेण।
होइवि भीमे उरजगमेण॥
णदणवणि कीला-तरु णिरुद्धु।
गय सहयर सिसु थिउ तिजगबधु॥
२५　तहु फणि-माणिक्कइँ फसमाणु।
अविउलु अचलु वि सिरि-वड्ढमाणु।

घत्ता—फण-मुह-दाढाउ कर फुसतु णउ संकिउ।
पुज्जिवि देवेण वीरणाहु तहिँ कोक्किउ॥१०॥

११

दुवई—जे सिसु-दसणेण रिउणो वि हु
होंति विमुक्क-मच्छरा।
जस्स कुमार-काल-परिवट्टण-
ववगय तीस वच्छरा॥

सहित उनकी स्तुति की जो मिथ्यामतोमे दूषण दिखानेवाले थे। उनका नाम वर्धमान रखा गया। कवि कहते है कि उन भगवान्को मै किसके समान कहूँ? उन्हे देखकर तो समुद्र भी गम्भीर नही ठहरता, ऐसी उनकी गम्भीरता है। उनकी स्थिरता व धीरता ऐसी है कि उन्हे देखकर पृथ्वी और सुमेरु पर्वत भी स्थिर नही कहे जा सकते। वे ऐसे कान्तिवान् है कि उन्हे देखकर चन्द्रकी कान्ति कुछ नही रहती। तेजस्वी भी वे ऐसे है कि उन्हे देखकर सूर्य भी तेजवान् नही रहता। वे माध्यस्थ भावसे युक्त तथा शुभ शुक्ललेश्यावाले थे। मानो स्वय धर्म ही पुरुषका वेप धारण कर आ उपस्थित हुआ हो। सजय और विजय नामक चारण-ऋद्धिधारी देवोने परमोपदेश रूप वाणी को समझकर ही उनके शैशव-कालमे ही देखकर उन्हे देवोके देव तीर्थंकर जान लिया और उनके भीषण सन्देहका कारण दूर हो गया। सयमधारी मुनियोने अत्यन्त विनयभावसे उनकी प्रदक्षिणा की और उन्हे सन्मति कहकर पुकारा। उनके अभिषेक-जलसे मन्दर पर्वतको धोनेवाले पुरन्दरने उन्हे निर्भय कहा। देवोकी सभामे उनकी ऐसी प्रशसा सुनकर सगम नामक एक देवने उनकी परीक्षा करनी चाही। वह भयकर सर्पका रूप धारण करके कुण्डपुरके नन्दनवनमे आया, जहाँ कुमार महावीर क्रीडा कर रहे थे। वे जिस वृक्षपर क्रीडा कर रहे थे, उस क्रीडा-वृक्षको उस सर्पने चारो तरफसे घेर लिया। यह देख उनके साथ क्रीडा करनेवाले सहचर शिशु सब भाग गये, किन्तु वे त्रिजगत्के बन्धु वही ठहरे रहे। वे श्रीवर्धमान निर्व्याकुल और अचल होकर उस भयकर सर्पके फणपर के माणिक्यका स्पर्श करने लगे। वे उसके फण और मुख की दाढोका अपने हाथसे स्पर्श करते हुए जरा भी शकित नही हुए। यह देख उस देवने उनकी पूजा की और उन्हे वीरनाथ कहकर पुकारा ॥१०॥

११

भगवान्को मुनि-दीक्षा

कुमारकालसे ही जिनके दर्शनमात्रसे शत्रु अपने द्वेष-भावको छोड देते थे, उनके कुमारकालकी प्रवृत्तिके तीस वर्ष व्यतीत हो गये। अब

५ जो सत्त-हत्थ-सुपमाणियगु ।
जें विद्धंसिउ दूसहु अणगु ॥
णिव्वेइउ सो मउलिय-करेहिं ।
सबोहिउ लोयतिय-सुरेहिं ॥
अहिसिचिउ पुणु सयलामरेहिं ।
१० विज्जिज्जतउ चामर-वरेहिं ॥
चदप्पह-सिवियहिं पहु चडिण्णु ।
तहिं णाह-सड-वणि णवर दिण्णु ॥
मग्गसिर-कसण-दसमी-दिणति ।
सजायइ तियसुच्छवि महति ॥
१५ वोलीणइ चरियावरण-पकि ।
हत्थुत्तर-मज्झासिइ ससकि ॥
छट्ठोववासु किउ मलहरेण ।
तव-चरणु लइउ परमेसरेण
मणिमय-पडलें लेप्पिणु ससेस ।
२० इदे खीरण्णवि घित्त केस ॥

घत्ता—परमेट्ठि रिसिंदु
थिउ पडिवज्जिवि सजमु ।
थुउ भरह-णरेहिं
पुप्फयत-वदिय-कमु ॥११॥

इय वीरजिणिंदचरिए गब्भावतरण-जम्म-तव-वण्णणो णाम
पढमो सधि ॥१॥

(महापुराणु सधि ९५-९६ से सकलित)

उनके शरीरका प्रमाण पूरे सात हाथ हो गया था, तथापि उन्होने कामके वशीभूत न होकर कामदेव को जीत लिया था। तभी लौकान्तिक देवोने आकर उन्हे सम्बोधित किया और हाथ जोडकर उन्हे वैराग्य-भाव उत्पन्न करा दिया। फिर उत्तम चमरोसे व्यजन करते हुए समस्त देवोने उनका अभिषेक किया। फिर भगवान् चन्द्रकी प्रभासे युक्त पालकीपर विराजमान हुए और ज्ञातृषण्डवनमे पहुँचे। वहाँ उन पापहारी परमेश्वरने, मार्गशीर्ष (अगहन) कृष्णपक्ष दशमीके दिन जब देवोका महोत्सव हो रहा था और चन्द्रमा उत्तराफाल्गुनी और हस्त नक्षत्रोके बीच स्थित था, तभी अपने चारित्रावरण कर्मरूपी मलको दूर कर, षष्ठ उपवास सहित तपश्चरण ग्रहण किया। तभी उन्होने केश-लोच किया और इन्द्रने उन केशोको एक मणिमय पटलमे लेकर क्षीरोदधिमे विसर्जित कर दिया। इस प्रकार वे मुनीन्द्र परमेष्ठी सयम ग्रहण कर आसीन हुए। भारतवर्षकी समस्त जनताने उनकी स्तुति की। कवि पुष्पदन्त भी उनके चरणोकी वन्दना करते है ॥११॥

इति वीर जिनेन्द्र गर्भावतरण, जन्म और तप विषयक प्रथम
सन्धि समाप्त ॥ सन्धि १ ॥

सन्धि २

१

मणपज्जय-सजुत्तउ देवदेउ थिर-चित्तउ ।
तार-हार-पडुर-घरि कूल-गाम-णामइ पुरि ।।ध्रुवक।।

भिक्खहिं परमेसरु पइसरइ ।
घरि घरि सुसमजसु सचरइ ।।
५ मणपज्जय-णयणे परियरिउ ।
कूलहु घर-पगणि अवयरिउ ।।
रायहु पियगु-वण्णुज्जलहु ।
पणवतहु मउलिय-करयलहु ।।
थिउ भुवण-णाहु दिण्णउ असणु ।
१० णव-कोडि-सुद्धु मुणि-दिव्वसणु ।।
त लेप्पिणु किर जा णीसरिउ ।
ता भूमि-भाउ रयणहि भरिउ ।।
देवहिं जयतूरइँ ताडियइँ ।
गयणयलहु फुल्लइँ पाडियइँ ।।
१५ भो चारु दाणु उग्घोसियउ ।
अइ-सुरहिउ पाणिउ वरसियउ ।।
मदाणिलु वूढउ सीयलउ ।
णिउ णर-वदिउ बहु-गुण-णिलउ ।।
एत्तहि दुकम्मइँ णिट्ठवइ ।
२० भीसणि णिज्जणि वणि दिणु गमइ ।।
जिणु जिण-कप्पेण जि चक्कमइ ।
जो पाण-हारि तासु वि खमइ ।।

घत्ता—सुणह-सीह-सीयालहँ ओरसियहँ सद्दूलहँ ।
वणि अच्छइ उब्भुब्भउ रयणिहि ण थिरु खभउ ।।१।।

सन्धि २

केवलज्ञानोत्पत्ति

१

कूलग्राममे भगवान्‌को आहार-दान

देवोके देव भगवान् महावीर स्थिर चित्त तथा मन पर्यय ज्ञानसे युक्त होकर उस कूलग्राम नामक पुरीमे पहुँचे जहांके निवास-गृह तारो और हारोके समान उज्ज्वल दृष्टिगोचर होते थे। वहां उन परमेश्वरने भिक्षाके लिए प्रवेश किया और बडे साम्य-भावसे एक घरसे दूसरे घरकी ओर गमन करने लगे। वे अपने मन पर्यय ज्ञानरूपी नेत्रसे ही अपने आस-पासके लोगोके मनको जान रहे थे। वे वहांके राजा कूलके गृहप्रागणमे अवतरित हुए। उस प्रियगु वर्ण-से उज्ज्वल नरेशने हाथ जोडकर उन्हे प्रणाम किया। वे भुवननाथ वहां ठहर गये और राजाने उन्हे मुनिके योग्य नव-कोटि-शुद्ध आहार दिया। जब आहार लेकर भगवान् बाहर निकले तब जिस भूमिभागपर उन्होने आहार लिया था वह रत्नो-से परिपूर्ण हो गया। देवोने जयध्वनि करते हुए तूर्य बजाये तथा आकाशसे फूल बरसाये। उन्होने घोषित किया—अहो, यह बडा सुन्दर दान हुआ। इस समय अतिसुगन्ध-युक्त पानी बरसा। मन्द और शीतल पवन प्रवाहित हुआ तथा उस अनेक गुणोके निवास राजा की लोगोने वन्दना की। यहॉ जिन भगवान् महावोर अपने दुष्कर्मोंको विनष्ट करते हुए उस पुरीके समीप भीषण निर्जन वनमे दिन व्यतीत करने लगे। वे जिनकल्पी चारित्रसे अपनी चर्या करते थे और जो कोई उनके प्राण हरण करनेकी इच्छासे उनके समीप आता था उसके प्रति भी वे समभाव रखते थे। जिस वनमे श्वान, सिंह और शृगाल तथा शार्दूल गर्जना करते हुए चारो ओर विचरण करते थे उसी वनमे वे रात्रिभर खडे-खडे ऐसे ध्यान-मग्न रहते थे जैसे मानो वह कोई स्थिर स्तम्भ हो ॥१॥

२

५ ण करइ सरीर-सठप्प-विहि ।
सुपरीसह सहइ ण मुयइ दिहि ॥
वड्ढत-केस-जड-मालियउ ।
ण चदणु फणिउल-माणियउ ॥
उज्जेणिहि पिउवणि भययरिहि ।
१० तम-कसणहि भीम-विहावरिहि ॥
अण्णहि दिणि सिद्धि-पुरंधि-पिउ ।
पिउवणि पडिमा-जोएण थिउ ॥
जोईसरु जण-जणणत्तिहरु ।
अवलोइउ रुद्दे परमपरु ॥
१५ मई कय-उवसग्गहु किं तसइ ।
णिय-चरिय-गिरिंदहु किं ल्हसइ ।
किं णउ णदणु पियकारिणिहि ।
जोयउँ जिणु सम्मइ-धारिणिहि ॥
इय चिंतिवि जेट्ठा-तणुरुहिण ।
२० पिंगच्छि-भिउडि-भीसण-मुहिण ॥
वेयाल काण-ककाल-धर ।
करवाल-सूल-झस-परसुकर ॥
पिंगुद्ध-केस दीहर-णहर ।
किलिकिलि-रव-बहिरिय-भुवणहर ॥
२५ चोइय धाइय हरि दिण्ण-कम ।
फुप्फुप्फुयत विसि विसविसम ॥

घत्ता—कय-भुवणयल-विमद्दे पुणु वि हरेण रउद्दे ॥
णिय-विज्जहिँ दरिसाविउ गुरु पाउसु वरिसाविउ ॥२॥

३

पुणु वणयर-गणु कय-पडिखलणु ।
पुणु धगधगंतु जालिउ जलणु ॥
देविंद-चद-दप्प-हरणइँ ।
पुणु मुक्कइँ णाणा-पहरणइँ ॥

२

उज्जैनीमे भगवान्‌की रुद्रद्वारा परीक्षा

भगवान् अपने शरीरके सस्कारकी कोई क्रिया नही करते थे। वे बडे-बडे परिषहोको भी सहन करते थे और धैर्य नही छोडते थे। अपने बढते हुए केशोकी जटाओसे लिपटे हुए वे ऐसे दिखाई देते थे मानो अनेक सर्परूपी मालाओसे वेष्टित चन्दनका वृक्ष हो। एक दिन उज्जैनीके भयकर श्मशानमे अन्धकारसे काली भीषण रात्रिके समय वे सिद्धि रूपी महिलाके प्रियपति प्रतिमा योगसे स्थित थे, तभी उस अवस्थामे लोगोके जन्म-मरण रूपी व्याधिका हरण करनेवाले परमश्रेष्ठ योगीश्वरको रुद्रने देखा। रुद्रने विचारा—देखूँ, क्या यह उपसर्ग करनेपर त्रस्त होता है और क्या अपने चारित्ररूपी गिरीन्द्रसे नीचे गिरता है? देखूँ कि यह सम्यक्‌दर्शन धारण करनेवाली प्रियकारिणी देवीका ही पुत्र जिनेन्द्र है, या नही। ऐसा विचार करके उस ज्येष्ठाके पुत्र रुद्रने लाल आँखे, टेढी भौहे और भीषण मुख बनाकर काल-ककालधारी वैताल बनाये जो अपने हाथोमे तलवार, शूल, झष और फरसे लिये थे। उनके केश पिगल वर्ण और खडे हुए थे, नख बडे लम्बे थे तथा वे अपनी किलकिलाहटकी ध्वनिसे भुवनरूपी गृहको बहिरा कर रहे थे। रुद्रकी प्रेरणासे वे सब भगवान्‌की ओर दौडे। सिह भी उनपर झपट पडे और भीषण विषधारी सर्प भी उनकी ओर फुफकार करते हुए दौड पडे। इसके अतिरिक्त भी उन रुद्र हरने जो भुवनमात्रका सहार करनेमे समर्थ थे, अपनी विद्याओ द्वारा भीषण मेघोको दर्शाया और घोर जल वृष्टि की ॥२॥

३

रुद्रका उपसर्ग विफल हुआ

रुद्रने समस्त वनचरो द्वारा क्षोभ उत्पन्न कराया। धग्धकाती हुई अग्नि भी जलायी और नाना प्रकारके ऐसे अस्त्र-शस्त्र भी छोडे जिनसे देव, इन्द्र और चन्द्रका भी दर्प चूर-चूर हो जाय। किन्तु रुद्रके समस्त

५ सव्वइँ गयाइँ विहलाइँ किह ।
किविणहु मंदिरि दीणाइँ जिह ॥
सच्चइ-तणएण पवुत्तु हलि ।
गिरिवर-सुइ वियसिय-मुह-कमलि ॥
वीरहु वीरत्तु ण संचलइ ।
१० किं मेरु-सिहरि कत्थइ ढलइ ॥
इय भणिवि वे वि वदिवि गयइँ ।
वसहारुढइँ रइ-रस-रयइँ ॥
चेडय-रायहु लय-ललिय-भुय ।
णिय-पुर-वरि चंदण णाम सुय ॥
१५ णंदणवणि कीडइ कमल-मुहि ।
जिह जणणि-जणणु ण वि मुणइ सुहि ॥

घत्ता—तिह विलसिय-वम्मीसे णिय केण वि खयरीसे ।
पुणु णिय-घरिणिहि भीए वणि घल्लिय सु-विणीए ॥३॥

४

णिय-बधु-विओय-विसण्ण-मइ ।
तहिं दिट्ठी वाहे हंसगइ ॥
धणयत्ते वसहयत्त-वणिहि ।
ते दिण्णी वणि-चूडामणिहि ॥
५ वणिणा णिय-मंदिरि णिहिय सइ ।
रूवेण णाइँ पच्चक्ख रइ ॥
पडिवक्ख-गुणेहिँ विमद्दियइ ।
चिंतिउ तहु पियइ सुहद्दियइ ॥
एही कुमारि जइ रमइ वरु ।
१० तो पुणु महु दुक्करु होइ घरु ॥
एयहि केरउ सहुँ जोव्वणिण ।
णासमि वररूउ कुभोयणिण ॥
इय भणिवि णियविणि रोसवस ।
घल्लति भीस-दुव्वयण-कस ॥
१५ कोद्दव-कूरहु सराउ भरिउ ।
सहुँ कंजिएण रस-परिहरिउ ॥

उपसर्ग ऐसे विफल हुए जैसे कृपण पुरुषके घर जाकर दीनजन विफल ही वापस हो जाते है। तब उन सात्यकी-पुत्र रुद्रने पार्वतीसे कहा—हे प्रफुल्ल-कमलमुखी गिरिवर-पुत्री पार्वती, देखो इस वीरकी वीरता लेश-मात्र भी चलायमान नही होती। भला क्या सुमेरु पर्वत कहीं ढल सकता है? ऐसा कहकर वे दोनो भगवान्‌की वन्दना करके अपने वृषभपर आरूढ हो, रति-रसमे अनुरक्त होते हुए वहाँसे चले गये। उधर चेतकराजाकी, लताके समान कोमल भुजाओवाली कमलमुखी चन्दना नामकी पुत्री जब अपने नगरके नन्दनवनमे क्रीडा कर रही थी, तभी कामवासनासे प्रेरित होकर एक विद्याधरने उसका चुपचाप अपहरण कर लिया। इससे उसके माता-पिता तथा सखी-साथियोको इसका कोई पता न चला। वह विद्याधर उसे ले तो गया किन्तु बीचमे ही अपनी गृहिणीके क्रोधकी आशकासे भयभीत होकर उसने उसे वनमे ही छोड दिया ॥३॥

४

कौशाम्बीमे चन्दना कुमारी द्वारा भगवान्‌का दर्शन

अपने बन्धु-वर्गसे बिछुडकर और उस वनमे अपनेको अकेली पाकर चन्दनाको बडा दु ख हुआ। उसी समय उस हसगामिनीको एक धनदत्त नामक व्याधने देख लिया। उसने उसे अपने साथ ले जाकर उस नगरके श्रेष्ठ धनी वृषभदत्त नामक वणिक्‌को सौप दिया। वणिक्‌ने उस सतीको अपने घरमे रखा। किन्तु वह अपने सौन्दर्यसे साक्षात् रति ही थी। अतएव उस वणिक्‌की सुभद्रा नामक पत्नीने प्रतिकूल भावनाओसे प्रेरित होकर विचार किया कि यदि मेरा पति इस कुमारीपर आसक्त हो गया तो फिर मेरे लिए यह घर दुष्कर हो जायेगा। अतएव अच्छा होगा कि मै कुत्सित भोजन द्वारा इसके यौवनके साथ-साथ सुन्दर रूपको भी नष्ट कर दूँ। ऐसा विचारकर वह स्त्री रोषके वशीभूत हो उसपर भीषण दुर्वचनरूपी कोडोका प्रहार करने लगी। उसे वह नित्य ही एक कटोरे भर रस-विहीन कोदोका भात काजीके साथ खानेको दे देती थी।

सा णिच्च देइ तहि णव-णवउ।
एत्तहि परमेट्ठि सु-भइरवउ॥
२० गुरु-पाव-भाव भर-ववसियउ।
विसहेप्पिणु हर-दुव्विलसियउ॥
सम-सत्तु-मित्त-जीविय-रमणु।
अण्णहि दिणि भव्व-समुद्धरणु॥
पिंडत्थिउ जाणिय-जीव-गइ।
२५ कोसवी-पुर-वरि पइसरइ॥
घत्ता—णियल-णिरुद्ध-पयाइ चेडय-णिव-दुहियाइ॥
आविवि समुहियाइ पणवेप्पिणु दुहियाइ॥४॥

५

कोदव-सित्थइँ सरावि कयइँ।
सउवीर-विमीसइँ हयमयइँ॥
मुणि-णाहहु करयलि ढोइयइँ।
तेण वि णियदिट्ठिइ जोइयइँ॥
५ जायाइँ भोज्जु रस-दिण्ण-दिहि।
अट्ठारह-खण्ड-पयार-विहि॥
जिण-दाण-पहावे दुद्दमइँ।
आयस-घडियइँ रोहिय-कमइँ॥
सज्जण-मण-णयणाणंदणहि।
१० परिगलियइँ णियलइँ चंदणहि॥
अमरहि महुयर-मुह-पेल्लियइँ।
कुंदइँ मंदारइँ घल्लियइँ॥
रयणाइँ वण्ण-कब्बुरियाइँ।
पसरंत-किरण-विप्फुरियाइँ॥
१५ हय दुंदुहि साहुक्कारु कउ।
गुणि-संगे कासु ण जाउ जउ॥
कण्णहि गुणोहु विउसेहि थुउ।
सहुँ बंधवेहि संजोउ हुउ॥
बारह-संवच्छर-तव-चरणु।
२० किउ सम्मइणा दुक्कय-हरणु॥

इसी बीच रुद्रके द्वारा किये गये उस अत्यन्त भयकर तथा भीषण पापभावसे प्रेरित होकर किये गये उपसर्गको सहनकर वे परमेष्ठी भगवान् महावीर जो शत्रु-मित्र तथा जीवन और मरण आदि द्वन्द्वोमे समता-भाव रखते थे, वे एक दिन भव्योके उद्धारकी भावना रखते हुए तथा जीवोकी विचित्र गतिको समझते हुए आहारके निमित्त कौशाम्बीपुरमे प्रविष्ट हुए। तभी सांकलसे बँधे हुए पैरोसे युक्त उस दु खी चेतकराज पुत्रीने भगवान्‌के सम्मुख आकर उन्हे प्रणाम किया ॥४॥

५

चन्दना द्वारा भगवान्‌को आहार-दान

चन्दनाने अपने कोदोके भातको छाँछसे मिश्रित कर और कटोरेमे रखकर मुनिराजकी हथेलीमे अर्पित कर दिया। भगवान्‌ने जब उसे अपनी दृष्टिसे देखा तो वह अठारह प्रकारके स्वादिष्ट और नाना रसोसे युक्त भोजन बन गया। चन्दनाके भगवान्‌को दिये उस आहार-दानके प्रभावसे उसकी गतिमे बाधा डालनेवाली वे लोहेकी बनी सांकले टूटकर गिर गयी जिससे सज्जनोके अन्त करण और नेत्रोको बडा आनन्द हुआ। देवोने भ्रमरोके मुखसे प्रेरित झकारयुक्त मन्दार पुष्पोकी वर्षा की। उन्होने नाना वर्णोसे विचित्र तथा अपनी फैलती हुई किरणोसे स्फुरायमान रत्नोकी भी वृष्टि की, दुन्दुभि भी बजायी और साधु-साधुका उच्चारण भी किया। भला गुणीजनोके ससर्गसे किसे उल्लास नही होगा ? विद्वानोने उस कन्याके गुणोकी स्तुति की। उसका अपने माता-पिता आदि बान्धवोके साथ सयोग भी हो गया।

सन्मति भगवान्‌ने दुष्कर्मोका हनन करते हुए बारह वर्ष तक तपश्चरण किया। अपनी उस चन्दना नामक बहनके अहिसा और

पोसतु अहिंस खति ससहि ।
भयवतु सतु विहरंतु महि ॥
गउ जिम्हिय-गामहु अइ-णियडि ।
सुविउलि रिजुकूला-णइहि तडि ॥

२५ घत्ता—मोर-कीर-सारस-सरि उज्जाणम्मि मणोहरि ॥
साल-मूलि रिसि-राणउ रयण-सिलहि आसीणउ ॥५॥

६

छट्ठेणुववासे हयदुरिए ।
परिपालिय-तेरह-विह-चरिए ॥
वइसाह-मासि सिय-दसमि दिणि ।
अवरण्हइ जायइ हिम-किरणि ॥
५ हत्थुत्तर-मज्झ-समासियइ ।
पहु वडिवण्णउ केवल-सियइ ॥
घणघणइँ घाइकम्मइँ हयइँ ।
खुहियाइँ झत्ति तिण्णि वि जयइँ ॥
घटा-रव हरि-रव पडह-रव ।
१० आया असख सुर सख-रव ॥
वदियउ तेहिँ वीराहिवइ
सुत्तामउ चरण-जुयलु णवइ ॥
किउ समवसरणु गय-सर-सरणु ।
उवइट्ठउ तिहुवण-जण-सरणु ॥
१५ आहडलेण पप्फुल्ल-मुहु ।
सेणिय हउँ आणिउ दिय-पमुहु ॥
महु ससयेण सभिण्ण मइ ।
जिणु पुच्छिउ जीवहु तणिय गइ ॥
णाहे महु ससउ णासियउ ।
२० मइँ अप्पउ दिक्खइ भूसियउ ॥
मइँ समउ समण-भावहु गयइँ ।
पावइयइँ दियहँ पचसयइँ ॥

घत्ता—पत्ते मासे सावणि वहुले पाडिवए दिणि ॥
उप्पण्णउ चउ-बुद्धिउ महु सत्त वि रिसि-रिद्धिउ ॥६॥

क्षमा-भावोका पोषण करते हुए तथा पृथ्वीपर विहार करते हुए वे भगवान् ऋषिराज जृम्भिका नामक ग्रामके अति विकृत ऋजुकूला नदीके विशाल तटवर्ती मनोहर उद्यानमे जहाँ मयूर, शुक और सारस क्रीडा कर रहे थे वहाँ सालवृक्षके मूलमे रखी हुई रत्नशिलापर विराजमान हुए ॥५॥

६

भगवान्‌को केवलज्ञानकी उत्पत्ति

पापका हरण करनेवाले षष्ठोपवास करते हुए तथा तेरह प्रकारके चारित्रका पालन करते हुए भगवान् अपनी तपस्यामे लीन रहने लगे। फिर वैशाखमासके शुक्लपक्षकी दशमी तिथिको अपराह्णमे जब चन्द्र हस्त और उत्तरा फाल्गुनि नक्षत्रके मध्यमे स्थित था तब भगवान्‌को केवल-ज्ञानरूपी लक्ष्मीकी प्राप्ति हुई। उनके सघन घातिकर्म विनष्ट हो गये। उस समय तीनो लोकोमे जागृति उत्पन्न हुई। घण्टा, पटह तथा शखोकी ध्वनि एव सिहनाद करते हुए असख्य देव आ उपस्थित हुए। उन्होने महावीर भगवान्‌की वन्दना की। इन्द्रने भी उनके चरण-युगलमे नमन किया। फिर उन्होने समवशरणकी रचना की जिसके मध्यमे कामको दूर करने-वाले एव भुवनके लोगोको आश्रयभूत भगवान् विराजमान हुए। गौतम गणधर राजा श्रेणिकसे कहते है कि हे श्रेणिक, उस समय इन्द्र प्रसन्नमुख होकर मुझ द्विज-प्रमुखको यहाँ ले आया। उस समय मेरी मति सशयसे भ्रान्त थी, अतएव मैने जिनेन्द्रसे जीवकी गतिके विषयमे प्रश्न किया। भगवान्‌ने मेरे सशयको दूर कर दिया, तब मैने अपनेआपको मुनि-दीक्षासे विभूषित किया। मेरे साथ अन्य पाँच सौ द्विज भी प्रव्रज्या लेकर श्रमण बन गये। तत्पश्चात् श्रावणमासके कृष्णपक्षकी प्रतिपदाका दिन आनेपर मुझे चारो प्रकारकी बुद्धि तथा सातो ऋषि-ऋद्धियाँ भी उत्पन्न हो गयी ॥६॥

७

महंतो महाणाणवंतो सभूई ।
गणी वाउभूई पुणो अग्गिभूई ॥
सुधम्मो मुणिंदो कुन्दायास-चंदो ।
अणिंदो णिवंदो चरित्ते अमंदो ॥
५ इसी मोरि मुंडी सुओ चत्त-गावो ।
समुप्पण्ण-वीरंघि-राईव-भावो ॥
सया सोहमाणो तवेण खगामो ।
पवित्तो सचित्तेण मित्तेय णामो ॥
सयाकंपणो णिच्चलंको पहासो ।
१० विमुक्कग-राओ रई-णाह-णासो ॥
इमे एवमाई गणेसा मुणिल्ला ।
जिणिंदस्स जाया असल्ला महल्ला ॥
स-पुव्वंग धारीण मुक्कावईण ।
पसिद्धाइँ गुत्ती-सयाइं जईण ॥
१५ दहेक्कूणयाइं तहिं सिक्खुयाण ।
समुम्मिल्ल सव्वावही-चक्खुयाण ॥

घत्ता—मोहे लोहे चत्तउ तिहिँ सएहिं सजुत्तउ ॥
एक्कु सहसु सभूयउ खम-दम-भूसिय रूवउ ॥७॥

८

पंचेव चउत्थ-णाण-धरहं ।
सत्तेव सुकेवलि-जइ-वरहं ॥
चत्तारि सयइं वाई-वरहं ।
दिय सुगय-कविल-हर-णय हरहं ॥
५ छत्तीस सहासइँ संजईहिं ।
भणु एक लक्खु मंदिरजईहिं ॥
लक्खाइं तिण्णि जहिँ सावइहिं ।
सुर देवहिं मुक्क संख-गइहिँ ॥
सखेज्जएहिं तिरिएहिं सहुँ ।
१० परमेट्ठि देउ सोक्खाइँ महुँ ॥

७

भगवान्‌के इन्द्रभूति गौतम आदि एकादश गणधर

महाज्ञानवान् एव विभूतियुक्त इन्द्रभूति गौतम महावीर भगवान्‌के श्रेष्ठ गणधर हुए। दूसरे वायुभूति, तीसरे अग्निभूति, चौथे सुधर्म मुनीन्द्र जो अपने कुलरूपी आकाशके चन्द्रमा थे, अनिद्य, नर-वन्द्य तथा चारित्रमे अमद थे। पाँचवे ऋषि मोर्य, छठे मुण्डि (मोण्य), सातवे सुत (पुत्र) जो इन्द्रियोकी आसक्तिसे रहित तथा वीरभगवान्‌के चरणकमलोके भक्त थे। आठवे मेत्रेय जो महातपसे शोभायमान, इन्द्रियजित् व शुक्ल-ध्यानी तथा चित्तसे पवित्र थे। नवमे अकम्पन जो सदैव तपस्यामे अकम्प रहते थे। दसवे अचल और ग्यारहवे प्रभास जो देहके अनुरागसे रहित तथा कामदेवके विनाशक थे। जिनेन्द्र भगवान्‌के ये ग्यारह गणधर मुनि हुए जो शल्य-रहित और महान् थे। इनके अतिरिक्त भगवान्‌के तीन सो शिष्य ऐसे थे, जो समस्त पूर्वो एव अगो के ज्ञाता थे, सुप्रसिद्ध थे एव अव्रतोके त्यागी अर्थात् महाव्रती थे। भगवान्‌के नौ सौ शिष्य ऐसे थे जिनके सर्वावधि ज्ञानरूपी चक्षु खुल गये थे अर्थात् जो सर्वावधि-ज्ञान-धारी थे। भगवान्‌के सघमे एक हजार तीन सौ ऐसे मुनि भी थे जो मोह और लोभके त्यागी तथा क्षमा और दम आदि गुणोसे भूपित थे ॥७॥

८

भगवान्‌का मुनिसघसहित विपुलाचल पर्वतपर आगमन

भगवान्‌के सघमे पाँच चतुर्थ-ज्ञान-धारी अर्थात् मन पर्ययज्ञानी तथा सात केवलज्ञानी मुनि भी थे।

उनके चार सौ ऐसे श्रेष्ठ वादी मुनि थे जो द्विज, सुगत (बुद्ध) कपिल और हर (शिव) इनके सिद्धान्तोका खण्डन करनेमे समर्थ थे। इन मुनियोके अतिरिक्त सघमे छत्तीस सहस्र सयमिनी अर्थात् अर्जिकाएँ, एक लाख गृहस्थ श्रावक तथा तीन लाख श्राविकाएँ थी। देव और देवियोकी तो सख्या असख्य थी। उन परमेष्ठी देवके साथ सख्येय तिर्यंच भी थे जो उनके साथ रहनेमे सुखका अनुभव करते थे।

णाणा-विहोय-रजिय-सुरइ ।
विहरेप्पिणु देउ गामपुरइ ।
सम्मत्त-धोय-मिच्छा-मलइ ।
सबोहिवि भव्व-जीव-कुलइ ॥
१५ विहरतु वसुह विद्धत्थ-रइ ।
विउलइरि पराइउ भुवणवइ ॥
आवेप्पिणु दुह-णिण्णास-यरू ।
सेणिय पइँ वदिउ तित्थयरू ॥
पुन्छियउ पुराणु महतु पइ ।
२० भासियउ असेसु वि तुज्झु मइ ॥

घत्ता—णिसुणिवि गोत्तमभासिय भरहाणंद-विहसिय ॥
सवुद्धा विसहर-णरा पुप्फयत-जोईसरॉ ॥८॥

इय वीरजिणिंदचरिए केवलणाणुप्पत्तिवण्णणो णाम
विदिओ सन्धी ॥२॥

इस विशाल चतुर्विध सघसहित एव नाना विभूतियो द्वारा देवोको भी अनुराग उत्पन्न करते हुए भगवान्‌ने अनेक ग्रामो एव नगरोमे विहार किया तथा भव्य जीवोके विशाल समुदायोका सम्बोधन करके सम्यक्-दर्शनरूपी जलसे उनके मिथ्यात्वरूपी मलको धो डाला। वे त्रिभुवन-नाथ वसुधापर विहार करते हुए तथा काम-व्यसनको दूर करते हुए राजगृहके समीप विपुलाचल पर्वतपर पहुँचे। गौतम स्वामी राजा श्रेणिकसे कहते है कि हे श्रेणिक, तूने विपुलाचलपर आकर उन दु ख-विनाशक तीर्थकर भगवान् महावीरकी वन्दना की। तूने महापुराण सम्बन्धी प्रश्न भी किये जिनके उत्तरमे मैने तुझे समस्त पुराण कह सुनाया। गौतम गणधरके उस भाषणको सुनकर समस्त भारतदेश आनन्दसे विभूषित हो गया तथा पुष्पदन्त कवि कहते है, नाग मनुष्य तथा योगेश्वर सभीका सबोधन हो गया ॥८॥

इति वीरजिनेन्द्र चरितमे केवलज्ञानोत्पत्ति विषयक
द्वितीय सन्धि समाप्त ॥ सन्धि २॥

(महापुराणु सन्धि ९७ से सकलित)

सन्धि ३

वीर-जिणिद-णिव्वाण-पत्ति

१

अंत-तित्थणाहु वि महि विहरिवि ।
जण दुरियाइँ दुलघइँ पहरिवि ॥
पावा पुरवरु पत्तउ मणहरि ।
णव-तरु-पल्लवि वणि बहु-सरवरि ॥
५ सठिउ पविमल रयण सिलायलि ।
रायहसु णावइ पकय-दलि ॥
दोण्णि दियहँ पविहारु मुएप्पिणु ।
सुक्क-झाणु तिज्जउ झाएप्पिणु ॥

घत्ता—णिव्वत्तिइ कत्तिइ तम-कसणि पक्ख चउद्दसि-वासरि ।
१० थिइ ससहरि दुहँहरि साइवइ पच्छिम-रयणिहि अवसरि ॥१॥

२

कय-तिजोय-सुणिरोहु अणिट्ठउ ।
किरिया-छिण्णइ झाणि परिट्ठिउ ॥
णिहयाघाइ-चउक्कु अदेहउ ।
वसु सम-गुण-सरीरु णिण्णेहउ ॥
५ रिसि-सहसेण समउ रय-छिंदणु ।
सिद्धउ जिणु सिद्धत्थहु णदणु ॥
तियस-विलासिणि णच्चिउ तालहि ।
अमरिंदहिँ णव कुवलय-मालहि ॥
णिव्वुइ वीरि गलिय-मय-रायउ ।
१० इंदभूइ गणि केवलि जायउ ॥
सो विउलइरिहि गउ णिव्वाणहु ।
कम्म-विमुक्कउ सासय-ठाणहु ॥

सन्धि ३

वीर जिनेन्द्रकी निर्वाण-प्राप्ति

१

भगवान्‌का विपुलाचलसे विहार करते हुए पावापुर आगमन

वे अन्तिम तीर्थंकर भगवान् महावीर विपुलाचलसे चलकर पृथ्वीपर विहार करते हुए एव जनताके दुर्लंघ्य दुष्कर्मोका अपहरण करते हुए पावापुर नामक उत्तम नगरमे पहुँचे। उस नगरके समीप एक मनोहर वन था, जहाँ वृक्ष नये पल्लवो से आच्छादित थे और अनेक सरोवर थे। उस वन मे भगवान् एक विशुद्ध रत्नशिला पर विराजमान हुए, जैसे मानो एक राजहस कमल-पत्रपर आसीन हो। वहाँसे उन्होने दो दिन तक कोई विहार नही किया और वे तृतीय शुक्लध्यानमे मग्न रहे। फिर कार्तिक मासके कृष्णपक्षकी चतुर्दशीके दिन रात्रिके अन्तिम भागमे जब चन्द्र सुखदायी स्वातिनक्षत्रमे स्थित था, तब उन्हे निर्वाणकी प्राप्ति हो गयी ॥१॥

२

भगवान्‌का निर्वाण तथा उनकी शिष्य-परम्परा

भगवान्‌ने अपने मन, वचन और काय इन तीनो योगोका भले प्रकार निरोध करके छिन्न-क्रिया-निवृत्ति नामक ध्यान धारण किया। उन्होने चारो अघाति कर्मोका नाश कर डाला। और इस प्रकार ये सिद्धार्थ राजाके पुत्र जिनेन्द्र महान् जिन, राग-द्वेषरहित होकर तथा समस्त पाप रूपी रजको दूर करके, शरीर-रहित होते हुए, सम्यक्त्व आदि अष्टगुणोसे युक्त सिद्ध हो गये। उनके साथ अन्य एक सहस्र मुनि भी सिद्धत्वको प्राप्त हुए। उस समय नये कमल-पुष्पोकी मालाओको धारण किये हुए सुरेन्द्रोने ताल दे देकर, देवलोककी अप्सराओका नृत्य कराया।

वीर भगवान्‌के निर्वाण प्राप्त करनेपर मद और रागको विनष्ट कर इन्द्रभूति गणधरने केवलज्ञान प्राप्त किया। वे अपने कर्मोसे मुक्त होकर,

सन्धि ३

वीर जिनेन्द्रकी निर्वाण-प्राप्ति

१

भगवान्‌का विपुलाचलसे विहार करते हुए पावापुर आगमन

वे अन्तिम तीर्थंकर भगवान् महावीर विपुलाचलसे चलकर पृथ्वीपर विहार करते हुए एव जनताके दुर्लंघ्य दुष्कर्मोका अपहरण करते हुए पावापुर नामक उत्तम नगरमे पहुँचे। उस नगरके समीप एक मनोहर वन था, जहाँ वृक्ष नये पल्लवो से आच्छादित थे और अनेक सरोवर थे। उस वन मे भगवान् एक विशुद्ध रत्नशिला पर विराजमान हुए, जैसे मानो एक राजहस कमल-पत्रपर आसीन हो। वहाँसे उन्होने दो दिन तक कोई विहार नही किया और वे तृतीय शुक्लध्यानमे मग्न रहे। फिर कार्तिक मासके कृष्णपक्षकी चतुर्दशीके दिन रात्रिके अन्तिम भागमे जब चन्द्र सुखदायी स्वातिनक्षत्रमे स्थित था, तब उन्हे निर्वाणकी प्राप्ति हो गयी ॥१॥

२

भगवान्‌का निर्वाण तथा उनकी शिष्य-परम्परा

भगवान्‌ने अपने मन, वचन और काय इन तीनो योगोका भले प्रकार निरोध करके छिन्न-क्रिया-निवृत्ति नामक ध्यान धारण किया। उन्होने चारो अघाति कर्मोका नाश कर डाला। और इस प्रकार ये सिद्धार्थ राजाके पुत्र जिनेन्द्र महान् जिन, राग-द्वेषरहित होकर तथा समस्त पाप रूपी रजको दूर करके, शरीर-रहित होते हुए, सम्यक्त्व आदि अष्टगुणोसे युक्त सिद्ध हो गये। उनके साथ अन्य एक सहस्र मुनि भी सिद्धत्वको प्राप्त हुए। उस समय नये कमल-पुष्पोकी मालाओको धारण किये हुए सुरेन्द्रोने ताल दे देकर, देवलोककी अप्सराओका नृत्य कराया।

वीर भगवान्‌के निर्वाण प्राप्त करनेपर मद और रागको विनष्ट कर इन्द्रभूति गणधरने केवलज्ञान प्राप्त किया। वे अपने कर्मोसे मुक्त होकर,

तहिँ वासरि उप्पण्णउ केवलु ।
मुणिहि सुधम्महु पक्खालिय-मलु ॥
१५ तण्णिव्वाणइ जंबू णामहु ।
पंचमु दिव्व-णाणु हय-कामहु ॥
णदि सु-णदिमित्तु अवरु वि मुणि ।
गोवद्धणु चउत्थु जलहर झुणि ॥
ए पच्छइ समत्थ सुय-पारय ।
२० णिरसिय-मिच्छायम णिरु णीरय ॥
पुणु वि विसह-जइ पोट्ठिलु खत्तिउ ।
जउ णाउ वि सिद्धत्थु हयत्तिउ ॥
दिहिसेणक्कु विजउ बुद्धिल्लउ ।
गगु धम्मसेणु वि णीसल्लउ ॥
२५ पुणु णक्खत्तउ पुणु जसवालउ ।
पडु णाम धुवसेणु गुणालउ ॥

घत्ता—अणुकसउ अप्पउ जिणिवि थिउ पुणु सुहद्दु जण-सुहयरु ॥
जसभद्दु अखुद्दु अमद-मइ णाणे णावइ गणहरु ॥२॥

३

भद्दवाहु लोहक्कु भडारउ ।
आयारग-धारि जग सारउ ॥
एयहिँ सव्वु सत्थु मणि माणिउ ।
सेसहिँ एक्कु देसु परियाणिउ ॥
५ पुव्वयालि सुइ णिसुणिय भरहे ।
राए रिउ-वहु-दाविय-विरहे ॥
एव राय-परिवाडिइ णिसुणिउ ।
धम्मु महा-मुणि-णाहहि पिसुणिउ ॥
सेणिय-राउ धम्म-सोयारहँ ।
१० पच्छिल्लउ वज्जिय-भय-भारहँ ॥
जिणसेणेण वीरसेणेण वि ॥
जिण-सासणु सेविउ मय-गिरि-पवि ॥
ताहँ वि पच्छइ बहु-रस-णडियइ ।
भरहे काराविउ पद्धडियइ ॥

विपुलगिरि पर्वतपर निर्वाणरूपी शाश्वत स्थानको प्राप्त हो गये। उसी दिन सुधर्म मुनिको पापमलका प्रक्षालन करनेवाला केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। सुधर्म मुनिका निर्वाण होनेपर कामको जीतनेवाले जम्बू नामक गणधरको वही पचम दिव्यज्ञान अर्थात् केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। उक्त तीन प्रधान केवलज्ञानी गणधरोके पश्चात् क्रमश नन्दि, नन्दिमित्र अपर (अपराजित), और चौथे गोवर्धन तथा पाँचवे भद्रबाहु, ये मेघके समान गम्भीर ध्वनि करनेवाले समस्त श्रुतज्ञानके पारगामी अर्थात् श्रुतकेवली हुए जिन्होने मिथ्यात्वरूपी मलको दूर कर शुद्ध वीतराग भाव प्राप्त किया। उनके पश्चात् (ग्यारह अगो तथा दशपूर्वोके ज्ञाता क्रमश निम्नलिखित एकादश मुनि हुए)—विशाख, प्रोष्ठिल, क्षत्रिय, जय, नागसेन, सिद्धार्थ, धृतिसेन, विजय, बुद्धिल, गग और नि शल्य धर्मसेन। इनके पश्चात् नक्षत्र, यशपाल, पाण्डु, ध्रुवसेन और कस, ये पॉच ग्यारह अगधारी हुए। कसके पश्चात् सुभद्र व यशोभद्र मुनि हुए जो आत्मजयी, जनसुखकारी, महान् तीव्रबुद्धि तथा गणधरके समान ज्ञानी थे॥२॥

३

प्रस्तुत ग्रन्थकी पूर्व परम्परा

यशोभद्रके पश्चात् भद्रबाहु तथा लोहाचार्य भट्टारक हुए। ये (चारो आचार्य) जगत्के सारभूत आचारागके धारी थे। इन्होने आचाराग शास्त्रका पूर्णज्ञान अपने मनमे धारण किया था, तथा शेष आगमोका उन्हे केवल एकदेश अर्थात् सक्षिप्त ज्ञान था। पूर्व कालमे जिस श्रुतज्ञानको शत्रुओकी वधुओको वैधव्य दिखलानेवाले (शत्रु-विजयी) राजा भरतने सुना था, वही राजपरिपाटीसे निरन्तर सुना जाता रहा और उसी धर्मको महा मुनिनाथोने प्रकट किया। उन ससारके भयरूपी भारको दूर करनेवाले धर्मश्रोताओमे सबसे पिछले राजा श्रेणिक हुए। आचार्य वीरसेन और जिनसेनने भी उस जैन शासनकी सेवा की जो मदरूपी पर्वतका वज्रके समान विनाशक है। उनके पश्चात् उसे नाना

१५ पढिवि सुणिवि आयण्णिवि णिम्मलि ॥
पयडिउ मामइएं इय महियलि ॥
कम्म-क्खय-कारणु गणि-दिट्ठउ ।
एव महापुराणु मइँ सिट्ठउ ॥
एत्थु जिणिंद-मग्गि ऊणाहिउ ।
२० बुद्धि-विहीणें ज मइँ साहिउ ॥
त महु खमहु तिलोयहु सारी ।
अरुहुग्गय सुयएवि भडारी ॥
चउवीस वि महु कलुस-खयंकर ।
देतु समाहि बोहि तित्थकर ॥
२५ घत्ता—दुहु छिंदउ णदउ भुयणयलि णिरुवमु कण्ण-रसायणु ॥
आयण्णउ मण्णउ ताम जणु जाम चदु तारायणु ॥३॥

४

वरिसउ मेह-जालु वसुहारहिँ ।
महि पिच्चउ बहु-धण्ण-पयारहिँ ॥
णदउ सासणु वीर-जिणेसहु ।
सेणिउ णिग्गउ णरय-णिवासहु ॥
५ लग्गउ ण्हवणारभहु सुरवइ ।
णदउ पय सुहु णदउ णरवइ ॥
णदउ देसु सुहिक्खु वियभउ ।
जणु-मिच्छत्तु दुचित्तु णिसुभउ ॥
पडिवण्णिय-परिपालण-सूरहु ।
१० होउ सति भरहहु वर-वीरहु ॥
होउ सति बहु-गुण-गणवतहँ ।
सतह दयवतह भयवतहँ ॥
होउ सति सतहु दगइयहु ।
होउ सति सुयणहु सतइयहु ॥
१५ जिण-पय-पणमण-वियलिय गव्वहँ ।
होउ संति णीसेसहँ भव्वहँ ॥
घत्ता—इय दिव्वहु कव्वहु तणउ फलु लहु जिणणाहु पयच्छउ ॥
सिरि-भरहहु अरुहहु जहिँ गमणु पुप्फयतु तहिँ गच्छउ ॥४॥

रसोसे जटित पद्धडिया छन्दमे महामन्त्रि भरतने लिखवाया। उसे पढकर, सुनकर व कानोमे देकर मामैया द्वारा वही निर्मल महीतल पर प्रकट किया गया। गणधरो द्वारा उपदिष्ट यह पुराण कर्मक्षयका कारण है। इसी दृष्टिसे मैने इस महापुराणकी सृष्टि की है। इस जिनेन्द्र मार्गके कथनमे मुझ बुद्धिहीन द्वारा जो कुछ कम या अधिक कहा गया हो उसे त्रैलोक्यकी सारभूत अरहत भगवान् द्वारा प्रादुर्भूत पूज्य श्रुतदेवी क्षमा करे। वे चौबीसो तीर्थंकर, जो समस्त पापोका क्षय करनेवाले है, मुझे समाधि और बोधि प्रदान करे। यह अनुपम कर्ण-रसायनरूप रचना भुवनतल पर दुःखोका नाश करे और आनन्द उत्पन्न करे, तथा लोग उसे तब तक श्रवण और मनन करे जबतक आकाशमे चन्द्र और तारा-गण विद्यमान है ॥३॥

४

कविकी लोक-कल्याण भावना

मेघ-समूह यथासमय सपत्तिधाराओसे वर्षा करे। पृथ्वी प्रचुर धन-धान्यसे भरी रहे। वीर जिनेन्द्रका शासन जीवोको आनन्ददायी हो। राजा श्रेणिक अपने नरक-निवाससे बाहर निकले और आगामी तीर्थंकरके रूपमे देवेन्द्र उनकी अभिषेक-विधिमे लग जावे। समस्त प्रजा सुखसे आनन्द करे और शासकगण भी प्रसन्न रहे। देशभरमे आनन्द हो और सुभिक्ष फैला रहे। लोग अपने मिथ्यात्व और दुश्चिन्तनका विनाश करें। अपनी प्रतिज्ञाके परिपालनमे शूरवीर श्रेष्ठ सुभट भरतको शान्ति प्राप्त हो। नाना गुण-समूहोके धारी दयावान् सन्त और मुनियोको भी शान्ति प्राप्त हो। सज्जन, दगय्या और सुजन सतैयाको भी शान्ति मिले। शेष उन समस्त भव्योको भी शान्ति मिले जिनका गर्व व अभिमान जिनेन्द्र भगवान्के चरणोमे प्रणाम करनेसे दूर हो गया है। इस दिव्य काव्यकी रचनाका फल जिनेन्द्र भगवान् मुझे शीघ्र प्रदान करें तथा मुझ पुष्पदन्त कविका गमन भी वही हो जहाँ श्री भरत और भगवान् अरहत गये है ॥४॥

१५ पढिवि सुणिवि आयण्णिवि णिम्मलि ॥
पयडिउ मामइएं इय महियलि ॥
कम्म-क्खय-कारणु गणि-दिट्ठउ ।
एव महापुराणु मइँ सिट्ठउ ॥
एत्थु जिणिंद-मग्गि ऊणाहिउ ।
२० बुद्धि-विहीणे ज मइँ साहिउ ॥
त महु खमहु तिलोयहु सारी ।
अरुहग्गय सुयएवि भडारी ॥
चउवीस वि महु कलुस-खयकर ।
देतु समाहि बोहि तित्थकर ॥
२५ घत्ता—दुह छिंदउ णदउ भुयणयलि णिरुवमु कण्ण-रसायणु ॥
आयण्णउ मण्णउ ताम जणु जाम चदु तारायणु ॥३॥

४

वरिसउ मेह-जालु वसुहारहिँ ।
महि पिच्चउ बहु-धण्ण-पयारहिँ ॥
णदउ सासणु वीर-जिणेसहु ।
सेणिउ णिग्गउ णरय-णिवासहु ॥
५ लग्गउ ण्हवणारभहु सुरवइ ।
णदउ पय सुहु णदउ णरवइ ॥
णदउ देसु सुहिक्खु वियभउ ।
जणु-मिच्छत्तु दुचित्तु णिसुभउ ॥
पडिवण्णिय-परिपालण-सूरहु ।
१० होउ सति भरहहु वर-वीरहु ॥
होउ संति बहु-गुण-गणवतहँ ।
संतहु दयवतहु भयवतहँ ॥
होउ सति सतहु दगइयहु ।
होउ सति सुयणहु सतइयहु ॥
१५ जिण-पय-पणमण-वियलिय गव्वहँ ।
होउ संति णीसेसहँ भव्वहँ ॥
घत्ता—इय दिव्वहु कव्वहु तणउ फलु लहु जिणणाहु पयच्छउ ॥
सिरि-भरहहु अरुहहु जहि गमणु पुप्फयतु तहिँ गच्छउ ॥४॥

रसोसे जटित पद्धडिया छन्दमे महामन्त्रि भरतने लिखवाया। उसे पढकर, सुनकर व कानोमे देकर मामैया द्वारा वही निर्मल महीतल पर प्रकट किया गया। गणधरो द्वारा उपदिष्ट यह पुराण कर्मक्षयका कारण है। इसी दृष्टिसे मैने इस महापुराणकी सृष्टि की है। इस जिनेन्द्र मार्गके कथनमे मुझ बुद्धिहीन द्वारा जो कुछ कम या अधिक कहा गया हो उसे त्रैलोक्यकी सारभूत अरहत भगवान् द्वारा प्रादुर्भूत पूज्य श्रुतदेवी क्षमा करे। वे चौबीसो तीर्थकर, जो समस्त पापोका क्षय करनेवाले है, मुझे समाधि और बोधि प्रदान करे। यह अनुपम कर्ण-रसायनरूप रचना भुवनतल पर दु खोका नाश करे और आनन्द उत्पन्न करे, तथा लोग उसे तब तक श्रवण और मनन करे जबतक आकाशमे चन्द्र और तारा-गण विद्यमान है ।।३।।

४

कविकी लोक-कल्याण भावना

मेघ-समूह यथासमय सपत्तिधाराओसे वर्षा करे। पृथ्वी प्रचुर धन-धान्यसे भरी रहे। वीर जिनेन्द्रका शासन जीवोको आनन्ददायी हो। राजा श्रेणिक अपने नरक-निवाससे बाहर निकले और आगामी तीर्थ-करके रूपमे देवेन्द्र उनकी अभिषेक-विधिमे लग जावे। समस्त प्रजा सुखसे आनन्द करे और शासकगण भी प्रसन्न रहे। देशभरमे आनन्द हो और सुभिक्ष फैला रहे। लोग अपने मिथ्यात्व और दुश्चिन्तनका विनाश करे। अपनी प्रतिज्ञाके परिपालनमे शूरवीर श्रेष्ठ सुभट भरतको शान्ति प्राप्त हो। नाना गुण-समूहोके धारी दयावान् सन्त और मुनियोको भी शान्ति प्राप्त हो। सज्जन, दगय्या और सुजन सतैयाको भी शान्ति मिले। शेष उन समस्त भव्योको भी शान्ति मिले जिनका गर्व व अभि-मान जिनेन्द्र भगवान्के चरणोमे प्रणाम करनेसे दूर हो गया है। इस दिव्य काव्यकी रचनाका फल जिनेन्द्र भगवान् मुझे शीघ्र प्रदान करे

५

सिद्धि-विलासिणि-मणहर-दूए ।
मुद्धाएवी-तणु-संभूएं ॥
णिद्धण-सधण-लोय-समचित्तें ।
सव्व-जीव-णिक्कारण-मित्ते ॥
५ सद्द सलिल-परिवड्ढिय सोत्ते ।
केसव-पुत्त कासव-गोत्ते ॥
विमल-सरासइ-जणिय-विलासे ।
सुण्ण-भवण-देवलय-णिवासे ॥
कलि-मल-पबल-पडल-परिचत्ते ।
१० णिग्घरेण णिप्पुत्त-कलत्ते ॥
णइ-वावी-तलाय-कय-ण्हाणे ।
जर-चीवर-वक्कल-परिहाणे ॥
धीरें धूली-धूसरियंगें ।
दूरयरुज्झिय-दुज्जण-संगें ॥
१५ महि-सयणयले कर-पंगुरणे ।
मग्गिय-पंडिय-पंडिय-मरणे ॥
मण्णखेड-पुरवरि णिवसंतें ।
मणि अरहंत-धम्मु झायंतें ॥
भरह-मण्णणिज्जें णय-णिलएं ।
२० कव्व-पबंध जणिय-जण-पुलएं ॥
पुप्फयंत-कइणा धुय-पंकें ।
जइ अहिमाणमेरु-णामंकें ॥
कयउ कव्वु भत्तिए परमत्थें ।
जिण-पय पंकय-मउलिय-हत्थें ॥
२५ कोहण संवच्छरि आसाढइ ।
दहमइ दियहि चंद-रुइ-रूढइ ॥

घत्ता—णिरु णिरहहु भरहहु बहुगुणहु कइकुलतिलएं भणियउ ॥
सुपहाणु पुराणु तिसट्ठिहिं मि पुरिसहँ चरिउ समाणियउ ॥५॥

इय वीरजिणिंदचरिए णिव्वाणगमणो णाम तइओ सन्धी ॥३॥

(महापुराणु सन्धि १०२ से संकलित)

५

कवि-परिचय

इस पुराणकी रचना कश्यपगोत्रीय केशव भट्ट तथा मुग्धा देवीके पुत्र पुष्पदन्त द्वारा की गयी है। वे सिद्धिरूपी विलासिनीके मनोहर दूत है। उनकी चित्तवृत्ति निर्धन और धनी लोगो के प्रति समान रहती है। वे समस्त जीवो के निष्कारण मित्र है। उनके कान शब्दरूपी जलसे भरे हुए है। वे स्वच्छ निर्मल सरस्वतीका आश्रय लेकर प्रसन्न रहते है। वे शून्य गृह या देवालयको अपना निवास बना लेते है। वे कलिकालकी मलिनताके प्रबल पटलसे रहित है। उनका न कोई अपना निजी घर है और न कोई पुत्र व स्त्री है। वे कही भी किसी नदी, कुएँ या तालावमे स्नान कर लेते है और कैसे भी जीर्णवस्त्र या वल्कलको पहन लेते है। वे धूलिसे धूसरित अग भी रह लेते है। वे धैर्यवान् है और दुर्जनोके सगका दूरसे ही परित्याग करते है। वे भूमितलको ही अपनी शैया बना लेते है और अपने ही हाथका तकिया लगा लेते है। वे पण्डित-पण्डित-मरण अर्थात् श्रेष्ठ मुनियो जैसे समाधिमरणकी याचना करते है। उन्होने इस उत्तम मान्यखेट नगरमे निवास किया व मनमे अरहन्त धर्मका ध्यान रखा। वे भरत मन्त्री द्वारा सम्मानित हुए। वे नय-निधान अपने काव्य-प्रबन्धकी रचना द्वारा लोगोको रोमाचित कर देते थे। अपने मनोमालिन्यको दूरकर, भक्ति सहित परमार्थकी भावनासे जिनेन्द्रके चरणकमलोमे हाथ जोडकर प्रणामकर जगत्मे अभिमान-मेरु नाम से विख्यात उन्ही पुष्पदन्त कविने इस काव्यकी रचना की और उसे क्रोधन-सवत्सरके आषाढ मासके शुक्लपक्षकी दशमी तिथिको पूर्ण किया।

इस प्रकार नि शेष पापोसे रहित वहुगुणी भरतके निमित्त उक्त-कविकुलतिलक पुष्पदन्त द्वारा वर्णित यह त्रेसठ-शलाका-पुरुष-चरित रूपी सुप्रधान पुराण समाप्त हुआ ॥५॥

इति वीर-जिनेन्द्र-चरितमें निर्वाणप्राप्ति विषयक

तृतीय संधि समाप्त ॥ ३ ॥

सन्धि ४

जम्बूसामि-पवज्ञा

१

आहिंडिवि मंडिवि सयल महि
धम्मे रिसि परमेसरु।
ससिरिहि विउलइरिहि आइयउ
काले वीर-जिणेसरु ॥ध्रुवक॥
५ सेणिउ गउ पुणु वंदण-हत्तिइ।
समवसरणु जोयतउ भत्तिइ॥
पुणु मगहाहिउ भावे घोसइ।
देव चरम-केवलि को होसइ॥
भारह-वरिसि गणेसरु भासइ।
१० एहु सु विज्जुमालि सुरु दीसइ॥
भूसिउ अच्छराहिँ गुणवतहिँ।
विज्जुवेय-विज्जुलिया-कतहिँ॥
पिक्कउ सालि-छेत्तु जलिओ सिहि।
मय-मत्तउ करिंदु बहु मय-णिहि॥
१५ देव दिण्णा-जबूहल-दायइ।
इय सिविणय-दसणि सजायइ॥
अरुहयास-वणियहु घण-थणियहि।
सुरवरु जिणदासिहि सेट्ठिणियहि॥
सत्तम-दिवसि गब्भि थाएसइ।
२० जबू सुरहु पुज्ज पावेसइ॥
जबूसामि णाम इहु होसइ।
तक्कालइ णिव्वुइ जाएसइ॥
वड्ढमाणु पावापुर-सर वणि।
णिद्धु णील-णव-चउरगुल-तणि॥

सन्धि ४

जम्बूस्वामिकी प्रव्रज्या

१

१ श्रेणिक द्वारा अन्तिम केवली विषयक प्रश्न व गौतम गणधरका उत्तर

भगवान् महावीर विचरण करते हुए तथा अपने धर्मोपदेशसे समस्त जगत्को अलकृत करते हुए यथा समय सुन्दर विपुलाचल पर्वतपर आकर विराजमान हुए। तब मगधके राजा श्रेणिक भक्तिपूर्वक उनकी वन्दनाके लिए गया और भगवान्के समोसरणके दर्शन किये। फिर मगध नरेशने धर्मभावसे प्रश्न किया—हे देव, इस भारतवर्षमे अन्तिम केवलज्ञानी कौन होगा ? इसपर गौतम गणधर बोले—हे राजन्, यह जो तुम अपने सम्मुख विद्युत्के समान कान्तिवान् और गुणवती अप्सराओ सहित विद्युन्माली देवको देख रहे हो, वही आजसे सातवे दिवस अरहदास सेठकी उस जिनदासी सेठानीके गर्भमे उत्पन्न होगा। जब वह पके हुए शालिक्षेत्र, जलती हुई अग्नि, मदोन्मत्त तथा बहुतसे मदसे आच्छादित हाथी और देव द्वारा दिये हुए जम्बूफलके उपहारको अपने स्वप्नमे देखेगी, तब उस स्वप्नके फलस्वरूप उनका पुत्र जम्बू देव द्वारा पूजा प्राप्त करेगा, और इस पृथ्वीपर उसका नाम जम्बूस्वामी होगा और वह उसी जन्मभे निर्वाण प्राप्त करेगा।

उसी समय स्निग्ध नीलवर्ण चौरानबे अगुल ऊँचे शरीरके धारी भगवान् वर्धमान पावापुरके सरोवर युक्त वनमे ऐसे निर्वाणको प्राप्त होगे, जो

२५ तइयहुँ जाएसइ णिव्वाणहु ।
अचलहु केवल-णाण-पहाणहु ॥

घत्ता—हउँ केवलु अइणिम्मलु पाविवि समउ सुहम्मे ॥
एउ जि पुरु तोसिय-सुरु आवेसमि हय-कम्मे ॥१॥

२

सुणि सेणिय कूणिउ तुह णंदणु ।
संबोहेसमि सुयणाणंदणु ॥
जंबूसामि वि तहिं आवेसइ ।
अरुह-दिक्ख भत्तिइ मग्गेसइ ॥
५ सयणहिँ सो णिज्जेसइ मइइ ।
णिय-पुरि सत्त-भूमि-थिय-मढइ ॥
तहु विवाहु तहिँ पारंभेव्वउ ।
तेण वि णिय-मणि अवहेरिव्वउ ॥
सायरदत्त-तणय पोमावइ ।
१० अवर सुलक्खण सुर-गय-वर-गइ ॥
पोमसिरि त्ति कणयसिरि सुंदरि ।
विणयसिरि त्ति अवर वर धणसिरि ॥
भवण-मज्झि माणिक्क पईवइ ।
रयण-चुण्ण रंगावलि भावइ ॥
१५ एयहि सहुँ तहिँ अच्छइ मणहरु ।
उण्णाँविय इय णव-कंकण-करु ॥
वरु वहुयहुँ करयलु करि ढोयइ ।
जणणि तासु पच्छण्णु पलोयइ ॥
तहिँ अवसरि सुरम्म-देसंतरि ।
२० विज्जुराय सुउ पोयणपुरवरि ॥
विज्जुप्पहु णामे सुहडग्गणि ।
कुद्धउ सो अरि-गिरि-सोदामणि ॥
केण वि कारणेण ण दिग्गउ ।
णिय-पुरु मेल्लिवि सहसा णिग्गउ ॥
२५ अदंसणु कवाड-उग्घाडणु ।
सिक्खवि लोय-बुद्धि-णिद्दाडणु ॥

अचल है और केवलज्ञानप्रधान है। उस समय मै अर्थात् गौतम गणधर अति निर्मल केवलज्ञान प्राप्त करूँगा और कर्मघाती गणधर सुधर्म सहित इसी देवोको सन्तुष्ट करनेवाले राजगृह नगरमे आऊँगा ॥१॥

२

जम्बूस्वामी-विवाह व गृहमे चोर-प्रवेश

गौतम गणधर कहते है कि हे श्रेणिक, तुम्हारे पुत्र कुणिक को मै सबोधित करूँगा और वह श्रुतज्ञान पाकर आनन्दित होगा। उसी समय जम्बूस्वामी भी वहाँ आवेगा और वह भक्तिपूर्वक अरहन्तदीक्षा माँगेगा। किन्तु उसके बन्धुजन उसे बलपूर्वक रोकेंगे और वह अपने नगरमे सप्त भूमिप्रासाद अर्थात् सतखण्डे महलमे रहने लगेगा। फिर उसके विवाहकी तैयारी की जायगी। किन्तु वह अपने मनमे उसकी अवहेलना करेगा तथापि सागरदत्त सेठकी पुत्री पद्मावती, देवगजगामिनी सुलक्षणा, पद्मश्री, सुन्दरी कनकश्री, विनयश्री, धनश्री, भवनके मध्य माणिक्य प्रदीपके समान माणिक्यवती और रत्नोके चूर्णसे निर्मित रगावलीके समान सुन्दरी रगावलि, इनके साथ वह वरके रूपमे नये ककन बाँधे अपना हाथ उठाकर उन वधुओका पाणिग्रहण करेगा। उसी रात्रि जब उसकी माता चुपचाप देख रही थी, तभी उनके घरमे एक चोरने प्रवेश किया। यह चोर यथार्थत उसी समय सुरम्यदेशकी राजधानी पोदनपुरके विद्युत्‌राय नामक राजाका पुत्र था। उसका नाम विद्युच्चर था और वह सुभटोका अग्रणी था। वह शत्रुरूपी पर्वतोके लिए वज्रसमान दिग्गज किसी कारणसे क्रुद्ध हो गया और अकस्मात् अपना नगर छोडकर चला गया। उसने अदृश्य होने, कपाट खोलने तथा लोगोकी बुद्धिको विनष्ट करनेकी विद्या

विज्जु-चोरु णिय-णाउ कहेप्पिणु ।
पञ्चसयाइँ सहायहँ लेप्पिणु ॥
घत्ता—बलवतहिँ मतहिँ ततहिँ गाविउ ढुक्कउ तक्करु ॥
२० अधारइ घोरइ पसरियइ रयणिहि दूसिय-भक्खरु ॥२॥

३

माणवेण णाउ केण वि दिट्ठउ ।
अरुहदास वणि-भवणि पइट्ठउ ॥
दिट्ठी तेण तेत्थु पसरिय-जस ।
जिणवरदासि णट्ठ-णिद्दालस ॥
५ पुच्छिय कुसुमाले कि चेयसि ।
भणु भणु माइरि किं णउ सोवसि ॥
ताइँ पबोल्लिउ महु सुउ सुह-मणु ।
परइ वप्प पइसरइ तवोवणु ॥
पुत्त-विओय-दुक्खु तणु तावइ ।
१० तेण णिद्द महु कि पि वि णावइ ॥
बुद्धिमतु तुहुँ बुह-विण्णायहिँ ।
एहु णिवारहि सुहडोवायहिँ ॥
पइँ हउँ वधवु परमु वियप्पमि ।
ज मग्गहि त दविणु समप्पमि ॥
१५ त णिसुणिवि णिरक्कु गउ तेत्तहि ।
अच्छइ सहुँ वहुयहि वरु जेत्तहि ॥
जपइ भो कुमार णउ जुज्जइ ।
जणु परलोय-गाहेण जि खिज्जइ ॥
णियडु ण माणइ दूरु जि पेच्छइ ।
२० पल्लउ तणु मुएवि महु वछइ ॥
णिवडिउ कक्करि सेलि सिलायलि ।
जिह सो तिह तुहुँ मरहि म णिप्फलि ॥
तवि कि लग्गइ माणहि कण्णउ ।
ता पभणइ वरु तुहुँ वि जि सुण्णउ ॥
२५ जीवहु तित्ति भोए णउ विज्जइ ।
इदिय-सोक्खे तिट्ठ ण छिज्जइ ॥

सीख ली एव अपना नाम विद्युच्चोर रख लिया। वही अपने पाँच सो सहायकोको लेकर तथा बलवान मन्त्र-तन्त्रोका गर्व रखता हुआ रात्रिके घोर अन्धकारमे दूषित अन्नभक्षी तस्करके रूपमे उस घरमे पहुँचा ॥२॥

३

चोरकी जम्बूस्वामीकी मातासे बातचीत और फिर जम्बूस्वामीसे वार्तालाप

अरुहदास सेठके भवनमे प्रवेश करनेपर भी उसे किसी भी मनुष्यने नही देख पाया। उस चोरने वहाँ यशस्विनी जिनदासी सेठानीको निद्रा और आलस्य रहित जागती हुई देखा। तब चोरने उससे पूछा कि हे माता, तुम जाग क्यो रही हो, सोती क्यो नही। सेठानीने कहा—मेरा शुद्धमन पुत्र अगले दिन तपोवनमे प्रवेश करेगा। यही पुत्रवियोग का दु ख मेरे शरीरको तप्त कर रहा है, और इसी लिए हे बाबू, मुझे तनिक भी निद्रा नही आती। तू बुद्धिमान् है अतएव हे सुभट, किन्ही बुद्धिमानो द्वारा जाने हुए उपायोसे इसको रोक ले। मै तुझे अपना परमबन्धु समझती हूँ। अतएव यह काम कर देनेपर तू जितना धन माँगेगा मै उतना ही दूँगी। सेठानीकी वह बात सुनकर विद्युच्चोर उसी स्थानपर गया जहाँ अपनी वधुओके साथ वर बैठा था। वह चोर बोला—हे कुमार, यह तुम्हे उचित नही कि अपने परलोकके आग्रहसे तुम अपने स्वजनोको खेद उत्पन्न करो। तुम निकट की बातको तो देखते नही, दूर की वस्तु देखते हो। जिस प्रकार हाथीका शावक निकटवर्ती पल्लव और तृणको छोडकर ऊपर लगी हुई मधुकी इच्छा करता हुआ ककर-पत्थरोसे पूर्ण शिलातलपर गिर कर मरणको प्राप्त होता है, उसी प्रकार तुम निष्फल अपना मरण मत करो। तपस्यामे क्यो लगते हो? इन कन्याओसे प्रेम करो। इसपर वरने कहा—तू बुद्धिसे शून्य है। भोगसे जीवकी तृप्ति नही होती। इन्द्रिय-सुखोसे उसकी तृष्णा नही बुझती।

घत्ता—ता घोरे चोरे बोल्लियउ सवरे विद्धउ कुजरु ॥
सो भिल्लु ससल्लु दुमासिएण फणिणा दट्ठउ दुद्धरु ॥३॥

४

तेण वि सो त मारिउ विसहरु ।
मुउ करि मुउ सवरुल्लु धणुद्धरु ॥
तेत्थु समीहिवि मासाहारउ ।
तहिँ अवसरि आयउ कोट्ठारउ ॥
५ लुद्धउ णिय-तणु-लोहे रजइ ।
चाव-सिथणाऊ किर भुजइ ॥
तुट्ट-णिवधणि मुहरुह मोडिइ ।
तालु विहिण्णु सरासण-कोडिइ ॥
मुउ जबुउ अइतिट्ठइ भग्गउ ।
१० जिह तिह सो परलोयहु भग्गउ ॥
म मरु म मरु रइ-सुहु अणुहुजहि ।
भणइ तरुणु तक्कर पडिवज्जहि ॥
सुलहइँ पेच्छिवि विविहइँ रयणइँ ।
गउ पथिउ ढकिवि णिय-णयणइँ ॥
१५ जिणवर-वयणु जीउ णउ भावइ ।
ससरतु विविहावइ पावइ ॥
कोहे लोहे मोहे मुज्झइ ।
अट्ठ-पयारे कम्मे वज्झइ ॥
कहइ थेणु एक्केण सियाले ।
२० मास-खडु छडिवि तिट्ठाले ॥
तणु घल्लिय उप्परि परिहच्छहु ।
तीरिणि-सलिलुच्छलियहु मच्छहु ॥
आमिसु गहियउ पक्खिणि-णाहे ।
सो कड्ढिवि णिउ सलिल-पवाहे ॥
२५ मुउ गोमाउ मच्छु जलि अच्छिउ ।
ता लपेक्खु वरे णिब्भच्छिउ ॥
वणिवरु पथि को चि सुहु सुत्तउ ।
रयण-करडउ तहु तहि हित्तउ ॥

जम्बूस्वामीकी इस बातपर उस घोर चोरने कहा—किसी एक शबरने अपने बाणसे एक हाथीको बेधा। उस बाणधारी दुर्धर, दुष्ट भिल्लको वृक्ष-वासी सर्पने डस लिया ॥३॥

४

जम्बूस्वामी और विद्युच्चर चोरके बीच युक्तियो और दृष्टान्तो द्वारा वाद-विवाद

इसपर उसने साँपको भी मार डाला। इस प्रकार वह हाथी भी मरा, धनुर्धारी शबर भी मरा और सर्प भी। उसी समय एक शृगाल मासाहारकी इच्छासे वहाँ आया। उस लोभीने उस धनुषकी प्रत्यचा रूप स्नायुको खाना प्रारम्भ किया और वह अपने ही शरीरके रक्तसे प्रसन्न होने लगा। धनुषके छोरोसे बन्धन टूट जानेके कारण शृगालके दाँत मुड गये और तालु छिद गया। इस प्रकार अपनी अति तृष्णाके कारण बेचारा शृगाल भी मारा गया। इसी प्रकार उसकी दशा होती है जो परलोकके पीछे दौडता है। अतएव मरो मत। भोग-विलासके सुखका उपभोग करो। इसपर युवकने कहा—हे चोर, सुन। एक पथिकने मार्गमे नाना रत्नोको देखा। उनको सुलभ जान वह अपने नेत्रोको ढाँककर इसलिए आगे चला गया कि इन्हे कोई दूसरा न देख पाये और मै लौटते हुए इन्हे लेता जाऊँगा। किन्तु लौटनेपर उसे वे रत्न नही मिले। इसी प्रकार जिनेन्द्रके वचनरूपी रत्न जिस जीवको नही भाते वह ससारमे भ्रमण करता हुआ नाना प्रकारकी विपत्तियाँ पाता है। वह क्रोध, लोभ, और मोहसे मूढ बनकर आठो प्रकारके कर्म-बन्धनमे पडता है। तब चोर कहता है—एक शृगाल मासका टुकडा लिये हुए नदी पार जा रहा था। उस ने देखा कि उस वेगवती नदीके पानीमे एक मत्स्य अपने शरीरको ऊँचा कर उछल रहा है। उसकी तृष्णावश शृगालने अपने मुँहके मास-खण्डको छोडकर मत्स्यको पकडनेका प्रयत्न किया। मत्स्य मुँहमे न आया। किन्तु उसके मुखसे छूटे मास-खण्डको एक गृद्ध झपटकर ले उडा। शृगाल स्वय जलके प्रवाहमे बहकर मर गया और मत्स्य जलमे जीवित बच गया। इसपर वरने चोरकी पुन भर्त्सना की और कहा—एक वणिक् मार्गमे सुखसे सो गया, और वही उसके रत्नोकी पिटारीको कोई चुरा

वणि तुम्हारिसेहि अण्णाणहि ।
३० सो कुसीलु कउ हिंसिय-पाणहि ॥
घत्ता—दुप्पेक्खे दुक्खे पीडियउ वणिवइ आवइ पत्तउ ॥
जिण-वयणे रयणे वज्जियउ जीउ वि णरइ णिहित्तउ ॥४॥

५

गउ पाविट्ठु दुट्ठु उम्मग्गे ।
विसय-कसाय-चोर-ससग्गे ॥
त आयण्णिवि-पर-धण-हारे ।
उत्तरु दिण्णु बुद्धि-वित्थारे ॥
५ सासुय कुद्ध सुण्ह गहणालइ ।
मरण-काम दिट्ठी तरु-मूलइ ॥
णिसुणि सुवण्णदारु पाडहिए ।
आहरणहु लोहे मइ-रहिए ॥
मरणोवाउ सिट्ठु धवलच्छिहि ।
१० गय-मयणहि घर-पकय-लच्छिहि ॥
सद्दलि पाय दिण्णु गलि पासउ ।
तण्णिवाइ सुउ दुट्ठु दुरासउ ॥
सो मुउ जोइवि णीसासुण्हइ ।
गेह-गमणु पडिवण्णउ सुण्हइ ॥
१५ जिह सो मुउ धण-कंकण-मोहे ।
तिह तुहुँ म मरु मोक्ख-सुह-लोहे ॥
भणइ कुमारु वुत्तु ललियगउ ।
एक्कहि णयरि अत्थि रइ-रगउ ॥
त जोयति का वि मणि-मेहल ।
२० कय मयणे महएवि विसठुल ॥
आणिउ धाइइ पच्छिमदारे ।
देविइ रमिउ मुणिउ परिवारे ॥
राए जाणिउ सो लिहक्काविउ ।
असुइ-पवणि चिवरि घल्लाविउ ॥
२५ किमि-खज्जतु दुक्खु पावेप्पिणु ।
गउ सो णरयहु पाण मुएप्पिणु ॥

ले गया। उसी वनमे तुम्हारे समान अज्ञानी प्राणि-हिसकोने उस वणिक्-को कुशील बना दिया और वह आपत्तिमे पड कर घोर दु खोसे पीडित हुआ। यही दशा होती है उस जीवकी जो जिन-वचन रूपी रत्नोसे रहित होकर नरकमे पहुँचता है ॥४॥

५

दृष्टान्तो द्वारा वाद-विवाद चालू

विषय और कषाय रूपी चोरोके ससर्गसे जीव उन्मार्ग-गामी, पापी और दुष्ट बन जाता है। जम्बूस्वामीकी यह बात सुनकर उस पराये धनका अपहरण करनेवाले चोरने अपने बुद्धि-विस्तारसे इस प्रकार उत्तर दिया—कोई एक पुत्रवधू अपनी साससे क्रुद्ध होकर वनमे गयी और वहाँ वृक्षके मूलमे आत्मघातकी इच्छा करने लगी। इस अवस्थामे उसे सुवर्णदारु नामक एक मृदग बजानेवालेने देखा। इसकी बात सुनकर उस मूर्खने उसके आभूषणोके लोभसे उस घरकी कमल-लक्ष्मी धवलाक्षी काम-रहित जीवनसे विरक्त हुई महिलाको मरनेका उपाय बतलानेका प्रयत्न किया। उसने अपने मृदगपर पैर रखकर वृक्षसे लटकते हुए पाशको अपने गलेमे डाला किन्तु इसी बीच वह मृदग फिसलकर गिर गया और वह दुष्ट दुराशय फाँसीसे लटककर मर गया। उसको मरा देखकर उस पुत्रवधूने उष्ण नि श्वास छोडते हुए घर लौट जाना उचित समझा। जिस प्रकार वह मृदगवादक उस वधूके धन-ककन आदिके मोहसे मरा वैसे ही तू मोक्षसुखके लोभसे मत मर।

कुमारने उत्तर दिया—एक ललिताग धूर्त किसी नगरमे रहता था और राग-रगमे आसक्त था। इसको देखकर राजाकी मणिमेखला-धारिणी एक रानी काम-पीडासे विह्वल हो उठी। उसने अपनी धात्रीके द्वारा उसे पश्चिम द्वारसे बुलवा लिया और उसके साथ रमण किया। यह बात परिवारको ज्ञात हो गयी और राजाको उसकी सूचना मिल गयी। तब रानी ने उसको छिपानेके लिए अपने अशुचि मलसे पूर्ण शौच-स्थानमे डलवा दिया। वहाँ कीडे उसे खाने लगे और वह दु ख पाते हुए प्राण

जिह सो तिह जणु भोयासत्तउ ।
मरइ वप्प णारि-यणहु रत्तउ ॥
घत्ता—णिय-इच्छइ पच्छइ भीरुयहु जीवहु वेय-समग्गउ ॥
३० णासतहु जतहु भव-गहणि मच्चु-णाम करि लग्गउ ॥५॥

६

णिवडिउ जम्म-कूइ विहि-विहियइ ।
कुल-तरु-मूल-जाल-सपिहियइ ॥
लवमाणु परमाउसु-वेल्लिहि ।
पचिदिय-महु-विदु-सुहेल्लिहि ॥
५ काले कसण-सिएहिँ विहिण्णी ।
सा दियहदुरेहि विच्छिण्णी ॥
णिवडिउ णरय-भीम-विसहर-मुहि ।
पच-पयार-घोर-दाविय-दुहि ॥
इय आयण्णिवि तहु आहासिउ ।
१० सव्वहिं धम्मि स-हियउ णिवेसिउ ॥
जणणिइ तक्करेण वर-रूण्णहिं ।
मरगय-मणहर-कचण-वण्णहि ॥
ता अवरि उग्गमिउ दिवायरु ।
जवूदेउ पराइउ सायरु ॥
१५ कूणिएण राए गय-गामिहि ।
णिक्खवणाहिसेउ किउ सामिहि ॥
सिवियहि रयण-किरण-विप्फुरियहि ।
आरूढउ वर-मगल-भरियहि ॥
णाणा-सुर-तरु-कुसुम-पसत्थइ ।
२० विउलि विउल-धरणीहर-मत्थइ ॥
बभण-वणियहि पत्थिव-पुत्तहिं ।
पुत्त-कलत्त-मोह-परिचत्तहि ॥
विज्जूचोरे समउ स-तेयउ ।
चोरहँ पच-सएहि समेयउ ॥
२५ णिच्चाराहिय-वीर-जिणिदहु ।
पासि सधम्महु धम्माणदहु ॥

छोडकर नरकको गया। जिस प्रकार वह धूर्त भोगासक्त होनेके कारण इस विपत्तिमे पडा, वैसे ही स्त्रीके प्रेममे अनुरक्त हुआ मनुष्य मरणको प्राप्त होता है।

एक भीरु मनुष्य भवरूपी वनमे जा रहा था। उसके पीछे स्वेच्छासे मृत्यु नामक वेगवान् हाथी लग गया। उसके भयसे वह जीव भाग खडा हुआ ॥५॥

६

जन्मकूपका दृष्टान्त व जम्बूस्वामी तथा विद्युच्चरकी प्रव्रज्या

भागते-भागते वह एक विधि-विहित जन्मरूपी कूपमे जा गिरा जो कुलरूपी वृक्षकी जडोके जालसे आच्छन्न था। कूपके मध्यमे ही वह उत्कृष्ट आयुरूपी वल्लीसे लटक गया। वहाँ उसे पचेन्द्रिय रूपी मधुके बिन्दुका सुख प्राप्त हुआ। किन्तु उस बेलिको काल द्वारा कृष्ण और श्वेत वर्णोसे विभिन्न रात्रि और दिवसरूपी चूहोने काट डाला। उस बेलिके कटनेसे वह जीव नरकरूपी भयकर सर्पके मुखमे जा पडा, जहाँ उसे पाँच प्रकारके घोर दु खोको भोगना पडा। कुमारके इस दृष्टान्तको सुनकर उन सभी श्रोताओ, अर्थात् कुमारकी माता, चोर और मरकत-मणि तथा सुवर्णके समान मनोहर-वर्णवाली उन श्रेष्ठ कन्याओकी धर्ममे श्रद्धा उत्पन्न हो गयी। इसी समय आकाशमे सूर्यका उदय हो गया और जम्बूस्वामी घरसे निकल पडे। राजा कुणिकने गजगामी जम्बूस्वामीका निष्क्रमण-अभिषेक किया। कुमार रत्नोकी किरणोसे स्फुरायमान तथा श्रेष्ठ मगल द्रव्योसे भरी हुई शिविका (पालकी) मे आरूढ हुए। वे तेजस्वी कुमार नाना कल्पवृक्षोके पुष्पोसे शोभायमान विपुलाचल पर्वतके मस्तकपर पहुँचकर, अपने पुत्र और स्त्रियोके मोहका परित्याग करनेवाले ब्राह्मण, वणिक् तथा क्षत्रिय पुत्रो सहित एव उस विद्युच्चोर तथा उसके पाँच सौ साथी चोरो सहित वीर जिनेन्द्रके पास धर्मनन्दी सुधर्माचार्यसे

घत्ता—तउ लेसइ होसइ पर-जइ होएप्पिणु सुयकेवलि ॥
हय-कम्मि सुवम्मि सुणिव्वुयइ जिण-पय-विरइय-पजलि ॥६॥

७

पत्तइ बारहमइ सवच्छरि ।
चित्त-परिट्ठिइ वियलिय-मच्छरि ॥
पचमु णाणु एहु पावेसइ ।
भवु णामेण महारिसि होसइ ॥
५ तेण समउ महियलि विहरेसइ ।
दह-गुणियइँ चत्तारि कहेसइ ॥
वरिसइँ धम्मु सव्व-भव्वोहहँ ।
विद्धसिय-बहु-मिच्छा-मोहहँ ॥
अतिमकेवलि उप्पज्जेसइ ।
१० महु पहु-वसहु उण्णइ होसइ ॥

इय वीरजिणिदचरिए जम्बूसामि-पवज्जावण्णणो
णाम चउत्थो सधि ॥४॥

(महापुराणु सधि १०० से सकलित)

तप ग्रहण करेगे, वा श्रेष्ठ यति होवेगे और फिर सुधर्म आचार्यके कर्मो-का विनाश कर निर्वाण प्राप्त कर लेनेपर, वे जिनेन्द्र भगवान्‌के चरणोमे हाथ जोडकर श्रुतकेवली होवेगे ॥६॥

७

जम्बूस्वामीको केवलज्ञान-प्राप्ति

इसके पश्चात् बारहवॉ वर्ष आनेपर वे अपने मनको समाधिमे स्थित कर रागद्वेष रहित होते हुए पचमज्ञान अर्थात् केवलज्ञानको प्राप्त करेगे। उनके शिष्य भव नामक ऋषि होवेगे। उसके पास जम्बूस्वामी महीतल-पर बिहार करते हुए दश गुणित चार अर्थात् चालीस वर्प तक समस्त भव्य जीवोको धर्मका उपदेश देवेगे, और उनके मिथ्यात्व और मोहका विध्वस करेगे। इस प्रकार जम्बूस्वामी अन्तिम केवली होवेगे और मेरे विशालवश रूपी शिष्य-परम्पराकी उन्नति होगी।

इति जम्बूस्वामि-प्रव्रज्या विपयक चतुर्थ सन्धि समाप्त

सन्धि ॥ ४ ॥

सधि ५

चदणा-तवगहण

१

पभणइ महियल-णाहु गय-मिच्छत्त-तमधहिं ।।
भणु चदणहि भवाइँ सुरहिय-चदण-गधहिं ।।
त णिसुणेविणु भासइ मुणिवरु ।
सुणि सेणिय अक्खमि तुह वइयरु ।।
५ सिधु-विसइ वइसाली-पुरवरि ।
घर-सिरि-ओहामिय-सुर-वर-घरि ।।
चेडउ णाम णरेसरु णिवसइ ।
देवि अखुद्द सुहद्द महासइ ।।
धणयत्तउ वणभद्दु उविदउ ।
१० सुहयत्तउ हरियत्तु णियगउ ।।
कभोयउ कपणउ पयगउ ।
अवरु पहजणु पुत्तु पहासउ ।।
वीयउ सत्त रूव-विण्णाम्मउ ।।
सेयसिणि सूहव पियकारिणि ।
१५ अवर मिगावइ जण-मण-हारिणि ।।
सुप्पह देवि पहावइ चेलिणि ।
वाल-मराल-लील-गइ-गामिणि ।।
जेट्ठ विसिट्ठ भडारी चदण ।
रूव-रिद्धि-रजिय-सकदण ।।
२० पियकारिणि वर-णाह-कुलेसहु ।
सिद्धत्थहु कुडउर-णरेसहु ।।
दिण्ण सयाणीयस्स मिगावइ ।
सोम-वस-रायहु मथरगइ ।।
सूर-वस-जायहु ससि-यर-णह ।
२५ दसरह-रायहु दिण्णी सुप्पह ।।

सन्धि ९

चन्दना-तपग्रहण

१

राजा चेटक, उनके पुत्र-पुत्रियाँ तथा चित्रपट

धराधीश श्रेणिकने पूछा—हे भगवन् , मुझे उस आर्यिका चन्दनाका चरित्र सुनाइए,जिसके शरीरमे चन्दनकी सुगन्ध है तथा जिसने मिथ्यात्व-रूपी अन्धकारको दूर कर दिया है। राजाके इस प्रश्नको सुनकर गौतम मुनिवरने कहा—हे श्रेणिक, मै चन्दनाका वृत्तान्त कहता हूँ, तुम सुनो। सिन्धु-विषय (नदी-प्रधान विदेह नामक प्रदेश) मे वैशाली नामक नगर है जहाँके घर अपनी शोभासे देवोके विमानोकी शोभाको भी जीतते है। उस नगरमे चेटक नामक नरेश्वर निवास करते है। उनकी महारानी महासती सुभद्रासे उनके धनदत्त, धनभद्र, उपेन्द्र, शिवदत्त, हरिदत्त, कम्बोज, कम्पन, प्रयग, प्रभजन और प्रभास नामक पुत्र हुए। उनकी अत्यन्त रूपवती सात पुत्रियाँ भी हुई जिनके नाम है, श्रेयासिनी सुभगा प्रियकारिणी, जनमनोहारिणी मृगावती, सुप्रभा देवी, प्रभावती, चेलिनी, बालहसलीलागामिनी ज्येष्ठा और विशेष रूपसे पूज्य चन्दना। ये सभी कन्याएँ अपनी रूपऋद्धिसे इन्द्रके मनको भी अनुरक्त करती थी। प्रियकारिणीका विवाह श्रेष्ठ नाथवशी कुण्डपुर नरेश सिद्धार्थके साथ कर दिया गया। मदगामिनी मृगावती, कौशाबीके सोमवशी राजा शतानीक को व्याह दी गयी। चन्द्र किरणोके समान चमकीले नखोवाली सुप्रभाका विवाह सूर्यवशमे उत्पन्न दशरथ राजाके साथ हो गया। उर्वशी और

उद्दायणहु पहावइ राणी ।
दिण्णी उव्वस-रंभ-समाणी ॥
महिउरि काम-बाण-परिहट्टउ ।
अलहमाणु अवरु वि आरुट्ठउ ॥
३० जेट्ठहि कारणि सच्चइ णामें ।
आयउ जुज्झहुँ दुप्परिणामें ।
णट्ठउ आहवि चेडय-रायहु ।
को सक्कइ करवाल-णिहायहु ॥
अइ-दूसह-णिव्वेए लइयउ ।
३५ दमवर-मुणिहि पासि पव्वइयउ ॥
अण्णहिं दिणि चित्तयरें लिहियइँ ।
रूवइँ वर-पट्टतर-णिहियइँ ॥
काम-विलास-विसेसुप्पत्तिहि ।
जोइयाइँ राए णिय-पुत्तिहि ॥
४० पडिउ बिंदु चेलिणि-ऊरूयलि ।
दिट्ठउ कयली-कंदल-कोमलि ॥
तायें तोडु कयउ विवरेरउ ।
चित्तयरें वोल्लिउ सुइ-सारउ ॥
एए विणु पडिबिंबु ण सोहइ ।
४५ वाइ जाम ऊरुत्थलु चाहइ ॥
ता दिट्ठउ तहि लंछणु एयइ ।
अक्खिउ रायहु जाय-विवेयइ ॥

घत्ता—ता सरुट्ठु णरिंदु गउ रायहरहु लीलइ ॥
जिण-पडिबिंबहँ पासि पडु सणिहिउ वणालइ ॥१॥

२

दिट्ठउ पडु पइँ पुच्छिय किंकर ।
तेहिं पवुत्तउ वइरि-भयंकर ॥
एयइँ लिहियइँ विणय-विणीयहँ ।
बिंबइँ चेडय-महिवइ-धीयहँ ॥
५ चउहुँ विवाहु हुयउ विहुरंतउ ।
तीहिं मज्झि दो जोव्वणवंतउ ॥

रम्भाके समान प्रभावती उद्दायन नरेशकी रानी हुई। किन्तु महीपुरका राजा *सात्यकि कामके बाणसे प्रेरित होते हुए भी उन कन्याओमे-से किसीको न पाकर रुष्ट हो उठा और वह दुर्भावनाके वश ज्येष्ठाको बल-पूर्वक प्राप्त करने हेतु उसके पितासे युद्ध करने आ पहुँचा। किन्तु वह युद्धमे चेटक राजासे पराजित होकर भाग गया। कौन ऐसा है जो चेटक राजाके खड्गकी मारको सह सके? इस पर राजा सात्यकि अत्यन्त दुस्सह विरक्तिके वश होकर दमवर मुनिके पास प्रव्रजित हो गया।

एक दिन राजा चेटकके पास एक चित्रकार आया और उसने राजकुमारियोके सुन्दर चित्रपट बनाये। राजाने अपनी पुत्रियोके उन चित्रोको देखा जो अपने सौन्दर्यसे काम-विलासकी भावनाको उत्पन्न करते थे। किन्तु उन्होने देखा कि कदली-कदल समान कोमल चेलिनी की जघापर एक स्याहीका बिन्दु पडा है। उसे देख चेलिनीके पिताने अपना मुख फेर लिया। चित्रकारने राजाकी मन स्थिति जान ली। उसने चित्र-शास्त्रके मर्मकी बात बताते हुए राजासे कहा—हे महाराज, इस बिन्दुके बिना यह चित्र शोभायमान नही होता। इसी बीच धात्रीने जाकर चेलिनी राजकुमारीके जघा-स्थलका निरीक्षण किया और उसके वहाँ भी तिलका काला बिन्दु देखा। तब उस विवेकशालिनी धात्रीने आकर यह बात राजासे कही। इसपर नरेन्द्र बहुत रुष्ट हो उठे। उनके क्रोधसे भयभीत होकर वह चित्रकार चुपचाप वैशाली नगरसे निकल भागा। वह राजगृह पहुँचा और वहाँ उसने राजकुमारी चेलनाके चित्रपट को राजाके उद्यान मन्दिरमे जिन-प्रतिबिम्बके पास रख दिया ॥१॥

२

राजा श्रेणिकका चित्रपट देखकर चेलनापर मोहित होना और उसका राजकुमार द्वारा अपहरण

गौतम गणधर राजा श्रेणिकसे कहते है कि हे राजन्, तुमने उस चित्रपटको देखा और उसके विषयमे अपने किंकरोसे पूछा। उन्होने बतलाया—हे शत्रु-भयकर नरेश, ये चित्रबिब चेटक राजाकी विनयशील पुत्रियोके लिखे गये है। इनमेसे प्रथम चारका विवाह हो चुका है, किन्तु उनसे लघु तीनमेसे दो यद्यपि यौवनको प्राप्त हो गयी है, तथापि अभी तक

अज्ज वि णिव दिज्जति ण कासु वि ।
एक्क कण्ण लहुई खल-तम-रवि ॥
ते वयणेण मयण-सर-वणियउ ।
१० तुहुँ तुह मतिहि तुह सुउ भणियउ ॥
हा हा हे कुमार तुह तायहु ।
वड्ढइ कामावत्थ सरायहु ॥
चेडय-धीयहि अइ-आसत्तउ ।
सूरु व दिट्ठि-गम्मु अइ-रत्तउ ॥
१५ ससुरु ण देइ जुण्ण-वयवतहु ।
वट्टइ अवसरु मइ-दिहिवतहु ॥
ता कुमरे तुह रूवे किउ पडु ।
त णिवासु लेविणु गउ भडु पडु ॥
पडिउ बोद्द-वणिय-कय-वेसउ ।
२० आयउ कण्णउ णव-वय वेसउ ॥
पुच्छिउ ताहिं लिहिउ ते भाणिउ ।
किं ण मुणहु मगहाहिउ सेणिउ ॥
ता दोहँ मि कण्णहँ मय-मत्तइँ ।
पेम्म-कुसुभइँ रत्तइँ णेत्तइँ ॥
२५ कुडिलइ चेलिणीइ सर-रुद्धइ ।
कवडे इट्ठ जेट्ठ रइ-लुद्धइ ॥
भणिय जाहि आहरण लएप्पिणु ।
आवहि लहु वच्चहुँ लिहकेप्पिणु ॥
लग्गहुँ गलकदलि मगहेसहु ।
३० अलि उल णील-णिद्ध-मउ-केसहु ॥

घत्ता—आहरणाइँ लएवि जा पडिआवइ बाली ॥
ता तहि ताए ण दिट्ठ चेलिणि मयणमयाली ॥२॥

३

बहिणि-विओय सोय सतत्ती ।
खतिहि जसमईहि उवसती ॥
पाय-मूलि तवचरणु लएप्पिणु ।
थक्क जेट्ठ इदियइँ जिणेप्पिणु ॥

उनका किसीके साथ विवाह-सम्बन्ध नही हुआ। हे खलरूपी अन्धकारके सूर्य, सबसे छोटी कन्या (चन्दना) अभी भी अबोध है। अपने किंकरो-के इन वचनोसे तुम मदनके बाणसे आहत हो गये। तब तुम्हारे मन्त्रियोने तुम्हारे पुत्रसे कहा—हाय, हाय, हे कुमार, तुम्हारे पिता कामासक्त होकर इस अवस्थाको प्राप्त हुए है। वे राजा चेटककी पुत्रीपर अत्यन्त आसक्त होकर ऐसे अनुरक्त दिखाई देते है जैसे सूर्य अत्यन्त रक्तवर्ण होकर सबके दृष्टिगोचर हो जाता है। किन्तु उनके प्रस्तावित श्वसुर अर्थात् राजा चेटक उन्हे इस कारण अपनी कन्या नही देना चाहते, क्योकि वे आयुमे वृद्ध हो चुके है। यह अवसर है जब तुम अपनी बुद्धि और धैर्यका अच्छा परिचय दे सकते हो। गौतम मुनि राजा श्रेणिकसे कहते है कि हे राजन्, मन्त्रियोकी उक्त बातको सुनकर राजकुमारने तुम्हारा चित्रपट बनवाया। चित्रपट बन जानेपर एक भट उसे कुमारके निवासस्थानपर ले गया। फिर वह राजकुमार पण्डित बोद्र (बैल लादने वाले ?) वणिक्‌का वेश बना कर वैशाली नगरमे पहुँचा। राजकन्याओने चित्रपटमे लिखित नव-वयस्क तथा सुन्दर वेषयुक्त पुरुषको देखकर उसके सम्बन्धमे पूछताछ की। तब वणिक्-वेषधारी राजकुमारने कहा—क्या आप नही जानती कि ये मगधके नरेन्द्र श्रेणिक है। यह सुनकर उन दोनो कन्याओके नेत्र मदोन्मत्त हो उठे और प्रेमरूपी केशरसे रंजित हो गये। दोनो बहिनोमे चेलिनी अधिक चतुर थी। उसने कामसे पीडित तथा रति से लुब्ध होकर बहिन ज्येष्ठासे छलपूर्वक कहा—आप अपने निवासपर जाकर आभूषणो-को ले आइए, तब हम दोनो यहाँसे चुपचाप छिपकर निकल चलेगे, तथा भ्रमर समूहके समान नील और स्निग्ध तथा मृदु केशोसे युक्त मगधेशके गलेमे लगकर उनका आलिंगन करेगे। किन्तु जब ज्येष्ठा आभूषण लेकर लौटी तब उसने वहाँ मदनोत्सुक चेलिनीको नही देखा ॥२॥

३

ज्येष्ठाका वैराग्य, चेलिनी-श्रेणिक विवाह तथा चन्दनाका मनोवेग विद्याधर द्वारा अपहरण व इरावती के तीरपर उसका त्याग

अपनी बहिनके वियोगके शोकसे सतप्त होकर ज्येष्ठा यशोमति नामक आर्यिकाके समीप जाकर उपशान्त हुई और उन्हीमे तपश्चरणकी दीक्षा

५ चेलिणि पुणु तुह पुत्ते ढोइय ।
पइँ स सणेहे णिरु अवलोइय ॥
परिणिय सुंदरि जय जय सद्दे ।
घरु आणिय दइवेण सुहद्दे ॥
तहिं महएवी पट्टु णिबद्धउ ।
१० सा रइ तुहुँ णावइ मयरद्धउ ॥
ताहिं सुखतिहिं पासि णिहालिउ ।
चंदणाइ सावय-वउ पालिउ ॥
सहुँ सम्मत्ते चारु गुणड्ढइ ।
दाहिण-सेढिइ गिरि वेयड्ढइ ॥
१५ सोवण्णाहइ पुरि मणवेयउ ।
विहरमाणु णहिं घरिणि-समेयउ ॥
आयउ उववणि णिच्च-वसंतइँ ।
दिट्ठी चंदण चंदणवंतइँ ॥
णियय घरिणि णिय गेहे थवेप्पिणु ।
२० पडिआवेप्पिणु कण्ण लएप्पिणु ॥
सो जा गच्छइ पुणु णिय-भवणहु ।
आलोयणिय दिट्ठ ता गयणहु ॥
अवयरंति आहासइ वइयरु ।
देविइँ तुहुँ जाणिउ मायायरु ॥
२५ तुज्झु विज्ज कय-रोस-णिहाए ।
ताडिय देवय वामे पाए ॥
एवहिं किं कुमारि पइँ चालिय ।
अच्छइ कोव-जलण-पज्जालिय ॥
णिच्चमेव हियवइ सकंतहिं ।
३० तं णिसुणिवि सो भीयउ कंतहिं ॥

घत्ता—भूय रमण-वण मज्झि पवर-इरावइ-तीरइ ॥
साहिय तेण खगेण विज्ज फणीसर केरइ ॥३॥

४

पत्तलहुय णामेण णिहित्ती ।
ताए पुत्ति सपत्त वरित्ती ॥

लेकर इन्द्रियोको जीतते हुए उन्हीके चरणोमे रहने लगी। उधर चेलिनी-को तुम्हारा पुत्र राजगृह ले आया और उसका तुमने अत्यन्त स्नेह-भावसे अवलोकन किया। तुमने जय-जय घोपके साथ उस सुन्दरीका परिणयन कर लिया और सौहार्दपूर्ण भाग्यसे उसे अपने घर ले आये। तुमने चेलनाको महादेवी पदपर प्रतिष्ठित किया। इस प्रकार वह रति और तुम कामदेवके समान सुखसे रहने लगे।

उधर चेटककी सबसे लहुरी पुत्री चन्दनाने धर्मभावसे प्रेरित होकर सुक्षान्ति नामक आर्यिकाके समीप श्रावक व्रत ग्रहण कर लिया। सम्यक्त्व भावसे सुन्दर गुण-प्रचुर वेताढ्यगिरिकी दक्षिण श्रेणीमे स्थित सुवर्णनाभ नामक पुरीमे मनोवेग नामक विद्याधर रहता था। एक दिन वह अपनी गृहिणीके साथ आकाशमे विहार करता हुआ उस उपवनमे आया जहाँ नित्य ही वसन्त ऋतु रहा करती थी और जहाँ चन्दनके वृक्षोकी सुगन्ध रहती थी। वहाँ उसने चन्दना कुमारीको देखा। देखते ही उसने वापिस जाकर अपनी गृहिणीको तो अपने घरमे जा छोडा और पुन उसी उपवनमे आकर कन्याका अपहरण कर लिया। उसे लेकर जब वह अपने घरको पुन जाने लगा तब उसने आकाशसे उतरती हुई आलोकिनी विद्यादेवीको देखा। देवीने उससे बात कही कि देवी (तेरी पत्नी मनोवेगा) ने तुम्हे मायाचारी जान लिया है, और रोपपूर्ण होकर तरी विद्याको अपने बाये पैरसे ठुकरा दिया है। तुमने इस प्रकार इस कुमारीको क्यो अपहृत किया ? इसीलिए तेरी गृहिणी कोपाग्निसे प्रज्वलित हो रही है। यह सुनकर मनोवेग नित्य अपने हृदयमे विराजमान रहनेवाली अपनी कान्तासे भयभीत हो उठा। उस विद्याधरने विशाल इरावतीके तीर पर स्थित भूतरमण नामक वनके बीच फणीश्वर (नागेश्वर या गरुड) की विद्याको सिद्ध किया ॥३॥

४

चन्दनाका वनमे त्याग, भिल्लो द्वारा रक्षण तथा कौशाम्बीके सेठ धनदत्तके घर आगमन।

मनोवेगने पत्रलघु नामकी अपनी उसी विद्याके बलसे चन्दनाको उक्त वनमे फेक दिया और वह उसीके प्रभावसे भूमितलपर उतर गयी।

पचक्खरइँ चित्ति णिज्झायइ ।
धम्म-झाणु णिम्मलु उप्पायइ ॥
५ वियलिय णिस उग्गमिउ पयगउ ।
वणयरु एक्कु पत्तु सामगउ ॥
णामे कालु तासु जिण-वयणइँ ।
साहियाइँ मुद्धइँ जग-सयणइँ ॥
अण्णु वि तहु दिण्णइँ आहरणइँ ।
१० पहवतइँ ण दिणयर-किरणइँ ॥
ते तुट्ठे णिय सुदरि तेत्तहिँ ।
भीम-सिहर-गिरि-णियडइ जेत्तहि ॥
भिल्लु भयकरि-पल्लिहि राणउ ।
णामे सीहु सीहु-रस-जाणउ ॥
१५ तासु वाल कालेण समप्पिय ।
तेण वि कामालेण विलुपिय ॥
काओसग्गे थिय परमेसरि ।
जा लग्गइ वणयरु वण-केसरि ॥
ता सो रुक्खु जेव उम्मूलिउ ।
२० सासण-देवयाहिँ पडिकूलिउ ॥
रे चिलाय करु सुयहि म ढोयहि ।
अप्पउ काल-वयणि म णिवायहि ॥
ता सो तसिउ थक्कु तुण्हिक्कउ ।
पय-जुय-वडिउ वियार-विमुक्कउ ॥
२५ कद-मूल-फल-दाविय-सायइ ।
पोसिय देवि णिसायहु मायइ ॥
थिय कइवय दिणाइँ तहि जइयहुँ ।
वच्छ-देसि कोसविहि तइयहुँ ॥
वसहसेणु वणिवइ वणइत्तउ ।
३० मित्तवीरु तहु-किंकरु भत्तउ ॥
मित्तु सो जि सीहहु वण-णाहहु ॥
घरु आयउ सुक्किय-जलवाहहु ॥
अप्पिय तासु तेण पत्थिव-सुय ।
वाल मुणाल-वलय कोमल-भुय ॥

वह अपने चित्तमे पचाक्षर मन्त्रका ध्यान करती ओर निर्मल धर्मध्यान उत्पन्न करने लगी।

जब रात्रि व्यतीत हो गयी और सूर्यका उदय हुआ तव एक श्यामाङ्ग वनचर वहाँ आया। उसका नाम काल था। चन्दनाने उसे जगत्के आश्रयभूत जिनवचनोका उपदेश दिया तथा सूर्यकी किरणोके समान कान्तियुक्त आभरण भी दिये। वह इस प्रकार सन्तुष्ट होकर उस सुन्दरीको वहाँ ले गया जहाँ भीमशिखर नामक पर्वतके निकट एक भयकरी नामक पल्लीमे मद्य-रस-पान करनेवाला सिह नामक भिल्ल राजा रहता था। काल-वनचरने बालिकाको उसे ही समर्पित कर दिया और उसने भी कामासक्त होकर उसे छिपाकर रख लिया। वह परमेश्वरी वहाँ कायोत्सर्ग मुद्रामे ध्यान करने लगी। उस अवस्थामे जब वह वनकेसरी, वनचर उसका आलिगन करनेको उद्यत हुआ तब वह उन्मूलित वृक्षके समान स्तब्ध रह गया और शासन-देवताने उसे फटकारा—देख किरात, खबरदार! तू उस पुत्रीको अपना हाथ नही लगाना। तू अपनेको कालके मुखमे मत डाल। इसपर वह भिल्लराज त्रस्त होकर मौन हुआ रुक गया और विकारको छोड उसके चरण-युगलमे आ पडा। तत्पश्चात् उस निपादकी माता, उसे स्वादिष्ट कन्द-मूल व फल देकर पोपण करने लगी।

इस प्रकार जब वह वहाँ कुछ दिनो तक रह चुकी तब एक दिन वत्स-देशकी कौशाम्बी नगरीका वृषभसेन नामक धनवान् वणिक् वहाँ आया। उसका मित्रवीर नामक एक भक्त किकर वनराज सिहका मित्र था। अत वह सुकृतके जलप्रवाह रूप भिल्लके घर आया। वनराजने उस कमल-नालके समान कोमल भुजाओवाली राजकन्याको उसीको अर्पित कर दी

३५　ढोइय वणि-कुल-गयण-ससंकहु ।
भिच्चे वसहसेण-णामकहु ॥
घत्ता—एक्कहिं वासरि जाव जोइवि सेट्ठि तिसाइउ ॥
वधिवि कोतल ताइ जल-भिंगारुच्चाइउ ॥४॥

५

विट्ठ दुट्ठ-कट्ठाइ रउद्दइ ।
ता दिट्ठी सेट्ठिणिइ सुहद्दइ ॥
मुंडिउ सिरु पावइँ पम्मेल्लहिं ।
आयस-णियलु घित्तु णीसल्लहिं ॥
५　कोद्दव-कूरु स-कंजिउ दिज्जइ ।
णिच्चमेव जा एव दमिज्जइ ॥
ता परमेट्ठि छिण्ण संसारउ ।
आयउ भिक्खहिं वीरु भडारउ ॥
पडिलाहिवि विहीइ किउ भोयणु ।
१०　दिण्णउ त तहु सउवीरोयणु ॥
पत्त-दाण तरु तक्खणि फलियउ ।
गयणहु कुसुम णियरु परिघुलियउ ॥
गज्जिय दुंदुहि वहु माणिक्कइँ ।
पडियइँ भा-भारे पइरिक्कइँ ॥
१५　रयण-विचित्त दिण्ण-विविहंगय ।
देवेंहि मि देविहिं वंदिय पय ॥
तियस-घोस-कोलाहल-सद्दे ।
जय-जय-जय सजाय-णिणद्दे ॥
णमिय मिगावइए लहुयारी ।
२०　वहिणि सपुत्तइ गुण गरुयारी ॥
वणि-सुयाइ पाविट्ठइ ज किउ ।
तो वि ण साहइ विलसिउ विप्पिउ ॥
सेट्ठिणि सेट्ठि वे वि कम-णमियइँ ।
अम्हइँ पावइँ पावे खवियइँ ॥
२५　परमेसरि तुह सरणु पइट्ठइँ ।
एवहिं परितायहि पाविट्ठइँ ॥

और वह भृत्य उसे अपने कुलरूपी आकाशके चन्द्र वृषभसेन नामक वणिक्के पास ले आया। एक दिन उसने सेठको प्यासा देखकर अपने केशोको बाँधा और वह जलका-कलश उठाकर उसके पास आयी ॥४॥

५

सेठानी द्वारा ईर्ष्यावश चन्दनाका बन्धन, महावीरको आहारदान व तप-ग्रहण

इसी अवस्थामे उसे धृष्ट, दुष्ट, कष्टदायी व क्रोधी सुभद्रा नामक सेठानीने देख लिया। चन्दनाके पापवृत्तिसे मुक्त और नि शल्य होनेपर भी उस दुष्ट सेठानीने उसका सिर मुडवा डाला और उसके पैरोमे लोहे-की साकल बाँध दी। वह उसे प्रतिदिन काँजीके साथ कोदोका भात खानेको देती थी। इस प्रकार जब उसे दण्डित किया जा रहा था, तभी ससारके भ्रमणको छिन्न करनेवाले परमेष्ठी जिनभगवान् वहाँ भिक्षाके निमित्त आये। उनका पडगाहन करके चन्दनाने उन्हे वही काँजी और ओदनका आहार विधिपूर्वक दिया। यह पात्रदान रूपी वृक्ष तत्क्षण ही फलित हो उठा और आकाशसे पुष्पकलियोकी वर्षा हुई। दुन्दुभि बजने लगी तथा बहुतसे माणिक्य चमचमाते हुए प्रचुरमात्रामे वहाँ गिरे। देवोने आकर उस देवीको रत्नोसे जडे हुए नाना प्रकारके आभूषण प्रदान किये और उसके चरणो की वन्दना की। उन देवोकी घोषणा व कोलाहल-ध्वनिसे तथा जय जयके शब्दोके निनादसे आकृष्ट होकर रानी मृगावती अपने पुत्र सहित वहाँ आयी और उसने अपनी छोटी बहनको उसके गुणोसे बडी होनेके कारण नमन किया। उस पापिनी वणिक् पत्नीने उसके साथ जो बुरा व्यवहार किया था, वह चन्दनाने नही बतलाया। सेठ और सेठानी दोनोने उसके चरणोमे नमन किया और कहा कि हम पापी पापसे पीडित थे। अब हम तुम्हारे शरण मे प्रविष्ट हुए है। हे

ता चदणए भणिउ को दुज्जणु ।
को ससारि एत्थु किर सज्जणु ॥
धम्मे सव्वु होइ भल्लारउ ।
३० पावे पुणु जण-विप्पिय-गारउ ॥
दस-दिसु पत्त वत्त जय सिरि-वव ।
आइय परमाणदे बधव ॥
वदिउ वीर-सामि परमप्पउ ।
एयाणेय-वियप्पसमप्पउ ॥

३५ घत्ता—जिण-पय-पकय-मूलि बारह-विहु वित्थिण्णउ ।
चदणाइ तउ घोरु तहि तक्खणि पडिवण्णउ ॥५॥

इय वीरजिणिदचरिए चदणातवगहण णाम
पचमो सधि ॥५॥

(महापुराणु सधि ९८ से सकलित)

परमेश्वरि, अब हम पापिष्ठोकी रक्षा कीजिए। तब चन्दनाने कहा—इस ससारमे यथार्थत कौन दुर्जन है और कौन सज्जन है? धर्मसे ही सबका भला होता है, और पाप ही लोगोका बुरा करनेवाला बन जाता है। यह वार्ता दशो दिशाओमे फैल गयी। तब राजश्रीके धनी चन्दनाके बन्धु-बान्धव भी परमानन्द सहित वहाँ आये। उन्होने परमात्मा वीर भगवान्‌की वन्दना की। उन जिन भगवान्‌के चरण-कमलोमे बैठकर एक व अनेक भेद रूप बारह प्रकारका महान् घोर तप उसी क्षण चन्दनाने स्वीकार कर लिया ॥५॥

इति चन्दना-तपग्रहण विषयक पचम सन्धि समाप्त
सन्धि ॥ ५ ॥

संधि ६

परसेणिय-सुय-चिलायपुत्त-परीसह

१

सव्वगु वि मिलियहि उज्जगुलियहि
चालणि व्व किउ धीर-मणु ।
तइवि हु निरवज्जहो न वि नियकज्जहो
चलिउ चिलायपुत्तु समणु ॥
५ मगहा-विसए आसि गुणवंतउ ।
गुणहिलु सत्थवाहि वणि होंतउ ॥
तेण सियालए पथे समत्थे ।
गच्छंतेण समेउ स-सत्थे ॥
मुणि गामंतरे तवधर-नामउ ।
१० भिक्खागउ निएवि जिय-कामउ ॥
सिद्धउ अन्नु नत्थि समभाविउ ।
गुलु तिल-वट्टि देवि भुंजाविउ ॥
तेण फलेण दीवे पढमिल्लए ।
इइभवयम्मि खेत्ते सोहिल्लए ॥
१५ कालु करेप्पिणु कोस पमाणउ ।
हुउ पलिओवम-जीविउ माणउ ॥
पुणु नंदणवणे सुरु तत्तो चुउ ।
मगहा मंडले रायगिहे हुउ ॥
परसेणियहो नरिंदहो नंदणु ।
२० रूवे जण-मण-णयणाणंदणु ॥
जणिउ चिलायए देविए जेण जं ।
नामु चिलायपुत्तु किउ तेण जं ।

घत्ता—एक्कहिं दिणे राएँ वद्ध-कसाएँ
अउदायणु उज्जेणि पुरि ।
२५ सगरि सदाणहि वर्धेवि आणहि
पेसिउ पज्जोयहो उवरि ॥१॥

सन्धि ६

चिलातपुत्र-परीषह-सहन

१

चिलातपुत्रका जन्म

उज्जगुलि (काकी) ने आकर सर्वांग चालिनीके समान छेद डाला, तो भी धीर मनस्वी चिलातपुत्र श्रमण अपने निर्दोष तपस्या-कार्यसे विचलित नही हुए । प्राचीन कालमे मगध देशमे गुणवान्-गुनहिल (गुणधीर) नामक सार्थवाह वणिक् रहता था । एक दिन वह अपने सार्थ सहित वनमार्गमे गमन कर रहा था, तभी एक ग्राममे उसने भिक्षाके लिए आये हुए तपधर नामक कामविजयी मुनिको देखा । वणिक्के पास उस समय कोई सिद्ध अन्न नही था, अतएव उसने उन समभावी मुनिको गुड और तिलपट्टी देकर आहार कराया । इस पात्रदानके फलस्वरूप वह मरने पर प्रथम द्वीप अर्थात् जम्बूद्वीपके शोभायमान हेमवत् नामक क्षेत्रमे एक कोश-प्रमाण शरीरयुक्त व पल्योपमकाल तक जीवित रहनेवाला मानव उत्पन्न हुआ । फिर वह नन्दन वनमे देव हुआ और वहाँसे च्युत होकर मगधमण्डलके राजगृह नगरमे राजा प्रश्रेणिकका चिलातदेवी द्वारा उत्पन्न तथा रूपसे लोगोके मन और नयनोको आनन्ददायी चिलातपुत्र नामक राजकुमार हुआ । एक दिन राजा प्रश्रेणिकने क्रुद्ध होकर राजपुत्र उदायनको यह आदेश देकर उज्जयिनीपुरीको भेजा कि वहाँके राजा प्रद्योतको युद्धमे जीतकर और बन्धनोसे बाँधकर मेरे पास ले आओ ॥१॥

२

ता तहि गउर-उरगपुर-सामिउ ।
पज्जोएण वि रणे आयामिउ ॥
बधेवि धरिउ सुणेप्पिणु धुत्ते ।
विजयक्खेण नराहिव-पुत्ते ॥
५ तत्थ सत्थ-वाहिणउ हवेप्पिणु ।
आणिउ गपि छलेण हरेप्पिणु ॥
रोसे तेण देसु नासतउ ।
सबलु होवि पज्जोउ पहुत्तउ ॥
आयन्नेप्पिणु पहु चिंताविउ ।
१० पट्टणम्मि पडहउ देवाविउ ॥
जो महु वइरि धरेप्पिणु दावइ ।
सो ज मग्गइ त फुडु पावइ ॥
ता चिलायपुत्ते हेराविउ ।
सरे जल-कील करतउ पाविउ ॥
१५ बधेवि उज्जेणी वइ आणिउ ।
तूसेप्पिणु नदणु सम्माणिउ ॥
दिन्नउ मग्गिउ मगहा राएँ ।
पुरे सच्छद-विहारु पसाएँ ॥

घत्ता—बहुकाले राणउ सुट्ठु सयाणउ
२० घरु पुरु परियणु परिहरेवि ।
भव-सय मल हरणहो गउ तवयरणहो
रज्जे चिलायपुत्तु धरेवि ॥२॥

३

रज्जु करंते आवइ पाविय ।
पय चिलायपुत्ते सताविय ॥
तहो अन्नाउ नियवि नयवतहँ ।
जाउ अचित्तु मति-सामतहँ ॥
५ रइउ मतु सव्वहँ मणे भाविउ ।
सेणिउ कचिपुरहो आणाविउ ॥

२

चिलातपुत्रको राज्य-प्राप्ति

इसी बीच प्रद्योतने गौर उरगपुरके स्वामीको रणमे बॉध लिया। उसके बन्धनकी बात सुनकर मगध नरेशके विजय नामक पुत्रने सार्थवाहका वेश धारण करके छलपूर्वक उसे छुडा लिया और राजगृह ले आया। इस बातपर रुष्ट होकर प्रद्योतने अपने दल-बल सहित मगध देशपर आक्रमण कर दिया। यह बात सुनकर मगध नरेन्द्रको चिन्ता उत्पन्न हुई और उन्होने राजधानीमे भेरी बजवायी कि जो कोई मेरे वैरीको पकडकर मुझे दिखलायेगा वह जो कुछ मॉगेगा वही दूँगा। तब चिलातपुत्रने उसपर घात लगायी और जब वह जलक्रीडा कर रहा था तभी उस उज्जयिनीपति प्रद्योतको पकड लिया और बॉधकर राजगृह ले आया। राजाने सन्तुष्ट होकर अपने पुत्रका सम्मान किया। मगधराजने प्रसन्नता पूर्वक चिलातपुत्रको मन मॉगा दान तथा नगरमे स्वच्छन्द विहारका उपहार दिया।

इसके बहुत काल पश्चात् जब राजा प्रश्रेणिक बहुत सयाने हो गये तब उन्होने घर, पुर और परिजनोका त्याग कर सैकडो भवो (जन्मो) के पापका हरण करनेवाला तपश्चरण स्वीकार कर लिया और राज्यपर चिलातपुत्रको प्रतिष्ठित कर दिया ॥२॥

३

चिलातपुत्रका राज्यसे निष्कासन व वनवास तथा श्रेणिकका राज्याभिषेक

राज्य करते-करते चिलातपुत्रपर एक आपत्ति आ गयी, क्योकि उससे प्रजा सन्तप्त हो उठी थी। उसका अन्याय देखकर नीतिवान् मन्त्रियो और सामन्तोका चित्त उससे हट गया था। उन्होने मन्त्रणा की जो सभीके मनको भा गयी। उन्होने काचीपुरसे श्रेणिकको बुला लिया।

मिलिउ परिग्गहु सयलु वि एविणु ।
नीसारिउ वाइउ चप्पेविणु ॥
मायामहहो पासे जाएविणु ।
१० काणणे विसमु कोट्टु विरएविणु ॥
रज्ज-भट्ठु होएवि अन्निन्तिए ।
थिउ जीवइ मावइयहो वित्तिए ॥
भद्दमित्तु तहो मित्तु पियारउ ।
न रामहो लक्खणु दिहि गारउ ॥
१५ रुद्दमित्त-माउलयहो केरी ।
धीय सुहद सुहाइँ जणेरी ॥
सो परिणणहँ न पावइ अवरहो ।
दिज्जइ लग्गी साविय पवरहो ॥

घत्ता—इय वत्त सुणेप्पिणु तत्थावेप्पिणु
२० मेलावेप्पिणु सुहड सय ।
ते मड्डे हरेप्पिणु कन्न लएप्पिणु
जणहो नियतहो वे वि गय ॥३॥

४

वत्त सुणेप्पिणु सेणिय-राणउ ।
अणुलग्गउ सेणाए समाणउ ॥
राउत्तहिँ जाव ण हय-वाहिय ।
गपिणु वण-पवेसि पडिगाहिय ॥
५ सुट्ठु वि सूरा पउर भयंकर ।
रायहँ किं करंति किर तक्कर ॥
तट्ठा के वि निरुद्धा वद्धा ।
के वि कियंतहो जंपणे छुद्धा ॥
चप्पवि नियवि निरारिउ सेन्नहो ।
१० जिह अम्महँ तिह होइ न अन्नहो ॥
एम भणेवि कुमारि वियारिय ।
सा चिलायपुत्ते संघारिय ॥

समस्त परिजन जाकर एकत्र हुए और उन्होने दुर्बुद्धि चिलातपुत्रको नगर-से निकाल बाहर किया। उसने अपने मातामहके पास जाकर वनमे एक प्रबल कोट बनाया। वह राज्यभ्रष्ट होकर वहाँ अनीतिपूर्वक चौरवृत्तिसे जीवन-यापन करने लगा। उसका एक भद्रमित्र नामक प्रियमित्र था, जैसे रामको लक्ष्मण अत्यन्त प्रिय थे। उस के रुद्रमित्र नामक मामाकी एक सुखदायक सुभद्रा नामक पुत्री थी। चिलातपुत्र उसका परिणय नही कर पा रहा था, क्योकि उसका वाग्दान किसी अन्य बलवान्को कर दिया गया था। यह बात सुनकर चिलातपुत्रने सैकडो सुभट एकत्र किये और वहाँ आकर बलपूर्वक कन्याका अपहरण कर लिया। लोगोके देखते-देखते ही वे दोनो वहाँसे चले गये ॥३॥

४

चिलातपुत्र द्वारा कन्यापहरण, श्रेणिक द्वारा आक्रमण किये जानेपर उसका घात तथा वैभारगिरिपर मुनि-दर्शन

यह बात सुनकर राजा श्रेणिक सेना सहित उसका पीछा करने लगा। राजा व घुडसवार जब वहाँ पहुँच भी न पाये तभी उसने एक वन-प्रदेशमे जाकर उस कन्यासे विवाह कर लिया। यद्यपि उसके पास बहुत-से भयकर शूरवीर योद्धा थे, तब भी भला चोर राजाका क्या सामना कर सकते है ? उनमे-से कितने ही त्रस्त हुए, निरुद्ध हुए और बाँध लिये गये तथा कितने ही यमराजकी पालकीमे डाल दिये गये। सेना द्वारा किये गये उग्र भारी प्रहारको देखकर चिलातपुत्रने विचार किया कि जब यह

हूई वतरि तहि जि वणंतरे ।
अप्पणु पाण-भएण दु-सचरे ॥
१५ चडिउ पलाइऊण गरुयारए ।
पव्वयम्मि पावणे वइभारए ॥
घत्ता—मुणिदत्तु भडारउ भव-भय-हारउ
सहुँ सघेण नियच्छियउ ।
भय-वेविर-गत्ते पाव विरत्ते
२० तेण नवेप्पिणु पुच्छियउ ॥४॥

५

कहि कहि साहु कि पि सखेवे ।
सारुवएसु कहिउ जो देवे ॥
ता उवएसु तासु सुहयारउ ।
कहिउ रिसीसे सव्वहँ सारउ ॥
५ ज इच्छसि त नेच्छसु
ज पुण नेच्छसि तुम पुरिस-सीह ।
त इच्छसु जइ इच्छसि
ससार महन्नव तरिदु ॥
विसयाइय पर-भाव विसज्जहि ।
१० निव्विसयाइय निय पडिवज्जहि ॥
सुणेवि एउ निव्वेएँ लइयउ ।
सखेवेण जे सो पव्वइयउ ॥
आयन्नेवि थोवाउ विसेसे ।
थिउ पाउग्ग-मरणे सतोसे ॥
१५ ता सेणिउ स-सेन्नु तत्थायउ ।
भाउ निएवि साहु सजायउ ॥
चगउ कियउ पसस करेप्पिणु ॥
गउ अचेवि पुज्जेवि पणवेप्पिणु ॥
एत्थतरे वतरिए निहालिउ ।
२० वइर वसाए ताए खब्भालिउ ॥
झाणत्थहो सउलियए हवेप्पिणु ।
कड्ढिय लोयण सिरि वइसेप्पिणु ॥

कन्या हमारी हो चुकी है तब उसे अन्य किसीकी नही होने देना चाहिए। ऐसा विचार कर उसने उस कुमारीकी हत्या कर दी। वह मरकर उसी वनमे व्यन्तर देवी हुई। और चिलातपुत्र अपने प्राणोके भयसे भागकर दुर्गम और उच्च बैभार पर्वत पर जा चढा। उस पुण्यभूमिमे उसे भव-भयहारक मुनिदत्त नामक मुनिके सघ सहित दर्शन हुए। चिलातपुत्रने भयसे कॉपते हुए शरीर सहित पापसे विरक्त होकर मुनिको नमस्कार किया और उनसे पूछा ॥४॥

५

मुनिका उपदेश पाकर चिलातपुत्रकी प्रव्रज्या, व्यन्तरी द्वारा उपसर्ग तथा मरकर अहमिन्द्र पद प्राप्ति

हे साधु, मुझे सक्षेपमे वह सारभूत उपदेश कहिए जो जिनदेवने कहा है। तब उन मुनीश्वरने उसे सबमे सारभूत और सुखकारी उपदेश कहा जो इस प्रकार है—हे पुरुपवर, तू जिसकी इच्छा करता है उसकी इच्छा मत कर, और जिसकी तू इच्छा नही करता उसकी इच्छा कर, यदि इस ससार रूपी महासमुद्रको पार करना चाहता है। जो इन्द्रियोके विषय आदि परभाव है उनको छोड और जो विषयो से रहित आत्मभाव है, उनको ग्रहण कर। मुनिका यह उपदेश सुनकर चिलातपुत्रको वैराग्य उत्पन्न हो गया और सक्षेप यह कि उसने प्रव्रज्या धारण कर ली। मुनिसे यह सुनकर कि अब उसकी आयु थोडी ही शेष रह गयी है, उसने विशेष सन्तोपके साथ प्रायोग्य मरण नामक समाधि ले ली। तब राजा श्रेणिक वहाँ अपने सैन्य सहित आया। और उसने देखा कि उसका भाई साधु हो गया है तब 'यह बहुत अच्छा किया' ऐसी प्रशसा करके तथा पूजा, अर्चा व प्रणाम करके वहाँसे गमन किया। यहाँ इसी बीच उस व्यन्तरीने उसे देखा और वैरके वश होकर उसने उसका उपसर्ग किया। उसने चील पक्षीका रूप धारण करके उसके ध्यानस्थ होते हुए सिरपर बैठकर

वड्ड-मुड-कीडियहि निरतरु ।
अक्खु वि किउ विधेवि देहतरु ॥

२५ घत्ता—पयणिय पाणतउ दुक्खु महतउ
त सहिऊण समाहि-जुउ ।
सो सोक्ख निरतरे पचाणुत्तरे
सिद्धि - विमाणहमिदु हुउ ॥५॥

'इय वीरजिणिंदचरिए चिलायपुत्त-परीसह-सहणो णाम
छट्ठो सधि ॥६॥

(श्रीचन्द्रकृत कहाकोसु सधि ५० से सकलित)

उसकी आँखे निकाल ली। उसने बडी-बडी मुण्डो वाले कीटोके द्वारा उसके शरीरको चलनीके समान बेध डाला। ऐसी प्राणान्तकारी महान् दुखकी वेदनाको सहकर भी समाधिमे तल्लीन रहकर चिलात-पुत्र मुनि निरन्तर सुखदायी पचअनुत्तर विमानोमे से सिद्धिविमानमे अहमिन्द्र देव हुए ॥५॥

इति चिलातपुत्र-परीषह विषयक छठी सन्धि समाप्त

॥ सन्धि ६ ॥

संधि ७

सेणिय-रज्ज-लंभो

१

ध्रुवक—पणवेप्पिणु जिणवरु सिद्धि वहू-वरु
दूरोसारिय-दुच्चरिउ।
आयण्णह कह सोहणु जण-मण मोहणु
आहासमि सेणिय-चरिउ ॥ ध्रुवक ॥
५ खडय—जंबू-दीवि दाहिणे भारह-खेत्ति सोहिणे।
मगहा देसि सुंदर अत्थि रायगिह पुर ॥
जहि दोसु मणा-वि न गुणु जि सव्वु।
तहि अत्थि राउ पहयारि गव्वु ॥
उवसेणिउ नामे परम-कित्ति।
१० तहो सुप्पह देवि सु-सील-वित्ति ॥
हुउ पुत्तु ताह सेणिउ कुमारु।
गुण-गण-निवासु पच्चक्खु मारु।
पुव्विल्लु सरेप्पिणु वइर-हेउ।
पच्चंत-नरेण पयड-वेउ ॥
१५ एक्कहि दिणि राएँ दुट्ठु आसु।
अहियम्मे सपेसिउ हयासु ॥
पेक्खेप्पिणु परिओसिउ मणेण।
थुउ वाइ निवेण स-परियणेण ॥
तत्थारुहेवि दुज्जउ बलेण।
२० गउ वाहियालि कोऊहलेण ॥
ता नर हरि हरिणा हरिवि तेण।
निउ भीसावणु वणु तक्खणेण ॥
चडऊण तुरउ तरु-त्तले निविट्ठु।
तत्थ वि किराय राएण दिट्ठु ॥

सन्धि ७

श्रेणिक-राज्य-लाभ

१

जम्बूद्वीप, भरतक्षेत्र, मगधदेश, राजगृहपुर, राजा उपश्रेणिक, रानी सुप्रभा, पुत्र श्रेणिक। सीमान्त नरेश अभिधर्मके प्रेषित अश्व द्वारा राजाका अपहरण व वनमे किरातराजकी पुत्री तिलकावतीसे विवाह

सिद्धिरूपी वधूके वर तथा दुश्चरित्र का दूरसे अपहरण करनेवाले जिनेन्द्रको प्रणाम करके मै लोगोके मनमोहक सुहावनी कथारूप श्रेणिक-चरितका वर्णन करता हूँ। उसे सुनो। जम्बूद्वीपके दक्षिण भागमे शोभायमान भरतक्षेत्र है और उसके मगध देशमे सुन्दर राजगृह नामक नगर है। वहाँ तनिक भी कोई दोष नही, और सभी गुण वर्तमान है। वहाँ शत्रुके गर्वका विनाश करनेवाले परमकीर्तिवान् राजा उपश्रेणिक राज्य करते थे। उनकी अत्यन्त शीलवती रानी सुप्रभा देवी थी। उनसे श्रेणिक कुमार नामक पुत्र उत्पन्न हुआ जो नाना गुणोका निवासभूत और साक्षात् कामदेवके समान सुन्दर था। एक दिन उनके सीमान्तवर्ती राजा अभिधर्मने पूर्व वैरका स्मरण कर मगधराजको एक प्रचण्डवेग, दुष्ट अश्व भेजा। उस अश्वको देखकर राजाके मनमे बडा सन्तोप हुआ तथा उसने अपने परिजनो सहित अश्वकी खूब प्रशसा की। वह वलपूर्वक दुर्जेय राजा कुतूहलवश उस अश्वपर आरूढ होकर बाहर मैदानमे गया। तत्क्षण ही वह अश्व राजाका अपहरण करके एक भीषण वनमे ले गया। तुरगको छोडकर राजा जब एक वृक्षके नीचे वैठे थे, तभी वहाँके किरातराजने उन्हे देखा।

२५ जमदडे दुट्ठ-कयत-वासु ।
सगहिउ नमसिवि निउ निवासु ॥
सम्माणिऊण अवितत्थ-सधु ।
काऊण तेण वाया-निबधु ॥
जो होसइ आयहे देव पुत्तु ।
३० दायव्वु रज्जु तहो तइँ निरुत्तु ॥

घत्ता—इय भणिवि मणोहर पीण-पओहर तिलयावइ तम-हर-मुहिय ।
पेसिउ सुह-वट्टणु अरि-दलवट्टणु परिणावेप्पिणु निय-दुहिय॥१॥

२

खडय—ता तहि तीए सम तहो रइ-सोक्ख माणतहो ।
बहु-समएण स-रीरउ जायउ मयण-सरीरउ ॥
किउ ताए नाउ चिलायपुत्तु ।
कालेण कुमारु पमाण-पत्तु ॥
५ एक्कहि दिणि सक्क-समाणएण ।
पुच्छिउ नेमित्तिउ राणएण ॥
महु पच्छए पुत्तहँ मज्झु एत्थु ।
कहि होसइ को रज्जहो समत्थु ॥
आहासइ परियाणिय-समत्थु ।
१० जो निव-सिघासण मत्थयत्थु ॥
ताडतु भेरि भीमारि तासु ।
सुणहाण देतु वर-मड-पयासु ॥
भुजेसइ पायसु सो निरुत्तु ।
होसइ तुह रज्जहो जोग्गु पुत्तु ॥
१५ ता तेण परिक्खा-हेउ सव्वु ।
सोहणि दिणि करणे सुलग्गे सव्वु ॥
हक्कारिवि पच वि सुय-सयाइँ ।
भणियाइँ नरिदे नुय-पयाइँ ॥
ज ज तुम्हहँ पडिहाइ वत्थु ।
२० त त निस्सकिय लेहु एत्थु ॥
निसुणेवि एउ पहसिय मुहेहि ।
सहसा पुहई-सर-तणुरुहेहि ॥

वह यमदण्ड नामक किरात दुष्टोके लिए यम-निवासके समान उस राजाको नमस्कार करके उसे अपने घर ले गया और राजाका खूब सम्मान किया। किरातराजकी सुन्दर यौवनवती पुत्रीको देखकर राजा उसपर मोहित हो गया। तब किरातराजने राजाके साथ यह शपथबन्ध किया कि जो उसकी पुत्रीका पुत्र होगा उसे ही राज्य दिया जाये। ऐसा पक्का निबन्धन करके उसने अपनी मनोहर पीनपयोधर चन्द्रमुखी पुत्री—तिलकावतीका विवाह राजाके साथ कर दिया तथा उसके साथ सुखीभूत शत्रुविजयी राजाको उनके नगरको प्रेषित कर दिया ॥१॥

२

किरात कन्यासे चिलातपुत्रका जन्म। राजा द्वारा राजकुमारोकी परीक्षा

अपनी राजधानी राजगृहमे पहुँचकर राजा उपश्रेणिक अपनी इस नयी पत्नीके साथ रतिसुखका अनुभव करते हुए रहने लगा। बहुत समयके पश्चात् उनके मदनके समान सुन्दर पुत्र उत्पन्न हुआ। पिताने अपने इस पुत्रका नाम चिलातपुत्र रखा। यथा समय कुमार अपनी तरुणावस्थाको प्राप्त हुआ।

एक दिन उस इन्द्रके समान राजाने एक नैमित्तिकसे पूछा कि यह बतलाओ कि मेरे इन अनेक पुत्रोके बीच कौन मेरे पश्चात् राज्यका भार सँभालनेमे समर्थ हो सकेगा। समस्त बातोको जाननेवाले उस नैमित्तिक ने कहा—हे राजन्, जो राजपुत्र, राजसिंहासनके ऊपर बैठकर भेरी बजाता हुआ तथा श्वानोको भी कुछ खानेको देता हुआ पायस (खीर) का भोजन करेगा वही अपनी श्रेष्ठ बुद्धिको प्रकाशित करनेवाला, भयकर शत्रुओको त्रस्त करनेवाला, तुम्हारे राज्यको सँभालने योग्य पुत्र होगा, इसमे सन्देह नही। यह सुनकर राजाने एक शुभ दिन, शुभकरण और शुभ लग्नमे परीक्षाके हेतु अपने सभी पाँच सौ पुत्रोको बुलवाया। वे आकर राजाको प्रणाम कर बैठ गये। तब नरेन्द्रने उनसे कहा कि तुम्हे जो-जो वस्तु पसन्द हो, उस-उसको नि शक होकर ले लो। राजाकी यह बात सुनकर उन राजकुमारोने प्रसन्नमुख होते हुए किन्हीने आभूषण

घत्ता—केहिं वि आहरणइँ हरि करि रयणइँ गंधइँ तंबोलइँ वरइ।
लइयइँ सुविचित्तइँ वर-वाइत्तइँ केहिँ मि कुसुमइँ सुंदरइ ॥२॥

३

खडय—सेणिओ सिंहासणे मणि-गण-किरणुब्भासणे।
आरुहेति भेरि वरि थक्को काऊण करि ॥
परिवाडिए सूयारहिं कुमार।
वइसारिय सयल वि ण कुमार ॥
५ रायाएसेण सुवण्ण-थाल।
दाऊण खीरि वड्ढिय-रसाल ॥
भुंजतहँ ताहँ ललंतजीह।
पविमुक्का मंडल नाइँ सीह ॥
आवंत निएप्पिणु भीम साण।
१० सहसा भएण सयल वि पलाण ॥
गंभीरु धीरु परि एक्कु थक्कु।
सेणिय कुमारु भय-भाव-मुक्कु ॥
ताडतु विणोएँ भेरि दिंतु।
सुणहाण थोव-थोव हसंतु ॥
१५ जेमिउ वीसत्थउ मइ-विसालु।
जायउ निच्छय-मणु भूमिपालु ॥
जो रज्जहो जोग्गु अणंत-विज्जु।
सो सव्व पयत्ते पालणिज्जु ॥
इय चिंतिवि दायज्जहँ भएण।
२० पुहईसरेण जाणिय-नएण ॥
मंडल-विट्टालिउ एहु पाउ।
जो देसइ आयहो को वि ठाउ ॥
सो हउँ वि सु-निग्गहउ तासु सव्वु।
अवियारु हरेसमि पाण-दव्वु ॥
२५ घत्ता—इय देप्पिणु घोसण खल-मण-पोसण
णीसारिउ नयरहो तुरिउ।
तिस-भुक्खायामिउ सिंधुर-गामिउ
नंदगामु सो पइसरिउ ॥३॥

लिये, किन्होने घोडे, हाथी व रत्न लिये, किन्हीने उत्तम गन्ध व ताम्बूल लिये, किन्हीने विचित्र-विचित्र उत्तम वादित्र लिये, और किन्हीने सुन्दर पुष्प ही ग्रहण किये ॥२॥

३

राजपुत्र श्रेणिक परीक्षामे सफल, किन्तु भ्रातृ-वैरकी आशकासे उसका निर्वासन

किन्तु राजकुमार श्रेणिक मणि-समूहोकी किरणोसे दीप्तिमान् सिंहासन-पर अपने सुन्दर हाथमे भेरी लेकर जा बैठा। रसोइयोने उन सब कुमारो को, जो कार्तिकेयके सदृश थे, क्रमश बैठाया और राजाके आदेशानुसार उन्हे स्वर्णके थालोमे स्वादिष्ट खीर परोस दी। ज्यो ही उन्होने अपना भोजन प्रारम्भ किया त्यो ही सिंहके समान जीभ लपलपाते हुए श्वान छोड दिये गये। सभी राजकुमार उन भयकर श्वानोको आते देख सहसा भयसे भाग उठे। किन्तु एकमात्र गम्भीर और धीर श्रेणिक कुमार भयकी भावनासे मुक्त होते हुए अपने आसनपर बैठे रहे। वे विनोदपूर्वक भेरी बजाते जाते थे और हँसते हुए थोडा-थोडा, भोजन कुत्तोको भी देते जाते थे। इस प्रकार उस विशाल बुद्धिमान् राजकुमारने विश्वस्त भावसे अपना भोजन समाप्त किया। यह देख भूपालने अपने मनमे निश्चय कर लिया कि यही राजकुमार राज्य करने योग्य है। साथ ही उन्होने यह भी विचार किया कि, जो राजकुमार अनन्त विद्याओका धनी है, और राज्य करने योग्य है उसका समस्त प्रयत्नपूर्वक सरक्षण करना चाहिए। ऐसा चिन्तन कर उस नीतिज्ञ धराधीशने दायादो (राज्यके भागीदार भ्राताओ) के बीच वैर के भयसे श्रेणिक कुमारको इस घोषणाके साथ नगरसे बाहर निकाल दिया कि इसने कुत्तोके जूठे भोजन करनेका पाप किया है, अतएव जो कोई इसे अपने यहाँ ठहरनेको स्थान देगा, उसके समस्त धन और प्राणोका भी मै निश्चयरूपसे हरण कर लूँगा। ऐसे खल पुरुषोके मनको प्रसन्न करनेवाली घोषणा कराकर राजाने तुरन्त ही श्रेणिक कुमारको नगरसे निकाल दिया। तब वह गजगामी राजकुमार भूख और प्याससे त्रस्त होता हुआ नन्दग्राममे जाकर प्रविष्ट हुआ ॥३॥

४

अच्छइ तहि भोयासत्तु जाम ।
एत्तहे वि तासु ताएण ताम ॥
दाऊण चिलायसुयस्स रज्जु ।
वीरेण अणुट्ठिउ अप्प-कज्जु ॥
५ सजायउ राउ चिलायपुत्तु ।
सो करइ कयावि न कि पि जुत्तु ॥
ता मतिहिं दूउ लहेवि सुद्धि ।
सपेसिउ कचीपुर सुवुद्धि ॥
गतूण तेण सुप्पह-सुयासु ।
१० उवएसिउ वइयरु णिव-सुयासु ॥
रज्जम्मि थवेवि चिलायपुत्तु ।
सजायउ ताउ मुणी ति-गुत्तु ।
सयल वि पय रज्जु करतएण ।
सताविय तेग कयतएण ॥
१५ कि वहुणा गच्छहुँ एहि सिग्घु ।
कुरु रज्जु णिवारहि लोय-विग्घु ॥

घत्ता—जण-वल्लह पोमिणि जिह गय-गोमिणि परिपीडिय दोसायरेण ।
सभरइ पहायरु देउ दिवायरु तिह पइँ पय परमायरेण ॥४॥

५

खडय—अभयमई वसुमित्तउ   पुच्छेवि कतो कतउ ।
रायाण स-पुरोहिय   आयउ सो णिलय णिय ॥

गपिणु चप्पेवि चिलायपुत्तु ।
णीसारेवि घल्लिउ अणय जुत्तु ॥
सुह-दिणे सुहि-सयणहि वद्धु पट्टु ।
५ सुदर-मइ अरि-गय-घड-घरट्टु ॥
तोसेवि सु-वयणहि सव्व लोय ।
थिउ रज्जे दिव्व भुजतु भोय । ५॥

इय वीर-जिणिदचरिए सेणिय-रज्ज-लभो णाम
सत्तमो सधि ॥७॥

(श्रीचद्रकृत कहाकोसु सधि १२ से सकलित)

४

चिलातपुत्रका राज्याभिषेक व अन्यायके कारण मन्त्रियो द्वारा श्रेणिकका आनयन

यहाँ भोगोमे आसक्त रहते हुए एक दिन राजा उपश्रेणिकने अपना राज्यभार चिलातपुत्रको सोप दिया और धीरतापूर्वक आत्मकल्याणका कार्य अर्थात् दीक्षा-ग्रहण सम्पन्न किया। चिलातपुत्र राजा तो हो गया, किन्तु वह उचित कार्य कदापि नही करता था। तब मन्त्रियोने श्रेणिक-कुमारका पता लगाया और यह जानकर कि वे अब काचीपुरमे जा पहुँचे है, उन्होने एक बुद्धिमान् दूतको काचीपुर भेजा। उसने सुप्रभाके पुत्र श्रेणिक राजकुमारके पास जाकर उन्हे वृत्तान्त सुनाया कि तुम्हारे पिता तो चिलातपुत्रको राज्यपर बैठाकर त्रिगुप्तिधारी मुनि हो गये, और इधर राज्य करते हुए चिलातपुत्रने यमके समान समस्त प्रजाको सन्तापित कर दिया है। बहुत कहनेसे क्या लाभ, आप शीघ्र ही हमारे साथ चलिए, राज्य सँभालिए और प्रजाके कष्टोका निवारण कीजिए। जिस प्रकार लोकप्रिय पद्मिनी सूर्यके अस्त होनेपर दोषाकर अर्थात् निशाधीश चन्द्रसे परिपीडित होती हुई प्रभाकर सूर्यदेवका स्मरण करती है, उसी प्रकार प्रजा परम आदर भावसे आपकी प्रतीक्षा कर रही हे ॥४॥

५

चिलातपुत्रका निर्वासन और श्रेणिकका राज्याभिषेक

श्रेणिक कुमार अपनी नयी परिणीता अभयमती और वसुमित्रा नामकी प्रियपत्नियोसे तथा राजा व पुरोहितसे पूछकर अपने पूर्व निवास राजगृहमे आया। आते ही उसने अनीतिवान् चिलातपुत्रको पराजित कर वहाँसे निकाल बाहर किया। फिर एक शुभ दिन समस्त सुहृद् और सुजनोने उस सुन्दर बुद्धिशाली शत्रुरूपी गज समूहको नष्ट करनेवाले राजकुमारको राजपट्ट बाँध दिया। अपने मधुर वचनो द्वारा सब लोगोको सन्तुष्ट करता हुआ राजा श्रेणिक राजसिहासनपर प्रतिष्ठित हुआ और दिव्यभोगोका उपभोग करने लगा ॥५॥

इति श्रेणिक-राज्य लाभ विषयक सप्तम सन्धि समाप्त

॥ सन्धि ७ ॥

सधि ८

सेणिय-धम्म-लाहो तित्थकर-गोत्त-बधो य

१

एक्कहि दिणे किकर-परियरिउ ।
पारद्धिहे नरवइ नीसरिउ ॥
अडविहि पइसारि समप्प-परु ।
परमेसरु अवही-नाण-धरु ॥
५ मुणि जसहरु पेच्छिवि जसहरु
पडिमा-जोए दुरिय-हरु ।
कहि दिट्ठउ एहु अणिट्ठउ
अ-सउणु कज्ज-विणास-यरु ॥
अइ-रोस-वसेण मुणीसरहो ।
१० पुहईसरेण परमेसरहो ॥
वह-हेउ कयत व जणिय-भया ।
सुणहाण विमुक्का पच-सया ॥
मुणि-माहप्पेण विणीय किया ।
दाऊण पयाहिण पुरउ थिया ॥
१५ ते निएवि नरिदे नि-प्पसरा ।
करे करिवि सरासणु मुक्क सरा ॥
मुणि-नाहहो होवि पुप्फ-पयरु ।
चलणोवरि वडिउ बाण-नियरु ॥
पुणु सप्पु वित्तु मुउ झत्ति गले ।
२० तवयरण-करण-णिट्ठविय-मले ॥
रिसि-वह-परिणामे तहि समए ।
नरयम्मि नरेसरु सत्तमए ॥
बद्धाउ हवेप्पिणु उवसमिउ ।
त चोज्जु निएवि मुणिहे नमिउ ॥

सन्धि ८

श्रेणिक-धर्म-लाभ व तीर्थंकर गोत्र-बन्ध

१

राजा श्रेणिककी आखेट-यात्रा मुनि-दर्शन व भाव-परिवर्तन

एक दिन राजा श्रेणिक अपने किकरो सहित आखेटके लिए निकला। वनमे पहुँचते ही उसने आत्म और परको समदृष्टि से देखने वाले अवधि-ज्ञानधारी यशस्वी परम मुनीन्द्र यशोधरको कर्मोको नष्ट करनेवाले प्रतिमा योगमे स्थित देखा। उन्हे देखकर राजाने सोचा—अरे! कार्य-विनाश करनेवाला यह अनिष्ट—अपशकुन मुझे कहाँसे दिख गया? इस प्रकार अत्यन्त क्रोधके वशीभूत होकर राजाने उन परमेश्वर मुनीन्द्रका वध करनेके लिए उनपर यमराजके समान भयकर पाँच सौ श्वान छोडे। किन्तु मुनिके माहात्म्यसे वे विनययुक्त हो गये और उनकी प्रदक्षिणा करके उनके सम्मुख बैठ गये। यह देख कर राजाने अपने हाथमे धनुष लेकर तीव्र वाण छोडे। किन्तु वह वाणोका समूह भी पुष्पपुज बनकर मुनिराज-के चरणोमे जा पडा। तब राजाने एक मृत सर्प उठाकर तुरन्त उनके गलेमे डाल दिया जो कि अपने तपश्चरण द्वारा पापमलको दूर कर चुके थे। मुनिका वध करने की भावनाके कारण उसी समय राजाने सप्तम नरकमे उत्पन्न होनेका आयु-बन्ध किया। किन्तु उसी समय मुनिका उक्त आश्चर्य देखकर उनका मन उपशम भावसे व्याप्त हो गया और उन्होने

२५ घत्ता—भयवंते सम-रिउ-मित्ते
जाणेप्पिणु उवसंत-मणु ।
वर-भासए पुण्ण-पयासए
उच्चारिवि आसी-वयणु ॥१॥

२

दुक्किय-कम्मिंधण-जलण-सिह ।
किय धम्म-स्सवण अणेय-विह ॥
निसुणेवि अणोवमु मुणि-वयणु ।
निवु निंदिवि अप्पुणु पुणु जि पुणु ॥
५ जायउ जिण-सासणि लीण-मणु ।
पडिवन्नउ खाइउ सद्दहणु ॥
नह-यलि सुरेहिं अहिणंदियउ ।
ता राउ जाउ आणंदियउ ॥
वंदेप्पिणु सिरि-जसहर-सवणु ।
१० आयउ पुहई वइ नियं-भवणु ॥
दूरुज्झिय मिच्छा-समय-मणु ।
सुहुं करइ रज्जु पालिय सुयणु ॥
चेल्लण-महएविए परियरिउ ।
रामु व सीयाए अलंकरिउ ॥
१५ एक्कहिं दियहम्मि सहा-भवणे ।
जामच्छइ पहु नर-नियर घणे ॥
घत्ता—आवेप्पिणु कर मउलेप्पिणु
ता वणवाले विन्नविउ ।
परमेसरु नाण-दिणेसरु
२० देव-देउ सुर नर-नविउ ॥२॥

३

सामिय तइलोय-लोय-सरणु ।
अमराहिव-रइय-समोसरणु ॥
जिय दुज्जय-काम-कसाय रणु ।
दूरीकय जाइ-जरा-मरणु ॥

मुनिको नमन किया। वे भगवान् मुनि तो शत्रु और मित्रके प्रति समदृष्टि रखते थे। उन्होने राजाको उपशान्तमन हुए जानकर पुण्यप्रकाशी उत्तम भाषामे आशीर्वादका उच्चारण किया ॥१॥

२

श्रेणिक राजा जैन शासनके भक्त बनकर राजधानीमे लौटे

राजा श्रेणिकने यशोधर मुनिसे दुष्कृत कर्मरूपी ईधनको जलाने वाले अग्निके समान अनेक प्रकारका धर्म श्रवण किया। मुनिके उन अनुपम वचनोको सुनकर राजाने वारम्वार अपने आपकी निन्दा की। वे अब जिन-शासनमे लीन-मन हो गये और उन्होने क्षायिक सम्यक् दर्शनका लाभ प्राप्त किया। आकाशमे देवोने उनका अभिनन्दन किया। इससे राजाको और भी अधिक आनन्द हुआ। फिर उन श्रमणमुनि यशोधरकी वन्दना करके राजा अपने भवनमे लौट आये। वे अब अपने मनसे मिथ्या मतोको दूर छोडकर सज्जनोका पालन करते हुए, सुखपूर्वक राज्य करने लगे। चेलना महादेवीके साथ वे सीताके साथ रामके सदृश अलकृत दृष्टिगोचर होते थे। एक दिन जब वे नर-समूहसे भरे हुए अपने सभा-भवनमे वैठे थे, तभी वनपालने आकर और हाथ जोडकर विनती की कि हे महाराज, देवो और मनुष्यो द्वारा नमित, ज्ञान-दिवाकर, देवोके देव, परमेश्वर महावीरका आगमन हुआ है ॥२॥

३

महावीरके विपुलाचलपर आनेकी सूचना और श्रेणिकका उनकी वन्दना हेतु गमन

वनपालने कहा—हे स्वामी, त्रिलोकके लोगोके शरणभूत, इन्द्र द्वारा जिनके समोशरणकी रचना की जाती है, जिन्होने दुर्जय काम और कषायके रणको जीत लिया है, जन्म-जरा और मृत्युको दूर कर दिया है

५ दुग्गइ-दुह पक निदाह-दिणु ।
विउल इरि पराइउ वीर जिणु ॥
आयण्णेवि एउ धरा-धरणु ।
तहो देवि सव्व-अगाहरणु ॥
सहसत्ति कयासण परिहरणु ।
१० पय सत्त सु विणयालकरणु ॥
परिओसिउ तद्दिसि कय-गमणु ।
जय देव भणेवि पसन्न-मणु ॥
पणवेप्पिणु भू यलि लुलिय तणु ।
भेरी-रव-परिपूरिय-भुवणु ॥
१५ सम्मतें सगय-सव्व-जणु ।
गउ वदण-हत्तिए करि व खणु ॥
गच्छतु सतु सपय-भवणु ।
सपत्तउ सेल-समीव-वणु ॥

घत्ता—वर-वसउ लद्ध-पससउ
२० स-करि स-हरि स-चमरु स-सिरि ।
वर-वारउ रयणहि सारउ
नियं-समु राएँ दिट्ठु गिरि ॥३॥

४

पणवेप्पिणु सम-परिणइ सणाहु ।
सथुउ पय-भत्ति-भरेण साहु ॥
तेण वि सुह-दुह-गइ-गमण-हेउ ।
उवएसिउ धम्माहम्म-भेउ ॥
५ निसुणेप्पिणु सासय सुह-निहाणु ।
पडिवन्नउ खाइउ सद्दहाणु ॥
जो विहिउ साहु-वह-करणि भाउ ।
त सत्तम-निरए निवद्धु आउ ॥
कट्ठिवि तउ निरु निम्मल-मणेण ।
१० पुणु वद्धु पढमि दसण-वलेण ॥
गुरु-सवेगेण मणोहिरामु ।
एत्थज्जिउ पइँ तित्थयर-नामु ॥

तथा जो दुर्गतिके दु खरूपी कीचडको सुखानेके लिए ग्रीष्मकालीन दिनके समान है, ऐसे वीर जिनेन्द्र विपुलाचल गिरिपर आकर विराजमान हुए है। यह बात सुनकर राजा श्रेणिकने अपने समस्त देहके आभूपण वनपालको दे दिये और तत्काल अपने सिहासनको छोडकर सद्विनयसे अपनेको अलकृत करते हुए वे सात पद आगे वढे। उन्होने प्रसन्न होकर उसी दिन भगवान्की वन्दनाके लिए जानेका निश्चय कर लिया। उन्होने 'जय देव' कहकर प्रसन्न मनसे भूमितलपर अष्टाग प्रणाम किया, ओर वन्दन-यात्राकी सूचना-रूप भेरी बजवा कर उसकी ध्वनिसे समस्त भुवन-को परिपूरित कर दिया। सव लोगोके एकत्र हो जानेपर, राजा श्रद्धा-पूर्वक वन्दनाभक्तिसे प्रेरित हो उत्सव सहित चल पडा। चलते-चलते वह राज्यलक्ष्मीका निधान राजा श्रेणिक पर्वतकी भूमिके समीपवर्ती वनमे पहुँचा। वहाँसे राजाने उस पर्वतको देखा जो उसके ही समान श्रेष्ठवश (उत्तम कुल अथवा अच्छे बॉस वृक्षो) से युक्त था, प्रशसा-प्राप्त था, हाथी, घोडो, चमर और शोभासे युक्त था, धराधारक तथा रत्नोका सार था ॥३॥

४

महावीरका उपदेश सुनकर राजा श्रेणिकको क्षायिक-सम्यक्त्वकी उत्पत्ति

राजाने समता भावसे युक्त होकर भगवान्को प्रणाम किया और उनके चरणोकी भक्तिके भारसे प्रेरित हो उनकी स्तुति की। भगवान्ने भी राजाको शुभगतिमे जानेके हेतु धर्म तथा दुर्गति-गमनके हेतुभूत अधर्ममे भेद करनेका उपदेश दिया। वह उपदेश सुनकर राजाने शाश्वत सुखके निधान क्षायिक सम्यक्त्वको प्राप्त किया। उन्होने जो पहले साधु-का वध करनेके भावसे सातवे नरककी आयुका बन्ध किया था, उसको काटकर अत्यन्त निर्मल भावसे अपने सम्यक् दर्शनके बल द्वारा उसे प्रथम नरकके आयुवन्धमे वदल दिया। इसके अतिरिक्त उन्होने अपने विशेष सवेग भावसे मनोहर तीर्थंकर नाम-कर्मको अर्जित किया। गौतम गण-

भुवण-वइ-पणय-पायारविंदे ।
णिव्वुइ-पर्ते सम्मइ-जिण-वरिंदे ॥
१५ तिन्नि जि संवच्छर अट्ठ मास ।
दस अवर वियाणहि पंच दिवस ॥
एत्तिए अच्छतिए तुरिए काले ।
पंचत्तु हवेसइ तुह वयाले ॥
सीमंत-नरए दुक्खहो खणीहि ।
२० जाएवउ पइँ पढमावणीहि ॥
नारइउ निरंतर-दुक्ख-वरिसु ।
होसहि चउरासी वरिस-सहसु ॥
नीसरिवि तओ हय-दुक्ख-जालि ।
ओसप्पिणीहे तइयम्मि कालि ॥

२५ घत्ता—सिरिचंदुज्जल कित्ति जग-गुरु सव्व-सुहंकरु ।
नामें पोमु महाइ होसहि तुहुँ तित्थंकरु ॥४॥

इय वीरजिणिंदचरिए सेणिय धम्मलाह तित्थयर-गोत्त बंधो णाम
अट्ठमो संधि ॥८॥

(श्रीचन्द्रकृत कहाकोसु संधि १३-१४ से संकलित)

धरने राजा श्रेणिकसे कहा कि हे राजन्, जब भुवनपतियो द्वारा जिनके चरणारविन्दको नमन किया जाता है वे सन्मति जिनेन्द्र निर्वाण प्राप्त कर लेगे, तब उसके तीन वर्ष, आठ मास और पन्द्रह दिवस इतना समयमात्र चतुर्थकालका शेष रह जायेगा, तभी वयोवृद्ध होते हुए तुम्हारी मृत्यु होगी और तुम दु खकी खानि प्रथम पृथ्वीके सीमान्त नामक नरकमे जाकर उत्पन्न होगे। वहाँ तुम निरन्तर दु खकी वृष्टि सहते हुए चौरासी सहस्र-वर्षो तक नारकीयके रूपमे रहोगे। वहाँसे अवसर्पिणीके तृतीयकालमे अपने सब दु ख-जालको दूर कर निकलोगे और चन्द्रके समान उज्ज्वल कीर्तिसे युक्त सर्वसुखकारी जगद्गुरु महापद्म नामक तीर्थंकर होगे ॥४॥

इति श्रेणिक-धर्मलाभ व तीर्थंकर-गोत्रबन्ध विषयक
अष्टम सन्धि समाप्त ॥ सन्धि ८ ॥

संधि ९

सेणिय-धम्म-परिक्खा

१

अवरु वि उवगूहण-अक्खाणउ ।
कहमि समुज्झिय-दोसुट्ठाणउ ॥
चउ-विह-सुर-निकाय-मज्झत्थे ।
सुय-नाणोहि-नाण सामत्थे ॥
५ मिच्छा-धम्म-करिद-मइंदे ।
अणुरजणिए कहाए सुरिंदे ॥
धम्म-स्सवण करते सते ।
फेडिय-पुच्छय-जण-मण भंते ॥
भूयलि राया सेणिय सन्निउ ।
१० दिढ-सम्मत्तु भणेप्पिणु वन्निउ ॥
त निसुणेवि अ-सद्दहमाणउ ।
एप्पिणु नहि चोइय-स-विमाणउ ॥
निएवि नराहिउ एतु ससेणउ ।
मग्ग-सरोवरि कड्ढिय-मीणउ ॥
१५ चामरवाहिहाणु विक्खायउ ।
सुर-वरु जाल-हत्थु रिसि जायउ ॥
ता तहि मगहेसरु सपत्तउ ।
जइ आलोएवि जालु घिवतउ ॥
गुरु हारज्जहे मीणप्पतउ ।
२० पणवेप्पिणु विणएण पउत्तउ ॥
मइँ दासे होतेणाहम्मउ ।
जुज्जइ तुम्हइँ एउ न कम्मउ ॥

घत्ता—जइ कज्जु भसेहि तो तुम्हइँ पासत्थ पहु ॥
अच्छह होएवि हउँ सपाडमि मच्छ-वहु ॥१॥

सन्धि ९

श्रेणिक-धर्म-परीक्षा

१

श्रेणिक के सम्यक्त्वकी परीक्षा हेतु देवका धीवररूप धारण

कवि कहते है कि अब मै यहाँ उपगूहन गुणके दृष्टान्त स्वरूप राजा श्रेणिक विषयक आख्यान कहता हूँ, जो सम्यक्त्वमे उत्पन्न होते हुए दोषो का निवारण कराता है। एक बार श्रुतज्ञान और अवधिज्ञानका सामर्थ्य रखनेवाले तथा मिथ्याधर्मरूपी गजेन्द्रके लिए मृगेन्द्रके समान सुरेन्द्रने चतुर्विध देव-निकायोके मध्य वेठे हुए सभासदोके मनोरजनार्थ धर्मकथा कही, और प्रश्न-कर्ताओकी भ्रान्तियोको दूर किया। इस सम्बन्धमे उन्होने पृथ्वीतलपर वर्तमान राजा श्रेणिकको दृढ सम्यक्त्वधारी कहकर उसकी प्रशसा की। उसे सुनकर एक देवको उसके सच होनेका विश्वास नही हुआ। अतएव इसकी परीक्षा करने हेतु अपने विमानको आकाशमे चलाता हुआ वह देव वहाँ आया। उसने देखा कि राजा श्रेणिक अपनी सेना सहित कही गमन कर रहा है। अतएव वह देव चामरव नामक विख्यात ऋपिका रूप धारण कर तथा अपने हाथमे जाल लेकर राजाके मार्गवर्ती एक सरोवरमे मछलियाँ पकडने लगा। जब मगधेश्वर वहाँ पहुँचे तब उन्होने देखा कि एक ऋपि जाल फेककर मछलियोको पकड रहे है और उन्हे एक भारवाही अर्जिकाको देते जा रहे है। यह देख राजाने उन्हे प्रणाम किया और विनयपूर्वक कहा कि—हे मुनिराज, मुझ दासके होते हुए, आपको स्वय यह अधर्म-कार्य करना उचित नही है। यदि आपको मत्स्योसे काम हे तो आप एक तरफ हो जाइए और मै आपका यह मत्स्यवधका कार्य सम्पादित कर देता हूँ ॥१॥

२

वियाणिय निम्मल-राउ मणेण ।
पउत्तु पवचु मुणिंदे तेण ॥
धराहिव एत्तिय-मेत्तहिँ चेव ।
पओयणु मीणहि अन्नहि नेव ॥
५ तओ विरईहे कराउ लएवि ।
करे अणिमेस सभिच्चहो देवि ॥
गओ मगहावइ गेहि नवेवि ।
विसज्जिउ सजउ सजइ वे वि ॥
निएविणु तारिसु ताण विधम्मु ।
१० दुगुछइ लोउ दियवर-धम्मु ॥
मुणेवि वियड्ढिण अन्न-दिणम्मि ।
णिदसगु सदरिसाविउ तम्मि ॥
स लेह-दलाउ नियक-धराहु ।
करेप्पिणु मुद्दउ जीवणु ताहु ॥
१५ विदिन्नउ सव्वहँ राय-सुयाहँ ।
[पुरीस-विलित्तउ कारिवि ताहँ] ॥
नवेप्पिणु निव्विदिगिछ-मणेहि ।
करेवि कयजलि सव्व जणेहि ॥
चडाविउ ताउ लएवि स-सीसे ।
२० स-सेहरे चपय-वास-विमीसे ॥

घत्ता—त निएवि णिवेण भणिय सव्व-सामत-वरे ।
मुद्दियउ कियाउ कि तुम्हहि विरुयाउ सिरे ॥२॥

३

जिय-सत्तु-चक्केण सुय सामि-चक्केण ।
विणएण सलविउ सामत-चक्केण ॥
एहम्ह जीवस्स चेयणए तणु जेम ।
सपुज्जणिज्जादि-वदणिय फुडु तेम ॥
५ त वयणु निसुणेवि कुल-कुमुय-चदेण ।
विहसेवि त भणिय सेणिय-नरिंदेण ॥

२

देवमुनिके धीवर कर्मसे लोगोमे दिगम्बरधर्मके प्रति घृणा तथा श्रेणिक द्वारा उसका निवारण

राजाकी उस बातसे देवने अपने मनमे जान लिया कि राजाका सम्यक्त्वभाव सर्वथा विशुद्ध है। तथापि उन्होने वहाना वनाकर कहा—हे राजेन्द्र, हमे इतने ही मत्स्योसे प्रयोजन है, हमे और नही चाहिए। तव राजाने उस विरक्ता आर्यिकाके हाथसे मत्स्योको ले लिया और अपने सेवकको सौप दिया। फिर उन्हे नमस्कार करके मगध नरेश अपने घर चले गये तथा उस सयमी और सयमिनी दोनोको विदा कर दिया। उस मुनि और अर्जिकाके उस अधर्म-कार्यको देखकर लोग दिगम्बर धर्मसे घृणा करने लगे। यह बात जानकर उस बुद्धिमान् राजाने एक दिन, एक निदर्शन (उदाहरण) उपस्थित करके दिखलाया। उन्होने जीवन वृत्ति-सम्बन्धी लेखपत्रोको अपनी नाम-मुद्रासे अकित करके तथा उन्हे मलसे विलिप्त करके सब राजपुत्रोको वितरण कर दिया। उन्होने उन दान-पत्रोको पाकर मनमे किसी प्रकारके घृणाभाव धारण किये विना हाथ जोडकर राजाको नमन किया, और दानपत्रोको अपने मुकुटयुक्त तथा चम्पक पुष्पोकी बाससे सुगन्धित सिरोपर चढा लिया। यह देखकर राजाने उन सब श्रेष्ठ सामन्तोसे कहा कि तुमने मेरी उन मलिन मुद्राओको अपने सिरपर कैसे रख लिया ? ॥२॥

३

मलिन मुद्राओके उदाहरणसे सामन्तोकी शका-निवारण व देव द्वारा राजाको वरदान

राजाके उक्त प्रकार पूछनेपर शत्रु-चक्रको जीतनेवाले तथा अपने स्वामीके भक्त उन सभी सामन्तोने विनय पूर्वक उत्तर दिया—हे देव, जिस प्रकार हमारा यह शरीर मलिन होनेपर भी चेतना गुणके कारण श्रेष्ठ माना जाता है, उसी प्रकार आपके द्वारा दिये हुए ये मुद्राकित पत्र मलिन होते हुए भी हमारी जीविकाके साधन है, अतएव वे सब प्रकार पूजनीय और वन्दनीय है। उनके इस वचनको सुनकर अपने कुलरूपी कुमुदको चन्द्रमाके समान प्रसन्न करनेवाले श्रेणिक नरेन्द्रने मुसकराते हुए

जइ निहिल-जिय-नाह-जिण-मुद्द-धारस्स ।
गुरु-विणय-पुव्वेण मन्त्रधि-थेरस्स ॥
मइँ मुयवि विदिगिछ नवयारु किउ तासु ।
१० ता तुम्ह कि कारण करहु उवहासु ॥
ता तेहि त मन्निय कय-पणामेहि ।
मन्नाविओ सामिओ विहिय-सामेहि ॥
तुहुँ एक्कु पर वण्णु भो राय-राएस ।
जसु अचलु मणु धम्मे कय-पाव-विद्देस ॥
१५ निरवज्जु जय-पुज्ज पर एक्कु जिण-धम्मु ।
दोसे अ-सक्कस्स कि होइ नउ गम्मु ॥
त सुणिवि आवेवि देवेण नर-नियर ।
मज्झे नृवो भणिउ हो भावि-तित्थयर ॥
वुत्तो सि तुहुँ जारिसो देव-राएण ।
२० अहिएण फुडु तारिसो धम्म-राएण ॥
इय भणिवि पुज्जेवि वित्ततु अक्खेवि ।
गउ अमरु सुरलोउ तहो हारु वरु देवि ॥
त नियवि वित्ततु मिच्छत्ति पविरत्तु ।
सजाउ जणु सव्वु जिण समए अणुरत्तु ॥
२५ घत्ता—अवरेण वि एव सासय-मोक्खुक्कठिएण ॥
कायव्वु सया वि उवगूहणु समय-ट्ठिएण ॥३॥

इय वीरजिणिंदचरिए सेणिय-धम्म-परिक्खा-णाम
णवमो सधि ॥९॥

(श्रीचन्द्रकृत कहाकोसु सधि ३ से सकलित)

उनसे कहा—यदि ऐसा है तो मैने यदि, समस्त दुष्कर्मोको जीतनेवाले जिनेन्द्र भगवान्‌की मुद्रा धारण करनेवाले, धीवर मुनिको भी गुरुविनय-पूर्वक, घृणा छोडकर, नमस्कार किया तो तुम लोग किस कारण मेरा उप-हास करते हो ? राजाके इस दृष्टान्तसे उन सभी सामन्तोने धर्मके मर्मकी बात समझ ली। उन्होने राजाको प्रणाम किया और समताभाव सहित अपने स्वामीको मना लिया। उन्होने कहा—हे राजराजेश्वर, हे पाप-विद्वेषी, आप ही एक धन्य है, जिनका मन धर्ममे इस प्रकार अचल है। यह जिनधर्म ही निर्दोष और सर्वोपरि जगत्-पूज्य है। जो कोई दोपोमे अनासक्त है उसके लिए वह गम्य क्यो नही होगा ? यह सब देख-सुनकर वह देव वहाँ आया, और समस्त जनसमूहके मध्य राजासे बोला—हे भावी तीर्थकर, तुम्हारा जिस प्रकार वर्णन देवराजने किया था, उससे भी कही स्पष्टत , कही अधिक तुम्हारा धर्मानुराग है। ऐसा कहकर, राजा की पूजाकर तथा अपना पूर्व वृत्तान्त सुनाकर वह देव राजाको एक सुन्दर हार देकर देवलोकको चला गया। इस वृत्तान्तको देखकर सब लोग मिथ्यात्वसे विरक्त तथा जैनधर्ममे अनुरक्त हो गये। अन्य जो कोई भी धर्मावलम्बी शाश्वत सुखरूप मोक्षके लिए उत्कण्ठित हो उसे भी सदा इसी प्रकार उपगूहन अगका पालन करना चाहिए ॥३॥

इति श्रेणिक-धर्म-परीक्षा विषयक नवम सन्धि समाप्त

॥ सन्धि ९ ॥

संधि १०

सेणिय-सुय-वारिसेण-जोय-साहण

१

सिरिसेविए चेल्लण-देविए
काले जंते मल-विलउ।
संजणियउ णामें भणियउ
वारिसेणु सुउ गुण-निलउ॥
५ रायगेहि पह-साहिय-रायहो।
वारिसेणु सुउ सेणिय-रायहो॥
दंसण-नाण-चरित्त-समिद्धउ।
पालिय पव्वोवासु पसिद्धउ॥
एयवरु निसि पडिमा-जोएँ।
१० अच्छइ पिउवणे पाव-विओएँ॥
तम्मि चेय नयरम्मि सतासउ।
अत्थि चोरु विज्जुच्चर-नामउ॥
थंभण-मोहणाइ-बहु-विज्जउ।
अंजण-सिद्धु कयतु व विज्जउ॥
१५ साहस पउ बहु-वसणाकंतउ।
गणियासुंदरि-गणिया-कंतउ॥
एक्कहिँ दियहि जाम तहे मंदिरु।
जाइ निसहिँ सो नयणाणंदिरु॥
ताम भज्ज पेच्छइ विच्छाई।
२० विगय-चंद चंदिम न राई॥
पुच्छिय मन्नावेवि वराणणि।
रुट्ठ ममोवरि काइँ अ-कारणि॥
भासइ गणियासुंदरि दुल्लह।
नउ तुज्झुवरि कोहु महु वल्लह॥

सन्धि १०

श्रेणिक-पुत्र वारिषेणकी योग-साधना

१

वारिषेणकी धार्मिक वृत्ति। विद्युच्चर चोरकी प्रेयसी गणिकासुन्दरीको चेलना रानीका हार पानेका उन्माद

कुछ समय जानेपर लक्ष्मी द्वारा सेवित चेलनादेवीने वारिषेण नामक पुत्रको जन्म दिया, जो पाप-विनाशक तथा गुणोके निधान हुए। राजगृहमे नीतिसे समस्त राजाओको नीतिके मार्गसे अपने वशमे करनेवाले राजा श्रेणिकका यह वारिषेण नामक पुत्र दर्शन, ज्ञान और चारित्रसे सम्पन्न पर्वोपवासका पालन करनेवाला प्रसिद्ध हो गया। एक बार वह एक वस्त्र धारण किये हुए श्मशानमे रात्रिके समय पाप-विनाशक प्रतिमा-योगसे स्थित था। उसी नगरमे लोगोको त्रास देनेवाला विद्युच्चर नामक चोर रहता था। वह स्तम्भन, मोहन आदि बहुत सी विद्याओको जानता था, और अजनसिद्ध (अजन द्वारा अदृश्य होनेकी कलाका ज्ञाता) था, जैसे मानो साक्षात् यमराज हो। वह बडा साहसी तथा अनेक व्यसनोके वशीभूत था। इसका प्रेम नगरकी प्रसिद्ध वेश्या गणिकासुन्दरीसे था। एक दिन जब वह अपनी उस प्रेयसीके नेत्रोको सुखद निवासपर रात्रिके समय गया, तब उसने अपनी उस प्रेयसीको उदास-मन देखा, जैसे मानो चन्द्रमाकी चाँदनीसे रहित रात्रि हो। चोरने उसे मनाकर पूछा, हे सुन्दरमुखी, तू विना कारण मेरे ऊपर रुष्ट क्यो हो गयी है? इसपर गणिकासुन्दरीने कहा, हे मेरे दुर्लभ वल्लभ, मेरा तुम्हारे

२५ किंतुज्जाण-वणम्मि महा-पहु ।
चिल्लण-देविहि कहिं सुहावहु ॥
हारु निएवि मज्झ उम्माहउ ।
जाउब्बिट्ठु भोय-धण-लाहउ ॥
थिय पहेवि पिय तेणुद्देएँ ।
३० ता चीरिय धण कय-जण-खेएँ ॥

घत्ता—उट्ठुट्ठहि देवि करि सिंगारु चिंत हणहि ।
किं एक्के तेण अवरु वि आणमि जं भणहि ॥१॥

२

रंजिऊण भामिणीहिं चित्तु हंस-गामिणीहिं ।
अद्धरत्ति रायगेहु गपि वट्ट लच्छि नेहु ।
निग्गओ लएवि हारु बुज्झिऊण पाय-चारु ।
न कयंत वद्ध कोह धाइया नरिंद-जोह ।
५ हार-तेय-मग्गि लग्ग तास मग्गया समग्ग ।
जे मसाणे हक्कमाण बाण-जालु मेल्लमाण ।
काउसग्गि अच्छमाणु अप्पि अप्पु झायमाणु ।
तत्थ पाव-पक्खि सेणु पेच्छिऊण वारिसेणु ।
घल्लिऊण चंडहासु पाय-मूलि हारु तासु ।
१० न किलेसु सिद्धु कोवि सो थिओ अ-लक्खु होवि ।
तं निएवि हारु लेवि गपि सामिणो नवेवि ।
तेहिँ भासिय सुणेवि राइणा सिर धुणेवि ।
पेसिया भडा भणेवि एहु तासु कं लुणेवि ।
दुट्ठएण किं सुएण कु-ख्सुएण किं सुएण ।
किंकरा सुणेवि वाणि पत्थिवस्स खग्ग-पाणि ।
१५ झत्ति एत्त तं पएसु जत्थ सो विसुद्ध-लेसु ।

घत्ता—चउदिसु वेढेवि झकोलिउ सो तेहिं किह ।
रयणायर-वेल-जल कल्लोलेहिं सेलु जिह ॥२॥

ऊपर कोई क्रोध नही है। किन्तु उद्यानवनमे मैने चेलनादेवीके गलेमे महाकान्तिवान् और सुहावना हार देखा है, जिससे मुझे उसे पानेका ही उन्माद हो उठा है और अन्य भोग व धनके लाभकी कोई इच्छा नही रही है। हे प्रिय, उसी उद्वेगसे सब कुछ छोडकर बैठी हूँ। अपनी प्रेयसीकी यह बात सुनकर लोगोको दुःख देनेवाले उस चोरने अपनी उस प्रियाको धैर्य बँधाया। उसने कहा—हे देवी, उठो-उठो, अपना शृगार करो और चिन्ताको छोडो। उस एक हारकी तो बात ही क्या है, और भी जो वस्तु तुम कहो उसे लाकर दे सकता हूँ ॥१॥

२

विद्युच्चर चोर द्वारा रानीके हारका अपहरण तथा राजपुरुषो द्वारा पीछा किये जानेपर ध्यानस्थ वारिषेणके पास हार फेंककर पलायन। राजा द्वारा वारिषेणको मार डालनेका आदेश

अपनी उस हंसगामिनी भामिनीके चित्तको इस प्रकार प्रसन्न करके विद्युच्चर चोर अर्द्धरात्रिके समय धनके लोभसे राजमहलमे जा घुसा और रानीका हार लेकर वहाँसे निकल भागा। उसके पैरोकी आहट सुनकर राजाके योद्धा सेवक क्रोधपूर्वक यमराजके समान उसके पीछे दौड पडे। वे चोरके हाथमे जो हार था, उसके तेजके मार्गसे ही उसके पीछे लगे थे। वे हाँके लगा रहे थे और बाणजाल छोड रहे थे। जब वह चोर श्मशानमे पहुँचा, तब उसने वहाँ कायोत्सर्ग मुद्रामे स्थित अपनेमे अपनी आत्माका ध्यान करते हुए वारिषेणको देखा। वह पापी चोर श्येन पक्षीके समान वारिषेणके चरणोमे, अपने उस चन्द्रहास हारको फेंककर, किसी सिद्ध हुए क्लेशके समान अदृश्य होकर ठहर गया। राजसेवकोने हारको देखा और उसे लेकर वे राजाके पास गये। उन्होने राजाको सब वृत्तान्त सुना दिया। उनकी बात सुनकर राजाने अपना सिर हिलाया और अपने भटोको यह कहकर भेजा, कि तुम जाकर वारिषेणका सिर काट डालो। दुष्ट पुत्रसे क्या लाभ? कुत्सित शास्त्रके सुननेसे क्या हित होता है? राजाकी वाणी सुनकर वे किंकर हाथमे खड्ग लेकर तत्काल उस स्थानपर पहुँचे जहाँ शुद्ध भावनाओंसे युक्त वारिषेण ध्यानमग्न था। भटोने उसे चारो ओरसे घेरकर ऐसा झकझोरा जैसे समुद्र तटपर जलकी कल्लोलोसे पर्वत ॥२॥

३

जाइँ जाइँ पहरणइँ सरोसहि ।
मुक्कइँ रायाएसें दासहि ॥
ताइँ ताइँ होइवि सयवत्तइँ ।
धम्म-फलेण धरायलु पत्तइँ ॥
५ पुणु असि लद्धि पमेल्लिय कठहो ।
विज्जु व मेहहि गिरि-उवकठहो ॥
सा वि माल सजाय सुहिल्लिय ।
न तव-वहुए सयवरि घल्लिय ॥
तहि अवसरि नहि दढुहि वज्जिय ।
१० एवि सुरेहि तासु पय पुज्जिय ॥
त सुणेवि किय पउर-विसाएँ ।
गपि पुत्तु मन्नाविउ राएँ ॥
अच्छिउ तो वि नेव कुल मडणु ।
जाउ महा-रिसि कोह विहडणु ॥
१५ एक्कहि वासरि पालिय दिक्खहे ।
गामु पलासखेडु गउ भिक्खहे ॥
तत्थ फुप्फ-डालेण नियच्छिउ ।
बाल-सहाएँ एतु पडिच्छिउ ॥
भुजाविवि वोलावहुँ मुणिवरु ।
२० निग्गउ पिय पुच्छेप्पिणु दियवरु ॥
रम्म-पएस सयाइँ कहतउ ।
गउ दूरतहो पय पणवतउ ॥
तो वि नियत्तहे भणइ न सजउ ।
गय वेण्णि वि जण जहि रिसि-आसउ ॥
२५ घत्ता—केण वि तहि वुत्तु वक्करेण गुण-मणि-खणिहे ।
तवचरणहो आउ सहयरु वारिसेण-मुणिहे ॥३॥

४

त सुणेवि लज्जए पव्वइयउ ।
अच्छिउ रइ-सभरणे लइयउ ॥
बारह वरिसइँ महि विहरतउ ।
समवसरणु स-मित्तु सपत्तउ ॥

३

देवो द्वारा वारिषेणकी रक्षा। राजाके मनानेपर भी मुनि-दीक्षा एव पलासखेड ग्राममे आहार-ग्रहण

राजाके आदेशानुसार उसके दासोने रोपपूर्वक जो-जो अस्त्र-शस्त्र छोडे वे सभी वारिषेणके धर्मफलसे कमलपुष्प होकर धरातल पर गिरे। तव राज-पुरुषो ने उसके कण्ठ पर खड्गसे प्रहार किया, जैसे मेघपर्वतकी उपकण्ठ भूमिपर बिजलीका प्रहार हुआ हो। किन्तु वह खड्ग भी सुखदायी पुष्पमाला वनकर उसके कण्ठपर ऐसा गिरा जैसे मानो तपरूपी वधूने उनके गलेमे स्वयवर-माला अर्पित की हो। उस अवसरपर आकाशमे दुन्दुभी वजी और देवोने आकर उनके चरणोकी पूजा की। इस अतिशयका वृत्तान्त सुनकर राजाको बहुत खेद हुआ और उसने स्वय जाकर अपने पुत्रको मनाया। किन्तु इसपर भी वे कुलभूषण वारिषेण घरमे न रहे। वे क्रोधके विनाशक महाऋषि बन गये।

अपनी दीक्षाके व्रतोका पालन करते हुए, एक दिन वारिषेण मुनि भिक्षाके लिए पलासखेड नामक ग्राममे गये। वहाँ उनका बालकपनका साथी पुष्पडाल नामक ब्राह्मण रहता था। उसने जब वारिषेणको गाँवमे आते देखा तो उन्हे आमन्त्रित किया और आहार कराया। वह मुनिवरके मुखसे कुछ बुलवाना चाहता था, अतएव अपनी भार्यासे पूछकर मुनिके साथ ग्रामसे चला गया। वह सैकडो रम्य प्रदेशोका वर्णन करता जाता था। बहुत दूर तक चले जानेपर उसने मुनिके चरणोमे प्रणाम किया, किन्तु इसपर भी उन सयमी मुनिने उसे लौट जानेको नही कहा, और वे दोनो जन उस स्थानपर पहुँच गये जहाँ ऋषि-आश्रम था। वहाँ किसी एकने व्यगात्मक वाणीमे कहा, देखो, इस गुणरूपी मणियोके खान वारिषेण मुनिका एक सहचर तपश्चरणकी दीक्षा लेने यहाँ आया है ॥३॥

४

पुष्पडाल ब्राह्मणकी दीक्षा, मोहोत्पत्ति और उसका निवारण

पूर्वोक्त वात सुनकर वह ब्राह्मण लज्जित हुआ और उसने प्रव्रज्या ग्रहण कर ली। तथापि उसे अपनी गृहस्थीके भोगविलासका स्मरण बना रहता था। उसने अपने मित्रके साथ वारह वर्ष तक विहार किया और

५ तत्थ नवेप्पिणु वीर-जिणिंदहो ।
वे वि वइट्ठ मज्झि मुणि-विंदहो ।।
धम्माहम्मु सुहासुह-संगमु ।
आयण्णेविणु तउ कउ निग्गमु ।।
जंतहँ ताहँ लया-हर-मंडवि ।
१० गायउ केण वि सुर-यण-तंडवि ।।
"मइल कुचेली दुम्मणा नाहे पव्वसिएण ।
किम जीवेसइ धणिय धर उज्झंती विरहेण ।।"
सुणवि एउ दिय-मुणि मणि सल्लिउ ।
पियहे पासु निय-गामहो चल्लिउ ।।
१५ चलमणु परियाणेप्पिणु धुत्ते ।
निउ निय-नयरहो भोलिवि मित्ते ।।
पुत्तु स-मित्तु एतु पेक्खेप्पिणु ।
सहसा अब्भुट्ठाणु करेप्पिणु ।।
नविवि परिक्खा-हेउ रवन्नइँ ।
२० चेल्लणाए आसणइँ विइण्णइँ ।।
वीरायासणम्मि वइसेप्पिणु ।
निय-अंतेउर कोक्कावेप्पिणु ।।
लइ लइ एयउ मित्त स-रज्जउ ।
भणिउ वारिसेणेण मणोज्जउ ।।
२५ किं भणु एक्कए ताए निहीणए ।
बंभणीए दोगच्चे खीणए ।।
तं निसुणेवि सुट्ठु सो लज्जिउ ।
दिढ-मणु दु-प्परिणाम-विवज्जिउ ।।
तहो दिवसहो लग्गिवि संजायउ ।
३० गुरु-आलोयण-तित्थे ण्हायउ ।।

घत्ता—अवरेण वि एव चल-चित्तहो दुक्किय-हरणु ।
कायव्वु अवस्स पउर-पउत्तिहिं ठिदिकरणु ।।४।।

इय वीरजिणिंदचरिए सेणिय-सुय वारिसेण जोय साहण
णाम दहमो संधि ।।१०।।

(श्रीचन्द्रकृत कहाकोसु संधि ३ से संकलित)

तत्पश्चात् वे भगवान् महावीरके समवशरणमे जा पहुँचे। वहाँ उन्होने वीर जिनेन्द्रको नमन किया और दोनो जन मुनिवृन्दके बीच जा बैठे। उन्होने वहाँ धर्मके द्वारा शुभकर्म और अधर्मके द्वारा अशुभ कर्मके आगमनका उपदेश सुना और तत्पश्चात् वे वहाँसे बाहर निकल आये। जब वे जा रहे थे, तब एक स्थानपर लतागृह-मण्डपमे देवगणोके ताण्डव नृत्यके साथ किसीके द्वारा गाया हुआ एक गीत सुनाई पडा जो इस प्रकार था—अपने पतिके प्रवासमे जानेपर उसकी मैली-कुचैली उदासमन पत्नी विरहसे जलती हुई कैसे जीवित रह सकती है? यह गीत सुनकर उस द्विज-मुनिके मनमे शूल उत्पन्न हुआ और वह अपनी प्रियाके पास पहुँचनेके लिए अपने ग्रामकी ओर चल पडा। उसको विचलित-मन हुआ जानकर उसका चतुर मित्र भुलावा देकर उसे अपने नगरकी ओर ले गया। अपने पुत्रको मित्र सहित आते देख रानी चेलना ने अकस्मात् उठकर उनका स्वागत किया, नमन किया और परीक्षा-हेतु, उन्हे रमणीय आसन बैठनेको दिये। किन्तु वारिषेण त्यागियोके योग्य आसनपर ही बैठे। फिर उन्होने अपने अन्त पुरकी स्त्रियोको बुलवाया और कहा—हे मित्र, इनमे जो तुम्हे मनोज्ञ दिखाई दे, उन्हे राज्य-सहित ग्रहण कर लो। भला बतलाओ, इनके आगे उस एकमात्र दीन-हीन तथा दुर्गतिसे क्षीण ब्राह्मणीसे क्या लाभ? वारिषेणकी यह बात सुनकर वह ब्राह्मण बहुत लज्जित हुआ। उसने अपने मनकी दुर्भावनाओको छोड दिया और वह धर्ममे दृढमन हो गया। उस दिनसे लेकर वह सच्चा सयमी बन गया और उसने अपनी पाप-भावनाकी आलोचनारूपी तीर्थमे स्नान कर लिया।

इसी प्रकार दूसरोके द्वारा भी जिसका मन धर्मसे चलायमान हो, उसका अवश्य ही उत्तम उक्तियो और उदाहरणोसे पाप विनाशक स्थितिकरण करना चाहिए।

इति श्रेणिकपुत्र वारिषेणकी योगसाधना विषयक
दशवी सन्धि समाप्त ॥सन्धि १०॥

संधि ११

सेणिय-सुय-गयकुमार-दिक्खा

१

पेच्छह जिणिंद-धम्महो पहाउ ।
तिरियंचु वि सुरु सहसारे जाउ ॥
अट्ठारह-जल-निहि-जीवियंति ।
पुरे रायगेहे मगहा-जणंते ॥
५ वणसिरियहे सेणिय-निव-धणाहे ।
अवइन्नु उयरे नव-जोव्वणाहे ॥
सिविणंतरे देविए दिट्ठु नाउ ।
पंचमए मासे दोहलउ जाउ ॥
पुरि परियणेण सहुं रइय-सोहे ।
१० आरूहवि दुरए चल-महुयरोहे ॥
वरिसंते विमले जले दुद्दिणम्मि ।
मह-उच्छवेण गपिणु वणम्मि ॥
कीलेवए अत्थि पियाणुराउ ।
चिंताविउ तं णिसुणेवि राउ ॥
१५ सो अभयकुमारे चारु-चित्तु ।
पूरविउ सरेप्पिणु खयरु मित्तु ॥
सोहण-दिणे जण-मण-जणिय-हरिसु ।
उप्पन्नउ धन्नउ पुन्न-पुरिसु ॥
सिविणए गउ देविए दिट्ठु जेण ।
२० किउ गयकुमारु तहो नामु तेण ॥

घत्ता—वड्ढिउ जाउ जुवाणउ सयल-कला-कुसलु ।
मयणु व रूवे जिणेसर-पाय-पोम-भसलु ॥१॥

सन्धि ११

श्रेणिक-पुत्र गजकुमारकी दीक्षा

१

श्रेणिक-पत्नी धनश्रीका गर्भधारण, दोहला तथा गजकुमारका जन्म

जैनधर्मके इस प्रभावको देखिए कि एक तिर्यच भी सहस्त्रार स्वर्गमे देव हुआ। वहाँ अपनी अठारह सागरोपम आयुके पश्चात् वह मगध देशके राजगृह नगरमे श्रेणिक राजाकी नवयौवना पत्नी धनश्रीके उदरमे अवतीर्ण हुआ। रानीने अपने स्वप्न मे एक नाग (हस्ती) देखा और तदनुसार ही गर्भके पाँचवे मासमे उसे एक दोहला उत्पन्न हुआ। उसकी इच्छा हुई कि पुरीके परिजनो सहित शोभायमान व भ्रमरसमूहोसे युक्त हाथी पर आरूढ होकर जब आकाश मेघाच्छादित हो और शुद्ध जलवृष्टि हो रही हो, तब महान् उत्सवके साथ वनमे जाकर क्रीडा की जाये। अपनी प्रियपत्नीकी यह इच्छा जानकर प्रियानुरागी राजा श्रेणिक चिन्तित हो उठे। किन्तु इस दोहलेकी पूर्ति अभयकुमारने अपने सद्भावपूर्ण विद्याधर मित्रके स्मरणसे की। तत्पश्चात् एक शुभ दिन वह धन्य पुण्यशाली पुरुष उत्पन्न हुआ, जिसने सब लोगोकी मन स्थितिमे हर्ष उत्पन्न कर दिया। देवीने अपने स्वप्नमे एक गजको देखा था, अतएव उनके उस पुत्रका नाम गजकुमार रखा गया। बढते-बढते गजपुत्र यौवनको प्राप्त हो गये। वे समस्त कलाओमे कुशल, मदनके समान सुरूप तथा जिनेश्वरके चरण-कमलोके भ्रमर समान सेवक हुए ॥१॥

२

एक्कहि वासरि वीरु जिणेसरु।
आगउ गउ त नवहुं नरेसरु॥
आयन्नेवि धम्मु वित्थारें।
लइय दिक्ख तहि तेण कुमारें॥
५ सचरतु आणए तित्थयरहो।
गउ कलिंग-विसयहो दतिउरहो॥
पच्छिम-दिसिहे वियवर-सारउ।
गयकुमारु गिरि-सिहरे भडारउ॥
थिउ आयावणे जोय-निरोहें।
१० पणविउ गपिणु भव्व-नरोहें॥
तन्नयराहिवेण नर-सीहें।
विसम-वइरि-दाणव-नरसीहें॥
तिव्वायउ विसहतु नियच्छिउ।
बुद्धदासु निय-मति पपुच्छिउ॥
१५ सघहि काइँ एउ एमच्छइ।
ता पच्चुत्तरु पिसुणु पयच्छइ॥
घत्ता—एहु अणाहु समीरें सुट्ठु कयत्थियउ।
तेणत्थच्छइ सामि तिव्वायवे थियउ॥२॥

३

पुच्छिउ पुणु वि णरिंदे आयहो।
फिट्टइ केम पहजणु कायहो॥
भणिउ अमच्चे एत्तिउ किज्जइ।
एयहो सिल तावेप्पिणु दिज्जइ॥
५ ता पुहईसे सो जे पउत्तउ।
कारावहि पडियारु निरुत्तउ॥
तेण चि पाविय-रायाएसे।
सिल तावावेवि मुक्क विसेसें॥
एत्तहे चरिय करेवि नियत्तउ।
१० तत्थारूढउ चारु-चरित्तउ॥

२

गजकुमारकी दीक्षा, दन्तीपुरकी यात्रा तथा वहाँ पर्वतपर आतापन योग

एक दिन वहाँ वीर जिनेन्द्रका आगमन हुआ। उनको नमन करनेके लिए राजा श्रेणिक उनके पास गये, उस अवसरपर विस्तारपूर्वक धर्मोपदेशका श्रवण करके गजकुमारने वही दीक्षा ले ली। वे फिर तीर्थंकरकी आज्ञानुसार विचरण करते हुए कलिग देशके दन्तीपुर नामक नगरमे पहुँचे। नगरकी पश्चिम दिशामे पर्वतके शिखरपर वे श्रेष्ठ और पूज्य दिगम्बर मुनि गजकुमार योग-निरोध करके आतापन योगमे स्थित हो गये। भव्यजनोने जाकर उन्हे प्रणाम किया। उस नगरके राजा नरसिह, जो अपने वैरीरूपी दानवोके लिए नरसिह थे, ने गजकुमार मुनिको तीव्र आताप सहते हुए देखा और अपने मन्त्री बुद्धदाससे पूछा कि इस मुनि-सघमे यह एक मुनि इस प्रकार क्यो आताप सह रहा है? इसपर उस दुष्ट मन्त्रीने उत्तर दिया—यह बेचारा अनाथ वातरोगसे अत्यन्त पीडित हो गया है और इसलिए वह इस तीव्र सूर्यकी गर्मीमे स्थित है ॥२॥

३

शिला तापनसे उपसर्ग, गजकुमारका मोक्ष और राजा तथा मन्त्रीका जैनधर्म-ग्रहण

मन्त्रीकी यह वात सुनकर राजाने उससे पूछा कि मुनिके शरीरका यह वातरोग किस प्रकार मिटाया जा सकता है? अमात्यने कहा—महाराज, ऐसा करना चाहिए कि इनके बैठनेकी शिलाको तप्तायमान कर दिया जाये। तब इसपर राजाने मन्त्रीसे कहा कि तुरन्त मुनिके रोगका यह प्रतिकार करा दो। मन्त्रीने भी राजाका आदेश पाकर उस शिलाको खूब अग्नि द्वारा तापित कराके छोड दिया। इधर जब गजकुमार मुनि नगरमे आहारनिमित्त चर्या करके लौटे तब वे शुद्ध चारित्रवान् उसी तपी

सो उवसग्गु सहेप्पिणु धीरउ ।
गउ मोक्खहो जायउ अ-सरीरउ ॥
देवागमणु णिएवि उवसंतउ ।
जायउ बुद्धदासु जिण भत्तउ ॥
१५ नरसीहु वि नरपालहो पुत्तहो ।
रज्जु समप्पेवि गुण-गण-जुत्तहो ॥
राय-सहासे सहुँ पव्वइयउ ।
हुयउ पसिद्धु तवसि अइसइयउ ॥
घत्ता—सिरिचिदुज्जल-कायउ देव-निकाय-थुउ ।
२० जायउ गेवज्जामरु काले कलुस-चुउ ॥३॥

इय वीरजिणिंदचरिए सेणियसुय-गयकुमार-दिक्खा-वण्णणं णाम एयदहमो संधि ॥११॥

(श्रीचन्द्रकृत कहाकोसु ४९ से संकलित)

हुई शिलापर आसीन हो गये । उस उपसर्गको धैर्यके साथ सहन करके वे मोक्षगामी और अशरीरी सिद्ध हो गये । उस समय उनके निर्वाण-उत्सवके लिए जो देवोका आगमन हुआ, उसे देखकर वुद्धदास मन्त्रीके मनमे भी उपशम भाव उत्पन्न हो गया और वह जिन भगवान्का भक्त हो गया । राजा नरसिह भी अपने गुणशाली पुत्र नरपालको राज्य समर्पित करके अन्य एक सहस्र राजाओके साथ प्रव्रजित हो गये, ओर वे अपनी तपस्या द्वारा अत्यन्त प्रसिद्ध हुए । वे चन्द्रके समान उज्ज्वल-काय होते हुए, देवसमूहो द्वारा प्रशसित होते हुए, यथासमय पापोसे मुक्त होकर, ग्रैवेयक स्वर्गमे देव हुए ॥३॥

इति श्रेणिकसुत गजकुमारकी दीक्षा विषयक ग्यारहवीं
सन्धि समाप्त ॥ सन्धि ११ ॥

संधि १२

तित्थकर-देसणा

१

कय-पजलि-यरू पणमत-सिरु
भत्ति-हरिस-वियसिय-वयणु ।
ससार दुक्ख णिव्वेइयउ
जोयवि मिलियउ भव्व यणु ॥
५ ता णिग्गत-वीर-दिव्व-ज्झुणि-
तोसिय-फणि-णरामरो ।
जीवाजीव-णाम-कय-भेयइँ
तच्चइँ कहइ जिणवरो ॥
स भवाभव जीव दुभेय होति ।
१० ते स-भव स-कम्मे परिणमति ॥
चउरासी-जोणिहि परिभमति ।
अण्णण्ण-देह-राए रमति ॥
वियलिदिय सयलिदिय अणेय ।
एकिदिय भासिय पच-भेय ॥
१५ आहार सरीरिदिय मणाहॅ ।
आणा-भासा परमाणुयाहॅ ॥
ज कारणु णिव्वत्तण समत्थु ।
त पज्जत्ति त्ति भणति एत्थु ॥
त छव्विहु परमेसे पउत्तु ।
२० अहमेण ठाइ अतोमुहुत्तु ॥
जिह णारएसु तिह सुर-वरेसु ।
दस-वरिस सहासइँ वसइ तेसु ॥
परमे ति-तीस सायर-समाइँ ।
मणुएसु तिण्णि पलिओवमाइँ ॥

सन्धि १२

तीर्थंकरका धर्मोपदेश

१

भव्योकी प्रार्थनापर जिनेन्द्रका उपदेश—जीवोके भेद-प्रभेद

जब जिनेश्वर भगवान्‌ने भव्यजनोको हाथ जोड, सिरसे प्रणाम करते हुए, भक्तिपूर्वक हर्षसे प्रफुल्ल-मुख तथा ससारके दु खोसे उद्विग्न होकर वहाँ एकत्र होते देखा, तब उन्होने अपने मुखसे निकलती हुई धीर और दिव्य ध्वनिसे नागो, मनुष्यो और देवोको सन्तुष्ट करते हुए तत्त्वोके स्वरूप-का वर्णन किया। उन्होने कहा कि ससारके समस्त तत्त्व मुख्यत दो भागोमे बाँटे जा सकते है। एक जीव और दूसरा अजीव। जीव पुन दो प्रकारके है—सभव अर्थात् ससारमे भ्रमण करनेवाले, और दूसरे अभव अर्थात् मुक्त जीव जो निर्वाणको प्राप्त हो गये है और जिनको अब पुनर्जन्म-मरणकी बाधा नही रही। जो वे ससारी जीव है, वे अपने-अपने कर्मानुसार परिणमन कर रहे है। वे जीवोकी चौरासी लाख योनियोमे भ्रमण कर रहे है, और अन्य-अन्य शरीर धारण करके उन्हीके अनुरागमे रमण करते है। इन्द्रियोकी अपेक्षा जीव तीन प्रकारके है—एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और सकलेन्द्रिय। इनमे एकेन्द्रियके पुन पाँच भेद कहे गये है जिनका आगे वर्णन किया जायेगा। इन सभी प्रकारके जीवोके आहार, शरीर, इन्द्रिय, आनप्राण, भाषा और मनरूप परमाणुओकी विशिष्ट रचना करनेका जो सामर्थ्य है उसे पर्याप्ति कहा जाता है। यह पर्याप्ति आहार आदि उक्त भेदोके अनुसार छह प्रकारकी कही गयी है। जीवकी एक भवमे कमसे कम आयु-स्थिति अन्तर्मुहूर्त अर्थात् एक मुहूर्तकालके भीतर है। किन्तु नारकीय जीवो तथा देवोकी जघन्य आयु दस सहस्र वर्षकी तथा उत्कृष्ट आयु तेतीस सागरोपम कालकी कही गयी है। मनुष्योकी उत्कृष्ट आयु तीन

२५ एइंदिएसु चत्तारि होंति ।
वियलिंदिएसु पंच जि कहंति ।।
ता जाम असण्णिउ पंच करगु ।
सण्णिउ पज्जत्ती-छक्क-धरणु ।।
एयहिं जे पज्जप्पति णेय ।
३० ते जंति अपज्जत्ता अणेय ।।
पज्जप्पतहु लग्गइ खणालु ।
जगि सव्वह भिण्णमुहुत्तु कालु ।।
घत्ता—ओरालिउ तिरियहुँ माणवहुँ
सुर-णारयहुँ विउव्वियउ ।
३५ आहार अंगु कासु वि मुणिहिं
कम्मु तेउ सयलहँ वि थिउ ।।१।।

२

तिरिय हवंति दुविह तस थावर
थावर पंच-भेयया ।
पुहवी आउ तेउ वाऊ वि य
वहु-विह हरिय-कायया ।।
५ कसिणारुण हरिय सु-पीयलिय
पंडुर अवर वि धूसरिय ।
एही महि-कायहुँ मउय महि
पंच-वण्ण मइँ वज्जरिय ।।

पल्योपमकालकी, एकेन्द्रिय जीवोकी चार पल्योपम तथा विकलेन्द्रिय जीवोकी पाँच पल्योपम कही गयी है। पूर्वोक्त आहारादि छह पर्याप्तियोमे असज्ञी जीवोके प्रथम पाँच अर्थात् आहार, शरीर, इन्द्रिय, आनप्राण और भाषा ये पाँच पर्याप्तियाँ होती है। उनके मन नही होता। किन्तु सज्ञी जीवोके मन भी होता है और इस प्रकार उनके सभी छह पर्याप्तियाँ होती है। जीवके नये जन्म धारण करते समय जबतक उनके ये पर्याप्तियाँ पूरी नही होती, अर्थात् वे आहारादि ग्रहण करके पूर्ण शरीर व इन्द्रियाँ धारण करने तथा श्वासोच्छ्वास करने व शब्दोच्चारण करनेकी योग्यता प्राप्त नही कर लेते, तबतक वे अपर्याप्त कहलाते हे। अनेक जीव ऐसे भी होते है जो अपनी अपर्याप्त अवस्थामे ही जन्म-मरण करते रहते हैं। ऐसे जीव लब्ध्यपर्याप्त कहलाते है। पर्याप्त जीवोको अपनी पर्याप्तियाँ पूर्ण करनेमे कमसे कम एक क्षण तथा अधिकसे अधिक भिन्न-मुहूर्त अर्थात् एक मुहूर्तके लगभग समय लगता है। ससारी जीवोके शरीर पाँच प्रकारके होते है—औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, कार्मण और तेजस। इनमे से तिर्यंच और मनुष्योके स्थूल शरीर औदारिक कहलाते है। देवो और नारकी जीवोके शरीर ऐसे स्थूल नही होते कि वे इच्छानुसार बदल न सके। उनके ये शरीर वैक्रियिक कहलाते हे। आहार शरीर केवल कुछ विशेष ऋद्धिधारी मुनियोके ही होता है जिसके द्वारा वे अन्य क्षेत्रमे जाकर विशेष ज्ञानियोसे अपनी शकाओका निवारण करते है। कार्मण और तैजस शरीर सभी ससारी जीवोके सदैव ही बने रहते है। कार्मण शरीरम उनके कर्म-सस्कार उपस्थित रहते है और तैजस शरीर द्वारा उनके अन्य शरीरोसे मेल बना रहता है ॥१॥

२

एकेन्द्रियादि जीवोके प्रकार

तिर्यंच जीव दो प्रकारके होते है—त्रस और स्थावर। इनमे से स्थावर जीवोके पाँच भेद है—पृथ्वी-कायिक, जल-कायिक, अग्नि-कायिक, वायु-कायिक तथा नाना प्रकारके हरित वनस्पति-कायिक। पृथ्वी-कायिक जीव वे होते हैं, जिनका शरीर काला, लाल, हरित, पीला, श्वेत अथवा धूसरवर्ण ही होता हे, और इस कारण इन पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय जीवोके ये ही पाँच वर्ण कहे गये है। ये मृदुल, पृथ्वीकायिक जीव होते है।

कंचण तउय तंब मणि रुप्पय
१० खर-पुहई पयासिया ।
वारुणि-खीर-खार-घय-महु-सम
जल-जाई वि भासिया ॥
दूरहु दरिसाविय धूम-मलिणु ।
असणी तडि रवि मणि जोइ जलणु ॥
१५ उक्कलि मंडलि गुंजा-णिणाउ ।
दिस-विदिसा-भेए भिण्णु वाउ ॥
गुच्छेसु गुम्म-वल्ली-तणेसु ।
पव्वेसु रुक्ख साहा-घणेसु ॥
सु-पसिद्धु वणासइ-काउ एसु ।
२० उप्पज्जइ जह घोसइ जईसु ॥
पज्जत्तेयर सुहुमेयरा वि ।
दुम साहारण पत्तेय के वि ॥
साहारणाहँ साहारणाइँ ।
आणापाणइँ आहारणाइँ ॥
२५ पत्तेयहुँ पत्तेयइँ गयाइँ ।
छिंदण-भिंदण-णिहण गयाइँ ॥
तुंदाहि-कुक्खि-किमि खुल्भ संख ।
वी-इंदिय मइँ भासिय असंख ॥
ती-इंदिय गोम्मि-पिपीलियाइँ ।
३० चउरिंदिय मच्छिय-महुयराइँ ॥
घत्ता—परिवाडिए कि पि णाण-भवणु
एयहँ जुत्तिइ सावडइ ।
रसु गंधु णयणु फासहु उवरि ।
एक्केक्कउ इंदिउ चडइ ॥२॥

३

पज्जत्तीउ पंच कम-संठिय
छह सत्तट्ठ प्राणया ।
तेसि होंति एम पभणंति
महा-मुणि विमल-णाणया ॥

सुवर्ण, ताँबा, त्रिपुप् अर्थात् शीशा, मणि और चाँदी, ये खर पृथ्वी-कायिक कहे गये है। जलकायिक जीवोका शरीर वारुणि अर्थात् मद्य, क्षीर, क्षार, घृत, मधु और जल आदि रूप कहा गया है। अग्निकायिक वे होते है जो दूरसे ही अपना स्वरूप धूम्रसे मलिन हुआ दिखलाते है, अथवा जो वज्र, विद्युत्, रवि, मणि व ज्वालारूप ज्योतिर्मय होते है। दिशाओ और विदिशाओमे जो उत्कलि (झझावात), मण्डली (चक्रवात) अथवा गुजा-निनाद स्वरूप वायु बहती है वह वायुकाय है। वनस्पति-कायिक जीव सुप्रसिद्ध ही है जो गुच्छोमे, गुल्मोमे, वल्लियोमे और तृणोमे, पर्वोमे तथा वृक्षोकी सघन शाखाओमे उत्पन्न होते है, ऐसा यतीश्वरने कहा है।

वृक्षरूप वनस्पतिकाय जीव पर्याप्त भी होते है, और अपर्याप्त भी, सूक्ष्म भी होते है और बादर अर्थात् स्थूल भी, और साधारण भी होते है एव प्रत्येक भी। साधारण जीव वे होते है, जिनका श्वासोच्छ्वास और आहार साधारण अर्थात् एक साथ ही होता है। प्रत्येक वनस्पति जीव वे होते है जो एक-एक वृक्षमे एक-एक रूपसे रहते है तथा जो छेदन और भेदन क्रियाओसे मृत्युको प्राप्त हो जाते है।

द्वीन्द्रियजीव तुन्दाधि अर्थात् पेटके कीटाणु कुक्षिकृमि व क्षुब्ध (पानी मे डूबे हुए) शख आदि असख्य भेदरूप कहे गये है। गोमी और पिपीलिका अर्थात् चींटियाँ आदि त्रीन्द्रिय एव माखी और भ्रमर आदि चौइन्द्रिय जीव है। इन जीवोमे क्रमश एकेन्द्रियसे लेकर चार इन्द्रियो तककी ज्ञानेन्द्रियाँ होती है, अर्थात् एकेन्द्रिय जीवके स्पर्शमात्रकी एक ही इन्द्रिय होती है। द्वीन्द्रियोमे स्पर्श और रस ये दो इन्द्रियाँ होती है। त्रीन्द्रियोके स्पर्श, रस और गन्ध ये तीन इन्द्रियाँ तथा चतुरिन्द्रिय जीवो-के स्पर्श, रस, गन्ध और नेत्र ये चारो इन्द्रियाँ होती है ॥२॥

३

जीवोके सज्ञी-असज्ञी भेद व दश प्राण

उक्त प्रकारके एकसे लेकर चार इन्द्रियो तकके जीवोमे क्रमश तीन, चार और पाँच पर्याप्तियाँ होती है। अर्थात् एकेन्द्रियोमे आहार, शरीर तथा स्पर्शेन्द्रिय, द्वीन्द्रियोमे आहार, शरीर व प्रथम दो इन्द्रियाँ और आनप्राण ये चार पर्याप्तियाँ, त्रीन्द्रियोमे आहार, शरीर, प्रथम तीन इन्द्रियाँ और आनप्राण ये चार पर्याप्तियाँ, तथा चतुरिन्द्रिय जीवोमे आहार, शरीर, चार

५ पंचिंदिय सण्णि असण्णि दोण्णि ।
मण-वज्जिय जे ते धुवु असण्णि ।
सिक्खालावाइँ ण लेंति पाव ।
अण्णाण गूढ दढ-मूढ भाव ।।
असु णव जि समत्तिउ पंच ताहँ ।
१० वज्जरइ जिणिंदु असण्णियाहँ ।।
छहिं पज्जत्तिहिं पज्जत्तएहिँ ।
सफासण-लोयण सोत्तएहिं ।।
मण-वयण-काय रस-घाणएहिं ।
आणाप्राणाउ अ प्राणएहिं ।।
१५ दहहिं मि जियंति सण्णिय तिरिक्ख ।
अक्खमि णाणा विह दु-ण्णिरिक्ख ।।
जलयर झसाइ पंच-प्पयार ।
कच्छव मयरोहर सुंसुयार ।।
णहयर समुग्ग फुड-वियड-पक्ख ।
२० अणेक्क चम्म-घण लोम-पक्ख ।।
थलयर चउपय चउविह अमेय ।
एक्क-खुर दु-खुर करि-सुणह-पाय ।।
उरसप्प महोरय अजगराइ ।
किं ताहँ गइंदु वि कवलु होइ ।।
२५ भुय-सप्प वि वक्खाणिय सभेय ।
सरडुंदुर-गोवा-णामवेय ।।

घत्ता—जलयर जलेसु खग तरु-गिरिसु
थलयर गाम-पुरेसु वणे ।
दीवोयहि मंडल-मज्झि तहिं
३० पढमु दीवु भासंति जणे ।।३।।

४

संसारिय जीव चउ-विह चउ गइ भिण्ण जिह ।
इंदिय-भेएण पंच पयार पउत्त तिह ।।

इन्द्रियाँ, आनप्राण और भाषा ये पाँच पर्याप्तियाँ होती हैं। इनके दश प्राणोमेसे क्रमश छह, सात और आठ प्राण होते है। अर्थात् एकेन्द्रिय जीवोके एक स्पर्श इन्द्रिय, एक कायबल, आनप्राण और आयु सहित रसना और वाक् मिलकर द्वीन्द्रियोके छह प्राण हुए। इनमे घ्राण मिलनेसे त्रीन्द्रियके सात, तथा उनमे चक्षु मिलनेसे चतुरिन्द्रियके आठ प्राण हुए। ऐसा निर्मल-ज्ञानी महामुनि कहते है।

पचेन्द्रिय जीवोके दो भेद है, सज्ञी और असज्ञी। जिनके मन नही होता वे निश्चय से असज्ञी कहलाते है। वे अपने पापके फलस्वरूप शिक्षा व आलाप आदि ग्रहण नही कर सकते। वे निरन्तर अज्ञानमे गहरे डूबे रहते है। अज्ञानी जीवोके जिनेन्द्र भगवान्‌ने दश प्राणोमेसे मनको छोडकर शेष नौ प्राण तथा छह पर्याप्तियोमेसे मनपर्याप्तिको छोडकर शेष पाँच पर्याप्तियाँ कही है। सज्ञी तिर्यच जीव छहो पर्याप्तियोसे पर्याप्त होते है। वे स्पर्श, रस, घ्राण, नेत्र और श्रोत्र ये पाँचो इन्द्रियोको धारण करते है तथा पाँच इन्द्रियो, मन, वचन और काय इन तीन बलो तथा आनप्राण और आयु इन दो सहित दशो प्राणोसे युक्त होते हुए जीवित रहते है। अब मै इनके नाना प्रकारोका वर्णन करता हूँ जो सामान्यतया देखनेमे नही आते। जलचर झस आदि पाँच प्रकारके होते है जिनमे कच्छप, मकर और मकरापहर्ता शुशुमार भी है। नभचर अनेक प्रकारके होते है। कुछ ऐसे होते है जिनके पखे बडे-बडे और स्पष्टतया विलग होते है, तथा कुछके पखे चर्मसे लगे हुए, सघन रोमो सहित होते है। थलचर चौपाए चार प्रकारके होते है। एक-खुर, दो-खुर, हस्तिपद और श्वानपद। इनके असख्य भेद है। उरुसर्पी, महोरग, अजगर आदि इतने विशाल भी होते है कि वे हाथी-को भी निगल सकते है। भुजसर्पी भी सरड (छिपकली), उन्दुर (मूषक), गोधा (गोह) आदि नामधारी अनेक भेद कहे गये है। जलचर जीव जलमे रहते है, खग वृक्षो और पर्वतोपर तथा थलचर ग्राम, पुर और वनमे रहते हे। द्वीपो और समुद्रोके वलयाकार मण्डल असख्य है जिनका मध्यवर्ती प्रथमद्वीप जम्बूद्वीप कहा गया है ॥३॥

४

गति, इन्द्रिय आदि चतुर्दश जीव-मार्गणाएँ व गुणस्थान

(१) ससारी जीव मनुष्य, तिर्यंच, नारक और देव, इन चार गतियोके अनुसार चार प्रकारके होते हे। (२) स्पर्शादि पाँच इन्द्रियोके भेदमे वे पाँच प्रकारके कहे गये है। (३) कायकी अपेक्षासे जीवोके छह

काए छव्विह् चवल-थिरेण वि ।
तिविह् तिविह्-जोए वेएण वि ॥

५ जलणिहि-विह् वि कसाए जाया ।
अट्ठ-भेय णाणे विण्णाया ॥

संजम-दंसणेण ति-चउ-व्विह् ।
लेसा परिमाणेण वि छ-व्विह् ॥

भव्वत्तेण विविह् सम्मत्ते ।
१० सण्णि असण्णी दो सण्णित्ते ॥

आहारे आहारिय जे जे ।
चउसु वि गइसु परिट्ठिय ते ते ॥

केवलि समुहय विग्गह्-गइ गय ।
अरुह अजोइ सिद्ध परमप्पय ॥

१५ ते ण लेंति आहारु वियारिय ।
सेस जीव जाणहि आहारिय ॥

मग्गण-ठाणइँ चोद्दह्-भेयइँ ।
णिसुणहि गुणठाणाइँ मि एयइँ ॥

मिच्छादिट्ठि पहिल्लउ गीयउ ।
२० सासणु बीयउ मीसु वि तीयउ ॥

अविरय-सम्माइट्ठि चउत्थउ ।
पंचमु विरयाविरउ पसत्थउ ॥

भेद है—बादर और सूक्ष्म—एकेन्द्रिय तथा द्वीन्द्रिय आदि चार त्रस। (४) योगकी अपेक्षा वे तीन प्रकारके हैं—काययोगी, वचनयोगी और मनयोगी। (५) वेदकी अपेक्षा भी उनके तीन भेद है, पुल्लिग, स्त्रीलिग और नपुसक। (६) कषायकी अपेक्षा वे क्रोधी, मानी, मायावी, और मोही ऐसे चार प्रकारके है। (७) ज्ञानकी अपेक्षा उनके आठ भेद हैं—मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मन पर्ययज्ञानी और केवलज्ञानी ये पॉच तथा कुमति, कुश्रुत, और कुअवधि ये तीन कुज्ञानी। (८) सयमकी दृष्टिसे जीवोके तीन भेद है—सयमी, सयमासयमी और असयमी, अथवा सामायिक छेदोपस्थापना, सूक्ष्म-साम्पराय और यथाख्यात इन चार सयमोकी दृष्टिसे वे चार प्रकारके है। (९) दर्शनकी दृष्टिसे क्षायिक, औपशमिक और क्षायोपशमिक ये तीन भेद है, अथवा चक्षु, अचक्षु, अवधि, और केवल ये चार दर्शन-रूप है। (१०) लेश्या भावके अनुसार उनके कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म और शुक्ल, ये छह भेद है। (११) भव्यत्वकी अपेक्षा जीवोके दो भेद है, भव्य और अभव्य। (१२) सम्यक्त्व-की अपेक्षा भी उनके दो प्रकार हैं, उपशम-सम्यक्त्वी और क्षायिक-सम्यक्त्वी। (१३) सज्ञाकी अपेक्षा वे दो प्रकारके है, सज्ञी, और असज्ञी। (१४) आहारकी अपेक्षा जीव दो प्रकारके होते है। ससारकी चारो गतियोमे जो जीव है, वे सब आहारक है, किन्तु जो जीव केवलि-समुद्घात कर रहे है, विग्रह गतिमे है तथा जो अरहन्त, अयोगी व सिद्ध परमात्मा हो चुके है, वे आहार नही लेते अतएव वे अनाहारक है। शेष सभी जीवोको आहारक जानना चाहिए। ये चौदह मार्गणा-स्थान है, क्योकि इनके द्वारा नाना दृष्टियोसे जीवोके भेदोको खोजा—समझा जाता है।

अब चौदह गुणस्थानो (आध्यात्मिक उन्नतिकी भूमिकाओ) को सुनिए। पहला गुणस्थान मिथ्यादृष्टियोका है, जिसमे सम्यग्ज्ञानका सर्वथा अभाव होता है। सम्यग्ज्ञान प्राप्त कर वहॉसे मिथ्यात्वकी ओर गिरते हुए जीवोका स्थान सासादन कहलाता है और वह दूसरा गुणस्थान है। तीसरा गुणस्थान सम्यक्त्व और मिथ्यात्वके मिश्रणरूप होनेके कारण मिश्र गुणस्थान कहलाता है। चतुर्थ गुणस्थान ऐसे जीवोका कहा गया है जिन्हे सम्यग्दृष्टि तो प्राप्त हो चुकी है, किन्तु विषयोसे विरक्तिरूप सयम उत्पन्न नही हुआ है, अतएव यह गुणस्थान अविरत सम्यग्दृष्टि कहलाता है। पॉचवॉ गुणस्थान उन जीवोका है, जो सम्यग्दृष्टि भी है और पूर्णरूपसे सयमी न होते हुए भी अणुव्रती अर्थात् श्रावक है, इसीलिए यह गुणस्थान

छट्ठउ पुणु पमत्त संजम-धरु ।
सत्तमु अ-प्पमत्तु गुण-सुंदरु ॥

२५ अट्ठमु होइ अउव्वु अउव्वउ ।
अणियत्तिल्लउ णवमु अ-गव्वउ ।

दहमउ सुहुम राउ जाणिज्जइ ।
एयारहमुवसतु भणिज्जइ ॥

वारहमउ पर-खीणकसायउ ।
३० तेरहमउ स-जोइ-जिणु जायउ ॥

उज्झिय-तिविह-सरीर-भरतरु ।
उवरिल्लउ अजोइ परु अक्खरु ॥

घत्ता—णारय चत्तारि चत्तारि जि पुणु सुर-पवर ।
तिरियच वि पच णीसेसम्मि चडति णर ॥४॥

५

कम्म-विहम्ममाण स-सरीरा ।
सामय-करणुज्जय विवरेरा ॥
दसण-णाण सहाव पहट्ठा ।
होति जीव उक्किट्ठ-णिकिट्ठा ॥

विरताविरत नामसे भी जाना जाता है। छठा गुणस्थान उन सयमी मुनियोका है, जिनमे महाव्रतोका पालन होते हुए भी कुछ प्रमाद शेष रहता है, अतएव यह प्रमत्त-सयम गुणस्थान कहलाता है। सातवाँ गुणस्थान, सुन्दर गुणशाली अप्रमत्त-सयमी मुनियोका है। अष्टम गुणस्थानमे मुनियोके उत्तरोत्तर, अपूर्व भावशुद्धि होती जाती है, अतएव यह गुणस्थान अपूर्वकरण कहलाता है। नवम गुणस्थान अनिवृत्तिकरण है जहाँ मान कषायका अभाव होनेसे मुनिके नीचे गिरनेकी सम्भावना नही रहती। दशवाँ गुणस्थान सूक्ष्म-साम्पराय या सूक्ष्म-राग कहलाता है, क्योकि यहाँ पहुँचनेपर मुनियोकी कषाये अत्यन्त मन्द और सूक्ष्म हो जाती है। ग्यारहवाँ गुणस्थान उपशान्त-कषाय कहा गया है, क्योकि यहाँ साधकके सभी कषायोका उपशमन हो जाता है। बारहवाँ गुणस्थान क्षीण-कषाय है क्योकि यहाँ कषायोका उपशमन मात्र नही, किन्तु आत्मप्रदेशोमे उनका पूर्णतया क्षय हो जाता है। तेरहवाँ गुणस्थान सयोगि-जिन अथवा सयोगि-केवली कहलाता है, क्योकि इस स्थानपर आत्माको केवलज्ञान प्राप्त हो जाता है, किन्तु शरीरका विनाश नही होता और इसलिए ये सयोगिकेवली धर्मका उपदेश भी करते और तीर्थंकर भी होते है। अन्तिम चौदहवाँ गुणस्थान उन अयोगि-केवली जीवोका होता है जिन्होने मन, वचन और काय इन तीन योगोका परित्याग कर दिया है तथा औदारिक, तैजस और कार्मण इन तीनो शरीरोके भारसे मुक्त होकर अक्षय पद प्राप्त कर लिया है, अर्थात् परमात्मा हो गये है।

जीवोके आध्यात्मिक उत्कर्ष तथा क्रम-विकासकी दृष्टिसे जो ये चौदह गुणस्थान कहे गये है इनमेसे नारकीय जीवोके प्रथम चार ही गुणस्थान हो सकते है, और बडे-बडे देव भी वे ही चार गुणस्थान प्राप्त कर सकते है। तिर्यच जीवोके पाँच गुणस्थान भी हो सकते है, किन्तु प्रथमसे लेकर चौदहवे तक समस्त गुणस्थानोमे तो केवल मनुष्य ही चढ सकते है ॥४॥

५

कर्मबन्ध व कर्मभेद-प्रभेद

ससारी जीव शरीरधारी होते है, और वे निरन्तर अपने कर्मोसे पीडित रहते हैं। इनसे विपरीत जो मुक्तिप्राप्त जीव है, वे शाश्वत भावसे युक्त है और अपने दर्शन-ज्ञानरूपी स्वाभाविक सुख मे तल्लीन रहते है। इस

५ ताहँ चेट्ठ जा होइ समासम ।
सा तद्दलिय-गहण-भावक्खम ॥
जेम तेल्लु सिहि-सिह-परिणामहु ।
तेम कम्म-पोग्गलु वि णिसामहु ॥
जीवें लइयउ जाइ जियत्तहु ।
१० तिव्व-कसाय-रसेहिं पमत्तहु ॥
जिह सिहि-भावहु वच्चइ इंधणु ।
तिह कम्मेण जि कम्महु बंधणु ॥
असुहें असुहु सुहें सुहु संधइ ।
सिद्ध-भडारउ किं पि ण बंधइ ॥
१५ अभव जीव जिणणाहें इच्छिय ।
एक्कु ण ते वि अणंत णियच्छिय ॥
मइ-सु-ओहि-मणपज्जव केवल ।
णाणावरण-विमुक्क सु-णिक्कल ॥
णिद्दाणिद्दा पयलापयला ।
२० थीणगिद्धि णिद्दा पुणु पयला ॥
चक्खु-अचक्खु-दंसणावरणउ ।
अवही केवल-दंसणवरणउ ॥
तेहिं विणासिउ णव-सखायउ ।
वेयणीय-दुगु सायासायउ ॥
२५ दंसण-मोहणीउ सम्मत्तु वि ।
मिच्छत्तु वि सम्मा-मिच्छत्तु वि ॥
दुविहु चरित्त-मोहु विक्खायउ ।
णो-कसाउ णामेण कसायउ ॥
तं कसाय-जायउ सोलह-विहु ।
३० इयरु भणेसमि पच्छइ णव-विहु ॥
पढम-कसाय-चउक्कु सु-भीसणु ।
सत्तम-णरय-गामि दिहि-दूसणु ॥

घत्ता—अइ-कोहु समाणु माया लोहु वि दुत्थयरु ।
उवसमहुँ ण जाइ जइ वि पबोहइ तित्थयरु ॥५॥

प्रकार जीव निकृष्ट और उत्कृष्ट होते है। जीवोकी जैसी चेष्टा अर्थात् मन, वचन और काय की क्रिया सम व असम अर्थात् शुभ और अशुभ होती है, उसी प्रकार उनमे शुभ और अशुभ कर्मोके ग्रहण करनेके नाना भेद होते है। जिस प्रकार दीपकमे जलता हुआ तेल अग्निकी शिखारूप परिवर्तित होता रहता है, उसी प्रकार कर्मरूपी पुद्गल परमाणु भी जीवो द्वारा ग्रहण किये जाते और तीव्र कषायरूपी रसोके बलसे उस जीवमे प्रमत्तभाव उत्पन्न करते है। इस प्रकार कर्मके द्वारा ही कर्मका बन्धन उसी प्रकार हुआ करता है, जैसे अग्निमे पडा हुआ ईधन अग्नि-भावको प्राप्त हो जाता है। अशुभभावसे अशुभकर्मका तथा शुभभाव-से शुभकर्मका सन्धान होता है। परन्तु सिद्ध भगवान् किसी प्रकारका भी कर्मबन्ध नही करते। जिनेन्द्र मतके अनुसार अभव्य जीव एक नही है, वे अनन्त है। कर्म भी अनन्त रूप होते है, किन्तु विशेष रूपसे उन्हे आठ प्रकारका बतलाया गया है। पहला ज्ञानावरण कर्म है, जिसके पाँच भेद है—मतिज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण, अवधिज्ञानावरण, मन पर्यय ज्ञानावरण और केवलज्ञानावरण। ये अपने-अपने नामानुसार पाँच प्रकारके ज्ञानो-का आवरण करते है, अर्थात् उन्हे ढक देते है। इन ज्ञानावरणोसे सर्वथा विमुक्त तो अशरीरी सिद्ध भगवान् ही होते है। दर्शनावरणके नव भेद है—निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, निद्रा और प्रचला तथा चक्षु-दर्शनावरण, अचक्षु-दर्शनावरण, अवधि-दर्शनावरण और केवलदर्शना-वरण। इनसे स्पष्टतया उक्त निद्रा आदि शारीरिक दोष उत्पन्न होते है तथा चक्षु आदि दर्शनोका आवरण होता है। तीसरा कर्म वेदनीय दो प्रकारका है—सातावेदनीय और असातावेदनीय। ये वेदनीय कर्मके दो प्रकार क्रमश सुख व दु खका अनुभवन कराते है। चौथा मोहनीय कर्म है और उसके मुख्यतया दो भेद है—दर्शन-मोहनीय और चारित्र-मोहनीय। दर्शन-मोहनीयके मिथ्यात्व, सम्यक्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व ये तीन उपभेद है। चारित्र-मोहके प्रथमत कषाय और नोकषाय ये दो भेद है। कषायके पहले चार मुख्य भेद और फिर उन चारोके क्रमश चार-चार भेद, इस प्रकार सोलह भेद है। और नोकषायके नौ भेद है जिन्हे आगे बतलाया जायेगा। चार मुख्य कषाय बडे भीषण होते है। वे जीवके भावोमे दूषण उत्पन्न करके उसे सप्तम नरक तक ले जाते है। ये कषाय है—क्रोध, मान, माया और लोभ। अपने कठोर रूपमे ये इतने दुष्कर होते है कि उनके रहते जीव उपशम भावको प्राप्त नही होता, भले ही

६

अवरु अ-पच्चक्खाणु गुरुक्कउ ।
पच्चक्खाणु चउक्कु विमुक्कउ ॥
सजलणु वि जलतु उल्हाविउ
थी-पु-सढ राउ उड्डाविउ ॥
५ भय-रइ-अरइ-दुगुछउ जित्तउ ।
हासु वि सहुँ सोएण णिहित्तउ ॥
सुर णर णरय तिरिय चउ आउ वि ।
वायालीस-विहेयउ णाउ वि ॥
गइ-णामउ वि जाइ-णामु वि भणु ।
१० तणु णामउ पुणु तणुहि णिबधणु ॥
तणु-सघाउ तणुहि सठाणउ ।
तणु-अगोवगु णि णामाणउ ॥
तणु-सघडणु वण्ण-गधिल्लउ ।
रस-णामउ अवरु वि फासिल्लउ ॥
१५ आणुपुव्वि अगुरुलहु लक्खिउ ।
उवघाउ वि परघाउ वि अक्खिउ ॥
ऊसासु वि आदावुज्जोयउ ।
अण्णु विहायगइ वि तस-कायउ ॥
थावरु थूलु-सुहुमु पज्जत्तउ ।
२० अण्णु वि मण्णिउ अ-प्पज्जत्तउ ॥
पत्तेयग-णाउ साहारणु ।
थिरु अथिरु वि सुह णाउ स-कारणु ॥
असुहु सुभगु दुब्भगु सु-सरिल्लउ ।
दुस्सरु आदेज्जउ जगि भल्लउ ॥
२५ णाउ अणादेज्जउ जसकित्ति वि ।
तित्थयरत्तु णिमिणु मलकित्ति वि ॥

स्वय तीर्थंकर ही उसका सम्बोधन करे। यह कषायोका अनन्तानुवन्धी स्वरूप है ॥५॥

६

कषायोका स्वरूप तथा मोहनीय कर्मकी व अन्य कर्मोकी उत्तर प्रकृतियाँ

कषायोका दूसरा प्रकार अप्रत्याख्यान कहलाता है, जिसके होते हुए सम्यक्दर्शनकी प्राप्तिमे तो बाधा नही पडती, किन्तु व्रतोके ग्रहण करनेकी वृत्ति उत्पन्न नहो होती। कषायोका तीसरा प्रकार प्रत्याख्यान है, जिसके सद्भावमे सम्यक्दर्शन तथा अणुव्रतोका ग्रहण तो हो सकता है, किन्तु महाव्रतोका पालन नही हो सकता। चौथा कषायभेद है सज्वलन, जिसके होते हुए जीव महाव्रती मुनि तो हो जाता है, तथापि वह सूक्ष्म रूपमे कषायोको लिये हुए रहता है, जिसका स्वरूप दसवे सूक्ष्म-साम्पराय नामक गुणस्थानमे किया गया है। चारो कषायोके तीव्रतासे उतरते हुए उनके मन्दतम रूपको दिखानेवाले ये चार प्रकार प्रत्येक कषायके होते है, और इस प्रकार उक्त चार कषायोके सोलह भेद हो जाते है। ये सब कषाय सिद्ध भगवान्‌ने त्याग दिये है। अब आगे उन नौ नोकषायोको कहते है, जिनका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। ये है—स्त्रीवेद, पुवेद तथा नपुसकवेद रूप तीनो राग, भय, रति, अरति, जुगुप्सा, हास्य और शोक। इन्हे भी जिनभगवान्‌ने उडा दिया है, जीत लिया हे व अपने अन्तरगसे बाहर फेक दिया हे। इस प्रकार मोहनीय कर्मके समग्ररूपसे ये (४×४+९=२५) पच्चीस भेद हुए।

जीव कभी देवकी आयु बाँधता हे, कभी नरक की, कभी मनुष्यकी और कभी तिर्यंच योनि की, इस प्रकार आयुकर्मके चार भेद है।

नामकर्मके बयालीस भेद है, जिनके नाम है १ गति, २ जाति, ३ शरीर, ४ निबन्धन, ५ शरीर-सघात, ६ शरीर-सस्थान, ७ शरीर-अगोपाग, ८ शरीर-सहनन, ९ वर्ण, १० गन्ध, ११ रस, १२ स्पर्श, १३ आनुपूर्वी, १४ अगुरुलघु, १५ उपघात, १६ परघात, १७ उच्छ्वास, १८ आताप, १९ उद्योत, २० विहायोगति, २१ त्रसकाय, २२ स्थावरकाय, २३ बादरकाय, २४ सूक्ष्मकाय, २५ पर्याप्ति, २६ अपर्याप्ति, २७ प्रत्येक-शरीर, २८ साधारण-शरीर, २९ स्थिर, ३० अस्थिर, ३१ शुभ, ३२ अशुभ, ३३ सुभग, ३४ दुर्भग, ३५ सुस्वर, ३६ दुस्वर,

घत्ता—चउ-गइ-जम्मेण गइ णामउ अट्ठद्ध-विहु ।
इंदियइँ गणेवि जाइ-णामु भणु पंच-विहु ॥६॥

७

हणिवि पंच णामइँ पंच-विहइँ ।
एक्कु ति-भेयउ दो दो दु-विहइँ ॥

दो छह पुणु दो चउ अट्ठ-विहइँ ।
उच्चारुयइँ जाइँ एक्क-विहइँ ॥

५ समलामलइँ दोण्णि जगि गोत्तइँ ।
ताइँ मि जेहिँ दूरि परिचत्तइँ ॥

दाण-भोय-उवभोय-णिवारउ ।
वीरिय-लाहु हेउ-संघारउ ॥

अंतराउ पंचविहु धुणेप्पिणु ।
अडयालीसउ सउ विहुणेप्पिणु ॥

१०

३७ आदेय, ३८ अनादेय, ३९ यशस्कीर्ति, ४० अयशस्कीर्ति, ४१ निर्वाण, और ४२ तीर्थकरत्व। ये बयालीस प्रकारके नामकर्म है, जिनके द्वारा शरीरके, उनके नामानुसार, विविध प्रकारके गुण-धर्म उत्पन्न होते है। इनमे-से अनेकके कुछ उपभेद भी है, जैसे—गतिनाम कर्म, नरक, तिर्यक्, मनुष्य और देव, इन गतियोके अनुसार चार प्रकारका है। एकेन्द्रिय आदि पॉच इन्द्रियो तकके भेदानुसार जातिनाम कर्मके पॉच भेद है ॥६॥

७

नाम, आयु, गोत्र व अन्तराय कर्मोके भेद

औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, तैजस और कार्मणके भेदसे शरीर नामकर्म पॉच प्रकारका है। इन पॉचो शरीरोके अलग-अलग बन्धन होते है, जो शरीर-बन्धन नामकर्मसे उत्पन्न होते है। उन्हीके अनुसार उन शरीरोके पॉच सघात होते है। शरीर-सस्थानके छह प्रकार है—सम-चतुरस्र, न्यग्रोधपरिमण्डल, स्वाति, कुब्ज, वामन और हुण्ड। शरीरागोपागके औदारिक, वैक्रियिक और आहारक ये तीन भेद है। शरीर-सहननके छह भेद है—वज्र-वृषभ-नाराच, नाराच-नाराच, नाराच, अर्ध-नाराच, कीलित और असप्राप्तासृपाटिका। वर्ण पॉच है, कृष्ण, नील, रक्त, हरित और शुक्ल। सुगन्ध और दुर्गन्धके भेदसे गन्ध नामकर्म दो प्रकारका है। रस पॉच है—तिक्त, कटु, कषाय, अम्ल और मधुर। स्पर्शनामकर्मके आठ भेद है—कठोर, मृदु, गुरु, लघु, स्निग्ध, रूक्ष, शीत और उष्ण। नरक आदि चारो गतियोके अनुसार आनुपूर्वी नामकर्म चार प्रकारका है। विहायोगतिके दो भेद है—प्रशस्त और अप्रशस्त। इन सब उपभेदोको मिलाकर नामकर्मके तिरानबे भेद हो जाते है, जिनके अनुसार समस्त ससारी जीवोके शरीरमे दिखाई देनेवाले नाना भेदोका निर्माण होता है।

गोत्रकर्म दो प्रकारका होता है। समल अर्थात् पाप-प्रवृत्ति करानेवाला और अमल अर्थात् शुद्ध प्रवृत्ति करानेवाला। इन दोनोको भी सिद्धात्माएँ दूर कर देती है। अन्तराय कर्मके पॉच भेद है—दानान्तराय, भोगान्तराय, उपभोगान्तराय, वीर्यान्तराय और लाभान्तराय, जो उन-उन गुणोकी प्राप्तिमे बाधक होते है। उक्त आठो कर्मोकी उत्तर प्रकृतियोको मिलानेसे वे सब एक सौ अड़तालीस हो जाती है। इन सबका

पयडिहि माणवंगु मेल्लेप्पिणु ।
सुद्धसहाउ सुइमु लहेप्पिणु ।।
जे गय जीव परम-णिव्वाणहु ।
दुक्ख-विमुक्कहु सासय-ठाणहु ।।
१५ चरम-सरीर-माण किचूणा ।
ववगय-रोय-सोय अविलीणा ।।
णिम्मल णिरुवम णिरहकारा ।
जीव-दव्व-घण णाण-सरीरा ।।
उड्ढ-ग्गमण-सहावे गपिणु ।
२० उड्ढ-लोउ सयलु वि लघेप्पिणु ।।
अट्ठम-पुहई-वट्ठि णिविट्ठा ।
अभव जीव जिणदेवे दिट्ठा ।।

घत्ता—ते साइ अणाइ दुविह अणत जि विविह-दुहे ।
ते पुणु ण मरति णउ पडति ससारमुह ।।७।।

८

णउ वाल णउ वुड्ढ णउ मुक्ख सुवियड्ढ ।
णीसाव णित्ताव णिग्गाव णिप्पाव ।
णाणग णिम्मेह णिण्णेह णिद्देह ।
णिक्कोह णिल्लोह णिम्माण णिम्मोह ।
५ णिव्वेय णिज्जोय णीराय णिब्भोय ।
णिद्धम्म णिक्कम्म णिच्छम्म णिज्जम्म ।
णीराम णिक्काम णिव्वाह णिद्धाम ।
णिव्वेस णिल्लेस णिग्गाध णिप्फास ।
णीरस महाभाव णीसद्द णीरूव ।
१० अव्वत्त चिम्मेत्त णिच्चिंत णिव्वित्त ।
ण छुहाइ घेप्पति ण तिसाइ छिप्पति ।
ण रुयाइ झिज्जति ण रईइ सिज्जति ।
णाहारु भुजति ओसहु ण जुज्जति ।
ण मलेण लिप्पति ण जलेण धुप्पति ।

विनाश करके जीव शुद्ध होता और निर्वाण प्राप्त करता है। इन कर्म-प्रकृतियो सहित अपने मानवशरीरको छोड तथा आत्माके स्वय शुद्ध स्वभावको प्राप्त कर जो जीव दुख-रहित, शाश्वत-स्थान-स्वरूप परम निर्वाणको प्राप्त करते है वे अपने अन्तिम मानव शरीरके प्रमाणसे कुछ छोटे होते है, उनके रोग-शोक नही होता तथा वे कभी मृत्युको प्राप्त नही होते। वे सदैव निर्मल, निरुपम, निरहकार, जीव-द्रव्यसे सघन और ज्ञान-शरीरी होते है, वे मध्यलोकसे स्वभावत ऊर्ध्वगमन करते है और समस्त ऊर्ध्वलोकका उल्लघन कर सर्वोपरि अष्टम पृथ्वीके पृष्ठपर निविष्ट हो जाते है, उनका पुनर्जन्म नही होता ऐसा इन मुक्त जीवोका स्वरूप जिनेन्द्र भगवान्‌ने कहा है। ये मुक्त जीव अपनी इस मुक्तावस्था की दृष्टिसे सादि और अनन्त है तथा उनके जीवद्रव्यकी दृष्टिसे अनादि और अनन्त है, क्योकि वे अब पुन मरण नही करते और न विविध दुखोसे पूर्ण ससारके मुखमे पडते ॥७॥

८

सिद्ध जीवोका स्वरूप

वे सिद्ध जीव न बालक होते न वृद्ध, न मूर्ख और न चतुर। वे न किसीको शाप देते न ताप, न गर्व रखते और न पाप करते। वे ज्ञान-शरीरी होते है, किन्तु उनके मेधा अर्थात् मस्तिष्क व इन्द्रिय-जन्य बोध नही होता। न उनके स्नेह है और न देह ही है। वे क्रोधरहित, लोभरहित, मानरहित और मोहरहित होते है। उनके न स्त्री, पुरुष आदि लिग-भेद है और न मन, वचन, कायरूप योगोका भेद है। न उनके राग है, न भोग, न रमण है, न काम। वे इन्द्रिय-सुखसे व जन्म-मरणसे रहित है। वे निर्बाध है, और निर्धाम है। न उनके द्वेष है, न लेश्या है। वे महानुभाव गन्ध, स्पर्श, रस, शब्द और रूप इन इन्द्रिय-विषयोसे रहित है। वे अव्यक्त है, चिन्मात्र है, निश्चिन्त और निवृत्त है। वे न तो क्षुधाके वशीभूत होते, और न तृषासे आतुर होते, न रोगोसे क्षीण होते, और न रतिसे पीडित होते। न वे आहार—भोजन करते और न औषधिका उपयोग करते। न वे मलसे लिप्त होते और न

१५	णिह ण गच्छति	अणयण वि पेच्छति।
	अमणा वि जाणति	सयरायर झत्ति।
	सिद्धाण ज सोक्खु	त कहइ चम्मक्खु।
	किं माणवो को वि	सुरु खयरु देवो वि।

घत्ता—पचिदिय-मुक्कु परमप्पइ हूयउ विमले।
२० ज सिद्धहँ सोक्खु त ण वि कासु वि भुवण-यले ॥८॥

९

एहा दुविह जीव मइँ अक्खिय।
कहमि अजीव वि जेम णिरिक्खिय ॥
धम्मु अधम्मु दो वि रूवुज्झिय।
आयासे काले सहुँ बुज्झिय ॥
५ गइ-ठाणोग्गह-वत्तण-लक्खण ।
के वि मुणति सु-णाण वियक्खण ॥
सतु अणाइ समउ वट्टतउ।
तीयउ कालु अगामि अणतउ ॥
तासु ठाणु भण्णइ णर लोयउ।
१० धम्माधम्महँ सव्व-तिलोयउ ॥
विहि मि लोय-णह-माण वियप्पउ।
आयासु वि अणतु सुसिरप्पउ ॥
त जि अलोउ जोइ-पण्णत्तउ।
पोग्गलु होइ पच-गुण वतउ ॥
१५ सद्दे गधे रूवे फासे।
जुत्तउ भिण्ण-वण्ण-विण्णासे ॥
खधु देसु अद्धद्ध-पएसु वि।
परमाणुउ अविहाइ असेसु वि ॥

घत्ता—त सुहुमु वि थूलु थूलु-सुहुमु पुणु थूलु भणु।
२० थूलाण वि थूलु चउ-पयारु महु मुणइ मणु ॥९॥

उन्हे जलसे धोनेकी आवश्यकता होती। वे नीद नही लेते। नेत्र न होते हुए भी वे सब कुछ देखते है। उनके मन नही होता तो भी वे निरन्तर सचराचर जगत्को जानते हैं। सिद्धोका जो सुख है, उसे यह चर्मचक्षु, कोई मानव, सुरदेव, या विद्याधर कैसे वर्णन कर सकता है? पचेन्द्रियोसे मुक्त जो सुख शुद्ध परमात्म पदको प्राप्त सिद्धोंके होता हे, वह इस भुवन-तलपर किसी अन्य जीवको नही मिलता ॥८॥

९

अजीव तत्त्वोका स्वरूप

इस प्रकार ससारी और सिद्ध इन दोनो प्रकारके जीवोका व्याख्यान किया गया। अब मै उस अजीव तत्त्वके विषयमे जो कुछ जाना गया है, उसका वर्णन करूँगा। धर्म और अधर्म ये दोनो तत्त्व तथा आकाश और काल, इस प्रकार ये चारो अजीव तत्त्व रूप-रहित अर्थात् अमूर्तिक जाने गये है। इनका स्वरूप विशेष ज्ञानियो और विद्वानोने इस प्रकार जाना है। धर्मद्रव्यका स्वभाव अन्य जीवादि द्रव्योके गमन कार्यमे सहायक होता है, और अधर्म द्रव्यका स्वभाव है गमन करते हुए द्रव्योको ठहरनेमे सहायक होना। आकाशका कार्य शेष सभी द्रव्योको अवकाश प्रदान करना है, और कालका लक्षण वर्तना अर्थात् भूत, भविष्यत् व वर्तमान समयोका विभाजन करना है। इस प्रकार काल अनादि और अनन्त समय रूप है। उसका जो युग, वर्ष, मास आदि रूप व्यावहारिक स्वरूप है, उसका प्रचलन नरलोक मात्रमे है, जबकि धर्म और अधर्मकी व्याप्ति समस्त त्रिलोक मात्रमे है। आकाश अनन्त है और शब्द-गुणात्मक है। उसका दो भागोमे विभाजन पाया जाता है—एक लोकाकाश, दूसरा अलोकाकाश। लोकाकाशमे सभी द्रव्योका वास तथा गमनागमन है, जो सभीके अनुभवमे आता है। किन्तु उसके परे जो अन्य द्रव्योसे रहित अलोकाकाश है, उसका वर्णन केवल योगियो द्वारा किया गया है।

पुद्गल द्रव्य पाँच गुणोसे युक्त है—शब्द, गन्ध, रूप, स्पर्श और रस। रूपकी अपेक्षा पुद्गल द्रव्य कृष्णादि नाना वर्णोसे युक्त है। प्रमाणकी अपेक्षा वह स्कन्ध, देश, प्रदेश, अर्धप्रदेश, अर्धार्ध प्रदेश आदि रूपसे विभाज्य होता हुआ परमाणु तक पहुँचता है, जहाँ उसका पुन विभाजन नही हो सकता। इस प्रकार यह पुद्गल सूक्ष्म भी है, स्थूल भी, स्थूल-सूक्ष्म भी, व स्थूल-स्थूल। इस प्रकार पुद्गल द्रव्य चतुर्भेदरूप जाना जाता हे ॥९॥

१०

गंधु वण्णु रसु फासु स-सद्दउ।
सुहुमु थूलु वज्जरइ स-मद्दउ॥
थूलु-सुहुमु जोण्हा-छायाइउ।
थूलु सलिलु वीरेण णिवेइउ॥
५ थूलु-थूलु पुणु धरणी-मंडलु।
सग्ग-विमाण-पडलु मणि-णिम्मलु॥
सुहुमइँ कम्माइयइँ स-णामइँ।
मण-भासा-वग्गण-परिणामइँ॥
वण्णाइयहि रसेहि अणेयहि।
१० परिणमंति सजोय-विओयहिँ॥
पूरण-गलण-सहाव-णिउत्तइँ।
पोग्गलाइँ विविहाइँ पउत्तइँ॥
भासिज्जंतउ परम-जिणिंदे।
णिसुणिवि धम्मु सुधम्माणंदे॥
१५ वसहसेणु सुहभावे लइयउ।
पुरिमताल पुरवइ पावइयउ॥

इय वीर-जिणिंद-चरिए जिण-देसणा णाम
दोदहमो संधि ॥१२॥

इय वीर-जिणिंद-चरिउ संपुण्णउ।

(पुष्पदन्त-कृत महापुराणु सन्धि १०–१२ से संकलित)

१०

पुद्‌गल द्रव्यके गुण। उपदेश सुनकर अनेक नरेशोकी प्रव्रज्या

पुद्‌गल द्रव्य गन्ध, वर्ण, रस, स्पर्श और शब्द ये पचगुणात्मक है। उसके सूक्ष्म, स्थूल, स्थूलसूक्ष्म और स्थूलस्थूल ये चार प्रकार पाये जाते है। प्रकाश और छाया ये पुद्‌गल द्रव्य स्थूलसूक्ष्मके उदाहरण है। स्थूलका उदाहरण जल है, स्थूलस्थूलका यह धरणीमण्डल, एव मणियोके समान स्वर्ग-विमानपटल। सूक्ष्मपुद्‌गल अपने-अपने नामोवाले नाना कर्मोके रूप-मे पाया जाता है, तथा मन और भाषा रूप वर्गणाएँ भी उसीके परिणमन है। ऐसा भगवान्‌ने दयापूर्वक कहा है। यह पुद्‌गल द्रव्य अनेक वर्णो, अनेक रसो आदि रूप परिणमन करता है और उसका सयोग अर्थात् जोड और वियोग अर्थात् विभाजन भी होता है।

इस प्रकार जो नानाविध पुद्‌गलोका वर्णन किया गया, वह पुद्‌गल शब्दकी इस निर्युक्ति अर्थात् व्युत्पत्ति व शब्द-साधनाके अनुरूप है। जिस द्रव्यका स्वभाव पूरण और गलन रूप हो वह पुद्‌गल है।

जब आदिदेव भगवान् ऋषभदेव तीर्थकरने धर्मका यह व्याख्यान किया, तब सद्धर्मसे आनन्दित होकर तथा शुभ भावनाओसे प्रेरित हो पुरिमताल नगरके स्वामी वृषभसेन प्रव्रजित हो गये। सोमप्रभ व श्रेयास नरेश्वरने भी अपने मानरूपी ज्वरका विनाश कर प्रव्रज्या ग्रहण कर ली। इस प्रकार अपने विषादको छोड चौरासी राजा ऋषभ तीर्थकरके गणधर हो गये ॥१०॥

इति तीर्थंकर धर्मोपदेश विषयक बारहवी सन्धि समाप्त

॥ सन्धि १२ ॥

इति वीर-जिनेन्द्र-चरित समाप्त